हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com

सूर्योदय : 6:51
सूर्यास्त : 5:48
अधिकतम तापमान : 18.0
न्यूनतम : 11.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-244 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 13 फरवरी 2024
02 शाबान, 1445 हिजरी



# पंजाब से दिल्ली तक किसानों का घेरा

## केंद्र के साथ बैठक में किसानों पर दर्ज केस वापस लेने पर बनी सहमति, कर्ज माफी पर फंसा पेंच

**आंदोलन**

- किसानों का दिल्ली चलो मार्च
- 200 से ज्यादा किसान संगठन लेंगे हिस्सा
- किसानों और खेत मजदूरों की कर्जमाफी की मांग

**किले में तब्दील दिल्ली, सारे बॉर्डर सील**



**नई दिल्ली।** किसानों के 13 फरवरी को दिल्ली कूच की चेतावनी से पहले सोमवार को चंडीगढ़ में तीन केंद्रीय मंत्रियों और किसान नेताओं के मध्य बैठक हुई।

सूत्रों के अनुसार बैठक में किसान आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज हुई एफआईआर और अन्य मामले वापस लेने पर सहमति बन गई है। वहीं किसानों के सभी प्रकार के लोन और कर्ज माफी पर पेंच फंसा हुआ है। बैठक चंडीगढ़ के सेक्टर-26 स्थित महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान परिसर में हुई। केंद्र की तरफ से बैठक में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल और नित्यानंद राय शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, बैठक में केंद्रीय नेताओं का रुख नरम है और किसान नेताओं की अहम मांगों पर सहमति बनने के संकेत दिए गए हैं। उम्मीद है कि दिल्ली कूच टल सकता है। किसान नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों के साथ यह दूसरे दौर की बैठक है। इससे पहले एक बैठक आठ फरवरी को हो चुकी है। इस बैठक में कुछ मांगों पर सहमति बनी थी। मगर अन्य मांगों पर सहमति नहीं बनने पर किसान दिल्ली कूच पर अड़े हैं। किसान नेताओं का कहना है कि अगर केंद्र सरकार हमारी मांगों को मान लेती है तो आंदोलन समाप्त करने के बारे में विचार करेंगे। बता दें कि किसानों और केंद्र सरकार के बीच पहली बैठक पंजाब के सीएम भगवंत मान ने करवाई थी।

### किसानों की ये प्रमुख मांगें

- स्वामीनाथन रिपोर्ट के अनुसार सभी फसलों की एमएसपी की कानूनी गारंटी की मांग, किसानों और खेत मजदूरों की कर्जमाफी की मांग
- लखीमपुर खीरी में जान गंवाने वाले किसानों को इंसाफ और आशीष मिश्रा की जमानत रद्द कर सभी दोषियों को सजा की मांग
- लखीमपुर खीरी कांड में घायल सभी किसानों को वादे के मुताबिक 10 लाख रुपये मुआवजे की मांग
- किसान आंदोलन के दौरान दर्ज केस रद्द करने की मांग
- पिछले आंदोलन में जान गंवाने वाले किसानों के आश्रितों को नौकरी
- 200 दिन मनरेगा की दिहाड़ी मिले, 700 रुपये प्रतिदिन मजदूरी की मांग
- फसल बीमा सरकार खुद करे, किसान और मजदूर को 60 साल होने पर 10 हजार महीना मिले, विश्व व्यापार संगठन से खेती को बाहर किया जाए।

# जयंत ने एनडीए में शामिल होने का किया एलान

**सियासत**

- पश्चिमी यूपी में बदलेंगे चुनावी समीकरण
- केंद्र ने जयंत के दादा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने का किया था एलान

**लखनऊ।** रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने आखिरकार सोमवार को एनडीए में शामिल होने का एलान कर दिया है। अब चौधरी जयंत के एनडीए में जाने से वेस्ट यूपी में चुनावी समीकरण भी पूरी तरह बदल जाएंगे।

हालांकि, जयंत का एनडीए में शामिल होना कई दिनों से तय माना रहा था लेकिन, आधिकारिक पुष्टि का इंतजार था। रालोद प्रमुख चौधरी जयंत सिंह के एनडीए में शामिल होने से पश्चिमी यूपी के चुनावी समीकरण भी अब बदल जाएंगे। अब आगामी लोकसभा चुनाव में जाट वोट बैंक भी भाजपा की तरफ आता दिखाई देगा। अब इसके दो बड़े कारण हो गए हैं। पहले भाजपा सरकार ने किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की घोषणा कर दी और अब रालोद प्रमुख चौधरी जयंत सिंह ने भी एनडीए में शामिल होने का एलान आधिकारिक तौर पर कर दिया है। केंद्र सरकार ने दो दिन पहले ही पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने का एलान किया था। साथ ही वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भी भारत रत्न देने का एलान किया गया।



# प्रियंका गांधी को रायबरेली से चुनाव लड़ाने की तैयारी

**उम्मीदवार**

- सोनिया राजस्थान से राज्यसभा जा सकती हैं
- खड़गे के घर कांग्रेस की बैठक में चर्चा



**नई दिल्ली।** राज्यसभा चुनावों को लेकर सभी दल अपने-अपने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस पार्टी ने अभी अपने प्रत्याशियों के नाम का ऐलान नहीं किया है। इसके पीछे कई वजह बताई जा रही हैं।

अभी सूत्रों ने बताया है कि सोनिया गांधी इस बार लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। वह राजस्थान से राज्यसभा जा सकती हैं। सूत्रों ने बताया कि सोनिया की जगह प्रियंका गांधी रायबरेली से चुनाव लड़ सकती हैं। गौरतलब है कि सोनिया गांधी अभी उत्तर प्रदेश के रायबरेली से सांसद हैं। राजस्थान में 3 सीटों पर राज्यसभा के चुनाव होने हैं। बीजेपी के खाते में 2 और कांग्रेस के खाते में एक सीट के जाने की संभावना है। बता दें कि कांग्रेस की राज्य इकाईयों में पिछले चुनावों के मद्देनजर नाराजगी देखने को मिल रही है। उनका कहना है कि जिस राज्यसभा का उम्मीदवार उसी राज्य से चुना जाए। दरअसल पिछली बार कई राज्यों में ऐसा देखने को मिला, जहां राज्यसभा उम्मीदवार दूसरे राज्यों के लोगों को बनाया गया। बता दें कि कांग्रेस विरोधी खेमे को किसी तरह का मौका नहीं देना चाहती है।

# पहले प्रदेश में होते थे दंगे, अब दंगामुक्त माहौल : योगी

## शुकतीर्थ से ग्राम परिक्रमा यात्रा का किया शुभारंभ, डबल इंजन सरकार जो कहती है वो करके दिखाती है

**जनसभा**

- पहले सात प्रतिशत बकाया भुगतान था लेकिन अब 99 प्रतिशत गन्ना भुगतान किया जा रहा है: सीएम



**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा शुकतीर्थ से ग्राम परिक्रमा शुरू कर रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस यात्रा का आगाज किया।

ट्रैक्टर पूजन के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनसभा के मंच पर पहुंचकर भाजपा नेताओं और आसपास से पहुंचे किसानों के अभिवादन के साथ अपना संबोधन शुरू किया। इसके बाद उन्होंने राम मंदिर निर्माण से अपने भाषण की शुरुआत की और कहा कि 500 वर्ष का ये सपना पूरा हुआ, अब अयोध्या में प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार जो कहती है, वो करके दिखाती है। पहले मुजफ्फरनगर में दंगे होते थे कई दिन तक दंगे चलते थे। कई नेता भी जेल में थे। अब कोई दंगा कर सकता है क्या? गन्ना मूल्य के बकाया पर बात करते हुए उन्होंने कहा पहले सात प्रतिशत बकाया भुगतान था लेकिन अब 99 प्रतिशत गन्ना भुगतान किया जा रहा है। 119 चीनी मिलों में से 105 मिले ऐसी है जो शत-प्रतिशत भुगतान कर चुकी हैं। कहा कि डबल इंजन की सरकार को लाने का श्रेय अन्नदाताओं को जाता है। जनता से जो वादे किए वो पूरे किए। हमने मुफ्त बिजली के लिए व्यवस्था की है। हम यहां आए तो पता चला कि यहां का ऑर्गेनिक गुड़ न सिर्फ देश, बल्कि विदेश में भी अपनी खुशबू बिखेर रहा है। इसके लिए बिजनौर, मुजफ्फरनगर और शामली वालों को बधाई। सरधना में खेल यूनिवर्सिटी पर कार्य शुरू हो गया है। ओलंपिक में पदक जीतने वाली बेटियों को हमने नियुक्ति पत्र सौंप दिए हैं। बता दें कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को भी कार्यक्रम में पहुंचना था लेकिन किसी कारणवश उनका दौरा अंतिम समय में रद्द हो गया। इस कार्यक्रम का देशभर में दो हजार स्थानों पर लाइव प्रसारण दिखाया गया।

### नौ संकल्प लेकर कार्यकर्ता ग्रामीणों के बीच जाएंगे

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ग्राम परिक्रमा यात्रा के माध्यम से नौ संकल्प लेकर कार्यकर्ता ग्रामीणों के बीच जाएंगे। कहा कि मैं इस यात्रा के प्रति अपनी शुभकामनाएं देता हूं। मैं भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा को इस यात्रा की बधाई देता हूं। उम्मीद करता हूं कि यह यात्रा किसानों, वंछितों के बीच पहुंचकर जनता को भाजपा का रिपोर्ट कार्ड दिखाएगी। पीएम मोदी के नेतृत्व में चल रही योजनाओं से उन्हें लाभान्वित कराने, उनके महत्वपूर्ण सुझाव लेने का कार्य करेगी और 2024 में 2014 की पुनावृति कराएगी। कहा कि पहले की सरकार युवाओं की नौकरी में भी ठगी करती थीं। युवाओं के रोजगार में भी घपला होता था। यूपी में होने वाली 60 हजार भर्ती की प्रक्रिया बिना किसी भेदभाव होगी। उन्होंने कहा कि किसानों की आय को बढ़ाने के लिए मोटे अनाज यानी सुपरफूड के उत्पादन के लिए किसानों को प्रेरित किया जा रहा है।

# अशोक चव्हाण ने कांग्रेस छोड़ा



**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने सोमवार को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने विधायक पद भी छोड़ दिया है। अशोक चव्हाण ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को इस्तीफा सौंपा। इससे पहले मिलिंद देवड़ा ने 14 जनवरी तो बाबा सिद्दीकी ने 8 फरवरी को कांग्रेस छोड़ दी थी।

अशोक चव्हाण के इस्तीफे के बाद महाराष्ट्र के एक अन्य कांग्रेस नेता अमरनाथ राजुकर ने भी इस्तीफा दे दिया। सूत्रों के मुताबिक अशोक चव्हाण 13 बड़े नेताओं के साथ भाजपा जॉइन कर सकते हैं। इसके साथ ही महाराष्ट्र में सियासी हलचल तेज हो गई है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस, भाजपा नेता आशीष शेलार भाजपा दफ्तर पहुंचे। इस बीच महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले दिल्ली रवाना हो गए।

## पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एक लाख से अधिक नियुक्ति पत्र बांटे

# भाजपा ने पहले की सरकार से ज्यादा नौकरियां दी

**तोहफा**

- दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम
- हमने प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से नवनियुक्त कर्मचारियों को एक लाख से अधिक नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। उन्होंने यहां एकीकृत परिसर कर्मयोगी भवन के पहले चरण की आधारशिला भी रखी।

यह परिसर मिशन कर्मयोगी के विभिन्न स्तंभों के बीच सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देगा। इस अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक लाख से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपे जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने नवनियुक्तों और उनके परिवारों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सरकार में युवाओं को नौकरी के अवसर उपलब्ध कराने का अभियान पूर्ण गति के साथ जारी है। नौकरी अधिसूचना और नियुक्ति पत्र सौंपने के बीच लगने वाले लंबे समय के कारण बढ़ने वाली रिश्वतखोरी का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने निर्धारित समय के तहत भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने के साथ-साथ पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बना दिया है। उन्होंने कहा कि इससे प्रत्येक युवा को अपनी क्षमताएं प्रदर्शित करने के समान अवसर प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि आज हर युवा का मानना है कि वे कड़ी मेहनत और कौशल के साथ अपने रोजगार की स्थिति को मजबूत कर सकते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार युवाओं को राष्ट्र के विकास में सहभागी बनाने का निरंतर रूप से प्रयास कर रही है। सरकार ने पिछले 10 वर्षों में पिछली सरकारों की तुलना में डेढ़ गुना अधिक युवाओं को रोजगार प्रदान किए हैं। उन्होंने यहां एकीकृत परिसर कर्मयोगी भवन के पहले चरण की आधारशिला रखने का भी उल्लेख करते हुए कहा कि यह क्षमता निर्माण की दिशा में सरकार की पहल को और मजबूत बनाएगा। सरकार के प्रयासों से नए क्षेत्रों के खुलने और युवाओं के लिए रोजगार व स्वरोजगार के अवसरों का सृजन होने की चर्चा के साथ-साथ प्रधानमंत्री ने बजट में एक करोड़ रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने की घोषणा का भी उल्लेख किया, जिससे परिवारों का बिजली बिल कम होगा और वे ग्रिड को बिजली की आपूर्ति करके आर्थिक लाभ कमाने में सक्षम होंगे।

# फ्लोर टेस्ट में नीतीश जीते

**129** वोट सरकार के समर्थन में पड़े

**तेजस्वी के साथ विपक्ष का वॉकआउट**



**पटना।** बिहार विधानसभा में सोमवार को नीतीश सरकार ने फ्लोर टेस्ट पास कर लिया। वोटिंग से पहले ही विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया था। सत्ता पक्ष की मांग पर वोटिंग करवाई गई। सरकार के समर्थन में 129 वोट पड़े। विपक्ष में एक भी वोट नहीं पड़ा क्योंकि वोटिंग के दौरान कांग्रेस, लेफ्ट और आरजेडी के सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया।

विश्वास मत के दौरान आरजेडी के तीन विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की। चेतन आनंद, नीलम देवी और प्रह्लाद यादव वोटिंग से पहले ही सत्तापक्ष के विधायकों के साथ बैठे थे। इससे पहले विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सदन में मुख्यमंत्री जैसे ही बोलने के खड़े हुए तो राजद विधायक हंगामा करने लगे। नीतीश कुमार ने गुस्से में कहा कि लोग मुझे सुनना नहीं चाहते तो वोटिंग करवाइए। नीतीश कुमार ने तेजस्वी के माता-पिता का जंगलराज याद दिलाया। विश्वास मत पर चर्चा के दौरान तेजस्वी यादव ने कहा कि मैं खुश हूं कि कर्पूरी ठाकुरजी को भारत रत्न दिया गया। भाजपा ने भारत रत्न को डील बना दिया है। आप हमारे साथ आइए और हम आपको भारत रत्न देंगे। तेजस्वी ने फ्लोर टेस्ट से पहले ही कह दिया था कि आज बोलने दीजिए, कल से हम जनता के बीच रहेंगे। स्पीच के दौरान तेजस्वी जिंदाबाद के नारे लगे। उधर, विधानसभा के बाहर हंगामा कर रहे आरजेडी कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज भी किया गया। इस दौरान भाजपा अध्यक्ष व डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि मेरे जो 5 विधायक गायब रहे सबका हिसाब लूंगा।

आप मुझे लोकतंत्र सिखाएंगे। लोकतंत्र को आप लूट रहे हैं। सबका इलाज करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरी भारतीय जनता पार्टी मजबूती के साथ समर्थन करती है।

# मनीष सिसोदिया को तीन दिन की जमानत

**राहत**

- भतीजी की शादी में शामिल होने जाना है लखनऊ
- मल्टीपल स्केलेरोसिस से पीड़ित हैं सीमा सिसोदिया




**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को करीब एक साल बाद कुछ राहत भरी खबर मिली है। वह कल तीन दिनों के लिए जेल से बाहर आएंगे। दरअसल उन्हें अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए जमानत मिली है।

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से उन्हें जमानत दी है। मनीष सिसोदिया को भतीजी की शादी समारोह में शामिल होने के लिए लखनई जाना है। वह 13 से 15 फरवरी तक लखनऊ जा सकेंगे। 14 फरवरी को भतीजी की शादी है। हालांकि ईडी ने कोर्ट में उनकी जमानत याचिका पर विरोध जताया था, लेकिन कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका को मंजूर करते हुए तीन की अंतरिम जमानत मंजूर कर ली। इससे पहले सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट से ही कस्ट्डी पैरोल मिल चुकी है। इसके मुताबिक वह हफ्ते में एक बार अपनी बीमार पत्नी सीमा सिसोदिया से मुलाकात कर सकते हैं। डॉक्टरों की माने तो सीमा सिसोदिया पिछले 23 साल से न्यूरो संबंधित बीमारी मल्टीपल स्केलेरोसिस से पीड़ित हैं। यह एक ऑटोइम्यून बीमारी है। इसमें दिमाग धीरे-धीरे शरीर पर से नियंत्रण खो देता है। बताया जा रहा है कि घर में अकेले रहने के कारण सीमा सिसोदिया के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ा रहा है।

**पूजन** — केजरीवाल व भगवंत मान ने सपरिवार किए रामलला के दर्शन

# रामलला का दर्शन करना मेरे लिए सौभाग्य: केजरीवाल

**परिसर**

- धार्मिक आस्था वाला देश है भारत
- भारत एक गुलदस्ता है और गुलदस्ते के अलग-अलग रंग है : भगवंत

अवधनामा संवाददाता



**अयोध्या।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सिंह अपने परिवार के साथ आज राम मंदिर में रामलला का दर्शन करने के लिए अयोध्याधाम पहुंचे। दोपहर लगभग 12:20 पर उनका चार्टर्ड प्लेन दिल्ली से अयोध्या महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उतरा जहां प्रोटोकॉल में कल सुरक्षा के बीच वीआईपी गेट नंबर 11 से राम जन्मभूमि परिसर में प्रवेश करने के बाद उन्होंने रामलला के दर्शन पूजन किए। इस मौके पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज रामलला का दर्शन पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, प्रभु राम का दर्शन करके असीम शांति का अनुभव मिला, बहुत अच्छा लगा, इसका वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता। पूरे समाज और पूरे विश्व के लिए सौभाग्य की बात है। अयोध्या में भव्य और सुंदर मंदिर बनकर तैयार हुआ है। प्रतिदिन लाखों राम भक्त दर्शन पूजन करने आ रहे हैं, आस्था देखकर दिल गदगद हो जाता है और हमने भगवान से सबके लिए देश के लिए सुख शांति और स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की है। वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि परिवार के साथ प्रभु राम के दर्शन हुए। लंबे समय से इच्छा थी, आज आना हुआ। भारत धार्मिक आस्था वाला देश है, कोई पर्व और कोई त्यौहार जब मनाया जाता है तो हम लोग इकट्ठे होकर मनाते हैं।

### घट सकता है दर्शन करने का समय: चंपत राय

**अयोध्या।** भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से रामनगरी में श्रद्धालुओं का रेला उमड़ रहा है।

पिछले 21 दिनों से रोजाना रामलला के दरबार में दो से ढाई लाख भक्त पहुंच रहे हैं। मंदिर सुबह 6:30 बजे से रात 10 बजे तक निरंतर खोला जा रहा है। रामलला को विश्राम नहीं मिल रहा है। राममंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने अयोध्या में उमड़ रही भीड़ पर कहा है कि रामलला को 15 घंटे जगाना उचित

**पांच साल के बालक को 15-15 घंटे जगाना उचित नहीं**

नहीं है। पांच साल के बालक को आराम भी मिलना चाहिए। चंपत राय ने एक बयान के अनुसार, लोगों का मत है कि पांच साल के बालक के रूप में पूजे जाने वाले भगवान राम को बीच-बीच में अच्छी तरह विश्राम की भी आवश्यकता है। श्रद्धालुओं का भारी दबाव घटाने के लिए 24 जनवरी के बाद से देवस्थान में हर रोज 15 घंटे दर्शन की व्यवस्था चल रही है।

# 26 को होगा भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव, डीएम ने ली तैयारी बैठक

अवधनामा संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** भारत-नेपाल के संबंधों को प्रगाढ़ करने के लिए नेपाल बॉर्डर से सटे यूपी के आठ जिलों में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद खीरी में 26 फरवरी को चंदन चौकी में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन होगा। सोमवार को कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जिले में महोत्सव आयोजन के संबंध में अफसरों की तैयारी बैठक लेकर रणनीति तय की।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव कार्यक्रम का उद्देश्य तराई सीमा क्षेत्र से संबंधित जिलों में युवा पीढ़ी एवं विद्यार्थियों को प्रदेश के गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने एवं देश प्रेम की भावना को जागृत करना है। महोत्सव से भारत-नेपाल के संबंध को मजबूत बनाते हुए दोनों देशों की सांस्कृतिक विरासत को संजोने का कार्य किया जाएगा। महोत्सव को भव्य ढंग से आयोजित करने के लिए जनपद खीरी को प्रमुख सचिव पर्यटन, संस्कृति तथा धर्मार्थ कार्य की ओर से दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। डीएम ने आयोजन स्थल चंदन चौकी में महोत्सव पर साज-सज्जा एवं अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अफसर को जरूरी दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल के लिए प्रस्तावित मार्ग को अतिक्रमण मुक्त बनाते हुए साइनेज लगाने के भी निर्देश दिए। महोत्सव के कार्यक्रमों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए संबन्धित को निर्देशित किया। यात्रा के साथ पुलिस स्कार्ट की व्यवस्था सम्बन्धित पुलिस प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की जाये। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान एम्बुलेंस की व्यवस्था करते हुए चिकित्सीय सुविधाएं सुनिश्चित की जायें।सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि भारत-नेपाल में मनाए जाने वाले लगभग सभी त्योहार एक ही है। जबकि भारत-नेपाल का संबंध भी मधुर है। जिसको संजोने के लिए सीमावर्ती क्षेत्र के युवा व विद्यार्थियों के बीच प्रदेश की समृद्ध व संस्कृति विरासत को संरक्षित करने व देश प्रेम की भावना को प्रवाहित करने के लिए पूर्ण राष्ट्र भक्ति का आयोजन किया जाएगा। एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव आयोजन से सीमावर्ती क्षेत्र के युवा दोनों देशों के संबंध व उसके सांस्कृतिक विरासत को समझेंगे। बैठक में सीएमओ डॉ एसडीएम कार्तिकेय सिंह, पीओ यूके सिंह, सीओ सुबोध जायसवाल, एडीआईओ नरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्वीट्स व्यापारी को दी जान से मारने की धमकी

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** शहर के प्रमुख स्वीट्स व्यापारी को मोबाइल पर जान से मार देने की धमकी दी गई है। घटना से व्यापारी और उसका परिवार दहशत में है। शहर के मोहल्ला ईदगाह निवासी शिव दयाल गुप्ता की सुदामा स्वीट्स के नाम से मिठाई की दुकान है। वह शहर के प्रमुख मिष्ठान कारोबारियों में से एक हैं। वह शाम को अपने घर पर मौजूद थे करीब साढ़े चार बजे उनके मोबाइल पर एक कॉल आई। फोन उठाते ही कॉलर ने अभद्रता करते हुए गाली गलौज की। जब उन्होंने गाली गलौज का विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी और फोन काट दिया। इससे वह दहशत में आ गए। वह कोतवाली सदर पहुंचे और पूरी घटना बताई। उन्होंने पुलिस को तहरीर दी है। घटना से व्यापारी का परिवार भी दहशत में है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन मोहम्मदी की नवीन कार्यकारिणी का किया गया गठन



अवधनामा संवाददाता

**मोहम्मदी-खीरी।** प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन (रजि) नगर पालिका सभागार में वरिष्ठ पत्रकार हरिश्चंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन मोहम्मदी की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। सभा की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार हरिश्चंद्र सिंह ने शिवम राठौर की अध्यक्षता में पिछले दो वर्षों के बेहतर कार्यकाल की याद दिलाते हुए पुनः शिवम राठौर के नाम को अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया जिसका सभी उपस्थित सदस्यों ने ध्वनि मत से समर्थन किया। महामंत्री तनवीर सिद्दीकी, कोषाध्यक्ष रियासत अली, आईटी प्रमुख अश्वनी सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष मोहम्मद असलम रज़ा व अमित कुशवाहा को चुना गया। शिवम राठौर ने अपने सम्बोधन में कहा कि अगले महीने संगठन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों को एक बेहतर प्रोग्राम का आयोजन करके जिले के वरिष्ठ पत्रकारों की उपस्थिति में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एडवोकेट विमल सिंह, मोहम्मद इलियास,सिदाकत मंसूरी, रियासत अली, फिरोज मंसूरी, अर्जुन राठौर, शुभम कुमार, जाकिर खां, सूचित प्रताप सिंह, कपिल कुमार, इमरान मंसूरी, गोपाल कृष्ण मिश्रा, शादाब खां, समशाद खां, शमशाद खां, सारिव अली मंसूरी जसवंत सिंह, तौहीद मंसूरी फिरोज मंसूरी, वाहिद अली सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# उत्सव लाइन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा



अवधनामा संवाददाता

**महाराजगंज ,रायबरेली।** कस्बे के एक उत्सव लाइन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव मनाया गया इसमें श्रद्धालु जमकर थिरके कथा के रस रसिक श्रोताओं ने भगवान श्री कृष्ण के जयकारों तथा नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जैसे गूंज मन हो उठा कथा व्यास पंडित मुरली मनोहर शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म अर्थ काम व मोक्ष की महत्व पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा जब-जब अत्याचार अनाचार बढ़ता है तब तब प्रभु का अवतार होता है प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। वहीं कथा व्यास ने इस दौरान विविध प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया इस मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## आरोपियों के खिलाफ मार पीट का क्रॉस केस दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** कस्बा खीरी के मोहल्ला डीहपुर निवासी किश्वर जहां ने मोहल्ले के ही कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारने पीटने व ज़ख्मी करने का आरोप लगाया है। खीरी थाने में दी गई अपनी तहरीर में किश्वर जहां ने लिखा है कि घर के सामने ठेलिया खड़ी करने से मना करने पर मोहल्ले के कलामू, सादिक अली,आशिक अली,बसरू, और नसीम ने घर में घुसकर लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे मोनिस, रेशमा,और निशा घायल हो गए। उधर दूसरे पक्ष की तरफ से शहनाज़ बानो ने तहरीर दी है। उनका कहना है कि रास्ते को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। इसी को लेकर सफी अहमद,लल्ला,बाबू और समी पर मारने पीटने का आरोप है। खीरी पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर उक्त आरोपियों के खिलाफ मारने पीटने का क्रॉस केस दर्ज कर लिया है।

# तहसील क्षेत्र में आयी अपराधो की बाढ़, लगातार बढ़ते क्राइम से सहमे क्षेत्रवासी

अवधनामा संवाददाता

**मोहम्मदी-खीरी।** तहसील क्षेत्र में अपराधो की आयी बाढ़ से कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गये है। लगातार बढ़ते क्राइम व शवो एवं हो रही हत्याओ से पूरे तहसील क्षेत्र में हड़कम्प मचा हुआ है पुलिस अगर छोटे-छोटे विवादो को गम्भीरता से लेती तो शायद इतने अपराध तहसील क्षेत्र में न हुए होते। 31 जनवरी को उचौलिया थाना अन्तर्गत ग्राम ढढेल में घटी तबसे पूरे तहसील क्षेत्र में हत्याओ की बाढ़ सी आयी है। बताते चले कि 31 जनवरी को उचौलिया थाना के ग्राम ढढेल में गन्ने की तौल कराकर लौट रहे सपा नेता रमेश यादव की कई हमलावरो ने क्रूरता से पीट पीटकर हत्या कर दी थी। कारण आठ माह पहले खेत की सिंचाई को लेकर विवाद चल रहा था जिसके चलते रमेश यादव की हत्या हुई। दूसरी घटना पसगवां थाना क्षेत्र के ग्राम बढ़वारी मांग में पांच फरवरी को घटित हुई जहां एक मजदूरी पेशा व्यक्ति सोमसरन को गांव के ही चार लोगो ने घर से खीचकर पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। कारण चार माह पहले कंडे पाथने को लेकर एच1 विवाद। इन दोनो घटनाओ में कुछ माह पहले हुए छोटे-छोटे विवाद है अगर इन छोटे-छोटे विवादो का समय पर निस्तारण हो गया होता तो शायद यह दो हत्याए होने से बच जाती। तीसरी घटना मोहम्मदी कोतवाली के मोहल्ला सरैया मण्डी में चार फरवरी को चुनावी रंजिश के चलते मंसूर मंसूरी उर्फ लल्ला की सर पर लाठी मारकर हत्या कर दी गयी थी। वही 11 फरवरी को फिर मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बौंओ में सड़क किनारे गहरी खाई में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। मृतक के परिजनो द्वारा शव की शिनाख्त रामकरन निवासी ग्राम मोहम्मदपुर कामी के रूप हुई। रामकरन के परिजनो ने गला रेत कर हत्या किये जाने का आरोप लगाया। पुलिस अभी रामकरन के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा ही था कि कोतवाली क्षेत्र ग्राम नौगंवा में 15 दिन से लापता एक 16 वर्षीय बालिका के छतविक्षत शव मिलने की सूचना ने सबके रौंगटे खड़े कर दिये। बालिका के शरीर के आधे से अधिक भाग को जानवरो द्वारा खाया जा चुका था। क्षेत्र में लगातार हो रही हत्याओ और मिल रहे शवो से आम जनमानस में खौफ सा कायम है।

## संक्षिप्त समाचार

### मोटर साईकिल चोरी कर नम्बर प्लेट बदलकर बेचने वाले 02 नफर अभियक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना भीरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मोटर साइकिल चोरी की घटनाओं मे संलिप्त तथा मोटर साईकिल चोरी कर नम्बर प्लेट बदलकर बेचने वाले 02 नफर अभियक्तों को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से चोरी की गयी 10 मोटर साईकिल बरामद की गयी उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना भीरा पर मु0अ0सं0 066/2024 धारा 411/ 413/ 414/ 420/ 467/ 468/471 भादवि व 41 द0प्र0सं0 पंजीकृत कर अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत मे भेजा गया, आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### रहस्मय ढंग से हुई 14 भैसो की मौत

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बाजपेई गांव में रहस्मय ढंग से 14 भैसो की हुई मौत गांव में अन्य भैसे गंभीर बीमार ग्रामीणों की माने तो किसी वायरस के चलते हुई भैसो की मौत,,मौके पर कई डॉक्टरो ने लिया जायजा बीमार भैसो को दिया जा रहा इलाज़।

### अलग-अलग सडक दुर्घटना में तीन लोग घायल

**लखीमपुर खीरी।** गोला गोकर्णनाथ क्षेत्र में हुई अलग-अलग सडक दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गये। मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम खुशहालपुर निवासी अजेश कुमार पुत्र रामेश्वर दयाल, शाहजहांपुर जिले के थाना खुटार के ग्राम सुखचैनापुर निवासी दीपा देवी पत्नी रामनिवास गिरि और मोहम्मदी थाना क्षेत्र के ग्राम परसपुर निवासी रविन्द्र यादव सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया है।

### महापौर डॉ.अजय कुमार ने किया सड़क का उद्घाटन



**सहारनपुर।** नगर निगम के मेयर डॉ.अजय सिंह ने कहा कि नगर का विकास कराया जाना ही उनकी प्राथमिकता है। ताकि प्रत्येक वार्ड का विकास हो सकें और आम व्यक्ति को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सकें। महापौर डॉ.अजय कुमार ने आज वार्ड 15 मक्खन नगर में नवनिर्मित सीसी रोड का उद्घाटन किया। महापौर डॉ.अजय कुमार सिंह ने कहा कि जनपद में बिना भेदभाव के विकास कार्यो को कराया जा रहा है। जिससे कि लोगो को काफी लाभ मिलेगा। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व मे पूरा प्रदेश विकास कर रहा है। उन्होने कहा कि शहर का विकास कराना उनकी प्राथमिकता है। उद्घाटन कार्यक्रम मे क्षेत्रीय पार्षद, राजू सिंह, महेश शर्मा, मनोज भूर्यान, अनूज वत्स, सुरेन्द्र पाल, प्रदीप शर्मा, लखपत सैनी, राम मेहर, सहदैव, अनूज, दीपक अरोडा, ,संजय शर्मा, रजनीश शर्मा, मनोज तिवारी, कुलदीप कुमार, कृष्ण चन्द, श्याम कुमार शर्मा, तुलसीदास, डा.प्रशान्त, तिलक भटनागर, अभिषे , विनोद कुमार, इकबाल, नरेश, मेहरा व भाजपा के कई पदाधिकारियों समेत क्षेत्रवासी भी मौजूद रहें।

### परिक्रमा यात्रा का हुआ आयोजन,



**गोंडा।** पं दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर हुआ कार्यक्रम का सुभारंभ गोन्डा भाजपा किसान मोर्चा द्वारा ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ हलधरपुर मंडल बालपुर में आयोजित किया गया मुख्य अतिथि कैसरगंज सांसद ब्रजभूषण शरण सिह ने पं दीन दयाल उपाध्याय व श्यामाप्रसाद मुखर्जी को माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की मुख्य अतिथि सांसद कैसरगंज ने मोदी सरकार व योगी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा की सभी पदाधिकारी गावं गावं जाकर जाकर लाभार्थियों से सम्पर्क करे जो योजनाओं से वंचित रह गये है उनको योजनाओं का लाभ दिलाए विशिष्ट अतिथि संचित सिहं ने कहा की उन कों गरीबों की हर समस्या की जानकारी है मिडिया प्रभारी शिवांशु मिश्र ने बताया परिक्रमा यात्रा में हजारों किसान ,किसान मोर्चा के पदाधिकारी सहित देव नारायण मिश्र जिला महामंत्री, सुरेन्द्र सिंह जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह, रवि दूबे, विंदेश्वरी प्रसाद बर्मा, उषा तिवारी, बेचूलाल कश्यप, मदन मोहन अन्नू बाबा सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

### एसीएल कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र को मिला प्रथम स्थान

**गोंडा।** ग्रामीण इलाकों में बेहतर कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए करनैलगंज गोन्डा में आर जी सी एस एम स्किल कोटा द्वारा संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र एकेडमी आफ कंप्यूटर लर्निंग को उत्तर प्रदेश के तहसील स्तरीय को उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्रदान किया गया कोटा राजस्थान में अवार्ड एसीएल कंप्यूटर के केन्द्र निदेशक अजीत प्रताप दिक्षित व चेयर पर्सन मालती दिक्षित को प्रदान किया गया। अवार्ड प्राप्त कर रविवार को लौटे केन्द्र निदेशक अजीत सिंह का करनैलगंज में जोर दार स्वागत किया गया इस मौके पर वीपी पान्डेय, गुफरान अंसारी, विष्णु शुक्ला, शौरभ गुप्ता अनुराग मिश्रा सहित भारी संख्या में लोग बधाई देने पहुंचे लोगों ने खुशी जाहिर करते हूए बताया कि अवार्ड प्राप्त करना बड़े सौभाग्य की बात है।

### बालिका महाविद्यालय में बटा स्मार्टफोन व टैबलेट छात्राओं में खुशी का महौल,

**गोंडा।** मुनीर अहमद बालिका महाविद्यालय खरगूपुर में स्मार्टफोन व टैबलेट बितरण कार्यक्रम का अयोजन किया गया मुख्यअतिथि जिला पंचायत सदस्य द्वितीय श्री मती नमिता तिवारी द्वारा स्मार्टफोन व टैबलेट देकर छात्रों को सम्मानित किया गया इस मौके पर महाविद्यालय अध्यक्ष मोहम्मद जहीर,सहित अन्य विद्यालयों के प्रबंधक ,अभिभावक तथा छात्राएं उपस्थिति रहे।

# महराजगंज क्षेत्र में वन माफियाओं के हौसले बुलंद

**डीएफओ के संरक्षण में चल रहे अवैध लकड़ी कटन, वन विभाग के नियमों को नहीं मानते लकडी ठेकेदार**

**धड़ल्ले से चल रहा हरे पेड़ों पर आरा**

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज, रायबरेली।** योगी सरकार भले ही पौधों रोपण योजना में लाखों रुपए खर्च कर रही हो लेकिन रायबरेली में वन विभाग के आल्हा अधिकारियों की मिली भगत से लड़ काटे नियमों को ताक पर रखकर हरे पेड़ जामुन शीशम आम महुआ जैसे हरे पेड़ों को काटकर सिर्फ और सिर्फ अपना ही भरन पोषण देखते हैं डीएफओ कहते हैं ऐसा है तो दिखवाते हैं इसी तरह कहकर डाल दिया जाता है। महाराजगंज क्षेत्र में वन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं, दिन के उजाले में लकड़ी ठेकेदारों द्वारा जिम्मेदारो से मिलीभगत कर हरियाली पर आरा चला रहे हैं, लकड़ी ठेकेदारों ने सोमवार को दो अलग अलग गांवों में करीब आधा दर्जन प्रतिबंधित हरे पेड़ों को जड़ से नेस्तनाबूद कर दिया मामला सुर्खियों में आने के बाद डीएफओ ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, बताते चले की सोमवार को लकड़ी ठेकेदारों द्वारा दो अलग अलग गांव हनुमंत सिंह का पुरवा मजरे ज्योना में प्रतिबंधित महुआ का पेड़ व सेनपुर मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला में आम व जामुन के पेड़ों को काटा गया प्रतिबंधित पेड़ों के कटान से जुड़े फोटो विडियो शोशल मिडिया पर वायरल हो गए जिससे हड़कंप मच गया।

वहीं दूसरी ओर हरे पेड़ों की कटान से क्षेत्रीय लोगों में वन विभाग और स्थानीय पुलिस के प्रति आक्रोश है। मामले में रेंजर बछरावां नावेद अहमद सिद्दीकी ने बताया कि महुआ के काटे गए पेड़ के मामले में वन दरोगा को मौके पर भेजा गया है, कार्रवाई की जाएगी वहीं वहीं सेनपुर में लकड़ी ठेकेदार द्वारा काटी गई प्रतिबंधित लकड़ी के मामले में हल्का दरोगा दिनेश गोस्वामी की तहरीर पर ठेकेदार सतगुरु पुत्र ललई निवासी बघेल व पेड़ विक्रेता राम नारायण पुत्र किशोरी निवासी सेनपुर के विरुद्ध वन अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है, लेकिन वास्तविक ठेकेदार प्रदीप सिंह को बचाते हुए पुलिस द्वारा सतगुरु पर कार्रवाई की गई जिसकी चर्चा जोरों पर है।

# ज्वैलर्स की दुकान से 33 लाख रूपये के जेवरात उड़ायें

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** बीती रात बस स्टैंड नागल के निकट स्थित एक ज्वैलर्स की दुकान में अज्ञात चोरों ने करीब 33 लाख रुपए के जेवरात एवं दो लाख की नगदी चोरी कर लिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल की जांच की फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की। जानकारी के अनुसार नांगल बस स्टैंड के निकट अरुण तायल की जगदंबा ज्वेलर्स के नाम से दुकान है बीती रविवार की रात अज्ञात चोरों ने दुकान की ग्रिल उखाड़ कर दुकान से लॉकर्स के ताले तोड़कर वहां से दो लाख की नगदी एवं 33 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। सोमवार सुबह दुकान मालिक अरुण तायल जब दुकान पर गया तो चोरी की घटना का पता चला। थाना प्रभारी त्रिभुवन सिंह ने बताया कि उन्होंने फॉरेंसिक टीम के साथ मौके की जांच की है तथा आस पड़ोस के सीसीटीवी कैमरे भी खगांले जा रहे हैं।

# तमंचे के बल पर पैट्रोल पम्प सैल्समैन से हजारों की लूट

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** खेड़ा मुगल में रविवार की रात्रि नकाबपोश तीन बदमाशों ने तमंचे के बल पर पेट्रोल पंप सेल्समैन से हजारों रुपये की नकदी लूट ली। बदमाश सेल्समैन को जान से मारने की धमकी देकर फरार हुए। वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना कैद हो गई। पुलिस फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

रविवार की रात्रि करीब दस बजे खेड़ा मुगल स्थित अल मलिक फ्यूल्स पेट्रोल पंप पर काली रंग की बाइक आकर रुकी। जिस पर तीन लोग सवार थे। उन्होंने बाइक में सौ रुपये का तेल भरवाया। जिसके बाद वह रास्ता पूछने कर बहाने सेल्समैन परिक्षित कुमार के पीछे ऑफिस में घुस गए। भीतर घुसते ही उन्होंने सेल्समैन पर तमंचा तान लिया और उसकी जेब में रखी करीब सात हजार रुपये की नकदी और मोबाइल लूट लिया। बदमाशों ने ऑफिस में रखी टेबल का गल्ला खोलने की कोशिश भी की, लेकिन इसमें वह सफल नहीं हुए। बाद में बदमाश सेल्समैन को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। जानकरी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ करते हुए पंप में लगे सीसीटीवी की फुटेज लेकर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। सीओ अशोक सिसोदिया का कहना है बदमाशों की तलाश की जा रही है। मामले में पेट्रोल पंप मालिक मुशर्रफ आलम ने पुलिस को तहरीर दी है।

# स्टार किड्स के ग्रैण्ड फिनाले में बच्चों ने रैम्प पर बिखेरा जलवा

अवधनामा संवाददाता



**रायबरेली।** माधव सेवा संस्थान के द्वारा बच्चों का नृत्य और मॉडलिंग प्रतियोगिता का रंगारंग आयोजन किया गया। शहर के रतापुर स्थित गोल्डन दीप होटल मे संपन्न हुए कार्यक्रम का शुभारंभ एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरविंद श्रीवास्तव तथा व्यापार मंडल अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह छाबड़ा द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी प्रभाकर गुप्ता, राइजिंग चाइल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित रहीं। माधव सेवा संस्थान की अध्यक्ष प्रियंका अवस्थी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि कला और संस्कृति के क्षेत्र में रायबरेली की प्रतिभाओं को मुख्य पटल पर लाने के लिए संस्थान कृत संकल्पित है। बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता जूनियर ग्रुप में इर्निका ने बाजी मारते हुए जहां प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं रिथान्या और सिद्धान्त ने क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर ग्रुप में दर्श प्रथम, सिया एवं श्रद्धा संयुक्त रूप से द्वितीय तथा अर्पिता तृतीय रहीं। नृत्य प्रतियोगिता के उपरांत बच्चों ने रैम्प पर कैटवॉक कर जमकर जलवा बिखेरा। रंग बिरंगे पारिधानों में हुए फ़ैशन शो में इर्निका, आन्या, जसलीन, कर्णिका, कात्यायनी, माही, श्रद्धा, सिया, दर्श, शताक्षी, कुशाग्र का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। रैंप एवं फैशन शो, कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। विशिष्ट अतिथि भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरविंद श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा बच्चे देश की धरोहर हैं और इस तरह के आयोजनों से बच्चों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अधिक अवसर प्राप्त होता है।कार्यक्रम के उपरांत विशेष रूप से उपस्थित सिम्हांस हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. मनीष चौहान, चंदापुर स्टेट के हर्षेन्द्र सिंह, समाजसेवी ममता सिंह, सुमित चौबे, सत्यम बाजपेयी द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप मे दीपक कपूर, सौरभ यादव, ममता सिंह और शिवांगी चौधरी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन अमित सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वेब डांस एकेडमी के निदेशक विवेक मिश्रा एवं संस्थान की पदाधिकारी ऊषा किरन सिंह, भावलीन चावला, स्मृति शुक्ला, शबनम अंसारी का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर प्रिया मिश्रा, आलोक श्रीवास्तव, डॉ. संतलाल, भूपेश दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# चौ.अजीत सिंह का 85 वा जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं ने पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह का 85 वा जन्म दिन हर्षोल्लास के साथ मनाया।

कोर्ट रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इकट्ठा हुए। सभी ने चौधरी अजीत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए एवं उनके जन्म दिन का केक काटकर आपस में सभी का मुंह मीठा कराया। उसके पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में चौधरी अजीत सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश महासचिव चौधरी धीर सिंह एवं जिला अध्यक्ष राव केसर सलीम ने कहा कि चौधरी अजीत सिंह ने जीवन पर्यत किसान मजदूर गांव गरीब देहात के उत्थान के लिए कार्य किया एवं किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह के सिद्धांतों पर चलते हुए पार्टी को मजबूत करने का काम किया। उन्होंने वर्ष 1989 में वीपी सिंह सरकार में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री रहते हुए चीनी मिलों की दूरी घटाकर 44 चीनी मिलें लगवा कर गन्ना किसानों को लाभ पहुचाने का काम किया।

हरिद्वार से देवबंद होते हुए पूर्वी यमुना नहर कुआं खेड़ा जनपद सहारनपुर तक 55 किलोमीटर लंबी लिंक चैनल नहर का निर्माण कराया, जिससे किसानों का गिरता हुआ भू-जल स्तर एवं सिंचाई की सुविधा प्रदान की गई। मनमोहन सिंह सरकार में नागरिक उड्डयन मंत्री रहते हुए भूमि अधिग्रहण कानून में संशोधन करवा कर किसानों को शहरी क्षेत्र में दो गुना एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा दिलवाया। इसके अलावा सामाजिक समरसता एवं हिंदू मुस्लिम भाईचारे को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उनके द्वारा किए गए जनहित के कार्य जनता हमेशा याद रखेगी। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष भूषण चौहान, क्षेत्रीय महासचिव रमेश चौहान, महावीर सैनी एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष गजेंद्र चौधरी, चौधरी यशवीर सिंह, अशोक चौधरी, सतपाल कालड़ा, प्रीतम सिंह सैनी, अनुज वर्मा, सुनील कोरी, मूलचंद राघड, विनोद चौधरी, कुलबीर सिंह, राव शहजाद उपस्थित रहे।

## हार्ट एंड बैलून का रिहर्सल

**गोंडा।** नवाबगंज क्षेत्र के दुर्गा गंज गांव मे हार्ट एंड बैलून का रिहर्सल किया गया है इस मौके पर चौकी इंचार्ज सरयूघाट शिवलखन सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। मिली जानकारी अनुसार क्षेत्र के दुर्गागंज गांव में हार्ट एंड बैलून का परीक्षण सोमवार को किया गया जल्द ही यह बैलून जनपद की सीमा से उड़ान भरकर यात्रियों को अयोध्या धाम का दर्शन करायेगा लोगों को आसमान मे उडान भरने का एक सुनहरा मौका मिलेगा इस मौके पर मौजूद सरयूघाट चौकी इंचार्ज शिवलखन सिंह ने कहा कि अभी टेस्टिंग चल रही है जल्द ही पर्यटकों को आसमान में उडकर सफर करने का मौका मिलेगा। गांव के प्रधान राधेश्याम उर्फ रग्घू यादव ने बताया कि आजाद भारत मे पहली बार हमारे गांव की जमीन से आसमान रास्ते सेश्रीराम जी के अयोध्या धाम का मनोहारी दर्शन होगा इससे गांव के लोगों को भी रोजगार का अवसर मिलेगा इस मौके पर दिवान रविंद्र सिंह राजकिशोर सहित गांव व स्थानीय चौकी के लोग मौजूद रहे।

## वॉलीबॉल टूर्नामेंट का समापन



**बाराबंकी अवधनामा संवाददाता।** आज इलाके के लिटिल नेस्ट पब्लिक स्कूल जरगावां बाराबंकी में एडवांस ग्लोबल शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान संगौरा सैदखां बाराबंकी द्वारा आयोजित वॉलीबॉल टूर्नामेंट का समापन समारोह आयोजित किया गया टूर्नामेंट का फाइनल मैच टीम अवेंजर और टीम ब्लैक स्क्वाड के बीच खेला गया जिसमें टीम अवेंजर ने जीत हासिल की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि तनुज पुनिया जी ने खिलाडियों को इनाम से नवाजा और अच्छे खेल प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अनिल जायसवाल प्रधान जरगावां असद अब्बास जी प्रधानाचार्य ने भी सभी खिलाड़ियों की खूब तारीफ की। इस समापन समारोह के मौके पर बुरैर हसन मो अब्बास अली जाफर ज़ैदी मो सामिन शिव हर्ष वर्मा रज़ाउल मुस्तफा मो मुशीर के अलावा इलाके तमाम लोगों ने शिरकत की।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 50वां स्थापना दिवस

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** सदर ब्लॉक के उखैया खास स्थित रियाज़ इण्टर कालेज के 50 वर्ष पूरे होने पर छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से स्कूली बच्चों ने किया। कालेज के संस्थापक आगा सिबतैन हैदर को प्रधानाचार्य मेराज फातमा ने बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। सोमवार को मंझनपुर ब्लॉक के ग्राम उखैया खास स्थित रियाज़ इण्टर कालेज का 50 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। सबसे पहले बच्चों ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद छात्रा ने दुआईया नज़्म पढ़कर ताली बटोरी। इस के बाद बेटी पढ़ाव और बेटी बचाव नाट्य प्रस्तुति बेहतरीन तरीके से किया गया, इसपर लोगों की भावनाएं देखने लायक थी।

# दुनिया की सबसे बड़ी योजना आयुष्मान भारत से लोगों को मिल रहा लाभः पाठक

### स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं समेत विभिन्न योजनाओं की लाभार्थियों को किया सम्मानित



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर द्वारा नारी शक्ति वन्दन अभियान के तहत लखनऊ उत्तर, केंट और पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में दीनदयाल अन्त्योदय योजना और राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं समेत विभिन्न योजनाओं की लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने उत्तर विधानसभा में निरालनगर स्थित माधव सभागार में तथा कैंट विधानसभा में आलमबाग, भोला खेड़ा स्थित राज स्टडी हॉल में आयोजित कार्यक्रमों में मातृशक्ति को सम्मानित किया।

लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी उत्तर और कैंट विधानसभा में और विधायक डॉ नीरज बोरा उत्तर विधानसभा में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विधान परिषद सदस्य अवनीश पटेल ने पश्चिम विधानसभा में राजाजीपुरम स्थित किंग होटल के सामने पार्क में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को प्रशस्ति पत्र और अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। विधानसभा उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव और महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता नेगी कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आयोजित समारोह में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किये गये कार्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कि मोदी सरकार की योजनायें माताओं और बहनों पर केन्द्रित है। उनके जीवन स्तर में बदलाव का काम किया जा रहा है। करोड़ों महिलाओं को उज्ज्वला योजना से लाभान्वित किया गया है। दुनिया की सबसे बड़ी योजना आयुष्मान भारत से लोगों को लाभ मिल रहा है। आज मोदी की गारण्टी की गाड़ी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए घर घर पहुच रही है। उन्होंने तीन तलाक कानून की चर्चा की। साथ ही आह्वान किया कि मोदी जैसे भाई को आप सभी महिलाओं का साथ जरूर मिलना चाहिए। इसके पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने शक्ति वन्दन अभियान और पार्टी के कार्यक्रमों की चर्चा की।

मोदी सरकार ने हर दिन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की योजना पर काम किया है नारी शक्ति के सशक्तिकरण के लिए जो काम हुए हैं, वो अकल्पनीय हैं आवास योजना में मिलने वाले आवास महिला के नाम पर होता है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दस वर्षों में महिला सशक्तिकरण दिशा में अनेक काम किए हैं देश में नई संसद बनने के बाद उसमें जो पहला कानून आया वो नारी शक्ति वंदन का था आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा जन-धन योजना में महिलाओं के बैंक में खाते खुले, उज्जवला योजना में मुफ्त गैस कनेक्शन मिलता है, प्रधानमंत्री दीनदयाल उपाध्याय योजना के माध्यम से घर में बिजली मिलती है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का किया गया आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** पूर्व मंत्री, विधायक भोगांव रामनरेश अग्निहोत्री ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत श्रीदेवी मेला एवं ग्राम सुधार प्रदर्शनी प्रांगण में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में वर-बधु को आशीर्वाद देते हुए कहा कि केंद्र-प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण, महिला स्वाभलम्बन को केंद्र बिंदु रख कार्य कर रही है, महिलाओं, बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य के साथ उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए तमाम योजनाएं संचालित की हैं, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के नारे के साथ कन्या भ्रूण हत्या को रोकने का कार्य हुआ वहीं बालिका शिक्षा के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना जैसी योजनाएं लागू कर शिक्षा को बढ़ावा दिया, गरीब परिवार में बेटियां परिवार पर बोझ न बने इसके लिए शिक्षा से लेकर उनकी शादी भव्य समारोह में कराने के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना लागू की, इस योजना के तहत जनपद में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में बड़ी संख्या में गरीब परिवार की बेटियों की शादी शान-ओ-शौकत से कराई जा रही है, सरकारी खजाने से रू. 51 हजार प्रति शादी पर खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के प्रारंभ होने से पूर्व गरीब परिवार बेटी की शादी के लिए चिंतित रहता था, उसे बेटी की शादी लिए या तो कर्ज लेना होता था।

# हार्ट अटैक से युवक की मौत, शव आते ही परिजनों में मचा कोहराम

### अहिरौली क्षेत्र के सितुहिया टोला पोखरभिंडा का मामला

**अवधनामा संवाददाता**



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सितुहिया टोला पोखरभिंडा निवासी एक 30 वर्षीय व्यक्ति की हृदय गति रुकने से विदेश में मौत हो गई। सोमवार को शव उसके गांव आते ही घर में कोहराम मच गया। प्राप्त सूचना के मुताबिक अमरनाथ सिंह पुत्र बब्बन सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी सितुहिया पोखरभिंडा अपने परिवार की आजीविका चलाने के लिए दुबई के पास शारजाह में स्थित युनेशिया अल्युमिनियम कंस्ट्रक्शन कंपनी में अल्युमिनियम स्लाइडिंग का काम करता था और वह 15 जनवरी 2024 को वहां से घर आने वाला था परन्तु दुर्भाग्य से 14 जनवरी 2024 को उसकी अपने ही कमरे में हृदय गति रुक जाने के कारण मृत्यु हो गई। इस घटना की जानकारी होने पर कंपनी के कर्मचारी अमरनाथ सिंह के शारजाह स्थित आवास पर पहुंचे और उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने अमरनाथ सिंह को मृत्यु घोषित कर दिया। मृत्यु की सूचना जब उसे समय घर आई तो परिजनों पर विपत्ति का पहाड़ टूट पड़ा। अमरनाथ की मौत के करीब महीने दिन बीतने को है इतने दिनों के बाद परिजन वहां से शव गांव मंगाने के लिए इधर-उधर गुहार लगाते रहे तब जाकर सोमवार को दोपहर बाद उसका शव पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के बाद उसके पैतृक गांव सितूहिया टोला पोखारभिंडा पहुंचा, जहां परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था और गांव में कोहराम मच गया। परिजनो के साथ ग्रामीण भी काफी दुखी और गमगीन दिखाई दे रहे थे। इतनी कम उम्र में अमरनाथ सिंह के चले जाने से उस परिवार की अपूरणीय क्षति हुई है। अमरनाथ सिंह अभी अविवाहित था।

# भारत नेपाल मैत्रीय महोत्सव का आयोजन 16 फरवरी को

**अवधनामा ब्यूरो**

- मैत्री महोत्सव में दिखेगी भारत-नेपाल के सभ्यता संस्कृति की झलक

**कुशीनगर।** संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की तरफ से जनपद में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन 16 फरवरी को कुशीनगर स्थित बुद्ध पीजी कॉलेज में किया जाएगा। कार्यक्रम के जरिए दोनों देशों के संबंधों को मजबूत किया जाएगा।

जिला सूचना कार्यालय के माध्यम से यह जानकारी अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शासन स्तर से जिला प्रशासन को सहयोग करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि मैत्री महोत्सव का उद्देश्य युवा पीढ़ी एवं विद्यार्थियों के बीच प्रदेश की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने एवं देश प्रेम की भावना प्रवाहित करना है। शासन के निर्देश पर महोत्सव के आयोजन के लिए उप जिलाधिकारी स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। एडीएम ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक साज-सज्जा एवं व्यवस्थाएं की जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर जाने वाले मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराकर दिशा सूचक पट्ट लगाया जायेगा। आवश्यकता अनुसार सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि कि कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ कार्यक्रम के दौरान एंबुलेंस व अन्य जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएगी।

# एसडीएम को ज्ञापन सौप कर, क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने विरोध में खोला मोर्चा

**अवधनामा संवाददाता**



- 50 क्षेत्र पंचायत सदस्य विरोध में उतरे
- समिति की जानकारी दिये बिना ही कर दी ब्लाक प्रमुख की घोषणा

**उरई (जालौन)।** क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने एसडीएम को ज्ञापन सौप कर विरोध में मोर्चा खोल दिया है उन्होंने आरोप लगाया कि ब्लाक प्रमुख के निधन के बाद ब्लाक में कोई भी बैठक नही कराई गयी और न ही हम लोगों को जानकारी दी गयी जबकि गोपनीय तरीके से समिति का गठन करके कार्य योजना का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने सोमवार को एसडीएम माधौगढ़ शशि भूषण को ज्ञापन सौपा। इसमें उन्होंने बताया कि ब्लाक में फर्जी तरीके से समिति का गठन करके कार्य योजना का कार्य भी प्रारम्भ कर दिया गया है जबकि यह सब गोपनीय तरीके से किया गया जबकि हम लोगों को बैठक की कोई जानकारी भी नही दी गयी यदि ऐसा होता है तो एक तरह से लोकतंत्र की धज्जियाँ उड़ायी जा रही है ऐसी स्थिति में ब्लाक में खुली मीटिंग करायी जाये एक एजेंडा जारी कर समिति का सही तरीके से गठन होना चाहिए जोकि लोकतंत्र प्रक्रिया के अंतर्गत आता है। उन्होंने आरोप लगाते हुए यह भी बताया कि शासनादेश द्वारा दी गयी जानकारी में यह स्पष्ट किया गया है कि ब्लाक में यदि प्रकार की स्थिति बनती है तो ब्लाक स्तर पर क्षेत्र पंचायतों की खुली बैठक होगी जिसमे समिति का गठन किया जायगा इस उपरांत ही पटल पर जो भी कार्य योजनाएं प्रेषित की जाएगी उनका मूल्यांकन कर सही तरीके से स्पष्ट किया जायेगा। क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने खंड विकास अधिकारी रमेश चंद्र शर्मा के ऊपर भी कई आरोप लगाए उन्होंने कहा कि ब्लाक में तैनात खंड विकास अधिकारी भृष्टाचार को आवोहवा दे रहे है जिस कारण यह स्थिति बनी हुई है। ज्ञापन में बाबू सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सुखपाल सिंह,मोहित कुमार, योगेंद्र सिंह,मान सिंह, अरुण कुमार, महेंद्र कुमार, प्रतिभान सिंह मौजूद रहे।

# चोरी की आठ बाइक के साथ चार चोर गिरफ्तार

### पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से चार मोबाइल फोन तथा चार हजार नौ सौ रुपए नगद बरामद




**अवधनामा संवाददाता**

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा अपराधियों पर शिकंजा कसने की लगातार कोशिश की जा रही है। इसी का परिणाम है कि संदीपन घाट थानाध्यक्ष व पश्चिम शरीरा थाना अध्यक्ष की संयुक्त टीम ने बाइक चोर चार अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की आठ बाइक और चार मोबाइल फोन तथा माल बिक्री का चार हजार नौ सौ रुपए बरामद किया है पकड़े गए बाइक चोरों के खिलाफ मुकदमा लिखकर पुलिस ने अदालत में पेश किया जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि संदीपन घाट थाना क्षेत्र के कई गांवों में चार शातिर बदमाश जिसमें अखिलेश उर्फ तुब्बा पुत्र शिवलाल सरोज और सुमित उर्फ गुंडा पुत्र छेददू पासी अमित उर्फ छोटू पुत्र छेददू पासी निवासीगण मितवापुर थाना संदीपनघाट व थाना करारी आगियौना निवासी राजेंद्र सरोज पुत्र नंदलाल द्वारा काफी समय से बाइक चोरी की घटनाओं का अंजाम दिया जा रहा था। थानाध्यक्ष संदीपन घाट भुवनेश चौबे व थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सिंह रामबाबू सिपाही राजेश सिंह देवेंद्र भारद्वाज लवलेश कुमार की टीम द्वारा अमित उर्फ गुडडा को बाइक चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया।

# श्री दिलीप सिंह इंटर कालेज बाकरगंज गोराजू में विदाई समारोह का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**कौशांबी।** श्री दिलीप सिंह इंटर कालेज बाकर गंज गोराजू मे वार्षिकोत्सव विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह मे छात्र छात्राओं ने रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी आकाश सिंह एवं विशिष्ट अतिथि अभिषेक सिंह रहे । थानाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह भी समारोह मे बच्चों के हौसला आफजाई के लिए मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन माता प्रसाद सिंह ने किया। विद्यालय परिवार के शिक्षको ने सभी अतिथियों को बैच व माला पहना कर स्वागत अभिनंदन किया।

मुख्य अतिथि आकाश सिंह ने अपने उद्बोधन मे कहा विद्यालय के इस महोल को देखकर बचपन की याद आ जाती है उन्होंने ने कहा जिंदगी का सबसे बेहतर वक्त बचपन का होता है वह स्कूल का होता है आप लोग स्कूल की लाइफ को अच्छा जिए जा रहे है । आप लोग हाईस्कूल इंटर मीडिएट की परीक्षा पास करके आगे जाएगे। स्कूल से बहुत कुछ सीख कर जाता है इंसान। जो भी ड्रीम सपना होगा उसके लिए बेहतर करेगें। अपने भविष्य को संवारने के लिए मेहनत और संघर्ष करना पडता है।

उप जिलाधिकारी ने छात्रा छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना किया। समारोह मे मौजूद विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र सिंह व प्रधानाचार्य अवधेश कुमार सिंह ने भी अपने सम्बोधन मे बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हूए बोर्ड परीक्षा मे अच्छे अंक हासिल कर स्कूल का नाम रोशन करने की शुभकामना दी। थानाध्यक्ष पश्चिमशरीरा धीरेन्द्र सिंह ने भी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है इस मौके पर विद्यालय के छात्र और छात्राओं ने भग्ति गीत, देश भग्ती गीत गीत मनमोहक मुद्राओं का सजीव चित्रण पेश किया । हाई स्कूल एवं इंटर के छात्रों की विदाई समरोह आयोजित किया यह एक अनोखा और यादगार समारोह था। जिसमे सीनियर्स को उनके जूनियर्स ने फेयरवेल किया इस मौके पर छात्र छात्राओं के भावुक चेहरे भी देखने को मिले। मौके पर शैलेंद्र सिंह राकेश सिंह अशोक सिंह श्याम बाबू कमलाकर राय शैलेश पाल अंगद सिंह केपी सिंह भानु प्रताप सिंह आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## नारी वंदन कार्यक्रम में महिलाओं को दी गई विकास योजनाओं की जानकारी

**कौशांबी।** नारी बंदन कार्यक्रम का भाजपा कार्यालय में आयोजन किया गया। इस दौरान समूह की महिलाओं को प्रदेश और केंद्र सरकार की विकास योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में नारी बंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले की समूह संचालक सदस्यों और अध्यक्षों को बुलाया गया था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने केंद्र सरकार की विकास योजना की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं के लिए उज्ज्वला योजना के अंतर्गत फ्री गैस कनेक्शन दिया गया। इससे महिलाओं को घर में होने वाले चूल्हे के धुएं से होने वाली बीमारी से छुटकारा मिला। वही लखपति बनाने की योजना से महिलाओं को आच्छादित किया गया। इस दौरान बैंकों के माध्यम से ऋण देकर उन्हें स्वालंबी बनाया गया। इस दौरान जिले के दो गांव में प्रतिदिन भारत सरकार और प्रदेश सरकार के विकास योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जाएगी।

# लापरवाह कार्यदायी संस्थाओं को जिलाधिकारी ने लगाई फटकार



**अवधनामा संवाददाता**

**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शासन की महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन हर घर जल परियोजना अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की अद्यतन प्रगति की वर्चुअल समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान वर्तमान की कार्य प्रगति धीमी होने पर संबंधित कार्यदायी संस्था को फटकार लगाते हुए कमिश्निंग बढ़ाए जाने के साथ ही मैन पावर एवं मशीनरी बढ़ाए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिथिल प्रगति पर कंपनियां बहाना ना बनाएं, बल्कि कार्य योजना बनाएं के निर्धारित अवधि में लक्ष्य कार्य कैसे पूर्ण करना है। उन्होंने कहा कि हर घर नल, हर घर जल केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनहित में महत्वाकांक्षी एवं शीर्ष प्राथमिकता की योजना है, इस योजना के धरातल पर क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी लंबित परियोजनाओं को युद्ध स्तर पर कार्य कर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि पेयजल योजना के तहत पाइप विछाने व सड़क रैस्टोरेशन के समय उच्च गुणवत्ता एवं मानक के अनुसार ही सामग्री का प्रयोग किया जाए। पाइपलाइन विछाने में तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत अगले 15 दिन में पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।

# हीरालाल यादव ग्रुप कॉलेजेज के स्थापना दिवस एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**




**लखनऊ।** दिनाँक- 12 फरवरी, 2024 को हीरालाल यादव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के स्थापना दिवस एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन अत्यन्त हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मा0 श्री शिवपाल सिंह यादव जी (राष्ट्रीय महासचिव, स0पा0 एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री, उ0प्र0 सरकार) एवं विशिष्ट अतिथियों में प्रो0 (डॉ0) सुधीर कुमार जी (क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, लखनऊ, देवीपाटन एवं अयोध्या मण्डल), श्री डी0जी0 सिंह जी (संस्थापक प्रबन्धक, न्यू पब्लिक ग्रुप ऑफ स्कूल एण्ड कालेजेज), कर्नल राजेश राघव जी (प्रधानाचार्य, कै0 मनोज पाण्डेय यू0पी0 सैनिक स्कूल), जय सिंह जयन्त जी (जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी), महाविद्यालय के संस्थापक प्रबन्धक श्री श्याम किशोर यादव जी, चेयरमैन श्री राम सिंह यादव जी, श्री योगेन्द्र सचान जी (संस्थापक प्रबन्धक, क्रियेटिव कान्वेन्ट स्कूल, लखनऊ) प्रबन्ध निदेशक इं अनुराग, प्रो0 ए0 पी0 सिंह जी (प्राचार्य पी0जी0 कालेज) द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ सरस्वती वन्दना प्रस्तुत कर बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा किया गया। इसी क्रम में पब्लिक स्कूल, सरोजनी नगर शाखा के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए कला संकाय की छात्राओं द्वारा राजस्थान की कला एवं संस्कृति के विभिन्न रूपों को लोकनृत्य के द्वारा प्रस्तुत किया गया। ये सिलसिला यहीं नहीं रूका डीएलएड की छात्राओं द्वारा 'भोजपुरी' लोकनृत्य की प्रस्तुति हुई। पब्लिक स्कूल, बेंती के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा जन-जन के मन में बसे पुरूषोत्तम राम के जीवन की अविस्मरणीय प्रस्तुति की गयी। तदुपरान्त चेयरमैन श्री राम सिंह यादव जी ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि आज हम सब अपने महाविद्यालय के स्थापना दिवस एवं वार्षिकोत्सव समारोह के अवसर पर एकत्रित हुए है। यह हमारे संस्थान के लिए बेहद महत्वपूर्ण एवं गौरवपूर्ण क्षण है।

# देवरिया महोत्सव का हुआ समापन

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** चीनी मिल ग्राउण्ड में 04 फरवरी से चल रहे देवरिया महोत्सव का सोमवार को समापन हो गया। आयोजित समापन समारोह में जनपद के प्रभारी मंत्री एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह मुख्य अतिथि के रुप में शामिल रहे तथा पूर्जन अर्चन के साथ समापन किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि 04 फरवरी से प्रारम्भ हुआ देवरिया महोत्सव आज 12 फरवरी को पूरे वैदिक रीति रिवाजो, मंत्रों उच्चारण व हवन के साथ इसका समापन हुआ है। इस महोत्सव में स्थानीय कलाकारों को अवसर मिला और साथ साथ राष्ट्रीय स्तर के भी कलाकार प्रतिदिन यहां आते रहे एवं यहां के लोगो को मनोरंजन भी हुआ। प्रदेश व केन्द्र सरकार की विकास की योजनायें लोगो को इस महोत्सव के माध्यम से जानकारी दी गयी। जनपद देवरिया मे जो विकास हुआ है, उसकी भी एक झलक महोत्सव में दिखाई गयी। महोत्सव में पूरे जनपद के लोग शामिल हुए। यहां के अधिकारियों ने बहुत ही मेहनत करके इस महोत्सव के आयोजन को सफल बनाया। उन्होंने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को बधाई देते हुए कहा कि 11 फरवरी को महोत्सव में राम दरबार कार्यक्रम एवं आज समापन के अवसर पर प्रभारी मंत्री के रुप में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनपद वासियों को बधाई दी एवं कहा कि अगले साल भी भव्य महोत्सव कराया जायेगा तथा यह एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम बहुत ही अच्छा रहा। देवरिया महोत्सव का आगाज 04 फरवरी को को हुआ। महोत्सव में यातायात सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, स्वच्छ भारत मिशन के तहत कार्यशाला, किसान सम्मेलन, उज्ज्वला कार्यक्रम सहित अन्य आयोजन हुए। सांस्कृतिक संध्या में कैलाश खेर, अक्षरा सिंह, अनामिका अम्बर देश के सुप्रसिद्ध कलाकारों ने अपने गीतों एवं कविताओं से लोगों का मनोरंजन किया। स्थानीय कलाकारों ने भी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में डीएम अखण्ड प्रताप सिंह ने कहा कि सबके सहयोग से इस भव्य आयोजन को सफल रुप दिया गया है। जिले की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों से आगे भी ऐसे आयोजन होते रहेंगे।

## ट्राला चालक को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** नेशनल हाइवे स्थित चमारी नाला पर ट्राला के नीचे खड़े चालक को तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने कागजी कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वही पुलिस द्वारा परिजनों को जैसे ही मौत की खबर लगी घर मे मातम छा गया। कानपुर देहात के सिजोर निवासी प्रदीप उर्फ सोनू महाराज उम्र करीब 45 वर्ष ट्राला चलाने का काम करते है। सोमवार को गाड़ी लेकर झांसी के गुरसराय गिट्टी भरने जा रहे थे। तभी चमारी नाला के पास ट्राला खड़ा कर जैसे ही नीचे उतरे,तभी तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे से मौके पर हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर आटा पुलिस पहुँच गई। जिसने उन्हें एम्बुलेंस से उरई अस्पताल भेजा। डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जैसे ही मौत की खबर सोनू की पत्नी और बच्चों को हुई तो घर मे रोना पीटना मच गया। वही पुलिस टक्कर मारने वाले ट्रक का पता लगा रही है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम शीबा रहमान से बदल कर शीबा नईम रख लिया है। अब भविष्य में मुझे शीबा नईम (SHEEBA NAEEM) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाए।

**शीबा नईम**
**154/2 टेढ़ी बाज़ार मौलवीगंज**
**अमीनादाबाद लखनऊ**

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पासपोर्ट संख्या U889765 में मेरा नाम त्रुटिवश नजमा खान (NAJMA KHAN) पड़ गया है जबकि मेरा सही नाम नजमा बानो (NAJMA BANO) हैं जो मेरे सभी अभिलेखों में दर्ज है।

**नजमा बानो**
**पत्नी अब्दुल रऊफ खान**
**सी 47/9 पेपर मिल कॉलोनी**
**निशातगंज लखनऊ।**

# आर्थिक रूप से मजबूत होने के साथ सामाजिक रूप से सशक्त हो महिलाएं: सिंह

अवधनामा संवाददाता



आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों को प्रमाणपत्र सौंपती जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह

**अयोध्या।** पुष्पराज चौराहे स्थित एक लॉन में शक्ति वंदन अभियान के तहत स्वंय सहायता समूह व एनजीओ की महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह रहीं। कार्यक्रम में 15 महिलाओं को सम्मान किट देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि आर्थिक रूप से मजबूत होने के साथ महिलाओं को सामाजिक रूप से सशक्त भी होना होगा। सरकार द्वारा जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा विभाग द्वारा आयोजित योजना से कई महिलाएं अभी तक लाभान्वित हो चुकी है। सभी महिलाओं को इन सम्मानित होने वाली महिलाओं से प्रेरणा लेकर घर में रहकर ही छोटा व्यवसाय करते रहना चाहिए। जिससे वह आर्थिक रूप से भी सशक्त हो। जब महिलाएं आर्थिक रूप से सबल होंगी तो परिवार तथा समाज का निर्माण कर सकेंगी। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता है कि विकासवाद को मुख्यधारा में ला दिया है। भारतीय राजनीतिक पटल पर उन्होनें यह सुनिश्चित किया कि अब राजनीति सेवा की होनी चाहिए परफॉरमेंस की होनी चाहिए। नीतिगत बदलावों की होनी चाहिए। महिला को सशक्त बनाने के लिए महिलाओं को केन्द्र में रख कर योजनाएं बनी रही है। तीन तलाक, नारी शक्ति वंदन अधिनियम बनाकर महिलाओं सशक्त किया है।जिला डूडा अधिकारी यामिनी रंजन ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में शहरी योजना के तहत विभिन्न उद्योग में सक्रिय रूप से कार्य कर रही विभिन्न महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आशा गौड़, बसंती सिंह, आभा सिंह, मंजू गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह, परमानंद मिश्रा आदि मौजूद रहे। **तीन महिलाओं को दी गई आवास की चाभी:**-कार्यक्रम में इस दौरान तीन महिलाओं को आवास की चाभी सौंपी गई। महानगर अध्यक्ष ने सोनाली मौर्या मलिकपुर, सीमा मौर्या डाभासेमर, मायावती चांदपुर को आवास की चाभी सौंपी।

## पूर्व विधायक ने विजेता टीम व उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित

**बीकापुर- अयोध्या।** बीकापुर के काजी सराय गांव में आयोजित स्वर्गीय अहमद अली क्रिकेट टूर्नामेंट का सोमवार को समापन मैच खेला गया। टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जितेंद्र सिंह बबलू ने विजेता टीम तथा उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इससे पहले फाइनल मुकाबले में सिद्धि गणेशपुर तथा शाहबाज इलेवन के बीच जोरदार मुकाबले आयोजित हुआ। फाइनल मुकाबले में लक्ष्य का पीछा करने उतरी शाहबाज इलेवन टीम जरूरी 151 रन बनाने में नाकाम साबित हुई। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि जितेंद्र सिंह बबलू भैया ने विजेता टीम को 51000 रुपए तथा उपविजेता टीम को 21000 का नगद पुरस्कार तथा ट्रॉफी प्रदान करते हुए टूर्नामेंट खेल रहे सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने जीतने वाले खिलाड़ियों को भी तथा हारने वाले खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहित करते हुए बताया कि पराजित होने के बाद ही जीत का स्वाद मिलता है। टूर्नामेंट में आयोजन शमशेर खान चीना भाई जमशेद खान ने अतिथियों का स्वागत किया।

# जीवों के अधिकारों का रक्षा करना भी मनुष्य का कार्य है: सुरभि त्रिपाठी

अवधनामा संवाददाता



एक दिवसीय कार्यशाला में पशुओं के अधिकारों पर हुई चर्चा

**महराजगंज।** विकास भवन सभागार में सोमवार को पशु अधिकारों और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के संदर्भ में पशु चिकित्साधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विकास भवन सभागार किया गया।

कार्यशाला में पशु अधिकार कार्यकर्ता और पीपुल फॉर पब्लिक पॉलिसी की एनिमल वेलफेयर एसोसिएट्स सुरभि त्रिपाठी ने सभी पशुचिकित्साधिकारियों को पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के धारा 11(1), 12, 13, 32 (2), 34 सहित विभिन्न प्रावधानों के विषय में अवगत कराया। उन्होंने भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 428, 429, 377 के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा कार्यशाला में जानवरों के परिवहन नियमावली 1978 और खाद्य सुरक्षा एवं मानक नियमावली सहित विभिन्न जानवरों से संबंधित विभिन्न कानूनों और उनमें पशुपालन विभाग की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई।

पशु कार्यकर्ता सुरभि त्रिपाठी ने वेटेरो लीगल, विटेनरी मेडिसिन और विटेनरी फोरेंसिक सहित विभिन्न पहलुओं और इस विषय में पुलिस द्वारा सहायता की आवश्यकता होने पर पशु चिकित्सकों और पशु चिकित्साधिकारियों के लिए तय एसओपी के विषय में भी बताया। उन्होंने कहा कि जीव होने के कारण पशुओं के भी कुछ अधिकार हैं और उन अधिकारों का संरक्षण करना मनुष्य होने के नाते हम सबका दायित्व है। लेकिन इसमें पशुपालन विभाग की विशेष भूमिका है। पशुपालन विभाग जानवरों के संरक्षण और संवर्द्धन का कार्य करता है। साथ ही पशुओं के संदर्भ यह विशेषज्ञ विभाग है। इसलिए इस विभाग के प्रतिनिधि के तौर पर पशुओं और उनके अधिकारों के प्रति आपसे विशेष संवेदनशीलता और सजगता की अपेक्षा है और इसी उद्देश्य से यह कार्यशाला आयोजित की गई है। आशा है कि कार्यशाला से हम सबको कुछ सीखने का मौका मिला होगा। मुख्य पशु चिक्तसाधिकारी डॉ यू. एन. सिंह ने कार्यशाला के माध्यम से पशु अधिकारी और पशुओं के स्वच्छ व स्वस्थ व्यापार के विषय में विशेष जानकारी साझा करने के लिए मुख्य वक्ता सुरभि त्रिपाठी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एसपी ने प्रोन्नति पर दी बधाई



**बाराबंकी अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा थाना जहांगीराबाद में नियुक्त मुख्य आरक्षी अब्दुल हुसैन खां को उप निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति होने पर स्टार लगाकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

## बिहार से हरियाणा जा रहे दो तस्कर गिरफ्तार



**हैदरगढ़ बाराबंकी अवधनामा संवाददाता।** थाना हैदरगढ़ पुलिस ने 02 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया व इनके कब्जे से कुल 89 किलो 33 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा व परिवहन में प्रयुक्त एक बाहन बरामद किया। मादक पदार्थ तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना हैदरगढ़ पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इन्टेलीजेन्स के आधार पर 02 अभियुक्त, मादक पदार्थ तस्करों सुखचैन सिंह पुत्र बलकार सिंह व गोपी सिंह पुत्र भान सिंह निवासी अरकवास थाना लहरा गंगा जिला सगरुर पंजाब को बड़ा गांव कस्बा व थाना हैदरगढ़ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 89 किलो 33 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा (पोस्ता छिलका), परिवहन में प्रयुक्त एक कार संख्या एचआर 11 एल 9001. दो मोबाइल फोन, एक ड्राइविंग लाइसेंस व 1905 रूपये नकद बरामद किये गये। इनके विरुद्ध थाना हैदरगढ़ पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। पूछताछ से प्रकाश में आया कि इन सभी के द्वारा मादक पदार्थ की तस्करी की जाती है। अभियुक्त द्वारा उपरोक्त मादक पदार्थ बिहार से खरीदकर हरियाणा ले जाया जा रहा था।

## अनुराग त्रिपाठी बने मंडल अध्यक्ष



**अयोध्या अवधनामा संवाददाता।** भाजपा महानगर इकाई के मंडल अध्यक्ष बने अनुराग त्रिपाठी मौजूदा समय में वे भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य है। इससे पहले वह जिला पंचायत सदस्य का चुनाव भी लड़ चुके हैं जिसमें वह रनर प्रत्याशी थे अनुराग त्रिपाठी के मनोनयन पर पार्टी नेताओं ने खुशी जताई है। इसके पहले संपन्न लोकसभा व विधानसभा चुनाव के दौरान नगर में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई। मंडल अध्यक्ष बनने के बाद उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा है। उनके आवास पर समर्थकों की भारी भीड़ रही। अनुराग त्रिपाठी ने अयोध्या जाकर बजरंगबली का दर्शन पूजन किया। श्री त्रिपाठी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से आम जनता में उत्साह का माहौल है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी पात्र व्यक्तियों को बिना भेदभाव लाभ मिला है। इस मौके। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, वरुण चौधरी शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, परमानंद मिश्र, शशि प्रताप सिंह, दिवाकर सिंह, राजेश सिंह, प्रतीक श्रीवास्तव जयप्रकाश श्रीवास्तव तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सड़क हादसों में बुजुर्ग समेत तीन की मौत

**बाराबंकी।** अलग अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक मासूम समेत दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार खलील मोहम्मद अंसारी 80 निवासी ग्राम दानिश नगर बसारा थाना फतेहपुर साईकिल से शादी समारोह में शामिल होने रसौली आया था। यहां वह आज दवा लेने निकला तभी रसौली के पास अयोध्या मार्ग पर सुबह नौ बजे कार ने उसे टक्कर मार दी। उसकी मौके पर मौत हो गई। दूसरी घटना में रोहित वर्मा 20 पुत्र दृग पाल निवासी ग्राम मुबारकपुर थाना कोठी आज सुबह नौ बजे के करीब हैदरगढ़ सम्पर्क मार्ग पर बाइक से जा रहा था। आदमपुर मोड़ के निकट सावित्री ब्रिक फील्ड के पास बाइक को ट्रैक्टर ने सामने से टक्कर मार कर कुचल दिया। उसकी मौके पर मौत हो गई। मृतक दो भाई दो बहनो में बड़ा था। तीसरी घटमा में माया देवी 55 पत्नी स्व. श्री पाल कश्यप लाल कुआँ थाना हुसैन गंज लखनऊ बीती रात नौ बजे बाइक से गोण्डा जिला के रगड़गंज में मुंडन में जा रही थी।

# चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में बनी रणनीति, सौंपी जिम्मेदारियां



अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** भाजपा जिला कार्यालय पर सोमवार को चुनाव प्रबंधन की जिला समिति की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में चुनावी रणनीति को लेकर चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने समिति में शामिल सभी सदस्यों का बाराबंकी लोकसभा प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा से परिचय कराया। जिला अध्यक्ष ने प्रबंधन समिति के सदस्यों को जिम्मेदारियां भी सौंपी। लोकसभा प्रभारी ने कहा कि जिला चुनाव प्रबंधन समिति में जिन्हे जो दायित्व मिला है उस जिम्मेदारी का पूरे मनोयोग से निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा में कोई दायित्व छोटा या बड़ा नहीं होता है क्योंकि भाजपा सेवा ही संगठन के मूल सिद्धांत पर कार्य करती है। उन्होंने कहा कि 2014 एवम 2019 के लोकसभा चुनाव में बाराबंकी में बड़े अंतर से भाजपा ने जीत दर्ज की थी मगर इस बार के लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करनी है। जिसके लिए चुनाव प्रबंधन समिति की भूमिका और बढ़ जाती है। संचालन लोकसभा के जिला संयोजक बनाए गए आशुतोष अवस्थी ने किया। जिला महामंत्री संदीप गुप्ता ने आभार ज्ञापित किया।

## विद्याभूषण बने अनुसूचित प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल व सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन के संस्तुति पर विद्या भूषण पासी को अनुसूचित प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मनोनयन पर समाजवादी पार्टी के नेता कार्यकर्ताओं ने विद्या भूषण पासी का स्वागत किया और प्रदेश व राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उनके मनोनयन से पार्टी मजबूत होगी और लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को मजबूती मिलेगी। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन व सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने विद्या भूषण पासी का स्वागत करते हुए कहां की समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव में जीतने के लिए अभी से ही पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं को सपा के सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यकाल किए गए विकास कार्य को जन-जन तक पहुंचना है जिससे लोकसभा चुनाव जीत कर केंद्र में इंडिया गठबंधन के तहत सरकार बन सके।

# बास्केटबॉल में स्वर्ण पदक जीतकर बढ़ाया क्षेत्र का मान

अवधनामा संवाददाता

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** कस्बे के मीराबाई नगर स्टेट चौक निवासी देवेश जायसवाल ने 73 वी जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता का आयोजन उड़ीसा के भुवनेश्वर में 4 से 11 फरवरी तक किया गया था। प्रतियोगिता में देवेश के उम्दा प्रदर्शन ने उत्तर प्रदेश की टीम को इस ख़िताब को जीतने में अहम योगदान दिया।

उत्तर प्रदेश की टीम द्वारा लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय खिताब जीतने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्वीट करके टीम को बधाई दी। टीम ने अपने लीग मैच के प्रत्येक प्रतिद्वन्दी केरल, मिज़ोरम, मध्य प्रदेश व पंजाब को बड़े अंतर से हराने में सफलता अर्जित की। क्वार्टर फाइनल में आन्ध्र प्रदेश को 47 के मुकाबले 90 अंक से व सेमी फाइनल में चंडीगढ़ की टीम



को 68 के मुकाबले 92 अंक से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में राजस्थान को 67 के मुकाबले 106 अंक से हराकर राष्ट्रीय ख़िताब को दूसरी बार अपने नाम कर लिया। फाइनल में देवेश ने अपनी टीम के लिये 10 अंक अर्जित किये। देवेश वर्तमान में भारत सरकार के उपक्रम स्पोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया( साई ) के वाराणसी केंद्र से बास्केटबॉल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। देवेश के पिता अमरचन्द जायसवाल रोडवेज में लेखाकार पद पर कार्यरत है।

# दीवारो दर खुशी से सजाए हुए हैं हम, आ जाइए कि आंखें बिछाए हुए हैं हम

**बाराबंकी अवधनामा संवाददाता।** बज़्म अज़ीज़ का मासिक तरही मुशायरा नबीगंज स्थित हाजी नसीर अंसारी के आवास पर आयोजित हुआ। मुशायरे की अध्यक्षता अख़्तर जमाल उस्मानी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सीतापुर से आए नफ़ीस सीतापुरी तथा अज़ीमुद्दीन अशरफ़ इस्लामिया इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त अध्यापक मोहसिन क़िदवई उपस्थिति रहे। बज़्म के जनरल सेक्रेटरी हुज़ैल लालपुरी के संचालन में आयोजित मुशायरे में शायरों ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश किए। हाजी नासिर अंसारी- समझे ना कोई बस यूंही आए हुए हैं हम। महफ़िल है जिसकी उसके बुलाए हुए हैं हम। मोहसिन क़िदवई ऐसा नहीं कि खुद को छुपाए हुए हैं हम। आईना अपने सामने लाए हुए हैं हम। नफ़ीस सीतापुरी इस तरह तेरे शहर में आए हुए हैं हम। जैसे किसी खजूर के साए हुए हैं हम। ज़मीर फ़ैज़ी- माना कि आबरू ए ग़ज़ल हम नहीं ज़मीर। हां आबरु ग़ज़ल की बचाए हुए हैं हम। हुज़ैल लालपुरी लालच के बेईमानी के बुग्ज़ो हसद के बुत। अपने दिलों में अब भी बसाए हुए हैं हम। डॉक्टर रेहान अलवी दीवारो दर खुशी से सजाए हुए हैं हम। आ जाइए की आंखें बिछाए हुए हैं हम। आदर्श बाराबंकवी कुछ यूं खुशी को ग़म से दबाए हुए हैं हम। गुरबत किसी तरह से बचाए हुए हैं हम। मिस्टर अमेठवी कुछ मसलहत है इसलिए ख़ामोश हैं अभी।ऐसा नहीं कि मेहंदी लगाए हुए हैं हम। कलीम आज़र तालिब तेरी मदद के हैं ए रब कायनात। तुझसे ही सब उमीद लगाए हुए हैं हम। कलीम तारिक़ मुद्दत हुए छुए थे तेरे फूल जैसे हाथ। अब तक के खुशबुओं में नहाए हुए हैं हम। असर सैदनपुरी ये कम नहीं जो करके दिखाए हुए हैं हम। इस अहद में वक़ार बचाए हुए हैं हम। बशर मसौलवी जब चाहे देख लेते हैं हम उसमें हुस्न यार। आईना अपने दिल को बनाए हुए हैं हम। नफ़ीस बाराबंकवी जिसने हमारे दिल को दिवाना बना दिया। दिल में उसी की याद बसाए हुए हैं हम। आरिफ़ शहाबपुरी कोई हमें बताए उन्हें कैसे भूल जाएं। जो लम्हे उनके साथ बिताए हुए हैं हम।

# स्वयं सहायता समूह की सदस्यों के साथ चाय पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**बाराबंकी।** जागरूकता अभियान शक्ति वंदन के तहत सोमवार को ब्लाक सभागार बंकी व ब्लाक सभागार मसौली मे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की स्वयं सहायता समूह की सदस्यों के साथ चाय पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक एवं राजनैतिक उत्थान के लिए लगातार काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री का लक्ष्य है एक साल मे तीन करोड़ महिलाए लखपति बने जिसके लिए महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने के लिए आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओ को ग्रामीण क्षेत्रो के विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा रहा हैं। सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कार्यक्रम मे मौजूद स्वय सहायता समूह की महिलाओ से कहा कि बीजेपी सरकार का मूल मंत्र महिलाओं के समग्र विकास और सम्मान के लिए केन्द्र तथा प्रदेश की सरकारों ने जो काम विगत वर्षो में किया है, वह नारी शक्ति के लिए अतुलनीय है. उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के माध्यम से महिलाओं के सामाजिक उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया गया है। हमारी सरकार का लक्ष्य है वर्ष 2047 तक हमारा देश विकसित राष्ट के रूप मे बने जिसके लिए समाज के सभी वर्ग एव धर्म के लोगो को जागरूक होने की जरूरत है। सांसद श्री रावत ने कहा कि पुरुष प्रधान भारत मे महिलाओ की समानता की भागीदारी हो तभी देश विकसित राष्ट का सपना साकार हो सकता है। नारी शक्ति को बढ़ावा देने के लिए आवास योजना, शौचालय, राशन कार्ड, उज्ज्वला एव सौभाग्य योजना मे महिलाओ को प्रमुखता से मुखिया बनाये जाने का काम किया जा रहा हैं। कार्यक्रम मे नमो ऐप डाउनलोड कराया गया। तथा कार्यक्रम मे सीमा वर्मा, ममता वर्मा, आरती वर्मा, मोहिनी देवी, लज्जावती, सुषमा शुक्ला, आशा देवी, नीलम देवी को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवती का शव

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** खंडासा थाना क्षेत्र के अमरगंज बाजार स्थित एक निजी विद्यालय की चहारदीवारी के अंदर सोमवार सुबह एक युवती का संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका शव मिला। बाजार वासियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद शव की पहचान थाना क्षेत्र के ही चमरूपुर पूरे पासी निवासी नीलम (21) पुत्री सुरेश कुमार के रूप में हुई। विद्यालय की चहार दिवारी के अंदर उगे रेड़ के छोटे से पेड़ में युवती का शव टंगा था युवती के दोनों पैर जमीन पर थे और दोनों घुटने भी पूरी तरह से मुड़े थे। जिसे देखने वाला हर कोई यही कह रहा था कि युवती को मारकर टांगा गया है। इस तरह फांसी लगाने से मौत नहीं हो सकती। वहीं पुलिस का कहना है कि युवती के सिर में दर्द रहता था जिसकी दवा चलती थी कुछ दिनों से बाल झड़ने के कारण भी वह परेशान थी। रविवार शाम को युवती घर से निकली थी। फॉरेंसिक जांच टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर गहन जांच पड़ताल की।

# बलात्कार के आरोपी को मिली 21 वर्ष की जेल

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** घर के निर्माण में लगे मजदूर विनोद कुमार द्वारा 14 वर्षीय किशोरी को घर के अंदर घसीट कर दरवाजा बंद करके जबरदस्ती करते हुए जबरन दुराचार करने के आरोपी विनोद कुमार को 21 वर्ष के कारावास से दंडित किया गया। साथ ही न्यायालय ने पाक्सो आरोपी पर 26 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है।

विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट प्रथम अभिषेक बगड़िया ने जुर्माने की सम्पूर्ण धनराशि पीड़िता को दिए जाने का फैसला सुनाते हुए उत्तर प्रदेश पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना में भी मुआवजा की धनराशि के निर्धारण हेतु आदेश की एक प्रति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजे जाने का निर्देश भी दिया। विशेष लोक अभियोजक विनोद उपाध्याय के अनुसार जनपद अयोध्या के थाना पूरा कलंदर के एक ग्राम निवासी के घर पर गृह निर्माण कार्य चल रहा था जिसमें थाना कोतवाली अयोध्या के समाहा कला निवासी आरोपी विनोद कुमार पुत्र परशुराम लेबर के रूप में कार्य कर रहा था। 22 नवंबर 2021 को दिन में आरोपी विनोद कुमार एकांत पाकर उसकी 14 वर्षीय लड़की को कमरे में जबरन घसीट कर ले गया। दरवाजा बंद करके जोर जबरदस्ती करते हुए कपड़ा निकाल कर और मुंह को जबरन दबाते हुए दुराचार किया। उसकी पुत्री के चीखने चिल्लाने पर भी नहीं माना और जान से मारने की धमकी देते हुए जोर जबरदस्ती दुराचार के दौरान शरीर में कई जगह खरोंचे भी आई। पीड़िता के पिता की तहरीर पर थाना पूरा कलंदर में मुकदमा अपराध संख्या 473/ 21 बलात्कार व जान से मारने तथा पाक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ।

न्यायालय में आरोप पत्र आने के बाद वादी पक्ष से पीड़िता सहित सात गवाह पेश किए गए। पीड़िता ने न्यायालय में अपने बयान में कहा कि आरोपी नीम का पेड़ काट रहा था। घर पर मिट्टी पटाई का कार्य चल रहा था। एकांत पाकर उसने उसके साथ जबरदस्ती दुराचार किया।

## लोक सेवा, ग्रामीण प्रौद्योगिकी संस्थान ने दिया पशु सखी प्रशिक्षण

**अयोध्या।** लोक सेवा एवं ग्रामीण प्रौद्योगिकी विकास संस्थान पशु सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम पंचायत भवन भवानीपुर में आयोजित किया गया द्य जिसमें विकास खण्ड मवई जनपद अयोध्या के 20 ग्राम पंचायत भवानीपुर, भटमऊ , नारायणपुर, रेक्ष, द्वारकापुर, नौगाँवडीह हंसराज, देवईयत , गणेशपुर , बिहारा, सुनवा, सुल्तानपुर, बगेहेड़ी , शेरपुर, उमापुर, महमूदमउ , रामपुर, जनक, रतनपुर, कुंद्रा, एजनपुर , मंझनपुर में पशुपालकों को आजीविका मिशन के तहत आय बढ़ोतरी हेतु 20 पशु सखियों का चयन किया गया। जिसे ग्राम पंचायत भवन भवानीपुर विकासखंड मवई जनपद अयोध्या में द गोट ट्रस्ट लखनऊ द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किया गया। संस्था द्वारा लगभग 10000 हासिये पर रहने वाले परिवारों को बकरी पालन पशुपालन के माध्यम से आय दुना करने की योजना बनाई गई है। संस्थान की सचिव प्रीति मौर्या ने बताया कि सरकार द्वारा योजना जो चलाई जा रही है।

# गोमती नदी में मछली पकड़ते समय दो लोग डूबे, एक शव बरामद, दूसरे की तलाश जारी

अवधनामा संवाददाता



**मिल्कीपुर- अयोध्या।** गोमती नदी में मछली पकड़ने आए दो लोगों की डूब कर मौत हो गई। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से एक युवक का शव बरामद कर लिया तथा दूसरे व्यक्ति की खोजबीन जारी है।

अयोध्या के थाना कुमारगंज देवगांव चौकी क्षेत्र के फजलपुर गांव निवासी राम किशोर पुत्र सजाऊ गांव के ही राममिलन पुत्र राम आनंद के साथ गांव के पास से गुजरी गोमती नदी में रविवार की शाम करीब 6 बजे मछली का शिकार करने के लिए इदिलपुर घाट पर गए थे। काफी रात बीतने के बाद जब वापस नहीं आए तो परिजन खोजते हुए घाट पर पहुंचे और आवाज लगाई लेकिन कोई पता नहीं लग सका। परिजनों के कहने पर ग्रामीण जब उस नाव की खोज करने लगे जिस नाव से दोनों लोग शिकार कर रहे थे। तो वह नाव रात करीब 8 बजे सथिन पुल के पास मिली नाव से मोबाइल बरामद हुआ। जिसके बाद ग्रामीणों ने शंका व्यक्त किया की नदी में ही डूब गए है। पूरी रात लोग खोजबीन करते रहे जब कहीं पर कोई पता नहीं लग सका तो परिजनों ने घटना की जानकारी सुबह पुलिस चौकी प्रभारी देवगांव अभिषेक त्रिपाठी को दी।मौके पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे चौकी प्रभारी ने घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों को देते हुए स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोपहर बाद राममिलन का शव नदी से बरामद कर लिया। शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह ने बताया कि राममिलन पुत्र राम आनंद उम्र करीब 30 वर्ष का शव नदी से बरामद हो गया है। पोस्टमार्टम को भेजने के लिए विधिक कार्यवाही की जा रही है। तथा दूसरे व्यक्ति राम किशोर निषाद पुत्र सजाऊ की तलाश गोताखोरों से कराई जा रही है। मृतक के परिजनों का कहना है कि हम लोगों के पास खेती के लिए जमीन भी नहीं है, ना कहीं से कोई आय का स्रोत है, नदी से मछलियों का शिकार करके उनकी बिक्री करते हैं उसी से घर का खर्च चलता था। अब हम लोगों को कौन देखेगा। मृतक राम मिलन अपनी बहन की शादी भी ठान रखी थी, जिसकी तैयारी भी चल रही थी।

# देश की राजधानी नई दिल्ली में सम्मानित होंगे खाकी वाले गुरुजी रणजीत यादव

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** देश की राजधानी नई दिल्ली के गोल मार्केट स्थित मुक्त धारा ऑडिटोरियम में 15 फरवरी 2024 को आयोजित एक शाम समाजसेवियों के नाम कार्यक्रम में पुलिस महानिरिक्षक कार्यालय अयोध्या परिक्षेत्र में नियुक्त सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव को सोशल फाइटर अवार्ड-2024÷ से सम्मानित किया जायेगा। लिप्स एंड बाउंड फाउंडेशन,द ह्यूमन कनेक्ट और विद्या सेवा भारती के संयुक्त तत्वधान में आयोजित इस कार्यक्रम में देश के सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस से अयोध्या में नियुक्त उपनिरीक्षक रणजीत यादव और एडीजी जोन आगरा कार्यालय में नियुक्त मुख्य आरक्षी सुंदर सिंह सहित दिल्ली पुलिस के कोतवाली सब्जी मंडी प्रभारी इंस्पेक्टर राममनोहर,मुख्य आरक्षी आशीष दहिया,मुख्य आरक्षी



अमित फोगाट,महिला मुख्य आरक्षी कृष्णा,आरक्षी रविन्द्र धारीवाल,महिला मुख्य आरक्षी मधुबाला, मुख्य आरक्षी दिनेश कुमार , मुख्य आरक्षी संदीप सिंह हेलमेट मैन,हिमांचल पुलिस के मुख्य आरक्षी मनोज ठाकुर व हरियाणा पुलिस के सब इंस्पेक्टर अशोक वर्मा,एएसआई पवन कुमार,आरक्षी शमशेर सिंह समेत देश के कुल 37 पुलिसकर्मियों को सोशल फाइटर अवार्ड 2024 से सम्मानित किया जाएगा। खाकी वाले गुरुजी के नाम से प्रसिद्ध सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव ने बताया कि तीसरी बार नई दिल्ली में सम्मानित होने का अवसर मिला यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है इसका श्रेय मैं अपने माता पिता परिवार गुरुजनों एवं मित्रों को देता हूँ।

# सरयू मेले का हुआ समापन



अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टाण्डा आवासीय परिसर स्थित महिलाओं की स्वयंसेवी संस्था गरिमा महिला मंडल द्वारा राम लीला मैदान में आयोजित दो दिवसीय सरयू मेला का उद्घाटन 10 फरवरी, 2024 को किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) एन. श्रीनिवास राव एवं उत्तरा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती विजया राव ने फीता काटकर एवं राम दरबार व श्री गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर उन्होनें केक काटा एवं आसमान में गुब्बारे छोड़े। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी औरैया, जसबीर सिंह अहलावत एवं सरोज अहलावत, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) उत्तरी क्षेत्र, अनिल कुमार डैंग एवं श्रीमती रजनी डैंग, परियोजना प्रमुख (टांडा) बी.सी. पलेइ, महाप्रबन्धक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) नील कुमार शर्मा, महाप्रबन्धक (चिकित्सा सेवाएं) डा उदयन तिवारी, महाप्रबन्धक (परियोजना) अतुल कुमार गुप्ता, महाप्रबन्धक (प्रचालन) अभय कुमार मिश्रा, अपर महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) रजनीश कुमार खेतान, गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती आरती पलेइ, सचिव अनिता परिहार एवं परियोजना के वरिष्ठ अधिकारीगण, यूनियन एवं एसोशिएसन के पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण तथा उनके परिवार के सदस्यगण एवं गरिमा महिला मंडल की वरिष्ठ पदाधिकारीगण तथा सदस्यायें उपस्थित रही।

# सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में चलो गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन

## विकास खंड जोगिया, उसका बाज़ार व लोटन में आयोजित किया गया कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** भाजपा के चलो गांव की ओर कार्यक्रम सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में सोमवार को जोगिया ब्लाक के करौन्दा में अमर शहीद महारानी अवन्ती बाई विघालय में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि बूथों को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। बूथ अध्यक्षों से कहा कि हम सब मिल कर गांव गांव में जाकर सभी को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दें।

चलो गांव की ओर कार्यक्रम के पहले चरण में भाजपा मंडल अध्यक्ष जोगिया महेंद्र लोधी, राजू दूबे, अजय पाल, राजेश पांडेय, सांसद प्रतिनिधि रवि जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि एस पी अग्रवाल, रिंकू पाल, विजय सिंह लोधी, फूल चंद जायसवाल आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में उसका ब्लॉक के अमृत लाल महाविद्यालय परिसर में भी चलो गांव की ओर कार्यक्रम में संसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक की गई। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश आर्या, उसका नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत जयसवाल, उसका ब्लॉक प्रमुख राम भरोस चौहान समेत उसका ब्लॉक के सम्मानित बूथ अध्यक्षगण मौजूद रहें। उसका ब्लॉक में चल रहे कार्यक्रम चलो गांव की ओर के समापन के बाद लोटन ब्लॉक के कल्पनाथ सिंह महिला महाविद्यालय में चलो गांव की ओर कार्यक्रम की शुरुआत सांसद जगदंबिका पाल एवम भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान और सांसद जगदंबिका पाल ने बूथ अध्यक्षों को गांव गांव जाकर सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने की बात कही गयी। इस अवसर पर लोटन ब्लॉक के मंडल अध्यक्ष दिग्नारायण सिंह कल्पनाथ सिंह महिला महाविद्यालय के प्रबंधक अंकित सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य मूसे सिंह सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल एवम लोटन ब्लॉक के सभी बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

# ग्राम परिक्रमा के माध्यम से सरकार की योजनाओं और नीतियों को बताया गया



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा ग्राम परिक्रमा यात्रा आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि राघवेन्द्र प्रताप सिंह जी (पूर्व विधायक) एवं विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा गोरखपुर क्षेत्र आत्मा प्रसाद पाठक जी रहें। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा किसान हित में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया, कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा की किसान मोर्चा 12 फरवरी से 15 मार्च तक ग्राम परिक्रमा यात्रा के माध्यम से गांव में जाकर अपने सरकार की नीतियों और योजनाओं के बारे में बतायेंगे जिससे लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 के पार सीट निकाले और एक बार पुनः भाजपा प्रचंड बहुमत से सरकार बनाये। संचालन जिला महामंत्री ज्ञानेन्द्र मिश्र नितेश ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष नीरजमणि त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मनीष शुक्ल, श्रवण कुमार, गोपाल त्रिपाठी, अनूप भट्ट, बलराम गौड़, वीरेंद्र तिवारी, संजय सिंह, सत्यदेव तिवारी सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चौपाल और ग्राम परिक्रमा यात्रा संपन्न हुआ।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में सोमवार को जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र के संचालन हेतु जिला प्रबन्धकीय समिति तथा दिव्यांगजनों के हितार्थ DID Card जारी किये जाने के संबंध में जिला अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र डीडीआरसी का वर्ष 2020-21 हेतु भारत सरकार से प्राप्त ग्रांट से डीडीआरसी केन्द्र के कर्मचारियों के भुगतान पर विचार, डीडीआरसी के संचालन हेतु नवीन भवन का चिन्हांकन तथा क्त्व् के संचालन हेतु नवीन डीडीआरसी गाइडलाइन 2022-23 हेतु कार्यदायी संस्था के चयन पर विचार हुआ। बैठक में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी एवं अन्य आदि उपस्थित रहे।

## थाना शोहरतगढ़ पुलिस, एसओजी व सर्विलांस सेल टीम को मिली बड़ी सफलता

# थाना शोहरतगढ़ के ग्राम खरगवार में 17 वर्षीया लड़की की हत्या का अभियुक्त 48 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिले के शोहरतगढ़ की पुलिस, सर्विलांस और एसओजी की संयुक्त टीम ने 10 फरवरी को 17 वर्षीय किशोरी की हुई हत्या का 48 घण्टे में पर्दाफाश कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने किशोरी की हत्या उसके पिता द्वारा किए जाने का खुलासा करते हुए उक्त हत्या की घटना कारित करने वाले अभियुक्त (मृतका का पिता) प्रह्लाद पुत्र स्व0 राजाराम निवासी खरगवार थाना शोहरतगढ़ को समुचित धाराओं में निरुद्ध कर न्यायालय भेज दिया है।

हत्या की वजह ऑनर किलिंग बताई जा रही है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह ने इस हत्या का खुलासा करते हुए बताया कि पिछले 10 फरवरी को शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के खरगवार गांव में एक किशोरी का शव गांव के बाहर बाग में मिला था। मृतका की मां ने इस हत्या के लिए गांव के ही एक युवक अंकित उपाध्याय को जिम्मेदार ठहराते हुए उसके खिलाफ थाना शोहरतगढ़ में तहरीर दी थी। पुलिस कप्तान ने बताया कि मृतक की मां की तहरीर मिलने के बाद पुलिस की टीम बनाकर गहनता से मामले की छानबीन की गई तो मृतिका संध्या का पिता प्रहलाद ही असली कातिल निकला। पुलिस अधिक प्राची सिंह ने बताया कि मृतिका संध्या के पिता को अंकित के साथ उसके प्रेम प्रसंग का पता चल गया था उसके मना करने के बावजूद भी लगातार उसकी बेटी अंकित से मिल रही थी जो बात उसे नागवार गुजरी। आरोपी पिता प्रहलाद ने पुलिस को बताया कि 10 फरवरी को उसने अपनी पुत्री को ठिकाने लगाने की योजना बना ली थी इसके तहत उसने अपनी पत्नी को मुंबई जाने की बात बताई और घर से निकल गया इधर-उधर समय काट कर दोपहर 12 बजे जब उसकी बेटी स्कूल से पढ़ कर वापस आ रही थी तो उसने उसे रोक लिया और दिनभर अपने साथ इधर-उधर मंदिर के दर्शन कराता रहा। रात 8 बजे उसने फिर अपनी बेटी को समझाने का प्रयास किया लेकिन जब वह नहीं मानी तो उसने अपने मफलर से गला घोट कर उसकी हत्या कर दी। और रात की ट्रेन पकड़ कर लखनऊ चला गया सुबह जब उसकी पत्नी ने बेटी के शव मिलने की बात बताई तो उसने प्लान के तहत अपनी पत्नी से अंकित के नाम की रिपोर्ट लिखने की बात कही और घर आने के लिए वापस लौट पड़ा। इस बीच पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि इस्तेमाल किए गए मफलर अन्य सामानों को पुलिस ने बरामद कर लिया है और आरोपी पिता को के विरुद्ध समुचित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना शोहरतगढ़ प्रनि0 राज कुमार पाण्डेय, निरीक्षक रवीन्द्र कुमार सिंह, उनि0 शेषनाथ यादव, प्रभारी एसओजी/स्वाट, उनि0 सुरेन्द्र सिंह, प्रभारी सर्विलान्स सेल, उनि0 अशोक कुमार, थाना शोहरतगढ़, हेका0 श्याम बहादुर, का0 अभिषेक यादव, कुलदीप वर्मा, थाना शोहरतगढ़, हेका0 राजीव शुक्ला, आशुतोषधर द्विवेदी, का0 छविराज यादव, एसओजी टीम, हेका0 जनार्दन प्रजापति, हिन्दे आजाद, विवेक, सर्विलान्स सेल, जनपद सिद्धार्थनगर शामिल रहे।

## भाजपा ग्राम परिक्रमा यात्रा का किसान चौपाल के साथ शुभारंभ

**अंबेडकरनगर।** मोटे अनाज तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की बीजेपी सरकार की प्रतिबद्धता के चलते भाजपा संगठन लगातार क्रिक्रम आयोजित कर रहा। इसी कड़ी में सैदापुर मंडल के आमोली में किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राम किशोर राजभर के संयोजन एंव किमो जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद वर्मा के संचालन में ग्राम परिक्रमा व चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए विधान परिषद सदस्य डॉ हरिओम पांडेय ने कहा कि सरकार ने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कृषि व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन दिया है जिसके परिणामस्वरूप आज देश का किसान समृद्ध हो रहा है और ग्रामीण भारत सशक्त भारत बन रहा है।इसी के निमित्त भाजपा किसान मोर्चा प्राकृतिक खेती और मोटे अनाज मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए लगातार अभियान चला रहा है ताकि विष मुक्त, रसायन मुक्त अनाज लोगो को मिल सके।

## 14 फ़रवरी को महफ़िल का होगा आयोजन

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** इस्लाम धर्म के आखरी पैगम्बर हज़रत मुहम्मद साहब के छोटे नवासे हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम का जन्म दिन आगामी 14 फरवरी को नगर व क्षेत्र में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। उक्त अवसर पर मस्जिदों व इमाम बाड़ों में महफ़िल व नज़र नियाज़ का आयोजन धार्मिक संगठनों व अंजुमनो द्वारा किया जाएगा। नगर के मोहल्ला जाफराबाद स्थित हुसैनी इमामबाड़ा परिसर में हुसैनी मिशन के तत्वावधान में जश्न आफताब -ए-इंसानियत में उलमा-ए-कराम हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालेंगे। तीन शाबान(13 फरवरी)की पूर्व संध्या पर मौलाना गजनफर अब्बास तूसी,14 फरवरी को प्रातः 10 बजे मौलाना सैयद हैदर मेंहदी रिज़वी बस्ती व शाम को 4 बजे मौलाना सैयद उरूजुल हसन मीसम लखनऊ तकरीर करेंगे। वहीं 14फरवरी की रात्रि में मौलाना सैयद जाफर रिज़वी हज़रत अबुल फजलिलअब्बास के व्यक्तित्व पर रोशनी डालेंगे।इसी कड़ी में 13 फरवरी की रात्रि में जाफराबाद स्थित बड़ा इमामबाड़ा में अंजुमन अब्बासिया के बैनर तले जश्न इमाम हुसैन में शायरों व कवियों का जमावड़ा होगा। कार्यक्रम में आज़ाद परिंदा,नकी बनारसी,फिदवी लखनऊ, गुलज़ार मौलाई, वहदत जौनपुरी,अंसर, अज़हर कायमी के अलावा स्थानीय शायर कलाम पेश करेंगे। उक्त जानकारी अंजुमन के संयोजक मोहम्मद मेंहदी ने दी है।

# शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत भाजपा पदाधिकारियों ने महिलाओं से किया चाय पर चर्चा

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत सोमवार को भाजपा पदाधिकारियों ने अमहट घाट पर स्वंय सेवी संस्थाओं और स्वंय सहायता समूह की महिलाओं के साथ चाय पर चर्चा की। इस दौरान सरकार द्वारा महिला हितों में सरकार द्वारा किए गए कार्यो के बारे में महिलाओं से संवाद किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद हरीश द्विवेदी ने कहा कि महिलाओं को केन्द्र में रह कर मोदी व योगी सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाएं देकर महिलाओं को लाभान्वित किया है। महिलाओं सुरक्षा तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनानें के लिए सरकारी ने अनेक योजनाएं दी है। हमारे प्रधानमन्त्री जी की योजनाओ में केन्द्र बिंदु में महिलाये पहले है। 2024 के लोकसभा चुनाव में 400 पार के लक्ष्य के साथ नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पुन सरकार बनाना है। शक्ति वंदन कार्यक्रम समाज की उन महिलाओं तक पहुंचने का अभियान जो लगातार समाजिक कार्यो से जुड़ कर महिलाओं के हित में कार्य कर रहीं है। कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में महिला वोटर्स का प्रतिशत बढ़े इसके लिए हम सभी को कार्य करना है। अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने बताया कि शक्ति वंदन कार्यक्रम में स्वंय सहायता समूह तथा एनजीओं की महिलाओं को पार्टी द्वारा सम्मानित भी किया गया। महिलाएं नरेन्द्र मोदी को दुबारा प्रधानमंत्री बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। आने वाले लोक सभा चुनाव में विगत चुनाव की अपेक्षा 10 प्रतिशत अधिक मत प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में महिला महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रोली सिंह, जिला संयोजक रामचरन चौधरी, अखण्ड प्रताप सिंह, यशकांत सिंह, आशा देवी,सरोजनी, सबिता, शक्ति मिश्रा बैंक सखी, सुनीता गौड़, मायावती बैंक सखी, कुमकुम, लक्ष्मी देवी, स्नेहा चौधरी, सपना सचान, विमलेश ओझा,अर्चना श्रीवास्तव, सुशीला,ममता, मैनावती, रेखा, निर्मला गौड़ सहित सैकड़ो एनजीओ तथा स्वंय सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं उपस्थित रहीं।

# बीए फाइनल वर्ष के छात्राओं को वितरण किया गया स्मार्टफोन

## मुख्य अतिथि सांसद ने 90 छात्राओं को वितरण किया स्मार्टफोन



अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन के कल्पनाथ सिंह महिला महाविद्यालय में आयोजित स्मार्ट फोन वितरण समारोह में डुमरियागंज लोकसभा के सांसद जगदम्बिका पाल ने कॉलेज के छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल व कालेज के प्रबन्धक अजीत कुमार सिंह के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। उन्होंने कहा कि गरीब छात्र एवं छात्राओं को आनलाईन क्लास करने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा छात्र-छात्राओं के लिये चलाई जा रही निशुल्क स्मार्ट फोन योजना बहुत ही सराहनीय योजना है। जिससे युवाओं को नई दिशा मिलेगी आप इस फोन से किसी भी देश के बारे मे पढ़ सकते है। उनमें से सभी छात्र एवं छात्रए मोबाइल का सही उपयोग करेंगे। उनके भविष्य में सुधार हो सके मुख्य अतिथि द्वारा 90 छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरण किया गया। वितरण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, एस पी अग्रवाल, भाजपा मण्डल अध्यक्ष दृग्नरायन सिंह, कृष्णदत्त तिवारी, नोडल अधिकारी उदय प्रताप सिंह, सत्यदेव मिश्रा, अंकित सिंह, विनय कुमार सिंह, राकेश कुमार पाण्डेय, शत्री सिंह, अजय सिंह, गादर, मुरारी सिंह, उमेश सिंह, वसीर मोहम्मद, प्रदीप मोदनवाल प्रिंसू सिंह, राजेन्द्र यादव, शिवम् विश्वास सहित तमाम छात्राए मौजूद रही।

## स्मार्टफोन पाकर छात्राएं खुशी से झूमे



**आलापुर (अम्बेडकरनगर) अवधनामा संवाददाता।** तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देकर भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण योगदान होता है सरकार द्वारा संचालित छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण इसी उद्देश्य से किया जा रहा है छात्र छात्राएं स्मार्ट फोन का सदुपयोग करें। उक्त बातें भूमि विकास बैंक के निदेशक भाजपा नेता यमुना प्रसाद चतुर्वेदी ने चित बहाल अतुलांजनेय महिला महाविद्यालय पूरनपुर इटौरी बुजुर्ग में छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित करते हुए कहा। मालूम हो चित बहाल अतुलंजनेय महिला महाविद्यालय पूरनपुर इटौरी बुजुर्ग में 138 छात्राओं को मुख्य अतिथि यमुना प्रसाद चतुर्वेदी ने स्मार्ट फोन वितरित किया। स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश प्रताप सिंह रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय प्रताप सिंह ने किया जबकि शानदार संचालन प्रवक्ता एकता सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा किया गया तत्पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की तरफ ले गए और छात्रा रेशमी विश्वकर्मा ने बहुत ही मनोहारी प्रस्तुति प्रस्तुत कर सबको तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

# युवती के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**जहांगीरगंज (अम्बेडकरनगर)।** युवती को फोन काल के जरिए बुलाकर आरोपी ने किया दुष्कर्म, युवती की हालात बिगड़ने पर आरोपी उसे छोड़कर भाग गया बदहवासी की हालत में युवती को सीएचसी से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम ने 5 घंटे के भीतर ही आरोपी को धर दबोचा। मामला अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़ा हुआ है। बताया जाता है कि जहांगीरगंज के एक गांव निवासी युवती को निकटवर्ती अल्पसंख्यक बाहुल्य गांव के शादीशुदा युवक ने रविवार की देर शाम करीब 8 बजे फोन कर गांव से बाहरी हिस्से में बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया युवती की हालात बिगड़ते देख आरोपी उसे उसी हालत में छोड़ कर भाग गया, इधर अस्त-व्यस्त हालत में बदहवास घर पहुंची पूछने पर कुछ बताने की स्थिति में नहीं थी रुक रुक कर बेहोश भी हो जा रही थी। पुलिस को सूचित कर उसे सीएचसी जहांगीरगंज भर्ती कराया गया जहां से हालात गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां हालत में कुछ सुधार होने पर युवती ने पुलिस को घटना के बाबत बताया तो पुलिस ने सर्विलांस सेल की मदद से आरोपी की काल डिटेल व लोकेशन हासिल कर लिया जिसके आधार पर थाना अध्यक्ष प्रदीप सिंह के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल पवन चतुर्वेदी, कांस्टेबल पुलिस ने घनश्याम चौहान, सौरभ यादव, सतीश यादव,राम लखन आदि की टीम ने निकट के अल्पसंख्यक बाहुल्य गांव नेवारी दुराजपुर के एक निर मकान से आरोपी इसामुलहक पुत्र इमामुल हक को दबोच लिया। जानकारी में यह भी सामने आया है कि आरोपी पहले से ही अपने ही संप्रदाय की उक्त पीड़ित युवती से संपर्क में था और फोन से बात भी करता था।

# पियारेपुर आवास पर विपिन त्रिपाठी ने की पत्रकार वार्ता

- बस्ती सांसद हरीश द्विवेदी को कहा विकास पुरुष
- भाजपा सरकार मे विना भेदभाव के हर वर्ग का हो रहा विकास : विपिन

अवधनामा संवाददाता

**कुदरहा, बस्ती।** नगर पंचायत गायघाट निवासी युवा भाजपा नेता विपिन कुमार त्रिपाठी अपने पैत्रिक आवास पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में हम सभी गठबंधन एवं महागठबंधन को तोड़ते हुए इस बार 400 सीटो के आंकड़े को पाने जा रहे हैं। अबकी बार का चुनाव एक ऐतिहासिक चुनाव होगा। 2024 में एक बार फिर से हम सभी मोदी जी सरकार बनाने जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, रोजगार सृजन कार्यक्रम, ग्राम सड़क योजना, स्मार्ट सिटी परियोजना, मनरेगा, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना जैसे तमाम योजनाओं से जनता लाभान्वित हुई है। अगर बात करें उत्तर प्रदेश के देश का पहला ऐसा प्रदेश है जहां पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट संचालित हो रहे हैं। पूरे देश में सर्वाधिक एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश में है। साथ ही साथ सर्वाधिक एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश में है। रही बात मेडिकल कॉलेज की तो देश में सबसे ज्यादा मेडिकल कॉलेज उत्तर प्रदेश में है। माननीय मोदी जी एवं मुख्यमंत्री मा. योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर-अलीगढ़, आगरा, कानपुर, लखनऊ, चित्रकूट और झांसी का निर्माण चल रहा है। जब मूल सुविधाएं मिलती हैं तो बड़े सपने देखने का हौसला और सपनों को पूरा करने का जज्बा पैदा होता है। जो बेघर है जब उसको प्रधानमंत्री आवास योजना से घर मिले, उसको शौचालय मिले, बिजली का कनेक्शन मिले, उज्ज्वला योजना से गैस सिलेंडर मिले, हर घर नल योजना से पानी मिले, तो गरीब का आत्मविश्वास एवं जिंदगी संवर जाती है। केंद्र एवं राज्य सरकार की मदद से डबल इंजन की सरकार जो चौतरफा विकास का कार्य कर रही है और केंद्र सरकार की मूलभूत परियोजनाओं के कार्य परिणाम स्वरूप आज देश एक नई पहचान के साथ पूरे विश्व में एक बार फिर से अखंड भारत - विश्व गुरु बनने की तरफ अग्रसर है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश सरकार डबल इंजन की सरकार के विकास कार्यो का लाभ गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिला सहित समाज के हर वर्ग को हर तरह का लाभ प्राप्त हो रहा है। स्वच्छ भारत मिशन की तो उत्तर प्रदेश में 2.62 करोड़ शौचायलयों का निर्माण हो चुका है। इससे 10 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 3.12 करोड़ बीमित कृषकों के 242 लाख से अधिक हेक्टेयर कृषि क्षेत्र का बीमा हुआ है। स्मार्ट सिटी परियोजना में उत्तर प्रदेश में 17 शहर शामिल है। जिसमें 10 केंद्र सरकार द्वारा पोषित है। 7 राज्य सरकार द्वारा पोषित है। अपने लोकसभा क्षेत्र बस्ती की तो पूर्व के सभी सांसदों को पछाड़ते हुए पूरे लोकसभा क्षेत्र में चहुँमुखी विकास हुआ है तो वह सांसद हरीश द्विवेदी के कर्मठता व जुझारूपन की देन है। जो प्रत्येक युवाओं के प्रेरणा श्रोत हैं।



## सार्वजनिक सूचना

**कार्यालयः सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटीज तथा चिट्स, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नजरे आलम खान पुत्र श्री समशेर अली खान द्वारा सदर की हैसियत से जामा मस्जिद बिजदेइया, ग्राम-बिजदेइया, पोस्ट- लोटन, तह0- नौगढ़, जिला- सिद्धार्थनगर के पंजीकरण हेतु आनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्राप्त अभिलेख के अनुसार श्री नजरे आलम खान सदर/अध्यक्ष, श्री जहरूद्दीन - नायब सदर, श्री अजमत अली सिक्रेटरी/नाजिम, श्री सादिक अली नायब नाजिम ज्वाइंट सिक्रेट्री, श्री कलामुद्दीन - खजांची, श्री सदरे आलम सदस्य, व मो0 तालिब- सदस्य दर्शाये गये है। अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है।

निर्धारित तिथि के पश्चात् आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो0रजि0एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से**
**(बी.के. सिंह)**
**सहायक रजिस्ट्रार**
**गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर**

## तीन अमूल्य 'भारत रत्न'

दो पूर्व प्रधानमंत्रियों-चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव-तथा विख्यात कृषि-विज्ञानी, 'हरित क्रांति' के प्रणेता एमएस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत-रत्न' से नवाजने की घोषणा की गई है। वाकई वे विलक्षण प्रतिभा के धनी थे और भारत के अमूल्य 'रत्न' रहे हैं। देश के निर्माण और विस्तार में उनका अप्रतिम योगदान रहा है। उन्हें विलंब से ही, लेकिन 'भारत-रत्न' देकर देश का राष्ट्रीय सम्मान ही 'अलंकृत' हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2024 में ही महान समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर और राष्ट्रवाद, कमंडल की राजनीति के पुरोधा लालकृष्ण आडवाणी समेत पांच राष्ट्रीय हस्तियों को यह सम्मान देने की घोषणा की है। कमोबेश 2024 को 'भारत-रत्न वर्ष' घोषित कर देना चाहिए, क्योंकि बीते चार सालों के दौरान किसी भी शख्सियत को 'भारत-रत्न' नहीं आंका गया। बेशक हमें कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि यह सरकार का विशेषाधिकार और अपना विश्लेषण है कि किसे 'भारत-रत्न' दिया जाए। तटस्थता और मूल्यांकन की ईमानदारी यही है कि प्रधानमंत्री ने भाजपा-संघ परिवार के शीर्षस्थ नेता आडवाणी के अलावा उन चार महान चेहरों को 'भारत-रत्न' के लिए चुना है, जो उनके राजनीतिक, वैचारिक विरोधी पक्ष के रहे हैं। डॉ. स्वामीनाथन तो गैर-राजनीतिक जमात के हैं। ये तीन 'भारत-रत्न' आज हमारे बीच में नहीं हैं, लेकिन ऐसा नहीं है कि वे प्रासंगिक नहीं हैं। चरण सिंह आज भी 'किसानों के मसीहा' हैं।

उन्होंने जमींदारी प्रथा खत्म की, भूमि सुधार किए और किसानों को खेती का अर्थशास्त्र समझाते रहे। देश में आपातकाल के बाद 1977 में जो प्रथम गैर-कांग्रेसी, जनता पार्टी की सरकार बनी, चौधरी उसके रचनाकारों में थे। वह सरकार में गृहमंत्री भी रहे। 1979 में वह तत्कालीन कांग्रेस के समर्थन से देश के प्रधानमंत्री बने। इसे विडंबना या दुर्भाग्य कहें कि कुछ ही दिनों में समर्थन मोहभंग में तबदील हो गया। उसके कई कारण थे, जिन पर कई किताबें लिखी जा चुकी हैं। जमीनी राजनीति का चेहरा चरण सिंह ऐसे प्रधानमंत्री साबित हुए, जो संसद में विश्वास-मत हासिल करने नहीं जा पाए। 1991 में राजीव गांधी की हत्या के बाद पीवी नरसिम्हा राव को कांग्रेस की अल्पमत सरकार का प्रधानमंत्री बनाया गया, तो एकबारगी देश चौंक उठा था। बेशक उनका राजनीतिक आयाम बहुरंगी, विस्तृत था, लेकिन वह राजनीति से रिटायरमेंट घोषित कर चुके थे। बहरहाल तब देश के आर्थिक हालात बेहद खस्ता थे। सोना तक गिरवी रखना पड़ा था। विदेशी मुद्रा भंडार मात्र 1 अरब डॉलर का था। खाद्यान्न संकट था। देश में लालफीताशाही और इंस्पेक्टर राज का ही वर्चस्व था। उस दौर में नरसिम्हा राव ने अपने 'विजन' से इतिहास रच दिया। वह आर्थिक सुधारों, उदारीकरण और भारत को बहुराष्ट्रीय बाजार बनाने में कामयाब रहे। उनके वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने प्रधानमंत्री के 'विजन' को मूर्त रूप दिया। नरसिम्हा राव ने ही बुनियादी जमीन तैयार की, जिस पर आज भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। विश्व की ऐसी कोई बड़ी, बहुराष्ट्रीय कंपनी नहीं है, जिसका दफ्तर भारत में न हो और भारत उसके देश में मौजूद न हो। तीसरा अमूल्य 'रत्न' एमएस स्वामीनाथन हैं। आज जब भी किसानों का कोई भी मुद्दा उठता है, तो स्वामीनाथन आयोग की रपट लागू करने के आग्रह किए जाते हैं। स्वामीनाथन ने गेहूं, चावल, आलू आदि के क्षेत्र में ऐसे अनुसंधान किए कि आज भारत में खाद्य सुरक्षा की स्थितियां हैं। खाद्यान्न के भंडार भरे हैं, लेकिन आज भी औसत किसान सम्पन्न नहीं है। अलबत्ता भारत कई फसलों का विश्व में 'प्रमुख उत्पादक' देश है। सारांश यह है कि स्वामीनाथन 'हरित क्रांति' के जनक थे।

## वृद्धजनों का आशीर्वाद हृदय से मिलता है


किशन भावनानी

भारतीय शास्त्रों कतेबों एवं और संस्कृतियों में मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, आचार्य देवो भव की शिक्षा दी जाती है।हमारे घर में भी यही सीख दी जाती थी।माता-पिता और गुरु तथा बड़ों का सम्मान करना हमारी ग्रामीणसंस्कृति में अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। परंतु बड़े बुजुर्गों द्वारा कही कहावतें वर्तमान परिपेक्ष में अटूट सटीक सत्य प्रमाणित हो रही है कि, समय का चक्र चलते बदलते रहता है जहां शास्त्रों वेदों कतेबों और भारतीय संस्कृति में माता पिता को सर्वश्रेष्ठ गुरु माना गया है उसके बाद आचार्य को पदवी दी गई है। परंतु वर्तमान बदलते परिपेक्ष में बढ़ते आध्यात्मिक ट्रेंड में हमारे मान्यवर श्रद्धेय बाबाओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी भी आई है, वही मीडिया में आई जानकारी में हम जानते हैं कि कई पर लंबी कार्यवाही भी हुई है खैर हमारा आज का विषयवस्तु यह नहीं है बल्कि हम चर्चा करेंगे कि आज की औलाद अपने माता पिता से अधिक महत्व अपने श्रद्धेय बाबा, गुरु, आचार्य को दे रहे हैं, अपने घर से अधिक आध्यात्मिक स्थल पर सेवा को अधिक महत्व दे रहे हैं, अपने घर परिवार माता-पिता को तरसाकार अपने आध्यात्मिकता पर अधिक व्यय कर रहे हैं और बड़े रौब से कहते हैं, मैं फलाने आध्यात्मिक स्थल का सेवादार, भगवान ईश्वर अल्लाह का भगत हूं बंदा हूं। परंतु मेरा मानना है, ये कैसी आध्यात्मिक सेवा है? जो माता-पिता को बोझ और अनावश्यक श्रेणी में रखकर उनपर शाब्दिक कटु बाणचलाकर अपने आचार्य के सामने, अपने आध्यात्मिक स्थल पर तन-मन-धन से सेवा करते हैं। मेरा मानना है या तो पाप से भी बड़ा पाप है। इसलिए आज ज़रूरत है,हमारे श्रद्धेय आध्यात्मिक बाबाओं द्वारा अपने प्रवचनों में माता-पिता की सेवा सर्वश्रेष्ठ पर, बल देना समय की मांग है।चूंकि माननीय उपराष्ट्रपति महोदय द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन पर कहा कि माता-पिता का ख्याल रखें,शिक्षकों का सम्मान करें और बढ़ते वृद्धआश्रमों पर दुख व्यक्त किया है, इसलिए आज हम पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,वृद्धजनों का आशीर्वाद हृदय से मिलता है।वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या और तीर्थस्थानों में उम्रदराज भिखारियों की संख्या समाज के लिए लज्जाप्रद।

साथियों बात अगर हम उपराष्ट्रपति महोदय द्वारा एक कार्यक्रम में माता-पिता का ख्याल रखनें, सेवा करने व शिक्षकों का सम्मान करने की करें तो उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे हमेशा अपने शिक्षकों, अपने राष्ट्र का सम्मान करें और अपने माता-पिता का ख्याल रखें। वृद्धाश्रमों की वृद्धि पर दुख व्यक्त करते हुए उन्होंने टिप्पणी की कि हमारे देश में वृद्धाश्रमों की कोई आवश्यकता नहीं होनी चाहिए, क्योंकि हमारे समाज में पारिवारिक बंधनों और रिश्तों को महत्व दिया जाता है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे हमेशा अपने माता-पिता और बड़ों का ख्याल रखें, चाहे उनकी स्थिति कुछ भी हो, उनका निवास स्थान कुछ भी हो, चाहे उन्होंने जीवन में कितना भी नाम, प्रसिद्धि और धन कमाया हो।उन्होंने आगे कहा कि भगवान की सच्ची भक्ति माता-पिता और बुजुर्गों की सेवा में ही है। किसी भी विचार को क्रियान्वित करने के लिए साहस और दृढ़ता के महत्व को रेखांकित करते हुए, उन्होंने कहा, एक पैराशूट तभी काम करता है जब वह खुला होता है। पैराशूट की तरह महान मस्तिष्क का होना किसी काम का नहीं है। यदि आप इसे गिरा देते हैं और नहीं खोलते हैं, तो आपको परिणाम भुगतना पड़ेगा।विफलता को सबसे बड़े शिक्षक और अंततः सफलता की पहली सीढ़ी के रूप में बताते हुए, उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे असफलता से कभी न डरें और कभी निराश न हों।किसी भी विचार को क्रियान्वित करने के लिए साहस और दृढ़ता के महत्व को रेखांकित किया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

बच्चे को यह समझाएं कि परीक्षा में उनका प्रदर्शन चाहे जैसा भी हो, आप हमेशा उनके साथ हैं यह बहुत महत्वपूर्ण बात है। अपने बच्चों को उनकी भावनाओं को व्यक्त करने और उनकी आलोचना किए बिना परीक्षा पर चर्चा करने की अनुमति दें। उन पर उत्कृष्टता की अत्यधिक मांग का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। उन्हें एक अध्ययन कार्यक्रम बनाने में मदद करें, जिसमें ब्रेक और डाउनटाइम शामिल हो। माता-पिता के रूप में उनका सहयोग करें, जैसे शांत परिवेश वाला अध्ययन स्थान, स्वस्थ नाश्ता और आवश्यक अध्ययन सामग्री।

# परीक्षा के समय सहायक तौर-तरीके और अकादमिक अपेक्षाएं

**प्रो. सरोज शर्मा**

बड़ी संख्या में बच्चे जो अपनी परीक्षाओं, विशेषकर बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, वे सभी अपने अकादमिक प्रदर्शन को लेकर चिंता और तनाव का अनुभव करते हैं। इसके कारण विभिन्न प्रकार की मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो जाती हैं। बच्चे अक्सर माता-पिता और परिवार, शिक्षकों व स्कूल प्रणाली, सहपाठियों, मीडिया और बड़े पैमाने पर समुदाय की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का दबाव महसूस करते हैं। इसलिए, बच्चों को परीक्षा की चुनौतियों से उबरने में मदद करने के लिए सहायक तौर-तरीकों और अकादमिक अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है। तनाव और चिंता का आकलन करने के लिए किए गए शोध अध्ययनों से पता चला है कि छात्र सिरदर्द, हृदय गति में वृद्धि, उच्च रक्तचाप, पेट दर्द, मांसपेशियों में ऐंठन, पीठ दर्द, लगातार थकान, कब्ज, दस्त और नींद की गड़बड़ी सहित शारीरिक परेशानियों की शिकायत करते हैं। बोर्ड के छात्र तनाव और चिंता के प्रति संवेदनशील होते हैं क्योंकि वे शारीरिक व भावनात्मक परिवर्तन के महत्वपूर्ण दौर में होते हैं। इन अध्ययनों में उल्लेख किया गया है कि उत्तरोत्तर तनाव सीधे तौर पर मानसिक स्थिति से जुड़ा है और स्मरणशक्ति में भी कमी लाता है। ये गड़बड़ियां वर्षों तक बनी रह सकती हैं, जिनके कारण स्कूल तथा आगे चलकर कार्यस्थल में काम करते वक्त क्षमता पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है।

**शिक्षक व अभिभावक के लिए शांत होने और योजना बनाने की घड़ी :** जब हम 'परीक्षा तनाव' पर नज़र डालते हैं, तो हमें पता चलता है कि एक बच्चे के जीवन में दो सबसे महत्वपूर्ण लोग उनके माता-पिता और शिक्षक हैं। मुक्त संचार, भावनात्मक समर्थन प्रदान करना, सकारात्मक मानसिकता को बढ़ावा देना, बच्चे की भावनाओं को मान्य करना, ट्रिगर की पहचान करना, विश्राम तकनीक सिखाना, शारीरिक गतिविधि और स्वस्थ आदतों को प्रोत्साहित करना, आश्वासन और पुनः आश्वासन प्रदान करना, तनाव प्रबंधन सिखाना तथा अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना, इसके कुछ कारगर उपाय हैं। अनिश्चितता को दूर करके और स्पष्ट अपेक्षाएं व अध्ययन सामग्री प्रदान करके, शिक्षक छात्रों को अधिक तत्पर तथा आत्मविश्वास महसूस करने में मदद कर सकते हैं। शिक्षक छात्रों को सूझ-बूझ और विश्राम तकनीकों का निर्देश देकर तनाव कम करने की रणनीतियों को पाठ्यक्रम में शामिल कर सकते हैं, ताकि वे कठिन दिनों में उनका अभ्यास कर सकें। परीक्षा की चुनौतियों और तनाव पर काबू पाने में सहायता के लिए देखभाल एवं सहायक घरेलू माहौल भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसमें छात्र की भलाई और शैक्षणिक अपेक्षा के बीच एक बेहतर संतुलन बनाए रखते हुए सहायता, प्रेरणा और समझ प्रदान करना शामिल है। सचेत पालन-पोषण में आपके बच्चे का समर्थन करना, समझना और परीक्षा के दबावों व चुनौतियों से निपटने के दौरान उसके साथ रहना शामिल है।



अपने बच्चे को यह समझाएं कि परीक्षा में उनका प्रदर्शन चाहे जैसा भी हो, आप हमेशा उनके साथ हैं यह बहुत महत्वपूर्ण बात है। अपने बच्चों को उनकी भावनाओं को व्यक्त करने और उनकी आलोचना किए बिना परीक्षा पर चर्चा करने की अनुमति दें। उन पर उत्कृष्टता की अत्यधिक मांग का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। उन्हें एक अध्ययन कार्यक्रम बनाने में मदद करें, जिसमें ब्रेक और डाउनटाइम शामिल हो। माता-पिता के रूप में उनका सहयोग करें, जैसे शांत परिवेश वाला अध्ययन स्थान, स्वस्थ नाश्ता और आवश्यक अध्ययन सामग्री। बच्चों को अपनी देखभाल करना और उन्हें विश्राम कौशल सिखाना जरूरी है, जैसे गहरी सांस लेने के व्यायाम, छोटी सैर और शांत संगीत। इसके अलावा यह भी जरूरी है कि माता-पिता अपने बच्चे की पढ़ाई के लिए कोई नियम-कानून न लागू करें। उन्हें एक निश्चित मात्रा में स्वतंत्रता और जिम्मेदारी के साथ अपने स्वयं के शेड्यूल और जिम्मेदारियों को संभालने की अनुमति दें। केवल अंतिम परिणामों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय परीक्षा देने की प्रक्रिया में छोटी सफलताओं और महत्वपूर्ण पड़ावों का स्वागत करें।

**सिर्फ नतीजों का नहीं, प्रयासों का भी उत्सव मनाएं :** ऐसे दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करें जो सीखने और विकास को केवल उच्च ग्रेड प्राप्त करने से आगे रखता हो। जब भी बच्चे को कठिनाइयां हों, तो उन्हें उनकी पिछली सफलताओं और उपलब्धियों की याद दिलाएं तथा सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखें। माता-पिता को अपने बच्चे की क्षमताओं पर विश्वास करना चाहिए।

**परीक्षा तनाव को कम करने में अन्य हितधारकों की भूमिका :** परीक्षा के दौरान बच्चों द्वारा अनुभव किए जाने वाले तनाव को दूर करने के लिए कई हितधारकों के बीच सहयोग आवश्यक है, जिनमें से प्रत्येक छात्रों की भलाई के समर्थन में एक अनूठी भूमिका होती है। छात्रों की सामान्य भलाई को बढ़ावा देने वाली प्रक्रियाएं और नीतियां विकसित करना स्कूल प्रशासकों की जिम्मेदारी है। यह सुनिश्चित करने के अलावा कि शैक्षणिक मानक उचित हैं, वे तनाव कम करने की रणनीतियों को क्रियान्वित कर सकते हैं और सकारात्मक स्कूल माहौल को बढ़ावा दे सकते हैं। न केवल स्कूल प्रणाली, मीडिया स्वस्थ सीखने की आदतों को बढ़ावा देने, शैक्षिक संसाधनों की पेशकश करने और अकादमिक सफलता के सकारात्मक व संतुलित चित्रण को प्रोत्साहित करने वाली पहल का समर्थन करके मदद कर सकता है।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) और छात्रों का मानसिक स्वास्थ्य :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी, 2020) ने विभिन्न हितधारकों के लिए विभिन्न सिफारिशों के माध्यम से छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य की समस्या का समाधान सुझाया है। छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य आवश्यकताओं का समाधान करने के लिए, राष्ट्रीय शिक्षा नीति स्कूलों के भीतर परामर्श सेवाएं और सहायता नेटवर्क प्रदान करने का सुझाव देती है। यह कक्षा में मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक समर्थन की अहमियत को मानती है। इन भावनाओं की गंभीरता को देखते हुए, सहायता प्राप्त करने के लिए शीघ्रता से कार्य करना महत्वपूर्ण है। ऐसे में हमें ये बात समझनी होगी कि सहायता मांगना शक्ति का द्योतक है और तनाव तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निपटने के विभिन्न तरीके मौजूद हैं। कई देशों में सहायता और दिशा-निर्देश प्रदान करने के लिए हेल्पलाइन, संकट समाधान सेवाएं और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ आसानी से उपलब्ध हैं। हालांकि, तनाव सतर्कता और सतर्क व्यवहार को प्रोत्साहित करता है, लेकिन तनाव की एक निश्चित मात्रा वास्तव में सहायक और फायदेमंद मानी जाती है। परिणामस्वरूप बच्चों को उचित तैयारी करने में सहायता मिलती है, लेकिन जब यह नियंत्रण से बाहर हो जाता है, तो इसके भयानक परिणाम हो सकते हैं। कई बच्चे खुद यह पता लगाते हैं कि परीक्षाओं के तनाव को कैसे संभालना है- एक शेड्यूल बनाना, दोस्तों से बात करना, अधिक अध्ययन करना, टीवी देखना, पाठ्येतर गतिविधियों में भाग लेना, माता-पिता या अन्य वयस्कों से बात करना, वर्कआउट करना आदि- कुछ बच्चों को इसकी आवश्यकता होती है। उन्हें दूसरों की तुलना में अधिक सहायता और मार्गदर्शन की जरूरत पड़ती है।

# चार सौ पार के दावे का सच

विपक्ष पांच भारत रत्नों में बूझने की कोशिश मोदी के आलोचक कर रहे हैं। वैसे तो भारत रत्न जैसा सर्वोच्च पुरस्कार जाति, धर्म, समुदाय और क्षेत्रीय दुराग्रहों से परे है और देश की असाधारण सेवा के लिए दिया जाता है। लेकिन इस बार दिए गए पांचो भारत रत्नों में जाति और भौगोलिक क्षेत्र के महीन समीकरण साधने का भाव भी निहित है। ऐसा पहली बार हुआ की केन्द्र सरकार ने पॉच लोगों को भारत रत्न देने की दिया। इस साल देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह पूर्व पीएम नरसिम्हा राव और हरित क्रांति के जनक डॉक्टर एमएस स्वामीनाथन और इससे पहले लाल कृष्ण आडवाणी और कर्पूरी ठाकुर को भी भारत रत्न एक तीर से कई निशाने साबित होगा।


प्रेम शर्मा

इंण्डिया गठबंधन में लगातार टूटफूट, नीतिश कुमार का पाला बदलना, वर्ग विशेष की मर्यादा पुरूषोत्तम को लेकर पॉच सौ सालों की प्रतिक्षा, सीसीए और 80 करोड़ को भोजन और भारत रत्न वह सच है जिसके चलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्पति के अभिभाषण पर चर्चा के उत्तर में संसद में आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा द्वारा अपने दम पर 370 और एनडीए द्वारा 4 सौ के पार सीटें जीतने का जो दावा किया गया था, उसका आधार मोदी सरकार द्वारा भारत रत्न सम्मानों की झड़ी दूसरे दलों को अपनी छतरी में लाने के अभियान की तरह है। अब मायावती ने दलितों के नेता कांशीराम और शिवसेना ने बाला साहब ठाकरे को भारत रत्न देने की मांग कर रही है। इनके नामो की घोषणा हो भी सकती है बशर्ते ये सब एनडीए के शामियाने में अपना राजनीतिक स्टॉल लगा लें। वैसे प्रधानमंत्री ने जो दावा कर रहे हैं, वह जमीन पर कितना उतरेगा, यह तो चुनाव नतीजे ही बताएंगे, लेकिन उसे साकार करने की दिशा में स्वयं प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी भाजपा जिस तरह जमीन आसमान एक किए दे रही है, उससे लगता है कि यह सच हो भी सकता है। वैसे तो भाजपा की चार सौ पार की यह रणनीति कई स्तरों पर नजर आती है और साम-दाम-दंड-भेद से प्रेरित है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेंमत सोरने पर कसता शिंकजा तथा कई विपक्षी पाइप लाइन में रखे जाने का मामला भी चार सौ के पार की रणनीति का हिस्सा है। वैसे नैतिक आधार पर इसकी आलोचना हो सकती है, लेकिन व्यावहारिक स्तर पर वह सफल होती दिखती है। यूं भी राजनीति सत्ता और कुर्सी का खेल है। प्रधानमंत्री और केन्द्रीय इसके विशेषज्ञ बन चुके है। इसीलिए दो कदम आगे बढ़ने के लिए एक कदम पीछे हटने में भी उन्हें गुरेज नहीं है।

विपक्ष पांच भारत रत्नों में बूझने की कोशिश मोदी के आलोचक कर रहे हैं। वैसे तो भारत रत्न जैसा सर्वोच्च पुरस्कार जाति, धर्म, समुदाय और क्षेत्रीय दुराग्रहों से परे है और देश की असाधारण सेवा के लिए दिया जाता है। लेकिन इस बार दिए गए पांचो भारत रत्नों में जाति और भौगोलिक क्षेत्र के महीन समीकरण साधने का भाव भी निहित है। ऐसा पहली बार हुआ की केन्द्र सरकार ने पॉच लोगों को भारत रत्न देने की दिया। इस साल देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह पूर्व पीएम नरसिम्हा राव और हरित क्रांति के जनक डॉक्टर एमएस स्वामीनाथन और इससे पहले लाल कृष्ण आडवाणी और कर्पूरी ठाकुर को भी भारत रत्न एक तीर से कई निशाने साबित होगा।



अब सवाल यह है कि क्या भाजपा को लोकसभा चुनाव में इसका लाभ वोटों के रूप में मिलेगा, इसका जवाब पाने के लिए हमे नतीजों का इंतजार करना होगा। इसके दो कारण हैं। पहला तो यह कि भारत रत्न पुरस्कारों में निहित राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूर्ववर्ती अनुभवों में बहुत ज्यादा फलित होती नहीं दिखी है। इसका कारण शायद यह भी है कि पहले के कर्णधारों ने भारत रत्नों के जरिए राजनीतिक हित साधने की झीनी कोशिश जरूर की थी, लेकिन वह उतनी शिद्दत से नहीं थी, जैसी कि इस बार दिखती है। दूसरे, जो पुरस्कार दिए गए हैं या और भी दिए जा सकते हैं, वो ठीक चुनाव के मुहाने पर हैं।इसमें शक नहीं कि लोकसभा चुनाव में चार सौ पार का आंकड़ा हासिल करने के लिए भाजपा अपना एनडीए कुनबा बढ़ाने की हर संभव कोशिश कर रही है। पहले जदयू का लौटना, अब रालोद का एनडीए में शामिल होना, पंजाब में अकाली दल को लौटाने की कवायद इसी का हिस्सा है। उधर दक्षिण में पी.वी. नरसिंहराव को भारत रत्न देने का स्वागत पूर्व सत्तारूढ़ रही भारत राष्ट्र समिति के अध्यक्ष केसीआर ने किया है। केसीआर की पार्टी ने तीन साल पहले पी.वी. नरसिंहराव की जन्मशती धूमधाम से मनाई थी और उन्हें 'तेलंगाना का गौरव' और 'भारतमाता का परम प्रिय पुत्र' कहा था। तब कांग्रेस खामोश ही रही थी। महान कृषि वैज्ञानिक एम.एस. स्वामीनाथन को भारत रत्न देना विज्ञान प्रतिभा के सम्मान से ज्यादा तमिलनाडु की जनता को राजनीतिक संदेश देना ज्यादा है।

भारत रत्न की घोषाणा तो इतना तो तय है कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए केवल राम लहर, हिंदुत्व और सुनहरे आर्थिक सपनो के भरोसे नहीं है। वह इसी के समानांतर गरीब कल्याण, रेवड़ी कल्चर, सियासी गोलबंदी, धार्मिक ध्रुवीकरण, मोदी के वैश्विक लोकप्रियता, देश की अर्थ व्यवस्था को फाईव ट्रिलियन डालर पहुचानें, भारत के विश्व गुरू होने की दिशा में आगे कूच करने तथा युवाओं का सपना सच होने के दावों का भरपूर उपयोग कर रही है। इस शोर में गरीबी, बेरोजगारी, आर्थिक विकास में छिपी विषमता, जातीय और साम्प्रदायिक तनाव जैसे मुद्दे तूती की आवाज बनकर रह जाते हैं। इसमें दो राय नहीं कि बीते एक दशक में भाजपा ने यह साबित कर दिया है कि चुनाव प्रबंधन में उसका कोई सानी नहीं है। लेकिन हाल में हुए ओपिनियन पोल भाजपा और एनडीए को तीसरी बार सत्ता तो दिला रहे हैं, लेकिन भाजपा की सीटों में बेहद मामूली इजाफा दिखा रहे है। 2019 में भाजपा ने अकेले 303 सीटें जीती थीं। लेकिन दावें के अनुसार 67 सीटें जुटने के लिए बंगाल, ओडिशा के अलावा पूर्वोत्तर की सभी 25 सीटों पर बीजेपी को जीतना जरूरी होगा। आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु और केरल में भी दहाई अंकों में सीटें हासिल करनी होगी।बिहार, यूपी, बंगाल और महाराष्ट्र में 2019 के मुकाबले 30 फीसदी सीटें बढ़ानी होंगी। 2019 के लोकसभा चुनावों में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने 105 सीटों पर 3 लाख से अधिक मतों के अंतर से जीत हासिल थी जो 2014 की तुलना में 63 सीटें अधिक थी यानि कि विपक्षी दलों के सामने 2024 के आम चुनावों में चुनौती कितनी बड़ी है। मोदी और रामलला की जबर्दस्त आंधी, पीएम द्वारा 370 का आंकड़ा बताने के पीछे कश्मीर से धारा 370 हटाने का संदेशं और भारत रत्नों की घोषणा के परिपेक्ष्य भाजपा को 400 का आकड़ा पार करने के लिए उत्तर प्रदेश में 72, महाराष्ट 40,आन्ध्रा में 10, पश्चिम बंगाल 30, तामिलनाडू 10, उड़ीसा 15, मध्यप्रदेश 29, कर्नाटक 22, तेलांगाना 8 और केरल में 10 का आकड़ा छूना होगा। लेकिन यदि ऐसा कोई अंडर करंट है तो वह नतीजों में ही झलकेगा। इसके बावजूद भाजपा जिस एजेण्डे के तहत चुनाव में आ रही है। उससे यह आकड़ा पार करना मुमकिन लग रहा है।

# बिलकीस बानों : महिलाओं ने किया संगठित विरोध

अधिवक्ता इन्द्रा जय सिंह, जिन्हें वर्ष 2009 में देश की पहली महिला अतिरिक्त सालिसेटर, बनने का शर्फहासिल है, ने अपने स्तर पर बिलकीस की वैधानिक सहायता करने का निर्णय लिया, आरोपियों की रिहाई का विरोध करते हुए, अधिवक्ता इन्द्रा जय सिंह ने सरकार के विरोध में सर्वोच्च न्यायालय में दलील दी कि बिलकीस के विरुद्ध किया गया अपराध सामूहिक रूप से प्रेरित था। उपरोक्त संदर्भ में जो नाम सर्वोपरि है वह भी एक महिला ही हैं, और वह हैं सर्वोच्च न्यायालय की जज बी0वी0 नागरत्ना जिन्होनें वहाँ के एक अन्य जज, जस्टिस उज्जवल भुइयां के साथ मिलकर इस सम्बन्ध में पारदर्शी एवं ऐतिहासिक निर्णय दिया।

गुजरात दंगे की एक रेप पीड़िता बिलकीस बानों मामले में सज़ा काटने वाले दोषियों को, दिसम्बर के मध्य में गुजरात सरकार द्वारा, उनके संस्कारों को अच्छा बताते हुए उनकी सज़ा माफ़ कर उन्हें छोड़ दिया गया। इस घटना से व्यथित महुआ मोहत्रा, सांसद न्याय की प्रत्याशा में याचिका सहित सर्वोच्च न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाने सर्वोच्च न्यायालय पहुँची। वहाँ उनकी जनहित याचिका सुनवाई हेतु स्वीकार कर ली गयी। दोषियों की सज़ा माफकिये जाने के विरूद्ध महिला अधिवक्तओं ने पक्षकार के रूप में संगठित होकर, इस मामले का साहसिक/वैधानिक विरोध किया, और विरोध कुछ ऐसे किया गया कि उपलब्धि के रूप में, इन सबने संयुक्त रूप से, असम्भव प्रतीत होने वाला न्याय हासिल किया तथा इससे न्याय के संसार में क्रान्ति मचा दी। आइये इन महिलाओं के योगदान को उनके परिचय के साथ याद करें।


मोहम्मद क़मर खाँ

मामले की सर्वोच्च न्यायालय में वैधानिक पैरवी के लिये, अधिवक्ता बनी वृन्दा ग्रोवर। वृन्दा ग्रोवर को देश का वरिष्ठ अधिवक्ता माना जाता है। वर्ष 1989 से वह उच्च न्यायालय, सर्वोच्च न्यायालय व दीगर ट्रायल कोर्ट्स में विभिन्न वादों की पैरवी करती रही थीं। वर्ष 2004 में ''टाइम मैंगजीन'' ने वृन्दा ग्रोवर को विश्व की सौ सबसे प्रभावी एवं शक्तिशाली महिलाओं की सूची में सम्मिलित किया हुआ है। साथ ही वह अपराधिक कानून, महिला अधिकारों एवं मानव अधिकारों की अच्छी जानकार हैं। उन्होनें मामले की समुचित पैरवी करने के कारण दोषियों को कारावास की सलाखों के पीछे भिजवाने का वैधानिक आदेश, सुप्रीम कोर्ट के स्तर पर निर्गत कराया जाना सुनिश्चित हो सका।







इस मामले में सहयोग करने वाली दूसरी महिला है, सुभाषिनी अली। यह सीपीआईएम की एक वृद्ध नेता है। पार्टी राजनीति के अतिरिक्त, देश में समाज सेवा को भी अपना धर्म समझती है। सुभाषिनी अली ने समाज सेवा के प्रति जागरूकता दर्शाते हुए, घटना के अन्तर्गत उनके साथ किये जाने वाले बलात्कार के ठीक दो दिन बाद सन् 2002 में पीड़ित राहत शिविर पहुँचकर बिलकीस से भेंट की और घटना की सच्चाई और गम्भीरता के विषय में सत्य को जाना।

इसी क्रम में एक अन्य महिला है, अधिवक्ता इन्द्रा जय सिंह, जिन्हें वर्ष 2009 में देश की पहली महिला अतिरिक्त सालिसेटर, बनने का शर्फहासिल है, ने अपने स्तर पर बिलकीस की वैधानिक सहायता करने का निर्णय लिया, आरोपियों की रिहाई का विरोध करते हुए, अधिवक्ता इन्द्रा जय सिंह ने सरकार के विरोध में सर्वोच्च न्यायालय में दलील दी कि बिलकीस के विरूद्ध किया गया अपराध सामूहिक रूप से प्रेरित था।

उपरोक्त संदर्भ में जो नाम सर्वोपरि है वह भी एक महिला ही हैं, और वह हैं माननीय सर्वोच्च न्यायालय की जज बी0वी0 नागरत्ना जिन्होनें वहाँ के एक अन्य जज, जस्टिस उज्जवल भुइयां के साथ मिलकर इस सम्बन्ध में पारदर्शी एवं ऐतिहासिक निर्णय दिया। उनके इस अविस्मरणीय योगदान को याद कर, आइये उनके संक्षिप्त परिचय पर नज़र डालते हैं। जस्टिस बी.वी. नागरत्न का जन्म 30 अक्टूबर 1968 को हुआ था। प्रारम्भिक शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात् उन्होनें 28.10.1987 को अधिवक्ता के रूप में बंगलौर में अपने करियर की शुरूआत की। उनके पिता न्यायमूर्ति ई0एस0 वेंकटा रमैय्या भारत के सर्वोच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीष रहे। बाद में 28 फ़रवरी2008 को उन्हें कर्नाटक उच्च न्यायालय का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया गया। न्याय क्षेत्र में स्वयं को स्थापित रखते हुए वह गत 17 फ़रवरी 2010 से एक स्थायी न्यायाधीश बन गयी। लगभग 13 वर्षों तक इस दायित्व को निर्वहन करने के उपरान्त, जब सुप्रीम कोर्ट में खाली पड़े जजों के पदों पर नियुक्ति हेतु 9 नामों की संस्तुति भेजी गयी, तो उसमें बी0वी0 नागरत्ना का नाम भी शामिल था। इस प्रकार मैडम बी0वी0 नागरत्ना अब सुप्रीम कोर्ट के जज के ओहदे पर आसीन हो गयीं और यहाँ भी उन्होनें स्वस्थ और पारदर्शी निर्णय निर्गत किये जाने के क्रम को निर्भीकता पूर्वक जारी रखा और सांसद महुआ मोइत्रा द्वारा दायर जनहित याचिका पर भी, अपने सहयोगी जज के साथ मिलकर वह निर्णय दिया, जिसने इतिहास रच दिया।

उक्तानुसार वर्णित प्रयासों के अन्तर्गत किये जाने वाले, महिलाओं के संगठित संघर्ष को देश कभी नहीं भुला पायेगा और न्याय के रूप में प्राप्त उनकी इस उपलब्धि ने हम सभी देशवासियों को निश्चत रूप से गौरान्वित किया है। हम आर्टिकिल राइटर्स की ओर से, इन सभी महिलाओं को उनके इस संगठित प्रयास पर, बधाई देते हुए, उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं, और आशा रखते है कि वह आगे भी न्याय का झण्डा बुलन्द करने में, अपना अपना सहयोग देती रहेंगी।

# 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा से लैस करेगी योगी सरकार

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को विकास के नए सोपानों की ओर अग्रसर कर रही योगी सरकार ने प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर कार्य करना शुरू कर दिया है। एक तरफ उत्तर प्रदेश में अयोध्या व वाराणसी को मॉडल सोलर सिटीज के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया जारी है, दूसरी तरफ प्रदेश के सरकारी विभागों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए रूफटॉप सोलर पैनल इंपैनलमेंट प्रोजेक्ट को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस क्रम में अब योगी सरकार ने 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा से लैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा से लैस करने हेतु 3.10 करोड़ रुपए की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए धनराशि जारी कर दी गई है। इसके जरिए जनपद हरदोई, पीलीभीत, कुशीनगर, बाराबंकी, मथुरा, महाराजगंज, कन्नौज, देवरिया व आगरा के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा संयंत्र युक्त बनाने की प्रक्रिया को गति देने में मदद मिलेगी।

■ सीएम योगी के विजन अनुसार, 40 किलोवॉट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्रों को स्थापित करने की प्रक्रिया हुई शुरू

कौशल विकास मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन अनुसार तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार जिन 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा संयंत्रों से युक्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई है उनकी क्षमता 40 किलोवॉट होगी। इसमें प्रत्येक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को 23.88 लाख रुपए से रूफटॉप इनेबल्ड सोलर पैनल इंपैनलमेंट व सोलर पावर प्लांट की स्थापना, क्रियान्वयन व संचालन के कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। जिन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में इस प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा उनमें हरदोई का पिहानी, पीलीभीत का बरखेड़ा, कुशीनगर का नौरंगिया व हाटा, बाराबंकी का फतेहपुर, मथुरा का गोवर्धन, महाराजगंज का माधोनगर, निचलौल व नौतनवा, कन्नौज का छिबरामऊ व तिर्वा, देवरिया का बरहज तथा आगरा का एत्मादपुर हैं।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि सभी चयनित 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को सौर ऊर्जा संयंत्र युक्त करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के प्रशिक्षण एवं सेवायोजन प्रखंड को निर्देश दिए गए हैं। इसके अनुसार सभी 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा युक्त करने का कार्य प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के निदेशक की देखरेख में होगा। इन सभी क्रय व संचालन कार्यों को उत्तर प्रदेश शासन की रूलबुक अनुसार पूरा किया जाएगा।

## उप मुख्यमंत्री ने किया लखनऊ छावनी में पूर्व सैनिक रोजगार मेले का उद्घाटन

# मेले में 39 कंपनियों ने लिया भाग

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** रक्षा मंत्रालय के पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के पुनर्वास महानिदेशालय ने 12 फरवरी 2024 को लखनऊ छावनी स्थित सूर्या खेल परिसर में एक पूर्व सैनिक रोजगार मेले का आयोजन किया। इस रोज़गार मेले के माध्यम से पुनः रोजगार चाहने वाले पूर्व सैनिकों और रोजगार प्रदाताओं को एक मंच पर लाया गया।

इस पूर्व सैनिक रोज़गार मेले का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक द्वारा किया गया। इस अवसर पर माननीय एमएलसी मुकेश शर्मा और लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा, चीफ ऑफ स्टाफ (सीओएस) मध्य कमान, मेजर जनरल एसबीके सिंह, महानिदेशक पुनर्वास, सुनील मिश्रा, प्रधान सलाहकार, सीआईआई, श्री मुकेश अग्रवाल, अध्यक्ष, सीआईआई, एमएसएमई पर उत्तरी क्षेत्रीय समिति भी मौजूद थे।

इस कार्यक्रम को यूपी के पूर्व सैनिकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। रोज़गार मेले में 39 कंपनियों ने भाग लिया, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में 1630 से अधिक नौकरी रिक्तियों और 450 उद्यमिता अवसरों की पेशकश की। थल सेना, वायु सेना और नौसेना से 5,700 से अधिक पूर्व सैनिकों ने रोजगार की तलाश के लिए पंजीकरण कराया।

साक्षात्कार/स्क्रीन किए गए पूर्व सैनिकों को वरिष्ठ पर्यवेक्षकों, मध्य/वरिष्ठ स्तर के प्रबंधकों से लेकर रणनीतिक योजनाकारों और परियोजना निदेशकों तक की नियुक्तियों में लाभप्रद रूप से नियोजित किया गया। यह आयोजन कॉर्पोरेट और पूर्व सैनिकों दोनों के लिए फायदेमंद था। जहां पूर्व सैनिकों को सैन्य सेवा के वर्षों के दौरान हासिल की गई अपनी तकनीकी और प्रशासनिक क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच मिला, वहीं अनुभवी, अनुशासित और प्रशिक्षित पूर्व सैनिकों के समूह की स्क्रीनिंग से कॉरपोरेट्स को लाभ हुआ। निकट भविष्य में मुंबई और इंदौर में भी भूतपूर्व सैनिक रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा।

# यूनिटी पीजी कालेज में यूनिफेस्ट का हुआ समापन



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी के यूनिटी पी. जी. कालेज, बसन्तकुंज, आईआईएम बाईपास रोड, लखनऊ, मे दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव यूनिफेस्ट 2024 का रविवार 11 फरवरी को समापन हुआ।

रैंप शो और फेट से सभी आमंत्रित अतिथि का मनोरंजन हुआ। रैंप शो मे मि यूनिफेस्ट का खिताब शबी हैदर एल.एलबी ऑनर्स और मिस यूनिफेस्ट का खिताब कौशकी सिन्हा बीकॉम को मिला तथा सभी मेधावी छात्र, छात्राओ को न्यायमूर्ती शमीम अहमद, न्यायमूर्ती डीके अरोड़ा, न्यायमूर्ती राकेश श्रीवास्तव, न्यायमूर्ती अनिल कुमार, न्यायमूर्ती एसयू खान, विनोद शाही एडवोकेट जनरल उत्तर प्रदेश कॉलेज के चेयरमैन न्यायमूर्ती इम्तियाज़ मुर्तज़ा द्वारा पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर कालेज के (चेयरमैन) न्यायमूर्ति इम्तियाज मुर्तजा, कालेज की (वाइस चेयरपर्सन) समीना इम्तियाज, अहसन मुर्तज़ा, राना मुर्तज़ा, कालेज के (सचिव) श्री मुर्तजा हसनैन खान, कालेज की (मुख्य संयोजक) समीना जावेद, (ट्रेज़रार, यूनिटी टेक्निकल इंस्टिटयूट सोसाइटी) नदीम मुर्तजा, (संयोजक) मिस असमा जावेद तथा कालेज के प्राचार्य डा सुनील धवन, शिक्षकगण, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# 'सरकार ने नौकरियों में पारदर्शिता से खत्म किया भ्रष्टाचार'

अवधनामा संवाददाता






**लखनऊ।** देश में 10 लाख से अधिक युवाओं को विभिन्न विभागों में रोजगार उपलब्ध कराने के अभियान के अंतर्गत आज आयोजित 12 वे रोजगार मेले के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से देश में सरकारी विभागों और संगठनों में 1 लाख से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में एकीकृत परिसर कर्मयोगी भवन के प्रथम चरण की आधारशिला भी रखी। यह परिसर मिशन कर्मयोगी के विभिन्न हिस्सों के बीच सहयोग और तालमेल को बढ़ावा देगा।

इस पहल के तहत केंद्र सरकार के विभागों में भर्तियां हो रही हैं और राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेश इस पहल का समर्थन कर रहे हैं। नवनियुक्त युवा विभिन्न मंत्रालयों/विभागों जैसे राजस्व विभाग, गृह मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, परमाणु ऊर्जा विभाग, रक्षा मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, जनजातीय मामलों के मंत्रालय और रेलवे मंत्रालय में विभिन्न पदों पर भर्ती होकर सरकार में शामिल हो रहे हैं। रोजगार मेला देश में रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने

■ 1 लाख से अधिक नवनियुक्त को दिए गए नियुक्ति पत्र

■ प्रदेश में लखनऊ और प्रयागराज में रोजगार मेलों का हुआ आयोजन

की दिशा में एक कदम है। नवनियुक्तों को आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर एक ऑनलाइन मॉड्यूल 'कर्मयोगी प्रारंभ' के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिल रहा है, जहां कहीं भी किसी भी डिवाइस सीखने के प्रारूप के लिए 880 से अधिक ई-लर्निंग कोर्स उपलब्ध कराए गए हैं।

आज देशभर में में 47 जगहों पर रोजगार मेला कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश में प्रयागराज और लखनऊ में रोजगार मेलों का आयोजन किया गया। प्रयागराज में आयोजित रोजगार मेले में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉक्टर महेंद्र नाथ पांडेय ने कहा कि आज देश का जनमानस इस बात को महसूस कर रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी पारदर्शिता के साथ समयबद्ध तरीके से कुशल बनाया जा रहा है। श्री पांडे ने कहा सरकार ने नौकरियों में पारदर्शिता लाकर भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म किया है। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को वर्ष 2047 में अगर विकसित भारत संकल्प को लेकर आगे आना है तो हमें अपना इंफ्रास्ट्रक्चर ,अपना इनोवेशन अपनी प्लानिंग को बना करके चलना होगा और इसके लिए सरकार आपके साथ खड़ी है।

## श्रम न्यायालयों में पीठासीन अधिकारियों की तैनाती

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश श्री सुधीर कुमार-प्प् सेनि जिला न्यायाधीश डॉ दीपक स्वरूप सक्सेना, सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश श्री अविनाश सक्सेना, सेवानिवृत्त आईएएस श्री अवनीश कुमार शर्मा, सेनि आईएएस डॉ प्रदीप कुमार, सेनिपीसीएस श्री प्रेम प्रकाश पाल, सेनि उप श्रमायुक्त श्री रवि प्रकाश गुप्ता को क्रमशः श्रम न्यायालय गाजियाबाद, पीठासीन अधिकारी, औद्योगिक न्यायाधिकरण (3) कानपुर, श्रम न्यायालय (2) कानपुर, श्रम न्यायालय फिरोजाबाद, औद्योगिक न्यायाधिकरण (1) प्रयागराज के पद पर, औद्योगिक न्यायाधिकरण (2) लखनऊ, श्रम न्यायालय आगरा के पीठासीन अधिकारी के पद पर, उनके कार्यभार ग्रहण की तिथि से तीन वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने, जो भी पहले घटित हो, तक के लिए तैनात किया गया है। इस सम्बन्ध में श्रम विभाग द्वारा आवश्यक आदेश जारी कर दिया गया है।

# अपने राष्ट्र के विकास में योगदान करना चाहिए : अंगद कुमार सिंह

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक) विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के सहयोग से प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए पांच प्रणों 1. विकसित भारत 2.गुलामी से मुक्ति 3. विरासत पर गर्व 4. एकता एवं एकजुटता 5. नागरिकों का कर्तव्य की अवधारणा के अंतर्गत भारत के पांच प्राण एक युवा परिचय विषय पर युवा संवाद -इंडिया @ 2047 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सदस्य, विधान परिषद, अंगद कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं को अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाकर अपने-अपने समाज के तथा अपने राष्ट्र के विकास में योगदान करना चाहिए, तभी हमारा देश प्रधानमंत्री के लक्ष्य विकसित भारत @ 2047 को प्राप्त कर सकेगा। कार्यक्रम में डॉ. मंजू सिंह, राज्य नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, उत्तर प्रदेश ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने संबोधन में कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तथा स्वयंसेविकाएं अपनी शक्ति को पहचाने तथा समाज के प्रति संवेदनशील हो, तभी उनके व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास संभव है और वह सफलता प्राप्त कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के संरक्षक माननीय कुलपति प्रो. एन.बी सिंह ने छात्रों को प्रेरित करते हुए उनके शैक्षिक, नैतिक तथा सामाजिक विकास में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका के प्रति जागरूक किया तथा सभी को माननीय प्रधानमंत्री के इंडिया@ 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग का आहवाहन किया। कार्यक्रम का संचालन कुलानुशासक डॉ नीरज शुक्ल ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा ने किया । कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम चौधरी, डॉ. रामदास, डॉ. जफरून नकी, डॉ.ममता शुक्ला तथा डॉ. अभय कृष्णा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

# पात्र को लाभान्वित करने के लिये निकाली विकसित भारत संकल्प यात्रा

**प्रयागराज।** सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के सूत्र वाक्य को साकार करने के लिये केन्द्र सरकार की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक पात्र को लाभान्वित करने के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गयी है। उक्त बातें महानगर अध्यक्ष राजेन्द्र ने मामा भांजा तालाब नैनी में प्रथम सत्र में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य प्रत्येक पात्र को लाभ दिलाना और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से परिचित कराना भी है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को विकसित भारत से संबंधित शपथ भी दिलाया।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सीबीसी द्वारा नगर निगम प्रयागराज के सहयोग से चलाये जा रहे कार्यक्रम दूसरे सत्र में अग्रसेन चौराहा जीरो रोड बस अड्डा पर इसी तरह का जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गय। कार्यक्रम

■ कल्याणकारी योजनाओं पर लगाये गये स्टालों पर दिखा उत्साह का माहौला

के दौरान स्वास्थ्य, आयुष्मान, आधार, जिला नगरीय विकास अभिकरण, जिला उद्योग, दिव्यांगजन सशक्तीकरणअ, पिछड़ वर्ग कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग, उज्वला आदि का स्टाल लागया गया। स्टालों पर लोगां ने उत्साह के साथ योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ लिया। सबसे अधिक भीड स्वास्थ्य कैम्प और आयुष्मान कार्ड के स्टाल पर देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के जोनल अधिकारी अखिलेश त्रिपाठी, दिलीप श्रीवास्तव तथा पूजा सिंह, महादेव आदि का विशेष सहयोग रहा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी (भारत सरकार) राम मूरत ने कार्यक्रम के आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए आमजन से लगाये गये स्टालों पर जानकारी व लाभ प्राप्त करने की अपील की।

# नवगठित फोरमों को तत्काल कराए जाएं चालू : उपभोक्ता परिषद

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** पूरे प्रदेश के लगभग 3 करोड 30 लाख विद्युत उपभोक्ताओं की बिलिंग मीटरिंग उपभोक्ता सेवा संबंधी कनेक्शन संबंधी या कोई भी समस्या जिसका समाधान जब बिजली कंपनियां नहीं करती हैं तो विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधानानुसार प्रदेश का विद्युत उपभोक्ता विद्युत नियामक आयोग द्वारा गठित विद्युत वितरण निवारण फोरमो के सामने अपनी अर्जी लगाता है उसके बाद लोकपाल तक मामला ले जा सकता है लेकिन वर्तमान में उत्तर प्रदेश में नवगठित 1758 विद्युत वितरण निवारण फोरम में से प्रत्येक बिजली कंपनी में दो-चार फोरम ही काम कर रहे हैं जिसको लेकर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने आज विद्युत नियामक आयोग को विद्युत अधिनियम

■ क्योंकि उपभोक्ता हो रहे पूरे प्रदेश में परेशान उनकी सुनने वाला कोई नहीं

2003 की धारा 42( 5) के तहत यह प्रस्ताव भेजा है की विद्युत नियामक आयोग पूरे इस गंभीर मामले पर हस्तक्षेप करते हुए नवगठित विद्युत व्यथा निवारण फोरम को सुचार रूप से गतिशील कराए अथवा पूर्व में बने कमिश्नरी स्तर पर 22 विद्युत व्यथा निवारण फोरमो को फिलहाल अभिलंब चालू कराए।

गौरतलब है की शनिवार को उपभोक्ता परिषद के साप्ताहिक वेबीनार में प्रदेश के बडी संख्या में विद्युत उपभोक्ताओं ने फोरमों के बंद होने की शिकायत उपभोक्ता परिषद से की थी। केवल कागजों में फोरम गठित होने से उपभोक्ता की समस्या का समाधान नहीं होने वाला जब तक धरातल पर काम ना हो।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा विद्युत नियामक आयोग जब नए कानून के तहत इस व्यवस्था को आगे बढा रहा था तो उपभोक्ता परिषद ने इसका विरोध करते हुए कहा था पूरे देश में एक दो राज्यों को छोडकर कहीं भी इस प्रकार के फोरम गठित नहीं किया जा रहे हैं जिसमें उपखंड अधिकारी अधिशासी अभियंता अधीक्षण अभियंता मुख्य अभियंता और कंपनी का अधिकारी जिससे उपभोक्ता अपनी समस्या को लेकर परेशान है उसी के सामने उसे अपील करना पडे यह कैसा न्याय यह उपभोक्ताओं के लिए काला कानून साबित होगा जिससे पीडित उपभोक्ता उसी के सामने गुहार लगाए लेकिन उस समय विद्युत नियामक आयोग ने उस पर गंभीरता से विचार नहीं किया और आज उसी का नतीजा है अगस्त 2023 के बाद 95 प्रतिसत फोरम उत्तर प्रदेश में काम नहीं कर रहे हैं जो अपने आप में चिंता का विषय है तत्काल विद्युत नियामक आयोग इसका हल निकाले।

# स्टूडेंट सेटिस्फेक्ट्री सर्वे पर कार्यक्रम का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में आज नैक से संबंधित स्टूडेंट सेटिस्फेक्ट्री सर्वे पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग की विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर तनवीर खदीजा ने की। प्रोफेसर खदीजा ने छात्र एवं छात्राओं को नैक के विभिन्न पहलुओं के बारे में अवगत कराया एवं छात्र एवं छात्राओं को संबंधित प्रोफार्मा की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई। कार्यक्रम में विभाग के अन्य शिक्षक डॉक्टर हारून रशीद, डॉ शिप्रा, शिखा सिंह सदफ फातिमा एवं युसूफ अयाज़ भी उपस्थित रहे।

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने नैक के क्राइटेरिया के संबंध में समीक्षा बैठक की जिसमें प्रो. सौबान सईद, डॉ. रुचिता चौधरी, डॉ. राम दास, डॉ. जफरून नकी, डॉ. आफरीन फातिमा, डॉ. तसलीम जमाल और डॉ. अभय कृष्ण सहित शिक्षक उपस्थित रहे।

# सामाजिक विकास में सभी की सहभागिता महत्वपूर्ण

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस द्वारा 'पर्यावरण कार्यशाला' का भव्य आयोजन आज विद्यालय के सजे-धजे परिसर में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप पधारे लखनऊ के नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री सिंह ने कहा कि सी.एम.एस. भावी पीढ़ी को समाज के नवनिर्माण हेतु तैयार कर रहा है। मुझे खुशी है कि सी.एम.एस. छात्रों को पर्यावरण, जल-संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण एवं भूजल जैसी मूलभूत चीजों में रचनात्मक योगदान हेतु प्रेरित कर रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सामाजिक विकास में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता महत्वपूर्ण है। उन्होंने छोटे-छोटे कई उदाहरण देकर देकर छात्रों को प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग एवं वेस्ट मैनेजमेन्ट हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर श्री इन्द्रजीत सिंह ने स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित भी किया। इससे पहले, श्री सिंह ने महान शिक्षाविद् व सी.एम.एस. संस्थापक स्वं. डा. जगदीश गाँधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट एवं प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रगतिशील समाज के लिए जिम्मेदार नागरिक होना आवश्यक है। प्रत्येक छोटी-बड़ी व्यावहारिक चीजों के समाधान हेतु प्रशासन से अपेक्षा करने की बजाय स्वयं उद्यमशील बनकर प्रशासन के सहयोगी बनें। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वर्तमान समय की चुनौतियों के अनुसार स्वयं को तैयार कर सामाजिक उत्थान में रचनात्मक भागादारी निभायें। प्रो. किंगडन ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास प्रभावशाली परिवर्तन लाते हैं।

कार्यशाला का शुभारम्भ स्कूल प्रार्थना एवं सर्वधर्म प्रार्थना से हुआ। इस कार्यशाला में विद्यालय के 750

■ सीएमएस में 'पर्यावरण कार्यशाला' का आयोजन, नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह किया कार्यशाला का उद्‌घाटन

से अधिक छात्रों ने बड़े उत्साह से भागीदारी की और जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण एवं जल व ऊर्जा संरक्षण प्रति जागरूकता जगाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर छात्रों ने मल्टीमीडिया प्रजेन्टेशन द्वारा पर्यावरण एवं जल संरक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला, साथ ही राजाजीपुरम क्षेत्र में ग्राउण्डवाटर को बढ़ाने, जल-संरक्षण को बढ़ावा देने एवं पर्यावरण में

सुधार की अपनी योजनाओं को सभी के समक्ष रखा। छात्रों ने राजाजीपुरम स्थित हैदर कैनाल की सफाई के अपने संकल्प व विचारों से जनमानस को अवगत कराया। कार्यशाला का समापन सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या श्रीमती निशा पाण्डेय के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# उपमुख्यमंत्री ने त्वरित निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिये निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने-7 कालीदास मार्ग स्थित(कैम्प कार्यालय) पर सोमवार को विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जन सुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया। जनता दर्शन में बुजुर्ग, महिलाएं, पुरूष एवं दिव्यांग सहित सैकड़ों लोगों ने उपमुख्यमंत्री के समक्ष अपनी समस्यायें बतायी। बतायी गयी समस्याओं में मुख्य रूप से विद्युत, मार्ग चौड़ीकरण, सड़क निर्माण, आवास दिलाने, अवैध कब्जा, कानून व्यवस्था, रास्ता खुलवाने, विकास कार्य, मारपीट, राजस्व, अतिक्रमण, जमीनी विवाद, चिकित्सा सहायता आदि थीं। जनता दर्शन में आये तमाम लोगों से उनकी समस्याएं सुनीं एवं प्रार्थना पत्र भी लिये, साथ ही कई लोगों की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में उपमुख्यमंत्री ने शासन के कई उच्चाधिकारियों, जिलाधिकारियो व पुलिस अधीक्षको सहित कई अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की।

## एंटी करेपशन मूमेंट और विद्युत विभाग द्वारा पत्रकारों का सम्मान

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जनपद में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के सम्मानित वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी कलम का प्रयोग करते हुए जो साहसिक कार्य किया गया उसके प्रतिफल में आज मथुरा के कैंट विद्युत विभाग कार्यवाही पर सम्मान किया गया। विद्युत विभाग के नवागत अवर अभियंता द्वारा मथुरा जनपद में अपनी लेखनी के बल पर सरकारी विभागों मै सुर्खियों पर रहने वाले राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के मथुरा संरक्षक जिला संवाददाता अवध नामा और भ्रष्टाचारियों में खोफ पैदा कर उनको सही मार्ग तक पहुंचाने वाले राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष भानु प्रकाश शर्मा एडिटर इन चीफ 100 न्यूज तथा राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिला उपाध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी जिला संवाददाता दैनिक संग्रहालय को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया । विद्युत विभाग के अवर अभियंता द्वारा वरिष्ठ पत्रकारों को भी दिलाते हुए कहा कि अपने कार्यकाल में अपने विभाग मै किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं करुगा और पूर्ण निष्ठा के साथ जनता को अपने विभाग के कार्यो से संतुष्ट करने का प्रयास करूगा। विद्युत विभाग कार्यालय पर वरिष्ठ पत्रकारों के सम्मान के मौके पर एंटी करेपशन मूमेंट भारत की मथुरा जनपद की टीम सहित फास्ट न्यूज इंडिया के जिला संवाददाता नंद किशोर शर्मा, शैली अग्रवाल, मुकेश कुमार, ठाकुर तेज सिंह, जिला संवाददाता राजू ठाकुर, रवि पंडित, वरिष्ठ पत्रकार गोपाल शर्मा, राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिला मीडिया प्रभारी अरविंद कुमार शर्मा आदि मथुरा जनपद के वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे।

## नित्य योग से होगा अखंड सनातन राष्ट्र का निर्माण

- स्वामी जी की कृपा पात्र शिष्या एवं राज्य प्रभारी वंदना बरनवाल ने योग प्रशिक्षुको को दिए प्रमाण पत्र



**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** पतंजलि योग प्रशिक्षण समिति की जिला प्रभारी विनीता प्रभारी के नेतृत्व में महाराजा सिंह पार्क में आयोजित एक दिवसीय निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर में स्वामी जी की कृपा पात्र शिष्या एवं राज्य प्रभारी वंदना बरनवाल ने बताया की आज हर व्यक्ति किसी न किसी व्याधि से पीड़ित है योग गुरु स्वामी रामदेव जी का ये लक्ष्य है की हर व्यक्ति निरोग बने। जब हर व्यक्ति निरोग होगा तभी वो स्वालम्बी और आत्मनिर्भर बन सकेगा और तभी भारत देश राष्ट्र उन्नति कर विकसित अखंड सनातन के अपने लक्ष्य को प्राप्त कर पायेगा। 12 वर्षो से लोगो को योग के लाभ बता रही विनीता बरनवाल ने बताया की 84 लाख योनियों में भटकने के बाद हमे ये मानव जीवन प्राप्त हुआ है जिसे आध्यत्म व् योग के माध्यम से हमे निरोग रखना है। इस निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर में उन्होंने लोगो को विभिन्न योग व उनके लाभों को विस्तार से समझाया। इस अवसर पर राज्य प्रभारी ने योग का प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके बीस बहनो को योग प्रमाण पत्र प्रदान किये जिनमे कंचन गुप्ता, रेशमा गुप्ता, श्रदा मिश्रा, सरस्वती गुप्ता, शर्मीला सिंह, आकृति गुप्ता, सुमन गुप्ता, रश्मि शिखा शुक्ला, प्रीति गुप्ता, मनु गुप्ता, मोनिका गुप्ता, नीलिमा दीक्षित, ममता द्विवेदी आदि शामिल रही। इस अवसर पर पतंजलि योग प्रशिक्षण समिति महिला प्रकोष्ठ की जिला संघठन मंत्री संजू श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष अनीता मिश्रा, महामंत्री विजय लक्ष्मी, रानी शुक्ला, आरती गुप्ता, कंचन गुप्ता, सभासद मीनू सैनी समेत तमाम लोगो ने योग प्रशिक्षण शिविर का लाभ उठाया।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ



**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** कलश यात्रा करौली मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर कोटला चुंगी होते हुए इंद्रा कॉलोनी कथा पंडाल पहुंची जहा अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक उमाकांत शास्त्री जी ने विधि विधान से पूजन कर कथा प्रारंभ की कलश यात्रा में ग्यारह सौ महिलाओं ने कलश धारण किए मुख्य यजमान सुरेंद्र सिंह चौहान उर्फ पप्पू ठाकुर अपनी धर्मपत्नी के साथ श्रीमद भागवत कथा धारण कर कलश यात्रा में शामिल हुए कथा वाचक उमाकांत शास्त्री ने बताया की यह कथा पूरे शप्ताह चलेगी और 21 तारीख को विशाल भंडारा कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। कलश यात्रा में मुख्य रूप से दिनेश दुबे शुभम दुबे नरेंद्र चौहान महापौर श्रीमती कामिनी राठौर प्रदीप शर्मा गुड्डा पहलवान पंडित अखिलेश शर्मा भोला कटारा रिंकू तोमर दीपशिखा मनीष भदौरिया पूजा शर्मा कल्पना शर्मा हरिकांत उपाध्याय डौली जैन राजू पंडित पूनम शर्मा पार्षद सुभाष रेखा राठौर सहित हजारों की संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

## भाजपा करा रही है भक्तों को राम लला के दर्शन

**अवधनामा संवाददाता**

**बिलग्राम।** अयोध्या में हुए भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब भाजपा राम भक्तों एवं अपने पदाधिकारी को प्रभु श्री राम के दर्शन कर रही है। भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष नीरज कुमार गुप्ता के नेतृत्व में राम भक्तों को आराध्य प्रभु श्री राम लला के दर्शन करने के लिए रवाना हुए। आपको बता दें कि भाजपा द्वारा सभी श्री राम भक्तों को बसों को द्वारा अपने कार्यकर्ताओं के साथ बिना किसी भेदभाव के श्री अयोध्या धाम भेज कर श्री राम जी के दिव्य और भव्य मंदिर एवम राम लला के दर्शन करा रही हैं इसी कड़ी में आज सुबह 6 बजे बिलग्राम कस्बे से भाजपा नगर अध्यक्ष नीरज कुमार गुप्ता की ओर से दो बसों से 81 श्री राम भक्तों को बिलग्राम कस्बे के श्री राम भक्तों को बिलग्राम से लेकर अयोध्या को प्रस्थान किया और सभी राम भक्तों को श्री राम लला के दर्शन कराकर पुनः सभी राम भक्तों को वापस बिलग्राम कस्बे में छोड़ेंगे। भाजपा नगर अध्यक्ष नीरज कुमार गुप्ता ने बताया कि हमारी भारतीय जनता पार्टी ने यह प्रण किया था कि जब भव्य और दिव्य श्री राम मंदिर का निर्माण होगा तो वह सभी श्री राम भक्तों को अयोध्या ले जाकर सभी को श्री राम मंदिर व राम लला के दर्शन कराएगी इसी कड़ी में आज रविवार की सुबह बिलग्राम कस्बे से दो बसों से श्री भक्तों को लेकर अयोध्या धाम जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर बिलग्राम कस्बे बाबा मंशानाथ इण्टर कॉलेज के प्रवक्ता ब्रज किशोर मौर्य का कहना है कि लगभग 500 वर्षो के बाद राम लला का मंदिर बन पाया है। हम सभी बहुत ही सौभाग्यशाली हैं जो हम लोग इस दिव्य और भव्य श्री राम मंदिर व राम लला के दर्शन कर पा रहे हैं। दीपा विश्वास ने बताया कि सभी राम भक्त अपनी गाड़ी में ढोलक मजीरा बजाकर और भजन कीर्तन करते हुए अपने आराध्य प्रभु श्री राम के दर्शन करने के लिए रवाना हुए है। रेनू मिश्रा एवम आरती गुप्ता ने बताया कि सभी श्री राम भक्तों एवम भाजपा कार्यकर्ताओं के मन में अयोध्या जाने की उमंग और हर्ष उल्लास है सभी के द्वारा प्रभु श्री राम जी के जयकारे लगाकर अयोध्या के लिए प्रस्थान किया।

## जितेंद्र बने राष्ट्रीय लोकदल के महानगर अध्यक्ष

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी राज्यसभा सांसद के निर्देशानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष राम आशीष राय के अनुमोदन पर जिला अध्यक्ष रामवीर भरंगर के नेतृत्व मे गणेशरा पर स्थित पार्टी कार्यालय पर अति पिछड़े वर्ग से आए बहुजन समाज पार्टी की आगरा मंडल कोऑर्डिनेटर बड़े-बड़े पदों पर रहे जितेंद्र प्रजापति को राष्ट्रीय लोकदल पार्टी का नवनिर्वाचित महानगर अध्यक्ष घोषित किया। जितेंद्र प्रजापति ने कहा किसान मजदूर के मसीहा जन-जन के प्रति राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी राज्यसभा सांसद का अभिनंदन करता हूं उनके मार्गदर्शन पर मुझे कार्य करने का जो सौभाग्य प्राप्त हुआ और पार्टी के द्वारा जो भी मुझे दायित्व दिया गया है। उसे मैं पूरी निष्ठा पूर्ण ईमानदारी से राष्ट्रीय लोक दल पार्टी को आगे बढ़ाने में राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के दिशा निर्देश को आगे बढ़ाने में कार्यरत रहूंगा। रामरस पाल सिंह पोनिया,कुंवर नरेंद्र सिंह, डॉ अशोक अग्रवाल,योगेश नोहवार, अनूप चौधरी, पीतम सिंह, राजेंद्र सिंह सिकरवार, रामवीर भरंगर, नरेंद्र सिंह एडवोकेट, अमित गुर्जर, श्याम सुंदर प्रधान, सुरेश भगत जी, मोतीराम बौद्ध, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संजू चौधरी, सीमा भूकेश,बबीता देवी सभी ने शुभकामनाएं प्रेषित कर हर उल्लास व्यक्त किया।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 200 महिलाओं को परामर्श व दवाये दी गई

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** सुशीला हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर रेलवे स्टेशन रोड द्वारा रविवार को उदी मोड़ चौराह के निकट हनुमान मन्दिर ग्वालियर रोड ऊदी पर निन्शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजन किया गया। इस शिविर में वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.ममता सिंह के द्वारा महिलाओं से संबंधित रोगों से पीड़ित लगभग 200 महिलाओं को निन्शुल्क परामर्श दिया गया और शिविर में आने वाले मरीज़ों को विभिन्न प्रकार की जाँचें व दवाइयां भी फ्री प्रदान की गई। इस अवसर पर शहर के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.डी के सिंह निर्देशक सुशीला हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर भी उपस्थित रहे। श्री सिंह ने बताया कि इस तरह के शिविर सुशीला हॉस्पिटल की ओर से जनपद के विभिन्न भागों में लगाए जाएंगे जिससे जनपद कि ग़रीब जनता लाभान्वित हो सके उन्होंने बताया कि अब हॉस्पिटल में डॉक्टर ममता सिंह वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग द्वारा महिलाओं से संबंधित सभी बड़े ऑपरेशन तथा अन्य जटिल रोगों का इलाज सफलतापूर्वक न्यूनतम शुल्क में किया जा रहा है।

## मंसूरी समाज में शैक्षिक जागृति के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरतः मुईनुद्दीन

- शकील मंसूरी(पापे)को चुना गया एसोसिएशन का नगर अध्यक्ष
- हाजी सलीम मंसूरी का सांसद प्रतिनिधि बनने पर किया सम्मान
- भारतीय मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** भारतीय मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक बाह अड्डा स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में कार्यकारिणी के कई पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर समाज को जागरुक करने व शिक्षित करने व पूर्व में लिए गए निर्णयों पर चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी मुईनुद्दीन गुड्डू मंसूरी ने की। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि एसोसिएशन मंसूरी समाज में शैक्षिक चेतना के लिए भी प्रयासरत है पूर्व की बैठकों में समाज की ओर से शैक्षिक संस्थान खोले जाने का जो प्रस्ताव पारित किया गया है उस पर हम सब शिद्दत से लगे हैं अथवा प्रयासरत हैं कि शैक्षिक संस्थान के लिए भूमि की आवश्यकता को पूरा किया जा सके। उन्होंने उपस्थित लोगों से अनुरोध किया कि आप सभी लोग भी मंसूरी समाज में शैक्षिक चेतना को जागृत करने के लिए अपने स्तर से भी समाज के लोगों से मिलकर उनको शिक्षा के महत्व के बारे में प्रेरित करें और बताएं कि शिक्षा के माध्यम से ही हम अपने अधिकार प्राप्त कर सकते हैं और सामाजिक व राजनैतिक हिस्सेदारी प्राप्त कर सकते हैं।

आज की बैठक में एसोसिएशन का विस्तार किया गया जिसमें शकील अहमद मंसूरी(पापे)को सर्वसम्मति से नगर अध्यक्ष इटावा चुना गया। श्री अहमद के नगर अध्यक्ष चुने जाने पर उपस्थित जनों ने फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और उनसे अपेक्षा की गई वह जल्द ही अपनी कार्यकारिणी का गठन कर अगली बैठक में समिति से अनुमोदित कराएं और मंसूरी समाज के उत्थान में अपना योगदान करें।

बैठक में हाजी सलीम मंसूरी को मैनपुरी सांसद डिम्पल यादव के जसवंतनगर प्रतिनिधि चुने जाने पर अध्यक्ष हाजी मुईनुद्दीन ने एसोसिएशन की ओर से उनका शाल उढ़ाकर व माला पहनाकर सम्मान किया। बैठक का संचालन एसोसिएशन के महासचिव शफी अहमद मंसूरी (बालक) ने किया। उन्होंने पूर्व की कार्यवाहियों की प्रगति रिपोर्ट पटल पर रखी और तमाम बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी देते हुए एसोसिएशन की आगामी गतिविधियों के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि समाज की जनगणना का जो कार्य किया जा रहा है उसमें अभूतपूर्व सफलता प्राप्त हो रही है और उसका कम्प्यूटराइजेशन कराया जा रहा है जल्द ही डाटा आप सभी लोगों के उपलब्ध कराया जाएगा।

बैठक में मुख्य रूप से हाजी हबीब मंसूरी, सूफी शहाबुद्दीन, शहाबदुद्दीन मंसूरी, हाजी फईमुद्दीन मंसूरी गुड्डू वारसी, हाजी सलीम मंसूरी, हाजी शमीम मंसूरी, शमशुद्दीन सईदी, हाजी समीउद्दीन मंसूरी, हाजी जमीरउद्दीन मंसूरी ब्लाक अध्यक्ष बसरेहर, मजीद मंसूरी कुसना, मुख्तार अहमद(बंटी मंसूरी), तसलीम मंसूरी(गुड्डू) एडवोकेट, जावेद सुलमोन मंसूरी, अजीम मंसूरी, मुन्ना मंसूरी(देवा ट्रांसपोर्ट), रईस मंसूरी गुड्डू, परवेज मंसूरी(मुन्नू चौधरी), नूरैन मंसूरी, हनी मंसूरी, शकील मंसूरी, शाहनवाज आलम, अख्तर मंसूरी आदि समिति के कई पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## किसान नई तकनीकी का लाभ लें: माथुर

**मथुरा।** उप निदेशक कृषि राम कुमार माथुर ने अवगत कराया है कि किसान भाईयों को उ0प्र0 मिलेट्स पुनरोद्वार योजना अन्तर्गत कोविड-19 को दृष्टिगत रखते हुए मास्क लगाकर, सैनेटाइजर का प्रयोग करते हुए उचित दूरी बनाकर राज्य सरकार/भारत सरकार की गाइड लाइन मे दिये गये निर्देशो के अनुसार 14 फरवरी को उप कृषि निदेशक कार्यालय परिसर मथुरा में मिलेट्स रेसिपी जागरूकता कार्यक्रम / किसान मेला का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया जा रहा है। मेले में वरिष्ठ वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न फसलों के बारे में तकनीकी जानकारी दी जायेगी, मेले में कृषि यन्त्रों, उपकरणों, कीट एवं रोगनाशी दवाओं, बीजों एवं उर्वरकों की प्रदर्शनी भी विभिन्न विभागों द्वारा लगाई जायेगी। मेले में विभिन्न फसलों के नवीन प्रजातियों के बीज विक्रय भी किये जायेंगे।

## भाजपा की सरकार में गरीब कमजोरों जुल्म बड़ेः संतोष

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** बसपा प्रमुख बहन कुमारी मायावती के निर्देशन पर बहुजन समाज पार्टी जनपद मथुरा के (85) विधानसभा क्षेत्र के बल्देव में सैक्टर न.(12)सैक्टर स्तरीय कैडर कैंप लोहवन सुखदेवपुर अंबेडकर पार्क में आयोजित किया कैडर कैंप के मुख्य अतिथि आगरा मंडल प्रभारी सन्तोष आनन्द ने कहा बहन जी की सरकार में विकास कार्य क्षेत्र में अंबेडकर विकास योजना के तहत गांवों में सड़कों बनवाई गई ग्राम पंचायतो में सर्व समाज के लोगों को उत्तर प्रदेश में एक लाख से अधिक सफाई कर्मचारियों की भर्ती निकालकर कर रोजगार देने का काम किया। पुलिस व शिक्षा विभाग में भर्ती की गई। डबल इंजन वाली भा ज पा सरकार के संरक्षण में गरीबों और मजलूमों पर जुल्म ज्यादती हो रही है। कोई सुनने वाला नहीं है हमारी पार्टी यह बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगी हमने देखा है दोनों ही पार्टीयो की कथनी और करनी में बिल्कुल भी फर्क नहीं है इसलिए दोनों पार्टी एक बराबर है एक नागनाथ है और एक सांपनाथ है । बहन जी ने कहा है 2024 के लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी अपने दम पर चुनाव लड़ेगी और इस देश की प्रधानमंत्री बहन कुमारी मायावती बनेंगी काशीराम तेरा मिशन अधूरा बहन कुमारी मायावती करेंगी पूरा पूर्व विधायक प्रत्याशी प्रेमचंद पूर्व विधानसभा प्रभारी रत्नेश कुमार शेर सिंह पचहेरा विधानसभा महासचिव अशोक कुमार व आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी गण उपस्थित रहे सफल संचालन विधानसभा अध्यक्ष चौधरी वीरेंद्र सिंह परिहार ने किया।

## महफिल दुआये तकमीले हिफ्ज़-उल-कुरआन में बच्चों को दुआओं से नवाज़ा गया



- कुरआन पाक हिफ्ज़ करने पर मोहम्मद फुज़ैल, मोहम्मद फरहान का हुआ इस्तक़बाल

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** शहर के मदरसा ख्वाजा ग़रीब नवाज़ में कुरआन पाक हिफ्ज़ करने पर हाफिज़ मोहम्मद फुज़ैल, हाफिज़ मोहम्मद फरहान व मदरसे के छात्रों का कुरआन पाक मुकम्मल होने पर इस्तक़बाल किया गया और इनामात से नवाज़ा गया। रविवार को मदरसे में महफिल दुआये तकमीले हिफ्ज़-उल-कुरआन में बच्चों को कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों ने मुबारकबाद पेश कर दुआओं से नवाज़ा। मौलाना कमाल उद्दीन अशरफी पेश इमाम ईदगाह की सदारत में किया गया कार्यक्रम। उलमाए इकराम ने नबी पाक की शान में नाते पाक पेश की।

इस मौके पर फिरोजाबाद से तशरीफ़ लाए मौलाना इरफान मिस्बाही सहित मौलाना जाहिद रज़ा, मौलाना वाजिद निसार हाफिज मोहम्मद अहमद हाफिज फैजान चिश्ती कारी वासिल रज़ा हाजी मुईनुद्दीन मंसूरी हाफिज़ अरशद व कारी शहबाज अनबर क़ादरी रौनक इटावी आदि लोग मौजूद रहे।

जलसे को खिताब करते हुए उलेमाओं ने कहा कि मुसलमान अपने दीन व कुरआन से दूर हो रहा है इसलिए आज मुसलमान परेशान हैं और जिस दिन मुसलमान कुरान शरीफ को पढ़ने लगेगा और कुरआन शरीफ से ईल्म सीख लेगा वह हर मुसीबत व परेशानियों से मुक्ति पा लेगा कुरान शरीफ अल्ल्लाह तआला की मुकद्दस किताब है जिसके ज़रिये अल्ल्लाह और रसुल ने सब कुछ हमे अता कर दिया उन्होंने कहा कि मुसलमानो कुरआन शरीफ को पढ़ो और समझो तभी तुम परेशानियों से छुटकारा पा सकते हो।

## केएमयू ने मनाई महर्षि दयानंद सरस्वती की 201वीं जयंती

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** महर्षि दयानंद सरस्वती की 201वीं जयंती केएम विश्वविद्यालय में मनाई गई। विवि में आयोजित कार्यक्रम में दयानन्द सरस्वती के विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम की शुरूआत विवि के लेक्चर थियेटर में हुई, यहां विवि के वाइस चांसलर डा. डीडी गुप्ता, प्रो. वाइस चांसलर डा. शरद अग्रवाल, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, परीक्षा नियंत्रक मनोज ओझा, डीन डॉ धर्मराज, प्रशासनिक अधिकारी हरिओम रावत ने स्वामी दयानंद सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया।

वाइस चांसलर डा. डीडी गुप्ता ने कहा कि स्वामीजी ने मूर्तिपूजा और कर्मकांडों का खंडन तथा वैदिक विचारधाराओं को पुनर्जीवित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया, साथ ही उन्होंने बाल विवाह और सती प्रथा जैसी कुरीतियों का विरोध कर समाज को जागरूक किया। प्रो वीसी डा. शरद अग्रवाल ने कहा स्वामी दयानंद सरस्वती ने हमेशा इस बात पर जोर दिया कि संसार का संपूर्ण ज्ञान वेदों में निहित है, वेद ही नैतिकता का पाठ पढ़ा सकते हैं और शिक्षा दे सकते हैं, इसलिए उन्होंने वेदों की ओर लौटने की बात भी कही थी। आज दुनिया वेदों में निहित ज्ञान को स्वीकार कर रही है।

विवि के कुलसचिव पूरन सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा महर्षि दयानंद ने धर्म के नाम पर पाखंड का विरोध किया। उन्होंने वेदों का रास्ता दिखाया और समाज में विभिन्न प्रकार की कुरीतियों का विरोध किया।

## बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर की जिलाधिकारी ली बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में चंपा अग्रवाल इंटर कालेज के सभागार में उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा वर्ष 2024 के संबंध में समस्त 127 केंद्रों के व्यवस्थापकों के साथ बैठक हुई संपन्न। बोर्ड परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों के साथ समीक्षा बैठक में परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे, स्ट्रांग रूम, क्लॉक रूम, कंट्रोल रूम आदि की व्यवस्था पूर्व में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी का निर्वाहन करे।यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 के दृष्टिगत चंपा इंटर कालेज में सभी (127) केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक बुलाई गई, जिसमें केंद्र व्यवस्थापकों को प्रश्न पत्रों को जिम्मेदारी के साथ रखने के साथ साथ सीसीटीवी कैमरा लगाकर स्ट्रांग रूम तैयार करने व आवंटित छात्र-छात्राओं की संख्या के हिसाब से फर्नीचर की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया। श्री सिंह ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा को शांतिपूर्ण, शुचितापूर्ण और पारदर्शितापूर्वक संपन्न करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि समस्त परीक्षाएं नकल विहीन व समयबद्ध रूप से संपन्न हो। यूपी बोर्ड परीक्षा में हाई स्कूल तथा इंटर के (76436) हजार परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। साथ ही (127) परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। इस बोर्ड परीक्षा में हाई स्कूल के 37908 तथा इंटर के 38528 विद्यार्थी इस बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे। रीक्षा की निरंतर निगरानी हेतु फ्लाइंग स्कॉट द्वारा निरीक्षण किया जाए। पेपर/कॉपियां/प्रश्न पत्र समय से सेंटर पर पहुंचाने की कार्यवाही की जाए। बोर्ड परीक्षा के समस्त मानकों का शत प्रतिशत अनुपालन करना एवं कराना सुनिश्चित करें। बोर्ड परीक्षा के समस्त नियमों की जानकारी के बारे में पूर्व में ही जानकारी ले ले। पुलिस अधीक्षक नगर को निर्देश दिए कि पुलिस बल की केंद्रों के अनुसार ड्यूटी लगा दी जाए। पुलिस ड्यूटी का रोस्टर सभी को उपलब्ध कराया जाए। डीआईओएस को निर्देश दिए की कंट्रोल रूम से नियमित निगरानी रखी जाए तथा कंट्रोल रूम में 24 घंटे ड्यूटी लगाई जाए। डीआईओएस बोर्ड परीक्षा के सर्कुलर को सभी व्यवस्थापकों को भेजे, जिसका सभी लोग गहंता से अध्यन करले।

## पानी की बोतल बेचने वाले पर छह हजार जुर्माना

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** मथुरा जंक्शन में रेल यात्री से पानी की बोतल पर पांच रुपये ज्यादा वसूल करना स्टॉल संचालक को भारी पड़ गया। रेल यात्री ने मामले की शिकायत ऑनलाइन दर्ज कराई। जांच के बाद अधिकारियों ने स्टॉल संचालक पर छह हजार रुपये का जुर्माने लगाया है।रेलवे जंक्शन स्टेशन पर आने वाले यात्रियों से खाने-पीने के सामान पर निर्धारित रेट से ज्यादा कीमत पर बेचना अमर फूड प्रोडक्ट के संचालक को काफी महंगा पड़ गया। स्टॉल संचालक ने रेल यात्री से रेल नीर पानी की बोतल पर पांच रुपये की अतिरिक्त कमाई की, लेकिन इसके एवज में उसे छह हजार का जुर्माना झेलना पड़ा है। मामला जंक्शन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4-5 का है। बताया गया कि पांच रुपये की ओवर चार्जिंग करने से नाराज रेल यात्री ने मामले की शिकायत अधिकारियों से की। अधिकारियों ने गोपनीय तरीके से मामले की जांच करवाई। जांच में शिकायत सही मिली। इसके बाद स्टॉल संचालक पर छह हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। रेलवे अधिकारियों ने सभी स्टॉल संचालकों को निर्देशित किया है कि वे रेल यात्रियों को सामान निर्धारित कीमत पर ही बेचें।

## सीएम डेशबोर्ड रैंकिंग में जनपद एटा को मिला तीसरा स्थान

**अवधनामा संवाददाता**

**एटा।** मुख्यमंत्री कार्यालय से सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से हुई समीक्षा में जनपद एटा शीर्ष पांच में शामिल हुआ है, शासन द्वारा जनवरी 2024 माह की जारी की गई रैकिंग में जनपद को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है, वहीं मण्डल में जनपद प्रथम स्थान पर है। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने जनपद के शीर्ष पांच में शामिल होने एवं जनपद को प्रदेशभर में तीसरी रैंक प्राप्त होने पर जनपद की पूरी टीम को बधाई देते हुए इसी प्रकार से आगामी समय में कार्य करने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने कहा कि शीर्ष पांच में शामिल होना जनपद के लिए गौरव की बात है, हम सभी को इस रैकिंग को आगामी समय में भी कायम रखना है। सभी टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जनपद के विकास में अपना सक्रिय योगदान दें।

डीएम ने कहा कि यह रैंकिंग जनपद में कार्यरत सभी अधिकारियों, कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम हैं। इसके लिए सुबह मुख्य विकास अधिकारी आदि द्वारा विकास कार्यक्रमों की प्रतिदिन प्रातः 09 बजे से 10 बजे तक वीडियो कॉन्फ्रेसिंग की जाती है, जिसमें जिला विकास अधिकारी, डीसी मनरेगा, डीसी एनआरएलएम, डीपीआरओ, बीएसए, डीसी डीआईसी सहित सभी खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत, पंचायत सचिव आदि द्वारा प्रतिभाग किया जाता है। प्रातः प्रतिदिन आयोजित होने वाली वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में ग्राम निधि, पंचायती राज, स्वच्छ भारत मिशन, ऑपरेशन कायाकल्प, मनरेगा, गौशाला, पैंशन, सामूहिक विवाह, पीएम विश्वकर्मा योजनाा, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्वयं सहायता समूह आदि विभिन्न प्रकार की योजनाओं की समीक्षा की जाती है।



इसके अलावा प्रतिदिन शाम 06 बजे पोषाहार वितरण, टीकाकरण एवं 07 बजे से निर्वाचन से जुड़े महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर समस्त ईआरओ, एईआरओ, सुपरवाईजर आदि के साथ एवं शाम 07:30 बजे से राजस्व विभाग से जुड़े पैमाईश प्रकरण, कोर्ट केस प्रकरण, पीएम किसान सम्मान निधि, ईखसरा पड़ताल सर्वे कार्य, प्रमाण पत्रों का निस्तारण, खसरा, खतौनी सहित अन्य समस्यात्मक प्रकरणों के संबंध में उप जिलाधिकारियों, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल आदि के साथ अपर जिलाधिकारी प्रशासन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग की जाती है। इसके साथ ही जिन विभागों की प्रगति शासन की अपेक्षानुसार ठीक नहीं होती है, उनको समय के अनुसार वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जोड़कर समीक्षा की जाती है।

जिलाधिकारी के नेतृत्व में जिले में चार प्रकार से हो रही प्रतिदिन समीक्षा के अच्छे परिणाम मिले हैं। इसके साथ ही प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12 बजे तक जनपद के सभी जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा अपने कार्यालय में नियमित रूप से जनसुनवाई कर जनता की समस्याओं को सुनकर प्रभावी ढंग से शासन की मंशानुसार गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा रहा है। इसके साथ ही शिकायतकर्ता को निस्तारण के संबंध में अवगत कराते हुए उसे संतुष्ट करने का पुरूजोर प्रयास किए जा रहे हैं। बताते चलें कि नवम्बर 2023 में जनपद एटा को तृतीय स्थान मिल चुका है, इसके बाद दिसम्बर माह में जनपद की रैंक 14 थी, जिसके उपरान्त जिन विभागों की प्रगति के कारण जनपद की रैंक में गिरावट आई थी, उन विभागों की समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा नियमित रूप से की गई एवं कार्य प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

# क्या है सर्वाइलकल कैंसर



सर्वाइलकल कैंसर के बारे में बताते हुए डॉ. मीनू वालिया कहती हैं कि सर्वाइकल कैंसर वह कैंसर है, जो गर्भाशय ग्रीवा (गर्भाशय के मुंह) से शुरू होता है। यह दुनिया भर में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है। यह कैंसर पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) नामक वायरस के संक्रमण के कारण होता है। दुनिया भर में सर्वाइकल के 25 फीसदी मामले और मौतें भारत में ही होती हैं। लगभग हर 47 मिनट में एक महिला को सर्वाइकल कैंसर का पता चलता है और भारत में हर 8 मिनट में एक महिला की इससे मौत होती है। हालांकि, सर्वाइकल कैंसर को रोका जा सकता है। कैंसर इन दिनों तेजी से फैलने वाली एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है। खराब जीवनशैली और खानपान में लापरवाही की वजह से लोग लगातार इस गंभीर समस्या के शिकार होते जा रहे हैं। खासकर महिलाओं में इन दिनों यह समस्या बढ़ती जा रही है। दुनियाभर में कई महिलाएं सर्वाइकल कैंसर से जूझ रही हैं। ऐसे में जरूरी है कि इसे लेकर सभी को जागरूक किया जाए। सर्वाइकल कैंसर को लेकर लोगों में जागरुकता फैलाने के मकसद से ही हर साल जनवरी को सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस मंथ के रूप में मनाया जाता है। इस कैंसर के बारे में विस्तार से जानने से के लिए हमने पटपड़गंज के मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की वरिष्ठ निदेशक, मेडिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. मीनू वालिया से बात की।

## सर्वाइकल कैंसर के कारण

ह्यूमन पैपिलोमा वायरस
आनुवंशिकता
धूम्रपान
पर्सनल हाइजीन की कमी
कुपोषण
असुरक्षित यौन संबंध
एक से ज्यादा यौन साथी
सर्वाइकल कैंसर शुरुआती संकेत
बार-बार यूरिन आना
सफेद पदार्थ का निकलना
सीने में जलन और लूज मोशन
पीरियड्स अनियमित हो जाना
भूख न लगना या बहुत कम खाना
बहुत अधिक थकान महसूस करना
पेट के निचले हिस्से में दर्द या सूजन
अक्सर हल्का बुखार और सुस्ती रहना
शारीरिक संबंध के बाद खून निकलना
पीरियड्स में सामान्य से ज्यादा खून निकलना

## ऐसे करें सर्वाइलकल कैंसर की रोकथाम

सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम किशोरावस्था में ही शुरू हो जाती है। महिलाओं में इस संक्रमण को रोकने के लिए एचपीवी टीके काफी सहायक साबित होते हैं। इसके अलावा नियमित रूप से स्मीयर टेस्ट के जरिए भी इस गंभीर बीमारी को रोका जा सकता है। साथ ही सही समय पर टीकाकरण और स्वस्थ जीवनशैली भी कैंसर के कारकों के रोकने में सहायक है। इन सबके अलावा कुछ अन्य चीजों के जरिए भी आप इस गंभीर समस्या से खुद को बचा सकते हैं। इन आदतों को अपनाकर आप सर्वाइकल कैंसर को खतरे को कम कर सकते हैं-

धूम्रपान से दूरी बनाएं
स्वस्थ आहार का सेवन
सुरक्षित यौन संबंध
यौन साथियों की संख्या कम करें
पर्सनल हाइजीन का ध्यान रखें



एचपीवी वायरस के खिलाफ टीकाकरण

## रात में खाने से पहले पानी में मिलाकर पिएं ये चीज

आजकल हर चौथा व्यक्ति मोटापे से परेशान हैं। यह समस्या शरीर में अतिरिक्त फैट जमा होने से होती है। शरीर में फैट यानी वसा जमा होने के कई कारण हैं। इनमें खराब दिनचर्या, गलत खानपान, जंक फ़ूड का अत्यधिक सेवन, तनाव और अत्यधिक आराम हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो अत्यधिक जंक फूड के सेवन से एक्स्ट्रा कैलोरी गेन होती है। इसके समानुपात में कैलोरी बर्न न करने की वजह से मोटापे की समस्या होती है। हालांकि, यह एक आनुवांशिकी बीमारी भी है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी चलती रहती है। इसके लिए अपनी लाइफस्टाइल और डाइट में विशेष सुधार करें। साथ ही रोजाना एक्सरसाइज करें और जंक फूड से परहेज करें। इसके अलावा, बढ़ते वजन को कंट्रोल करने के लिए रोजाना रात में खाना खाने से पहले सेब के सिरके का सेवन जरूर करें। इसके सेवन से बढ़ते वजन को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। कई शोधों में दावा किया गया है कि सेब के सिरके के सेवन से बढ़ते वजन को आसानी से कंट्रोल किया जा सकता है।

सेब का सिरका

हेल्थ एक्सपर्ट्स सेहतमंद रहने के लिए रोजाना एक सेब खाने की सलाह देते हैं। सेब में गुणकारी पोषक तत्व आयरन, मैग्नीशियम, पोटैशियम, कैल्शियम, सेलेनियम सोडियम, फास्फोरस, जिंक, मैग्नीज और कॉपर पाए जाते हैं। आयरन से एनीमिया का खतरा कम होता है और पोटेशियम से उच्च रक्तचाप कंट्रोल में रहता है। वहीं, अन्य आवश्यक पोषक तत्व विभिन्न प्रकार की बीमारियों में फायदेमंद होते हैं। इसके अलावा, सेब का सिरका भी सेहत के लिए वरदान साबित होता है। इसके सेवन से मोटापा, मधुमेह और उच्च रक्तचाप में फायदा मिलता है। साथ ही इम्यून सिस्टम भी मजबूत होता है। जानकारों की मानें तो रोजाना सेब के सिरके के सेवन से बढ़ते वजन को आसानी से कंट्रोल किया जा सकता है।

कैसे करें सेवन

अगर आप तेजी से वजन घटाना चाहते हैं, तो सेब के सिरके का सेवन कर सकते हैं। इसके लिए रोजाना रात में खाने से पहले एक गिलास गुनगुने गर्म पानी में एक चम्मच सेब का सिरका मिलाकर पिएं। इसके सेवन से बढ़ते वजन को कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

# पीठ का रखना है पर्याप्त ख्याल तो घर पर ही बनाएं बैक स्क्रब



आमतौर पर, लोग अपने फेस का तो पूरी तरह से ख्याल रखते हैं। ज्यादा से ज्यादा वह अपने हाथों व पैरों को भी पैम्पर करते हैं। लेकिन पीठ की तरफ उनका ध्यान कम ही जाता है। दरअसल, पीठ तक उनका हाथ आसानी से नहीं जाता और इसलिए वह उसे अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसे में पीठ पर डेड स्किन सेल्स जमा हो जाते हैं। हालांकि, अगर आप अपनी स्किन के अन्य पार्ट्स की तरह अपनी पीठ का भी पर्याप्त ख्याल रखना चाहते हैं तो ऐसे में घर पर ही बैक स्क्रब बनाया जा सकता है। तो चलिए आज हम आपको कुछ सामग्री की मदद से बैक स्क्रब बनाने के तरीके के बारे में बता रहे हैं-

ओटमील और कॉफी की मदद से भी एक बैक स्क्रब तैयार किया जा सकता है। इसके लिए आप पहले ओटमील को दरदरा पीस लें। अब आप दो कप ओटमील, कॉफी ग्राइंडस और ब्राउन शुगर लेकर मिक्स कर लें। अब, इसमें कुछ चम्मच शहद और जैतून का तेल मिलाएं। अब आप पीठ पर मौजूद डेड स्किन सेल्स को हटाने के लिए इस स्क्रब का इस्तेमाल कर सकते हैं। पपीते की मदद से भी एक बेहतरीन बैक स्क्रब बनाया जा सकता है। इसके लिए आपको 1/2 कप समुद्री नमक, 1/2 कप चीनी, 1/4 कप सूरजमुखी तेल, नींबू का रस, 2 बड़े चम्मच शुद्ध पपीता और कुछ बूंदे एसेंशियल ऑयल की जरूरत होगी। आप एक बाउल में इन सभी सामग्री को मिक्स करे। इसके बाद, आप नहाते समय इस होममेड स्क्रब की मदद से अपनी बैक को एक्सफोलिएट कर सकते हैं। इस बैक स्क्रब को तैयार करने के लिए एप्सम सॉल्ट में थोड़ा नींबू का रस और जैतून के तेल की कुछ बूंदों को मिलाएं। आप बैक स्क्रब बनकर तैयार है। इसे अपनी पीठ पर लगाएं और बेहद हल्के हाथ से रगड़ें। यह डेड स्किन सेल्स को रिमूव करने के साथ-साथ आपकी बैक की रंगत को निखारने में मदद करेगा। आप चाहें तो इस बैक स्क्रब में कुछ हर्ब्स जैसे लैवेंडर, थाइम या रोज़मेरी भी मिला सकते हैं। सी-सॉल्ट और जैतून के तेल की मदद से एक बैक स्क्रब बनाया जा सकता है। इसके लिए आप 1 कप सी सॉल्ट लें और उसमें आधा कप जैतून का तेल डालकर मिक्स करें। अंत में, आप इसमें एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदे मिक्स करें। अब आप अपनी बैक को स्क्रब करने के लिए इस पेस्ट का इस्तेमाल करें। आप हल्के हाथों से बैक की मसाज करते हुए स्क्रब करें।

## करें शहद का प्रयोग



शहद में प्राकृतिक एंटीसेप्टिक गुण होते हैं जो घाव भरने और निशानों को मिटाने में मदद करते हैं। ऐसे में अगर आप अपनी स्किन पर किसी तरह के निशान को हल्का करना चाहते हैं तो ऐसे में शहद के इस्तेमाल से वह धीरे-धीरे मिटने लगते हैं। आप एक्ने के दाग-धब्बों को मिटाने के लिए शहद का इस्तेमाल स्पॉट ट्रीटमेंट के रूप में कर सकते हैं। जब भी स्किन केयर की बात होती है तो हम नेचुरल आइटम्स पर अधिक फोकस करना पसंद करते हैं। इनसे स्किन को किसी भी तरह के नुकसान होने की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है।

वहीं, दूसरी ओर यह नेचुरल इंग्रीडिएंट्स हर तरह की स्किन के लिए अच्छे माने जाते हैं। इन्हीं स्किन केयर इंग्रीडिएंट्स में से एक है शहद। शहद को लंबे समय से कभी स्किन केयर पैक तो कभी यूं ही इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसमें गजब के मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं, जो आपकी स्किन को अधिक स्वस्थ और बेहतर बनाते हैं। अगर आप अपनी स्किन को नेचुरली हेल्दी व ग्लोइंग बनाना चाहती हैं तो इसके लिए शहद से अधिक बेहतर उपाय और कोई नहीं है। शहद में त्वचा को चमकदार बनाने के गुण होते हैं और यह उपयोग के बाद यह आपके फेस पर चमक के साथ-साथ नमी भी बनाए रखता है। रूखी स्किन की महिलाएं तो इसे इस्तेमाल करती हैं ही, साथ ही साथ यह ऑयली, एक्ने और अन्य स्किन के लिए भी उतनी ही फायदेमंद है।

अगर आप अपनी स्किन को अधिक लंबे समय तक जवां-जवां बनाए रखना चाहती हैं तो ऐसे में शहद का इस्तेमाल करना एक अच्छा विचार हो सकता है। शहद में मौजूद प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो उम्र बढ़ने के संकेतों को कम करने में मदद करते हैं। शहद चेहरे पर झुर्रियों और महीन रेखाओं की उपस्थिति को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। इतना ही नहीं, शहद को चेहरे पर लगाने से स्किन की इलास्टिसिटी बेहतर होती है, जिससे वह जवां और चमकदार दिखती है। आप हर सप्ताह शहद का मास्क लगा सकती हैं और अपनी स्किन को अधिक यंगर बना सकती हैं। अगर आपकी स्किन पूरे दिन धूप में रहने के कारण डैमेज हो रही है तो ऐसे में शहद आपकी मदद कर सकता है। धूप से झुलसी त्वचा के कारण स्किन में रेडनेस, सूखापन और जलन महसूस होती है। ऐसे में अपनी स्किन को ठंडक प्रदान करने के लिए आप एक भाग कच्चे शहद को दो भाग एलोवेरा जेल के साथ मिक्स करें और सीधे प्रभावित जगह पर लगाएं। याद रखें कि आप मिश्रण को रगड़ें नहीं, बल्कि इसकी लेयर लगाकर ऐसे ही छोड़ दें। यह उपाय ना केवल सनबर्न से राहत दिलाएगा, बल्कि आपकी स्किन के रंग-रूप में भी सुधार करने में मदद करेगा।

# जन्म से दिल से जुड़ी कई समस्याओं का शिकार



किसी भी बच्चे के जन्म के समय उसके हार्ट में किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी होने पर इस स्थिति को कॉन्जेनिटल हार्ट डिजीज कहा जाता है। इस बीमारी से पीड़ित बच्चे के दिल की बाहरी परत यानी दीवार, हार्ट वाल्व और ब्लड वैसल्स ज्यादा प्रभावित होते हैं। इस बीमारी की वजह से शरीर में रक्त प्रवाह सही तरीके से नहीं हो पाता है, जिसकी वजह से दिल में ब्लॉकेज की समस्या भी होने लगती है। कई गंभीर मामलों में तो इस बीमारी से पीड़ित बच्चे की जान तक चली जाती है। ऐसे में सही समय पर इस बीमारी पहचान कर उचित इलाज से इससे बचा जा सकता है। खराब जीवनशैली की वजह से तो इन दिनों की तरह की समस्याएं लगातार लोगों को अपनी चपेट में लेती जा रही हैं। लेकिन कुछ बीमारियां या समस्याएं ऐसी भी होती हैं, जो बचपन से जन्म से ही हमें जकड़ लेती हैं। कॉन्जेनिटल हार्ट डिजीज ऐसी ही एक समस्या है, जो जन्म के साथ ही बच्चे को हो जाती है। दिल हमारे शरीर का एक जरूरी अंग होता है। ऐसे में जन्म के साथ ही दिल से जुड़ी इस बीमारी के होने का मतलब है कि बच्चा जन्म से कई दिल से जुड़ी कई समस्याओं का शिकार है। आसाना भाषा में समझें तो जन्म के दौरान जब बच्चे का दिल सामान्य से अलग होता है, तो उसे कॉन्जेनिटल हार्ट डिजीज कहा जाता है। हालांकि, इस बीमारी के लक्षण सामान्य तौर पर बड़े होने पर ही दिखाई देते हैं। किसी भी बच्चे के जन्म के समय उसके हार्ट में किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी होने पर इस स्थिति को कॉन्जेनिटल हार्ट डिजीज कहा जाता है। इस बीमारी से पीड़ित बच्चे के दिल की बाहरी परत यानी दीवार, हार्ट वाल्व और ब्लड वैसल्स ज्यादा प्रभावित होते हैं। इस बीमारी की वजह से शरीर में रक्त प्रवाह सही तरीके से नहीं हो पाता है, जिसकी वजह से दिल में ब्लॉकेज की समस्या भी होने लगती है। कई गंभीर मामलों में तो इस बीमारी से पीड़ित बच्चे की जान तक चली जाती है। ऐसे में सही समय पर इस बीमारी पहचान कर उचित इलाज से इससे बचा जा सकता है। कई कारणों के चलते कॉन्जेनिटल हार्ट डिजीज जैसी समस्या हो सकती है। खासतौर पर दिल के विकास के दौरान हार्ट से जुड़ी किसी समस्या की वजह से यह बीमारी हो सकती है। इसके अलावा अन्य कई कारणों से भी जन्म के समय यह बीमारी हो सकती है। इसके प्रमुख कारणों में से कुछ निम्न हैं-

हार्ट डिजीज से जुड़ी कोई फेलिमी हिस्ट्री
गर्भावस्था के दौरान कुछ दवाओं की वजह से भी यह बीमार हो सकती है।
प्रेग्नेंसी के समय शराब या ड्रग्स आदि का सेवन
गर्भावस्था के दौरान वायरल संक्रमण हो जाना
शरीर में ब्लड शुगर लेवल का अधिक होना

## कॉन्जेनिटल हार्ट डिजीज के लक्षण

आमतौर पर प्रेग्नेंसी के दौरान ही अल्ट्रासाउंड के जरिए कॉन्जेनिटल हार्ट डिजीज के बारे में पता लगाया जा सकता है। लेकिन कुछ अन्य लक्षण या संकेत भी हैं, जिससे आप इस बीमारी का पता लगा सकते हैं।

दिल की धड़कन का तेज या अनियमित होना।
तेजी से सांस लेना
त्वचा का रंग नीला हो जाना
सांस फूलना या सांस लेने में परेशानी
दूध पीते समय बच्चे को थकान या सांस तेज होना। शरीर के अंगों में सूजन
चक्कर आना
बच्चे के वजन में कमी होना

## सुबह पिएं दालचीनी का पानी

डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है, जो एक बार लग जाने के बाद ज़िंदगी भर साथ रहती है। यह बीमारी रक्त में शर्करा स्तर बढ़ने से होती है। वहीं, डायबिटीज के मरीजों के अग्नाशय से इंसुलिन हार्मोन निकलना बंद हो जाता है। डायबिटीज दो प्रकार के हैं। इनमें टाइप 2 डायबिटीज अधिक खतरनाक है। हेल्थ एक्सपर्ट्स हमेशा डायबिटीज के मरीजों को चीनी और चीनी से निर्मित चीजों से परहेज करने की सलाह देते हैं। साथ ही रोजाना संतुलित आहार लेने और एक्सरसाइज करने के लिए भी कहते हैं। अगर आप भी डायबिटीज के मरीज हैं और बढ़ते ब्लड शुगर को कंट्रोल करना चाहते हैं, तो दालचीनी का सेवन कर सकते हैं। कई शोधों में साबित हो चुका है कि दालचीनी में एंटी डायबिटिक के गुण पाए जाते हैं। इसके सेवन से बढ़ते शुगर को कंट्रोल करने में मददद मिलती है।

## दालचीनी

आयुर्वेद में दालचीनी को औषधि का दर्जा दिया गया है। इसमें आवश्यक पोषक तत्व प्रोटीन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, जिंक, विटामिन, नियासिन, थायमिन, लाइकोपीन, आयरन, फास्फोरस, मैंगनीज, कॉपर, कार्बोहाइड्रेट, एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटी-बैक्टीरियल और एंटीफंगल पाए जाते हैं, जो विभिन्न प्रकार की बीमारियों के बचाव में फायदेमंद होते हैं। मैग्नीशियम रिच फूड्स खाने से इम्यून सिस्टम और मसल्स मजबूत होता है। साथ ही शुगर कंट्रोल करने में मददगार साबित होता है। इसके लिए दालचीनी का सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा, बढ़ते वजन को कंट्रोल करने में भी मदद मिलती है।

## कैसे करें सेवन

इसके लिए रोजाना सुबह 3 कप पानी में एक चम्मच दालचीनी पाउडर को मिलाकर अच्छी तरह से उबालें। आप 10 मिनट तक पानी को उबाल ले सकते हैं। इसके बाद गैस स्टोव को बंद कर पानी को ठंडा होने दें। जब मिश्रण ठंडा हो जाए। फिर दालचीनी युक्त पानी का सेवन करें। नियमित रूप से दालचीनी का पानी पीने से बढ़ते शुगर को आसानी से कंट्रोल किया जा सकता है।

# जानें क्या है इंडियन पीनल कोड और क्रिमिनल प्रोसीजर कोड के बीच अंतर



प्रत्येक देश का संविधान व्यवस्था बनाए रखने और समाज को अपराधों से बचाने के उद्देश्य से कुछ कानून लागू करता है। इन कानूनों को मोटे तौर पर दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है - सिविल कानून और आपराधिक कानून। सिविल कानून पारिवारिक विवाद, किराया, मामले, बिक्री से संबंधित विवाद आदि जैसे विवादों को हल करने पर जोर देता है। दूसरी ओर आपराधिक कानून उस अपराधी को सजा देने पर जोर देता है, जो हत्या, बलात्कार, चोरी, तस्करी आदि जैसे कृत्यों द्वारा कानून का उल्लंघन करता है। इस प्रकार, भारतीय दंड संहिता एक मूल कानून है जो भारत में दंडनीय विभिन्न अपराधों को परिभाषित करता है और उस अपराध के लिए सजा निर्धारित करता है।

दूसरी ओर सीआरपीसी, जैसा कि नाम से पता चलता है, एक प्रक्रियात्मक कानून है। यह उस प्रक्रिया को निर्धारित करता है जिसका किसी मामले को आगे बढ़ाते समय अनिवार्य रूप से पालन किया जाना चाहिए। ष्ट्ह्र्.क्क.ष्ट पुलिस द्वारा अपना कर्तव्य निभाते समय अपनाई जाने वाली प्रक्रिया, जैसे स्न.ढ्ढ.क्र दर्ज करना; जांच, आरोप पत्र दाखिल करना आदि। सीआरपीसी का उद्देश्य अपराधियों को गिरफ्तार करने और मामलों की जांच करने, अपराधियों को अदालतों के सामने पेश करने, सबूत इकट्ठा करने के लिए आवश्यक मशीनरी स्थापित करके देश में आपराधिक कानून लागू करने के लिए उचित तंत्र प्रदान करना है। संक्षेप में, यह जांच मुकदमे, जमानत, पूछताछ गिरफ्तारी आदि की पूरी प्रक्रिया का वर्णन करता है।

## भारतीय दंड संहिता 1860 क्या है

भारतीय दंड संहिता, जिसे सबसे लोकप्रिय रूप से आई.पी.सी. कहा जाता है, की स्थापना वर्ष 1860 में की गई थी। इसे भारत की मुख्य आपराधिक संहिता भी माना जाता है जो आपराधिक कानून के सभी महत्वपूर्ण तत्वों को शामिल करती है। ढ्ढ.क्क.ष्ट की उत्पत्ति 1834 में हुई जब पहले कानून आयोग ने इसकी स्थापना की सिफारिश की थी। इसे भारत की सामान्य दंड संहिता भी कहा जाता है और इसका विस्तार संपूर्ण भारत में है। इसमें कुल तेईस अध्याय और कुल मिलाकर 511 खंड शामिल हैं। अब तक इसमें 75 से अधिक बार संशोधन किया जा चुका है। भारतीय दंड संहिता ऐसे कानून बनाती है जो अपराधों और उनकी सजाओं को परिभाषित करते हैं। यह भारत के सभी नागरिकों और भारतीय क्षेत्र के भीतर अन्य व्यक्तियों पर लागू होता है। इसमें चोरी, धोखाधड़ी, हमला, हत्या और अन्य अपराधों सहित अपराधों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। आईपीसी को पुलिस और अदालतों द्वारा लागू किया जाता है।

## दंड प्रक्रिया संहिता 1973 क्या है

1973 में अधिनियमित, आपराधिक प्रक्रिया संहिता पहली बार 1974 में लागू हुई। आपराधिक प्रक्रिया संहिता को उस मशीनरी के रूप में वर्णित किया जा सकता है जो मुख्य आपराधिक कानून यानी आई.पी.सी. के लिए एक तंत्र प्रदान करती है। इसमें निम्नलिखित के लिए प्रक्रिया का विवरण दिया गया है

- अपराध की जांच
- संदिग्धों का इलाज
- साक्ष्य संग्रहण प्रक्रिया

इसके अलावा Cr.P.C अपराध की रोकथाम, पारिवारिक भरण-पोषण, सार्वजनिक उपद्रव आदि से भी संबंधित है। दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 में 17 से अधिक संशोधन हुए हैं। सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय, विभिन्न स्तर के मजिस्ट्रेट और पुलिस कानून लागू करने वाले निकाय हैं जो दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 के तहत कार्य करते हैं। आपराधिक प्रक्रिया संहिता अपराधों की जांच, मुकदमा चलाने और समाधान के लिए प्रक्रियाओं और दिशानिर्देशों को परिभाषित करती है। इसमें आरोपी व्यक्तियों की गिरफ्तारी, जमानत और हिरासत के साथ-साथ पीड़ित और गवाह के अधिकारों से संबंधित प्रावधान भी शामिल हैं। सीआरपीसी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आपराधिक जांच और मुकदमे निष्पक्ष रूप से और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुसार आयोजित किए जाएं।

भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के बीच मुख्य अंतर

अपराध और उनके दंड को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में परिभाषित किया गया है, जो भारत में मुख्य आपराधिक संहिता है। आईपीसी के तहत आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) अपराधों की जांच, अभियोजन और मुकदमे की प्रक्रिया स्थापित करती है। परिणामस्वरूप, आईपीसी यह रेखांकित करता है कि कौन से कार्य आपराधिक अपराध बनते हैं, जबकि सीआरपीसी निर्दिष्ट करता है कि ऐसे अपराधों की जांच कैसे की जानी चाहिए। सीआरपीसी के बिना आपराधिक न्याय प्रणाली आईपीसी के प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू करने में असमर्थ होगी। इस प्रकार आईपीसी और सीआरपीसी दोनों भारत में कानून और व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रत्येक देश का संविधान व्यवस्था बनाए रखने और समाज को अपराधों से बचाने के उद्देश्य से कुछ कानून लागू करता है। इन कानूनों को मोटे तौर पर दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है - सिविल कानून और आपराधिक कानून। सिविल कानून पारिवारिक विवाद, किराया, मामले, बिक्री से संबंधित विवाद आदि जैसे विवादों को हल करने पर जोर देता है। दूसरी ओर आपराधिक कानून उस अपराधी को सजा देने पर जोर देता है, जो हत्या, बलात्कार, चोरी, तस्करी आदि जैसे कृत्यों द्वारा कानून का उल्लंघन करता है। इस प्रकार, भारतीय दंड संहिता एक मूल कानून है जो भारत में दंडनीय विभिन्न अपराधों को परिभाषित करता है और उस अपराध के लिए सजा निर्धारित करता है। दूसरी ओर सीआरपीसी, जैसा कि नाम से पता चलता है, एक प्रक्रियात्मक कानून है। यह उस प्रक्रिया को निर्धारित करता है जिसका किसी मामले को आगे बढ़ाते समय अनिवार्य रूप से पालन किया जाना चाहिए। Cr.P.C पुलिस द्वारा अपना कर्तव्य निभाते समय अपनाई जाने वाली प्रक्रिया, जैसे स्न.ढ्ढ.क्र दर्ज करना; जांच, आरोप पत्र दाखिल करना आदि। सीआरपीसी का उद्देश्य अपराधियों को गिरफ्तार करने और मामलों की जांच करने, अपराधियों को अदालतों के सामने पेश करने, सबूत इकट्ठा करने के लिए आवश्यक मशीनरी स्थापित करके देश में आपराधिक कानून लागू करने के लिए उचित तंत्र प्रदान करना है। संक्षेप में, यह जांच मुकदमे, जमानत, पूछताछ गिरफ्तारी आदि की पूरी प्रक्रिया का वर्णन करता है।

# ‘पड़ोसी देशों की मदद के लिए हमेशा खड़ा रहेगा भारत’

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज (12 फरवरी) श्रीलंका और मॉरीशस में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डिजिटल भुगतान प्रणाली यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) सेवाओं का शुभारंभ किया। पीएम मोदी के साथ इस दौरान श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ भी मौजूद थे।

पीएम मोदी ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, भारत में Digital Public Infrastructure से एक क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। हमारे छोटे से छोटे गांव में छोटे से छोटा व्यापारी भी डिजिटल पेमेंट्स कर रहा है क्योंकि इसमें सुविधा के साथ-साथ स्पीड भी है।

पीएम मोदी ने कहा, मुझे विश्वास है कि श्रीलंका और मॉरीशस के यूपीआई प्रणाली से जोड़ने से दोनों देशों को भी लाभ मिलेगा। मुझे खुशी है कि एशिया में नेपाल, भूटान, सिंगापुर और गल्फ में यूएई के बाद अब मॉरीशस से रूपे कार्ड की अफ्रीका में शुरुआत हो रही है। इससे मॉरीशस से भारत आने वाले लोगों को भी सुविधा होगी।




■ मोदी ने श्रीलंका, मॉरीशस में यूपीआई सेवाओं का किया शुभारंभ

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमने दिखाया है कि हर संकट की घड़ी में भारत लगातार अपने पड़ोसी मित्रों के साथ खड़ा रहता है। चाहे आपदा प्राकृतिक हो, हेल्थ संबंधी हो, अर्थव्यवस्था हो या अंतरराष्ट्रीय पटल पर साथ देने की बात हो। भारत प्रतिक्रिया करने वाला पहला देश रहा है और आगे भी रहेगा। उन्होंने आगे कहा, मुझे विश्वास है कि श्रीलंका और मॉरीशस के यूपीआई प्रणाली से जुड़ने से दोनों देशों को भी लाभ मिलेगा। मुझे खुशी है कि एशिया में नेपाल, भूटान, सिंगापुर और गल्फ में यूएई के बाद अब मॉरीशस से रूपे कार्ड की अफ्रीका में शुरुआत हो रही है। इससे मॉरीशस से भारत आने वाले लोगों को भी सुविधा होगी।

### मॉरीशस जाने वाले भारतीय को होगा फायदा

भारत से श्रीलंका और मॉरीशस में यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों और इन दोनों देशों से भारत आने वाले यात्रियों को इस कदम से डिजिटल लेनदेन करने में सुविधा होगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस पहल से बिना रुके डिजिटल लेनदेन के माध्यम से व्यापक वर्ग के लोगों को लाभ होगा और देशों के बीच डिजिटल कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

# रामबन के रामसू में देर रात घर में लगी आग, तीन बहनों की जिंदा जलकर मौत

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में रामबन जिले के रामसू इलाके में रविवार की देर रात एक हृदयविदारक घटना में तीन बहनों की जलकर मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक उखेराल के रामसू इलाके में कल देर रात एक घर में आग लग गई। इसी दौरान वहां सो रही तीन लड़कियां आग की चपेट में आ गईं। सूचना मिलने के तत्काल बाद पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। मृतकाओं की पहचान ताजनिहाल के अब्दुल लतीफ लोन की बेटियों सान्या लतीफ (9), सैका बानो (15) और बिस्मा बानो (18) के रूप में की गई है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। डेमोक्रेटिक आज़ाद प्रोग्रेसिव पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आज़ाद ने घटना में मृत तीन बहनों के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# सुप्रीम कोर्ट ठाकरे गुट की याचिका सूचीबद्ध करने को तैयार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शिवसेना के विभाजन विवाद को लेकर सोमवार को कहा कि वह महाराष्ट्र के स्पीकर के आदेश के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट की याचिका को सूचीबद्ध करेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, जून 2022 शिवसेना के विभाजन के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट को वास्तविक राजनीतिक दल घोषित करने के विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के आदेश को चुनौती देने वाली उद्धव ठाकरे गुट की याचिका को सूचीबद्ध करेगा। ठाकरे गुट की याचिका सोमवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी, लेकिन समय की कमी के कारण दिन में मामले पर सुनवाई नहीं हो सकी।

ठाकरे गुट की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस



जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ को बताया कि उन्हें (शिंदे गुट को) जवाब दाखिल करने दीजिए। नोटिस पहले जारी किया गया था। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, हम इसे सूचीबद्ध करेंगे।

इस बीच, शिंदे गुट की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे ने कहा कि क्योंकि इस मुद्दे पर एक याचिका बॉम्बे हाई कोर्ट में भी लंबित है, इसलिए दो अदालतों में एक साथ कार्यवाही नहीं चल सकती। इससे पहले, 5 फरवरी को चीफ जस्टिस के नेतृत्व वाली पीठ ने ठाकरे गुट की याचिका को सूचीबद्ध करने पर

■ महाराष्ट्र स्पीकर के आदेश को मिली है चुनौती

विचार करने पर सहमति जताई थी। शीर्ष कोर्ट ने 22 जनवरी को स्पीकर राहुल नार्वेकर के आदेश को चुनौती देने वाली ठाकरे गुट की याचिका पर मुख्यमंत्री शिंदे और उनके गुट के अन्य सांसदों को नोटिस जारी किया था।

**स्पीकर ने ठाकरे गुट की याचिका खारिज की थी :** उद्धव ठाकरे गुट ने आरोप लगाया है कि शिंदे ने असंवैधानिक रूप से सत्ता हथिया ली और वह महाराष्ट्र में असंवैधानिक सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। बता दें कि 10 जनवरी को पारित अपने आदेश में स्पीकर नार्वेकर ने शिंदे सहित सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने की ठाकरे गुट की याचिका को भी खारिज कर दिया था।

# बिहार में सियासी उठापटक के बीच पद से हटाए गए स्पीकर



**पटना।** बिहार में सियासी उठापटक के बीच विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी को पद से हटा दिया गया है। अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान में विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के खिलाफ 125 वोट पड़े, जबकि पक्ष में 112, जिसके चलते उन्हें पद से हटा दिया गया। बिहार की राजनीति के लिए आज का दिन बेहद अहम है, क्योंकि नीतीश सरकार को विधानसभा में बहुमत साबित करना है, उससे पहले पटना में सियासी उठापटक देखने को मिली है।

एक ओर बीजेपी-जेडीयू की ओर से पर्याप्त संख्या का दावा किया गया, वहीं दूसरी ओर आरजेडी की ओर से कहा गया कि बिहार में ऑपरेशन लोटस पर ऑपरेशन लालटेन भारी पड़ रहा है। बिहार विधानसभा में कुल 243 सीटें हैं। बहुमत का आंकड़ा 122 है, जबकि एनडीए के पास 128 विधानसभा सदस्य हैं। इनमें से भाजपा के पास 78 और जदयू के पास पास 45 सीटें, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के पास 4 सीटें और एक निर्दलीय विधायक भी साथ हैं। इसके विपरीत विपक्ष के पास 114 विधायक हैं, इसमें आरजेडी के 79, कांग्रेस के 19, सीपीआई (एमएल) के 12, सीपीआई (एम) के 2, सीपीआई के 2 विधायक हैं।

# महाराष्ट्र में मचने वाली है बड़ी सियासी हलचल!

## कांग्रेस के इन बड़े नेताओं पर है अन्य दलों की नजर

**मुंबई।** महाराष्ट्र कांग्रेस में मिलिंद देवड़ा के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने भी पार्टी का दामन छोड़ दिया है। इससे पहले कांग्रेस के कद्दावर नेता बाबा सिद्दीकी ने भी पार्टी से अलविदा कह दिया। जानकारी के मुताबिक कांग्रेस पार्टी में अभी और बड़ी भगदड़ मच सकती है। दरअसल पार्टी के भीतर तकरीबन 12 से ज्यादा बड़े नेता पार्टी आलाकमान से नाराज बताए जा रहे हैं। जानकारी यही मिल रही है कि अगले कुछ दिन के भीतर अगर विपक्षी दलों के साथ बातचीत बनती है, तो यह लोग भी कांग्रेस का दामन छोड़ सकते हैं। कई नेता तो कांग्रेस के विधायक भी हैं। दरअसल पार्टी के भीतर मची भगदड़ पीछे बड़ी वजह शिवसेना के साथ हुए कांग्रेस का करार का माना जा रहा है। इसी करार के चलते महाराष्ट्र में कुछ कांग्रेस के नेताओं का अपने अपने इलाकों में सियासी समीकरण बिगड़ता हुआ नजर आ रहा है।



जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं, महाराष्ट्र कांग्रेस के कद्दावर नेता एक के बाद एक पार्टी छोड़ते जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक पार्टी के भीतर तकरीबन 12 और ऐसे बड़े नेता हैं, जो जल्द ही पार्टी का दामन छोड़कर किसी अन्य दल में शामिल हो सकते हैं। महाराष्ट्र के सियासी गलियारों में चर्चा इसी बात की है कि मिलिंद देवड़ा और बाबा सिद्दीकी के कुछ करीबी नेता इन दोनों लोगों के पार्टी छोड़ने के साथ ही कांग्रेस से अलग होने की जुगत में हैं। राजनीतिक विश्लेषक और वरिष्ठ पत्रकार हिमांशु शितोले कहते हैं कि कांग्रेस पार्टी के भीतर महाराष्ट्र में बड़ी कुछ और नेताओं के पार्टी छोड़ने की चर्चाएं चल रही हैं। उनका कहना है कि जिस तरह महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण सोमवार को न सिर्फ पार्टी, बल्कि विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया, उससे तस्वीर साफ हो चुकी है कि आने वाले दिनों में कई और विकेट कांग्रेस के गिरने वाले हैं।

महाराष्ट्र के सियासी जानकारों का कहना है कि दरअसल कांग्रेस के भीतर मची उठा पटक के पीछे कई महत्वपूर्ण कारण सामने आ रहे हैं। इसमें एक प्रमुख कारण कांग्रेस और शिवसेना का आपस में हुआ गठजोड़ भी है। राजनीतिक विश्लेषक जितेंद्र वाडवलकर कहते हैं कि दरअसल महाराष्ट्र में कांग्रेस की सियासत हमेशा से एक अलग तरह से होती आई थी, जिसमें मराठी नेता और हिंदी भाषी नेताओं के गुट थे। लेकिन महाअगाड़ी गठबंधन के बाद प्रत्याशियों के न केवल सियासी समीकरण बदलने शुरू हुए, बल्कि नेतृत्व में भी परिवर्तन होने लगा। महाराष्ट्र कांग्रेस पार्टी से जुड़े एक वरिष्ठ नेता बताते हैं कि यहां पर शुरुआत से हिंदी भाषी नेताओं और मराठी नेताओं के गुट रहे हैं। लेकिन बीते कुछ समय से कांग्रेस की सियासत में हो रहे बदलाव का असर पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं पर भी पड़ रहा है। इसमें कई नेता खुद को आने वाले चुनाव में सीटों के समीकरण के लिहाज से असहज पा रहे हैं। यही वजह है कि जिसको जहां पर जैसा मौका या अन्य पार्टी से मजबूत आश्वासन मिल रहा है, वह कांग्रेस पार्टी छोड़ रहा है।

# फासटैग अपडेट न किए तो लगेगा डबल टोल टैक्स




**नई दिल्ली।** अगर आप गाड़ी का यूज करते हैं और टोल प्लाजा क्रॉस करना पड़ता है, तो यह जानकारी आपके लिए ही है। आफ फासटैग इस्तेमाल कर रहे हैं और इसके अपडेट नहीं किया है, तो अभी कर लें, क्योंकि फासटैग केवाईसी करने की अंतिम तारीख 29 फरवरी है, इसके बाद टोल प्लाजा पर आपको दौगुनी कीमत चुकानी पड़ेगी।

फासटैग केवाईसी न करने वालों को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा। बता दें कि फासटैग एक इलेक्ट्रॉनिक

■ ब्लैक लिस्ट होंगे फासटैग, यह है लास्ट डेट

टोल कलेक्शन सिस्टम है, जिसके जरिए आप किसी भी टोल प्लाजा पर ऑनलाइन पेमेंट कर सकते हैं। सरकार ने फासटैग केवाईसी अपडेट करने की डेडलाइन 29 फरवरी तय की है। इसके बाद फासटैग ब्लैकलिस्ट कर दिए जाएंगे और टोल प्लाजा पर काम नहीं करेंगे। ऐसे में आपको टोल प्लाजा पर डबल टोल टैक्स देना पड़ सकता है।

# यूएस को खटक रहे भारत-रूस संबंध

**नई दिल्ली।** रूस का कहना है कि अमरीका की वजह से रूस-भारत के बीच दोस्ती में दरार आ सकती है। भारत और रूस की दोस्ती को लेकर रूसी दूत डेनिस अलीपोव ने कहा कि अमरीका प्रतिबंधों के माध्यम से भारत और रूस के संबंधों को खतरे में डालने का प्रयास कर रहा है। अलीपोव का कहना है भले ही अमरीका आज भारत का विश्वसनीय और खास दोस्त बना हुआ है, मगर उसके इरादे नेक नहीं हैं। अलीपोव ने समाचार एजेंसी आरटी के साथ एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि भारत में रूस को एक विश्वसनीय, ईमानदार, नेक इरादे वाले, समय-परीक्षित मित्र के रूप में एक ठोस प्रतिष्ठा प्राप्त है। ऐसी छवि शुरू में भारतीय सामाजिक-आर्थिक विकास में यूएसएसआर के प्रमुख योगदान के कारण बनी थी और यह इन दिनों भी काफी हद तक कायम है। रूसी दूत ने मजबूत द्विपक्षीय संबंधों पर जोर देते हुए कहा कि पश्चिमी सहयोगियों के विपरीत, भारत-रूस संबंधों में कभी भी राजनीति पर सशर्त सहयोग नहीं हुआ और न ही



■ डेनिस ने जताई चिंता, प्रतिबंधों के जरिए डाली जा रही दरार

दोनों पक्षों ने कभी एक-दूसरे के घरेलू मामलों में हस्तक्षेप किया। अलीपोव ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य के रूप में भारत को शामिल करने का मजबूत पक्ष रखते हुए संयुक्त राष्ट्र और उसकी एजेंसियों में तत्काल सुधार का भी आग्रह किया। रूसी दूत ने कहा कि हमारा विचार है कि सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य के रूप में भारत विश्व बहुमत, मुख्य रूप से वैश्विक दक्षिण के देशों के हितों पर केंद्रित एजेंडे के साथ-साथ संतुलन को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

### घरेलू मामलों में दखल नहीं देता है रूस

अलीपोव का कहना है कि रूस ने अन्य पश्चिमी देशों की तरह किसी देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया। हमारे राष्ट्रीय हितों के अनुरूप कई क्षेत्रों में हमारे संबंधों का लगातार विस्तार हो रहा है, लेकिन हमारे पश्चिमी साझेदारों के विपरीत, हमने कभी भी राजनीति पर सहयोग की शर्त नहीं रखी है, घरेलू मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया है और हमेशा पारस्परिक रूप से सम्मानजनक और भरोसेमंद रिश्ते बनाए रखे हैं।

# ‘वे सेना की इज्जत नहीं करते’

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कुछ ही महीनों में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में सभी उम्मीदवार जीतने के लिए अपनी-अपनी पूरी ताकत लगा रहे हैं। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस बीच, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा निक्की हेली के पति का मजाक बनाए जाने वाला मामला बढ़ता जा रहा है। अब राष्ट्रपति जो बाइडन ने ट्रंप पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि वे सेना की इज्जत नहीं करते हैं।

दरअसल, साउथ कैरोलाइना में एक रैली के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने निक्की हेली पर सवाल उठाया था, जिसमें उन्होंने पूछा था कि उनके (निक्की हेली) पति कहां हैं? उनके पति को क्या हुआ? क्या वह भाग गए हैं? डोनाल्ड ट्रंप को शायद पता नहीं था कि निक्की हेली के पति सेना में हैं। इस पर बाइडन ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, इस आरोप का जवाब यह है कि मेजर माइकल हेली अपने देश की सेवा कर रहे हैं, इसके लिए वो विदेश में हैं। हम जानते हैं कि वह (ट्रंप) सोचता है कि हमारे सैनिक बेकार हैं।

■ ट्रंप ने उड़ाया निक्की हेली के पति का मजाक तो भड़के राष्ट्रपति बाइडन

अगर ये ऐसे बोल सकता है, तो इसका मतलब वह अपने देश की सेवा करना नहीं जानता है।

निक्की हेली के पति मेजर माइकल हेली अमेरिकी सेना में अधिकारी हैं। फिलहाल वह 218 मैनुवर एनहेंसमेंट ब्रिज का हिस्सा हैं, जो हॉर्न ऑफ अफ्रीका को मदद देती है। माइकल हेली जून में मिशन पर गए थे। इससे पहले निक्की हेली ने भी ट्रंप पर उनके पति के बारे में की गई टिप्पणी के लिए हमला किया था। निक्की हेली ने साउथ कैरोलाइना में ही एक जनसभा को संबोधित करते हुए ट्रंप पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था, डोनाल्ड, अगर आपको कुछ कहना है तो मेरी पीठ के पीछे मत कहिए। डिबेट करते हैं और मेरे मुंह पर बोलिए। हेली ने कहा था, मुझे माइकल की सेवा पर गर्व है। हर सैनिक के परिवार को पता है कि ये एक बलिदान है।

# पीटीआई का नवाज शरीफ और बिलावल भुट्टो की पार्टी से गठबंधन से इनकार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में चुनाव नतीजे के बाद अब सरकार बनाने के लिए जोड़-तोड़ की कोशिश शुरू हो गई है। हालांकि इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने साफ इनकार कर दिया है कि वे सत्ता के लिए नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन या बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी से कोई गठबंधन नहीं करने वाले हैं। पीटीआई के चेयरमैन बैरिस्टर गौहर खान ने पीएमएल-एन और पीपीपी के साथ किसी सीट बंटवारे की बातचीत से साफ मना कर दिया है।

बैरिस्टर गौहर खान ने कहा कि वे अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन कर सरकार बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन दोनों पार्टियों से गठबंधन करने का कोई इरादा नहीं है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, गौहर खान ने कहा हम दोनों के साथ सहज नहीं हैं। इनके साथ सरकार बनाने से अच्छा होगा कि हम विपक्ष में बैठें। उन्होंने कहा कि अगर वे सरकार बनाने में सफल नहीं हुए तो



वे मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएंगे।

पीटीआई, जमात ए इस्लामी के साथ गठबंधन करने की कोशिश कर रही है। चुनाव नतीजे में जमात ए इस्लामी को खैबर पख्तूनख्वा असेंबली में तीन सीटें मिली हैं। दोनों पार्टियां पहले भी गठबंधन में रह चुकी हैं। हालांकि मई 2018 में जमात ए इस्लामी ने पीटीआई के साथ गठबंधन तोड़ लिया था। पीटीआई मजलिस ए वहदतुल मुसलमीन के साथ भी गठबंधन की कोशिश कर रही है।

■ कहा- विपक्ष में बैठना पसंद करेंगे

पाकिस्तान में हुए आम चुनाव के नतीजे में इमरान खान की पार्टी 101 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी है, लेकिन अभी भी वह बहुमत के आंकड़े 133 से दूर है। नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन को 75 और पीपीपी को 54 सीटों पर जीत मिली है। ऐसे में पीएमएल-एन और पीपीपी गठबंधन कर पाकिस्तान में सरकार बना सकती हैं। दोनों पार्टियों के नेताओं के बीच बातचीत भी चल रही है और माना जा रहा है कि जल्द ही गठबंधन पर अंतिम फैसला हो सकता है। साल 2022 में जब इमरान खान की सरकार अविश्वास मत हारकर सत्ता से बाहर हुई थी, तब भी पीएमएल-एन और पीपीपी ने गठबंधन कर सरकार बनाई थी, जिसका नेतृत्व शहबाज शरीफ ने किया था।

# यूएई में भव्य हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी



**आबुधाबी।** पीएम मोदी मंगलवार को (13 फरवरी) संयुक्त अरब अमीरात का दौरा करेंगे। पीएम मोदी का यह दौरा बेहद खास है क्योंकि वो अबू धाबू में तैयार किए गए बीएपीएस हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे। पीएम मोदी के दौरे से पहले यूएई के राजदूत अब्दुल नासिर अली शाली ने एक बयान दिया है। उन्होंने कहा कि दोनों देश सहिष्णुता और स्वीकार्यता के मूल्यों के चलते अपनी दोस्ती को और मजबूत करने में कामयाब हो रहे हैं। राजदूत अब्दुल नासिर अली शाली ने यूएई में रहने वाले भारतीयों की भी तारीफ की है। उन्होंने कहा यूएई के नागरिकों और भारतीयों के बीच काफी समानता है। दोनों ही देश स्थानीय और वैश्विक स्तर पर शांति और स्थिरता की चाह रखते हैं। उन्होंने आगे कहा, भारत वैश्विक राजनीति में एक बड़ी भूमिका निभा रहा है। पिछले महीने गुजरात समिट में यूएई के राष्ट्रपति खुद शामिल हुए थे जो यह दर्शाता है कि भारत यूएई का कितना अहम सहयोगी है। यूएई भारत की राजनीतिक स्थिरता को अहमियत देता है क्योंकि मजबूत कूटनीतिक रिशते के लिए दोनों दी देशों में राजनीतिक स्थिरता होना जरूरी है।

# एक और निर्दलीय सदस्य ने थामा नवाज की पार्टी का दामन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव के लिए हुए मतदान के पूरे नतीजे सामने आ चुके हैं। किसी एक दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिला है। जबकि, देश के इतिहास में पहली बार सबसे ज्यादा निर्दलीय उम्मीदवार नेशनल असेंबली के लिए चुने गए हैं। त्रिशंकु चुनाव परिणाम के बाद पीएमएल-एन और पीपीपी गठबंधन सरकार बनाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, चुनाव परिणाम के बाद कुछ निर्दलीय सदस्य पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी में शामिल हो रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को एक और नवनिर्वाचित निर्दलीय सदस्य ने पीएमएल-एन का दामन थाम लिया है।

इससे एक दिन पहले, इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के समर्थित निर्दलीय सदस्य ने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) में शामिल हुआ था। अब तक नेशनल असेंबली के दो निर्दलीय सदस्य पीएमएल-एन में शामिल हो चुके हैं।



■ सियासी दलों में सरकार बनाने की दौड़ जारी

पाकिस्तान की सियासत में सेना का दखल किसी से ढका छिपा नहीं है। ऐसे में कई राजनीतिक विश्लेष्कों का मानना है कि निर्दलीय सदस्यों को पीएमएल-एन में शामिल कराना सेना की रणनीति का हिस्सा हो सकता है।

**नवनिर्वाचित निर्दलीय सदस्यों ने शहबाज से मुलाकात :** पीएमएल-एन के अध्यक्ष शहबाज शरीफ ने सोमवार को एक पोस्ट किया। जिसमें उन्होंने बताया कि एनए-189 से सरदार शमशीर मजारी, पीपी-195 से इमरान अकरम, पीपी-240 से सोहेल खान, पीपी-297 से खिज्र हुसैन मजारी और पीपी-249 से साहिबजादा मोहम्मद काजिन अब्बासी ने नवाज शरीफ से मुलाकात की है। शहबाज ने कहा कि सभी सदस्यों ने नवाज शरीफ के नेतृत्व में भरोसा जताया और पीएमएल-एन में शामिल होने का एलान किया।

**पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने क्या कहा :** पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज ने लिखा, आप (पीएमएल-एन में शामिल होने वाले अन्य दलों के सदस्य) पाकिस्तान को खूबसूरत बनाने और लोगों को मुश्किलों से बाहर निकालने के लिए एक कारवां का हिस्सा बन गए हैं। पीएमएल-एन का पहला एजेंडा देश की आर्थिक समृद्धि है। नेशनल असेंबली के नवनिर्वाचित सदस्यों ने देश के लिए नवाज शरीफ के योगदान और जुनून की सराहना की। पाकिस्तान को नवाज शरीफ की ईमानदारी, विकास के एजेंडे, सेवा का अनुभव और नवनिर्वाचित सदस्यों की वार्ता की जरूरत है।

### प्रांतीय चुनाव-नेशनल असेंबली में पीएमएल-एन सबसे बड़ी पार्टी

नेशनल असेंबली और चार प्रांतों के चुनाव में पीएमएल-एन 227 सीट के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। इसके बाद पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) को 160 सीट मिली हैं और वह दूसरे स्थान पर रही। जबकि, मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) 45 सीट के साथ तीसरे स्थान पर रही।

### नेशनल असेंबली में सबसे ज्यादा निर्दलीय सदस्य

■ नेशनल असेंबली में निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीट पर जीत हासिल की है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की अगुवाई वाली पीएमएल-एन को 75 सीट मिलीं। जबकि, पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी की पीपीपी को 54 और एमक्यूएम-पी 17 सीट मिलीं। अन्य सियासी दलों में जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (जेयूआई) ने चार, पीएमएल-कायद ने तीन और इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान (आईपीपी) और बलूचिस्तान नेशनल पार्टी (बीएनपी) ने दो-दो सीट पर जीत हासिल की है। सरकार बनाने के लिए किसी भी दल को नेशनल असेंबली की 265 सीट में से 133 सीट पर जीत हासिल करनी होगी।

# ग्रीक शिपिंग कंपनी में गोलीबारी की घटना में एक की मौत, दो घायल

**एथेंस।** पुलिस सूत्रों और राज्य टेलीविजन ईआरटी ने बताया कि सोमवार को एथेंस में एक ग्रीक शिपिंग कंपनी में एक गोलीबारी की घटना के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित का संबंध शिपिंग कंपनी यूरोपियन नेविगेशन के मालिक से था।

ईआरटी के अनुसार, हमलावर ग्लाइफाडा के दक्षिणी उपनगर में स्थित कंपनी का पूर्व कर्मचारी था। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि जो बंदूकधारी इमारत में घुसा और कर्मचारियों पर गोली चलाई, वह अभी भी इमारत में था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित का संबंध शिपिंग कंपनी यूरोपियन नेविगेशन के मालिक से था। पुलिस ने आधिकारिक तौर पर कंपनी का नाम नहीं बताया है। इमारत के बाहर दमकल की गाड़ियां और एम्बुलेंस तैनात थीं। सूचना मिलने पर पुलिस ने इसके चारों ओर एक व्यापक क्षेत्र की घेराबंदी कर दी थी।

# नन्द गोपाल नन्दी ने किया केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (जफराबाद)।** पूरे देश मे आज मोदी की लहर चल रही है। उस लहर को हम सभी कार्यकर्ताओं को बढाने के लिए आज से ही लग जाना होगा। यह बातें सोमवार को क्षेत्र के जगदीशपुर में मछलीशहर लोकसभा के सेंट्रल कार्यालय का उदघाटन के बाद बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल नन्दी ने कही ।

उन्होंने कहा कि आज पूरे देश का माहौल भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में है। जिसका श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता है। मोदी जी ने देश के आम जनता के लिए प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, स्वास्थ्य, मुफ्त गैस कनेक्शन, आदि की जो गारंटी दी है आज जनता मोदी की गारंटी मान रही है। इसके अलावा बिना भेदभाव के सबका कार्य हो रहा है। आज सभी मजहब के लोगो को प्रदेश की सरकार बिना पैसा लगे लाखों नौकरी देने का काम किया है। भाजपा सरकार में जितने काम आम जनता के लिए हुए है। कार्यकर्ता उसे अपने अपने क्षेत्र में बताएं।

उन्होंने कहा कि हमे सभी बूथों को जीतने का ही काम नही करना है बल्कि वोट बढाने का काम करना होगा।

भाजपा के कार्यकर्ता देवता तुल्य है। उनकी ही मेहनत से आज भाजपा यहां तक पहुंची है। भाजपा इस चुनाव में जीत का इतिहास रचेगी। 400 से ज्यादा सीट कर मोदी जी को देने का काम कार्यकर्ता ही करेंगे। सांसद बी पी सरोज ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार ने तरक्की के जो आयाम स्थापित किये हैं। वह विपक्षियों को पच नही रह है। कार्यक्रम को मछलीशहर के जिलाध्यक्ष रामविलास पाल, प्रभारी हरिओम मिश्रा, पूर्व मंत्री जगदीश सोनकर, डॉ हरेंद्र प्रसाद सिंह, आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अजय सिंह ने किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि ने फीता काटकर मछलीशहर लोकसभा के सेंट्रल कार्यालय का उदघाटन किया।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुषमा पटेल, गुलाब चन्द्र सरोज, लीना तिवारी, वाराणसी की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अपराजिता सोनकर, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रेमनारायण निषाद, अपना दल के जिलाध्यक्ष लालबहादुर पटेल, रणविजय सिंह, आदि ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में आमोद कुमार सिंह, सुनील सिंह, राजेन्द्र श्रीवास्तव, भाजपा के सिरकोनी मण्डल अध्यक्ष रमेश चन्द्र जायसवाल, राधेश्याम विश्वकर्मा, सर्वेश सिंह, मेहीलाल गौतम आदि सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राम वनगमन की कथा सुन श्रोता हुए भावुक

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (महराजगंज)।** क्षेत्र के भटपुरा में चल रहे अखिल विश्व कल्याणार्थ श्री सीताराम नौ दिवसीय कथा के सातवें दिन अयोध्या से पधारे कथा व्यास स्वामी उमादास जी महाराज ने राम वन जाने की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि अयोध्या के राजा दशरथ गुरू वशिष्ठ के परामर्श से प्रभु राम के तिलक की तैयारी में जुटे थे। वहां की जनता खुशी में पटाखे फोड़ कर दिए जला रही थी। इधर मंथरा ने सबसे छोटी रानी कैकेयी के मन में विद्वेष की भावना पैदा कर दिया। कैकेयी ने राजा दशरथ से दो वरदान के बदले राम को चौदह वर्ष का वनवास और भरत को अयोध्या का राजा बनाने की मांग रख दी। राजा दशरथ को कैकेयी की इच्छा जानकर काफी दुख हुआ। जब इसका पता प्रभु श्री राम को हुआ तो वह माता पिता के आदेश को मानकर वनवास जाने लगे तो लक्ष्मण जी भी वनवास जाने की जिद करने लगे। अंत में प्रभु श्रीराम मां सुमित्रा के आदेश पर साथ ले जाने के लिए तैयार हुए। साथी में सीता मां भी वनगमन की। भगवान के वन गमन की कथा सुनकर श्रोता भावुक हो गए।इस दौरान मुख्य यजमान सोनू सिंह व्यवस्थापक अखिलेश यादव पत्रकार,सूर्य नारायण सिंह, कृष्ण कुमार, राजा बाबू ,विशाल सिंह पूर्व प्रधान सूबेदार यादव ,बुलाकी यादव ,भोला प्रसाद सेठ, जय सिंह सहित सैकड़ों श्रद्धालु रहे।

# जॉब फेयर आयोजन हेतु छात्रों की समितियां गठित

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल मे आने वाले जॉब फेयर की तैयारियों हेतु छात्र सदस्यों की एक आवश्यक बैठक दोपहर 2 बजे आयोजित की गयी। इस पर अभी तक की तैयारियों की गहन समीक्षा की गयी और आगे की रणनीति पर विचार किया गया। साथ ही साथ जॉब फेयर के सफल आयोजन हेतु छात्रों की समितियां गठित की गयी जिसमे बीटेक कंप्यूटर साइंस और इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी के नये छात्र सदस्यों को सी. टी. पी. सी. मे जोड़ा गया एवं गूगल डेवलपर स्टूडेंट्स क्लब के सदस्यों को डीएसए कांटेस्ट जो की 13 फरवरी को आयोजित किया गया है उसके आयोजित कराने हेतु टी शर्ट एवं पहचान पत्र देकर सम्मानित किया गया। उक्त बैठक मे सेंट्रल ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के समनव्यक प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा नये छात्रों के जुड़ने से जॉब फेयर मे कार्यों का संपादन करने मे आसानी होगी। इस बैठक में डॉ द्विवेंदु मिश्रा (सहायक समनव्यक), श्री श्याम त्रिपाठी (प्रभारी), यत्नदीप दुबे ( को लीड जी. डी. एस. सी.) , सरिता सिंह, प्रकृति गुप्ता, विनीत, विकास, रिचा, जयंती, सोनम, शुभम, हर्ष, आयुष, युगांत्रा, श्रेया, आदित्य और कई छात्र उपस्थित रहे।

# भू राजस्व अधिनियम की तरह लाभार्थियों के नाम दर्ज किया जाए: लाल बिहारी

**आजमगढ़।** मृतक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता लाल बिहारी मृतक दागी ने मांग किया है कि सरकारी जमीनों ऊसर बंजर नवीन प्रति खलिहान पोखरा पोखरी बाहा तालाब में वर्षो से मकान मंदिर बना है स भू राजस्व अधिनियम के तरह लाभार्थियों के नाम दर्ज कर दें या सरकारी अभियान चलाकर सभी मकान ने मंदिरों को ध्वस्त कर पीड़ीत परिवारों को मुआवजा दें स हत्या अपराध रोकने के लिए बार-बार सरकार को बुलडोजर चलाने की जरूरत ना पड़े स कार्यपालिका न्यायपालिका में कुछ लोग अतिक्रमण कर दुरुपयोग कर रहे हैं ऐसे अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्यवाही कर लोकतंत्र की रक्षा कर जनन्याय किया जाए।

# संगोष्ठी भवन में समीक्षा/कार्यशाला का आयोजन किया गया

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर स्थित संगोष्ठी भवन में समीक्षा/ कार्यशाला का आयोजन किया गया।

समीक्षा/कार्यशाला में विकास योजनाओं से सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियो ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं के सम्बन्ध में पी0पी0टी0 के माध्यम से संक्षिप्त में उपस्थित प्रधानों एवं कर्मचारियों को जानकारी प्रदान किया।

जिला उद्यान अधिकारी सीमा सिंह राणा के द्वारा पर ड्रॉप मोर क्रॉप के सम्बंध में जानकारी दी गई और अधिक से अधिक किसानों को लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। मिनी और ड्रिप स्प्रिंकलर, पोर्टबेल स्प्रिंकलर के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस सुविधा का लाभ उठाकर किसान भाई पानी की बचत करें। उन्होंने जानकारी दी कि किसान पीएमएफएमई योजना के तहत मशरूम, डेयरी शहद की यूनिट लगा कर रोजगार प्राप्त कर सकते है। एकीकृत बागवानी विकास योजना के तहत गेंदे, अमरूद, केले की बाग लगाकर लाभ के सकते हैं। उन्होंने बताया कि पॉलीहाउस लगाने पर 50 प्रतिशत की सब्सिडी दी जा रही है जिसे लगाकर किसान बिना मौसम के सब्जी की खेती सकते है और अपनी आमदनी दोगुनी कर सकते है। उन्होंने परम्परागत खेती से हटकर वैज्ञानिक तरीके से खेती करने पर भी जोर दिया। डिप्टी आरएमओ नृपुंजय पाठक ने बताया कि किसान ज्वार और बाजरा की खेती अधिक करे। सभी किसानों से कहा कि थोड़ा बहुत मोटे अनाज की खेती अवश्य करें। उन्होंने किसानो को अपने गेहूं सरकारी केन्द्र पर ही बेचने के लिए कहा और सभी ग्राम प्रधानों से भी किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि किसान मित्र एप के माध्यम से स्वयं पंजीकरण कर सकते है। जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही के द्वारा अपने अपने विभागों से संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। परियोजना निदेशक जयकेश त्रिपाठी के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के सम्बंध में पात्रता व शर्तो के सम्बंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

समीक्षा बैठक में समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त सहायक विकास अधिकारी, समस्त प्रधान, समस्त तकनीकी सहायक मनरेगा, समस्त डी.एम.एम./ बी.एम.एम. (एन.आर.एल.एम.) सहित समस्त ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहें। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में कायाकल्प का कार्य 20 दिन में खत्म कर दिया जाए। जिन विद्यालयों में चहारदीवारी अभी नहीं बनी है शीघ्र ही बना लिया जाए, यदि किसी भी विद्यालय में सीमांकन का विवाद है तो संबंधित उप जिलाधिकारी, बीएसए और एबीएसए आपस में समन्वय करते हुए विवाद को खत्म कराये। विद्यालयों में शौचालय, पेयजल, साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। ग्राम पंचायत में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। विद्यालयो में स्मार्ट क्लासेस संचालित होती रहे।

# कैट की मीटिंग में व्यापारियों को बताये सोलर एनर्जी के फायदे

अवधनामा संवाददाता




**प्रयागराज।** कन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट ) की मासिक बैठक सिविल लाइन्स में संपन्न हुई। बैठक में 22 जनवरी को भगवान् मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा देश में एक करोड़ घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने का संकल्प लिया गया है। उनके इस संकल्प को पूरा करने में कैट ने बढ़- चढ़ कर भाग लेने और उसे सफल बनाने का प्रण किया है। इसी क्रम में कैट ने अपने व्यापारियों को सोलर पैनल लगाने और उससे सम्बंधित समस्त जानकारी से अवगत कराने के लिए एक बैठक आयोजित की। बैठक में सोलर एनर्जी के विशेषज्ञ नीलेश अग्रवाल एवं राहुल खरे (ल्यूमिनस कंपनी) ने बताया कि सोलर एनर्जी को दो तरह से लगाया जा सकता है एक ÷ऑन ग्रिड÷ और दूसरा ÷ऑफ ग्रिड÷। ऑन ग्रिड में आपने जितने लोड का बिजली कनेक्शन लिया है अधिकतम उतने वाट का सोलर पैनल आप लगा सकते हो किन्तु ऑफ ग्रिड में किसी भी छमता का सोलर पैनल लगाया जा सकता है। ऑन ग्रिड में सोलर पैनल से बनने वाली बिजली का आप उपयोग करते है और उसके बाद जो बिजली बच जाती है वह नेट मीटर के दवारा बिजली की लाइन के माध्यम से सरकार को चली जाती है और आपके खाते में उतनी बिजली जमा हो जाती है। जब सूर्य अस्त के उपरांत सोलर पैनल काम करना बंद कर देते है तब उसी लाइन के माध्यम से आपको सरकारी बिजली मिलने लगती है। सोलर एक्सपर्ट नीलेश अग्रवाल ने आगे बताया कि ऑन ग्रिड सोलर पैनल लगाने में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार दोनों के दवारा सब्सिडी दी जाती है। सब्सिडी केवल घरेलू उपयोग हेतु ऑन ग्रिड सोलर पैनल लगाने पर ही मिलती है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र गोयल एवं अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहाकि सोलर एनर्जी सिर्फ ऊर्जा ही नहीं देता है बल्कि इससे पर्यावरण भी सुरक्षित होता है। आज जब कुदरत दवारा उपलब्ध कराये गए ऊर्जा के स्रोत जैसे कोयला, गैस, पेट्रोल आदि कम होते जा रहे हैं ऐसे में आने वाला समय सोलर एनर्जी का होगा। वैसे भी भारत में धुप प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। अतिथियों को अजय गुप्ता, राजेश अग्रवाल एवं कृष्ण किशोर अग्रवाल के दवारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सभा में मुख्य रूप से महेंद्र गोयल, विभु अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, आशीष केसरी, अजय गुप्ता, राजेश अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, राज कृष्णा अग्रवाल, संजय जैन, आशुतोष गोयल, पियूष किराना वाले, राम किशोर अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, उमेश साहू, मनीष शुक्ल, विवेक अग्रवाल, के के अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, शिशिर केसरवानी, दिनेश केसरवानी, अनूप जायसवाल, अन्नू पांडेय, अजय अवस्थी, भगत जी, अनिल नारसरिया, अरविन्द अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, अजय केसरवानी, सिद्धार्थ सराफ, आदि मौजूद रहे।

# स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह की जन्मदिन पर विचार गोष्ठी

**आजमगढ़।** राष्ट्रीय लोकदल द्वारा पूर्व मंत्री भारत सरकार का जन्मदिन और मिठा अरे सर जी सरइयां बाटकर मनाया गया । आज जिला मुख्यालय स्थित रिक्शा स्टैंड पर राष्ट्रीय लोक दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे । जिला अध्यक्ष महमुद खान ने कहा कि स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह केंद्र सरकार के कृषि मंत्री रहते हुए किसान हित में बड़े-बड़े काम किया और अंतिम सांस तक किसान हित में लड़ाई लड़ते रहे स किसान प्रकोष्ठ के महासचिव पतीराम यादव ने कहां की चौधरी अजीत सिंह सत्ता में रहते हुए भी काजल के कोठरी में वेदाग नेता थे उन पर भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं था स इस अवसर पर प्रदेश सचिव धीरेंद्र सिंह जगदीश यादव चंद्र मोहन सिंह दिनेश यादव दीपक सेठ रामप्रीत यादव बैजनाथ यादव संजय यादव मनीष पांडे निसार अहमद आदि लोग उपस्थित थे।

# पल्लवी राय और वैष्णवी पांडेय को बेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड



जगत तारण डिग्री कॉलेज में फंक्शनल इंग्लिश कोर्स का समापन, पुरस्कार वितरण

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** जगत तारण गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आज अंग्रेजी विभाग द्वारा फंक्शनल इंग्लिश एंड कम्युनिकेशन स्किल प्रोग्राम के समापन समारोह में पल्लवी राय और वैष्णवी पांडेय को बेस्ट परफॉर्मेंस के लिए एक हजार रुपए का कैश अवार्ड दिया गया।

श्रद्धा पाण्डे, पार्थवी अस्थाना, जिया सिंह, प्रतिष्ठा सिंह, आकांक्षा सिंह और उमरा सिद्दीकी को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। पुस्तक समीक्षा में प्रथम स्थान अनन्या सिंह (जगत तारण गर्ल्स डिग्री कॉलेज), द्वितीय स्थान पर संदली शाहू (इलाहाबाद डिग्री कॉलेज) एवं रिया कुशवाहा (एस एस खन्ना डिग्री कॉलेज), और तृतीय स्थान पर शालिनी (ईसीसी) एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय की श्रेया दूबे को दिया गया।नवम्बर माह में शुरू हुए प्रोग्राम में चालीस से अधिक छात्राओं ने अंग्रेज़ी भाषा के व्यवहारिक उपोग के गुण सीखें।

छात्राओं को ग्रैमर, स्पोकन इंग्लिश, ऑफिशियल ईमेल, लेटर, मैसेजेस लिखने, इन्टरव्यू में बोलने, तथा मीडिया रिपोर्टिंग के गुण सिखाए गए। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेज़ी विभाग की इंचार्ज डॉ फातिमा नूरी और गेस्ट फैकल्टी स्नेहा सिंह ने किया। पुरुस्कार वितरण अंग्रेज़ी विभाग की कन्वीनर डॉ दीपशिखा बैनर्जी ने किया। कार्यक्रम में डॉ कस्तुरी भरद्वाज, डॉ मीनाक्षी, और डॉ रूपम मिश्रा उपस्थित रहे।

# पांच विभूतियों को मिलेगा कन्हैया लाल स्मृति सम्मान

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** कन्हैयालाल स्मृति साहित्य सम्मान 2024 की घोषणा निर्णायक मंडल ने कर दी है ।इसमें काव्य के क्षेत्र में प्रोफेसर (डॉ.) मिथिलेश कुमार त्रिपाठी स्नातकोत्तर महाविद्यालय पट्टी, प्रतापगढ़, को उनके महाकाव्य 'अर्धांगिनी' पर दिया जाएगा। जबकि कहानी के क्षेत्र में डॉ.कल्पना वर्मा अवकाश प्राप्त विभागाध्यक्ष (हिन्दी) आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, प्रयागराज को 'छोटे शहर की लड़की' कहानी संग्रह पर तथा उपन्यास के क्षेत्र में अमेरिका में जीनोम साइंटिस्ट रही डॉ. शिवानी चंद्रा को 'मिडल रोड' उपन्यास पर दिया जाएगा। नाटक के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ रंगकर्मी आलोक नायर को 'मैं सुभाष' नाटक के लिए दिया जाएगा, जबकि आलोचना के क्षेत्र में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के ख्याति लब्ध विद्वान, आलोचक डॉ. राजेश कुमार गर्ग को 'हिंदी जाति और रामविलास शर्मा' शीर्षक आलोचनात्मक कृति पर प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के लब्ध प्रतिष्ठ विद्वानों, अपने क्षेत्र के विभूतियों, साहित्य साधकों और विद्वत जनों को प्रदान किया जाता है। पुरस्कार हिंदुस्तानी एकेडेमी में 24 फरवरी को मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथियों के द्वारा प्रदान किया जाएगा।

# रामचरितमानस की चौपाइयों की दुर्व्याख्या पर संत नाराज

**संतों ने कहा सनातन संस्कृति में नरसिंह, कच्छप, व मत्स्य अवतार लेकर जीव मात्र को परमात्मा ने स्वयं पूज्य बताया है**

संतो ने सरयू प्रसाद वैद्य का किया अभिनंदन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** खाक चौक स्थित सेक्टर 2 में उत्तराखंड पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी कृष्णाचार्य महाराज के शिविर में ÷ढोल गंवार शूद्र पशु नारी सकल ताड़ना के अधिकारी÷ विषय पर संत सम्मेलन का आयोजन पूज्य स्वामीजी की ही अध्यक्षता में किया गया। जिसमें देशभर से पधारे संतों के बीच उन्होंने कहा कि कलि पावनावतार गोस्वामी तुलसीदास जी ने उक्त चौपाई नही कही वरन समुद्र लंघन के समय समुद्र ने उक्त चौपाई कही थी। जबकि रावण को इसके पहले ही मूर्ख कह दिया गया। धर्म के बारे मे लेशमात्र ज्ञान न रखने वाले लोग ही ऐसे सवाल उठा रहे हैं और अर्थ का अनर्थ करके पेश कर रहे हैं। स्वामी जी ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति में भगवान ने स्वयं कछुआ, वाराह, मछली नरसिंह आदि का अवतार लेकर तो मात्र को पूज्य बनाया है फिर अपमान की कैसी बात। यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता। जैसे वेद वाक्य स्पष्ट करते हैं कि भारतीय संस्कृति में किसी का अपमान नहीं वरन भटके हुए लोगों को सद्मार्ग में लगाने के लिए सुधार के उपाय बताए गए हैं। उन्होंने कहा कि भागवतपाद रामानुजाचार्य बुढ़ापे में ब्राह्मणों के कंधे पर हाथ रख कावेरी स्नान करने जाते थे जबकि लौटते थे तो चतुर्थ वर्णी दशरथी के ऊपर हाथ रख कर लौटते थे। जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी घनश्याम आचार्य ने कहा कि भागवत पाठ रामानुजाचार्य ने रामानुज स्वामी से बड़ा पतितोद्धारक दूसरा कोई नहीं। वहीं दूसरी ओर विंध्य में जनसंघ के संस्थापक तथा लोकतंत्र सेनानी नाड़ी विशेषज्ञ सरयू प्रसाद वैद्य का साल ओढ़ाकर अभिनंदन पत्र भेंटकर संत समाज की ओर से अभिनंदन करते हुए उनके आयुर्वेद ज्ञान व राष्ट्र वसमाज सेवा के लिए उन्हें पद्म विभूषण या भारतरत्न से सम्मानित करने की मांग भी भारत सरकार से की गई। ऋषिकेश उत्तराखंड के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर के महंत विद्या वाचस्पति की उपाधि से विभूषित डॉ रामेश्वर दास जी महाराज ने भी विशिष्ट अतीत के रूप में उपस्थित होकर कहा जिस प्रकार से रामचरितमानस जैसे ग्रंथ पर धर्म के बारे में लेस मात्रा ज्ञान न रखने वाले लोग सवाल खड़े करते हैं वह चिंता का विषय है। उल्लेखनीय है कि सम्मेलन में उपस्थित समस्त जगतगुरु महामंडलेश्वर संत महंतो का श्रीकृष्ण कुंज सेवा समिति की ओर से बहुमान किया गया।

# छात्र व छात्राओ को साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** थाना फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित हेरा पब्लिक स्कूल फद्दगुदिया, आजमगढ़ पर साइबर जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन व्यापक स्तर पर किया गया है । इस दौरान कॉलेज में करीब 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने साइबर जागरूकता में प्रतिभाग किया। जिन्हें साइबर अपराध के बारे में जागरूक करते हुए महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराते हुए सतर्कता बरतने की अपील की गई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली फूलपुर शशिचन्द्र चौधरी एवं साइबर क्राइम सेल आजमगढ़ के प्रभारी उ0नि0 मो0 अबूशाद एवं मुख्य आरक्षी ओमप्रकाश जायसवाल द्वारा विद्यार्थियों को फेसबुक व इन्सटाग्राम आदि सोशल मीडिया हैकिग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्राड, वाट्सएप हैकिग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्राड के संबंध में सावधानियां बरतने व अनजान लिंक को फालो न करने की सलाह दी गयी। साथ ही फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाट्सएप इत्यादि इंटरनेट मीडिया साइट्स से हनीट्रैप के संबंध में छात्र व छात्राओं को जागरूक किया गया। सिम कार्ड के माध्यम से, एटीएम कार्ड बदलकर, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड के माध्यम से, आनलाइन लोन देने वाले एप, इंटरनेट मीडिया पर गलत तरीके से प्रलोभन देकर रुपयों की मांग करने वालों से, व गूगल से कस्टमर केयर का नंबर सर्च न करने के बारे में व यूपीआइ संबंधित फ्राड के प्रति भी छात्र व छात्राओं को जागरूक किया गया।

# अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति की सेवा से होगा अंत्योदय का सपना साकार: आशीष

मुविवि में पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्रद्धा सुमन दिवस का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं दिव्य प्रेम सेवा मिशन, हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्रद्धा सुमन दिवस के अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय एवं राष्ट्र उन्नयन विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी सह-व्याख्यान का आयोजन सोमवार को मुक्त विश्वविद्यालय के तिलक सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवम मुख्य वक्ता डॉ आशीष गौतम, अध्यक्ष, दिव्य प्रेम सेवा मिशन, हरिद्वार ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय का सपना तभी साकार होगा जब समाज में सबसे निचले एवं अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति का सम्मान होगा। उन्होंने बताया कि दिव्य प्रेम सेवा मिशन विगत 27 वर्षों से कुष्ठ रोगियों की सेवा के उद्देश्य से कार्य कर रहा है। कुष्ठ रोगी समाज के अंतिम पायदान पर हैं। डॉ गौतम ने कहा कि सभी के जीवन मे दैहिक,दैविक और भौतिक ताप होता है। हुनर युक्त लोग ही इस त्रिताप को दूर करके समाज की भलाई में अपना योगदान दे सकते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि पण्डित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद को अपने जीवन में उतारें। पंडित उपाध्याय ने हमेशा कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने की भी बात कही। वर्तमान सरकार उसी का अनुसरण कर रही है और स्वावलंबन के लिए कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दे रही है।

# लॉ कॉलेज: पूजन कार्यक्रम आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** महान शिक्षाविद गणेश प्रसाद त्रिपाठी ने अपने डॉ गणेश प्रसाद विधि महाविद्यालय के नए कैम्प कार्यालय का उद्धघाटन किया। जिसके पूजन कार्यक्रम में राजेश तिवारी जिला मंत्री एशोसिएशन बोरिंग टेक्नीशियन प्रयागराज बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किये। बताते चले कि डॉ गणेश प्रसाद विधि महाविद्यालय करीब 2 बीघे के विशाल कैम्पस के अन्तर्गत बना है जो दो तल्ले के विशाल बिल्डिंग में सजा हुआ है। जिसमें खेल-कूद के लिए सारी सुलभ व्यवस्था है जो रंग-बिरंगे पुष्पों से सजा है। इसी लॉ कॉलेज का नवीन कैम्प कार्यालय सैदाबाद विकास खण्ड कार्यालय के समीप मुख्य सड़क पर बनाया गया जिससे अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की आधी समस्या यही से पूरी हो सके। क्योंकि लॉ कॉलेज मेन सड़क से हटकर कैम्प कार्यालय से लगभग दो किमी0 दूर है। जिला मंत्री ने बताया कि शिक्षाविद गणेश्र प्रसाद त्रिपाठी एक महान विभूति हैं जो बहुत ही मिलनसार एवं ईश्वर भक्त हैं। उनका मुख्य लक्ष्य अपने क्षेत्र के लोगों को शिक्षित बनाना है साथ ही साथ गंगापार के विद्यार्थियों को भी इसका लाभ देकर शिक्षित करना है।.

# मण्डल स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** विज्ञान एवं प्रौद्यागिकी विभाग, उ0प्र0 के निर्देशन में मण्डल जनपद जिला विज्ञान क्लब, आजमगढ़ के तत्वाधान में मण्डल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन आज राजकीय बालिका इण्टर कालेज, आजमगढ़ में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री योगेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त शिक्षा निदेशक आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा जनपद आजमगढ़, मऊ एवं बलिया के कक्षा-9 से 12 तक के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए 45 मॉडलों का बारीकी से निरीक्षण किया गया और बच्चों को प्रोत्साहित किया। इसमें एम0एन0बी0 मेमोरियल स्कूल उजियार, जनपद बलिया की साक्षी राय् ने प्रथम स्थान, सेंट जेवियर हाईस्कूल एलवल, आजमगढ़ के विशाल निषाद एवं वैभव कृष्ण ने द्वितीय स्थान एवं जनता इण्टर कालेज निजामाबाद, आजमगढ़ की अंकिता मौर्या, निलाक्षी पासवान एवं पल्लवी यादव ने तृतीय स्थान तथा डी0ए0वी0 इण्टर कालेज, मऊ की ब्यूटी पाल एवं अर्चना ने सांत्वना पुरस्कार एवं गांधी इण्टर कालेज बरदह, आजमगढ़ की नगमा बानो, नंदनी गुप्ता एवं सानिया बानो ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। विज्ञान मॉडलों का मूल्यांकन तकनीकी मूल्यांकन समिति राजकीय इंजीनियरिंग कालेज देवगांव, आजमगढ़ एवं राजकीय पालिटेक्निक कालेज, आजमगढ़ के डॉ0 अम्बरीष सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर, मैनेजमेंट एण्ड रजिस्ट्रार, डॉ0 कौशल कुमार शुक्ल, असिस्टेंट प्रोफेसर, भौतिक विज्ञान, श्री शिवम सिंह, प्रवक्ता, इलेक्ट्रिकल एवं इ0 कूलभूषण सिंह, समन्वयक ने किया। जिला समन्यवक इं0 कुलभूषण सिंह ने बताया कि मण्डल स्तर पर चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को क्रमशः रू0 10000, रू0 7000, एवं रू0 5000 तथा दो सांत्वना पुरस्कार प्रत्येक को 2000 रू0 प्रदान किया गया। मण्डल स्तर पर चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान एवं 02 सांत्वना पुरस्कार प्राप्त कुल 05 मॉडलों मॉडलों को राज्य स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना है।

# लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने बायो-केमिस्ट्री रीएजेंट्स के लिए फाइल किया पेटेंट, 200 करोड़ के राजस्व का लक्ष्य

**लखनऊः** लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड के ग्लोबल हेल्थकेयर डिवीजन लॉर्ड्समेड ने ट्राइग्लिसराइड्स यूरिक एसिड अल्कलाइन फॉस्फेटेज, बिलीरुबिन कैल्शियम (आर्सेनाजो 3) क्रिएटिनिन ग्लूकोज सीरम ग्लूटेमिक ऑक्सालोएसीटिक ट्रांसएमिनेज (एसजीओटी)/एस्पार्टेट एमिनोट्रांस्फेरस सीरम ग्लूटेमिक पाइरुविक ट्रांसएमिनेज (एसजीपीटी) एलनाइन एमिनोट्रांस्फरेज (एएलटी) और टोटल प्रोटीन के लिए 10 वर्ल्डक्लास रीएजेंट और डायग्नोस्टिक टेस्ट किट का एक सेट लॉन्च किया है. ये रीएजेंट और डायग्नोस्टिक टेस्ट किट 99.7 प्रतिशत सटीक व उच्चतम स्तर पर संवेदनशील हैं तथा 24 महीने की शेल्फ-लाइफ, यूनिक पैकेजिंग और प्रतिस्पर्धी कीमत के साथ आते हैं. कंपनी ने इन किट के लिए भारत में पेटेंट फाइल किया है, जो गंभीर बीमारियों के लिए प्रिवेंटिव हेल्थकेयर मैकेनिज्म को मजबूत करेगा. लॉर्ड्समेड इन रीएजेंट और डायग्नोस्टिक परीक्षण किट को महाराष्ट्र स्थित मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी में बनाएगी और 300 से अधिक डीलरों के पैन-इंडिया वितरण नेटवर्क के माध्यम से पैथोलॉजिकल लैब, अस्पतालों और अनुसंधान संस्थानों को उपलब्ध कराएगी. लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ सच्चिदानंद उपाध्याय ने लॉन्च को लेकर कहा, ÷क्रोनिक और संक्रामक बीमारियों में तेजी तथा जांच के महत्व व प्रिवेंटिव हेल्थ्केयर के फायदों के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण भारत में किफायती और गुणवत्तायुक्त रीएजेंट और डायग्नोस्टिक किट की मांग लगातार बढ़ रही है. अद्वितीय सटीकता, संवेदनशीलता और शेल्फ लाइफ वाले हमारे रीएजेंट और डायग्नोस्टिक टेस्ट किट गंभीर बीमारियों के लिए प्रीएम्प्टिव डायग्नोस्टिक इंटरवेंशंस फ्रेमवर्क को फिर से परिभाषित करेंगे. भारतीय पेटेंट को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त है, इसलिए हमने वैश्विक बाजारों में आसानी से स्वीकृति पाने के लिए अपनी किट के लिए भारत में पेटेंट फाइल किया है. अपनी मजबूत विनिर्माण क्षमता और घरेलू व वैश्विक वितरण नेटवर्क के साथ हम विभिन्न क्षेत्रों में गुणवत्तायुक्त डायग्नोस्टिक किट की बढ़ती मांग को पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं

# लखनऊ द अवध स्कूल में मनाया गया वार्षिक खेल दिवस

**लखनऊ।** द अवध स्कूल में रविवार को मनाया गया वार्षिक खेल दिवस। जिसका शुभारम्भ आदरणीय चेयरमैन श्री विजय सिंह यादव एवं श्रीमति ट्विंकल मारिया यादव के हाथों किया गया। इस अवसर पर माननीय पूजा अवस्थी ने बतौर मुख्य अतिथि



के रूप में शामिल हुई तथा स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमति कमला देवी पाल ने मशाल जलाकर खेलों का शुभारम्भ किया । छात्रों ने विभिन्न प्रस्तुतियों, खेलों एवं परेड के माध्यम से बिखेरी प्रतिभा की छटा। इस अवसर पर अनेक दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं जिसमे नन्हे मुन्नों के लिए गुब्बारा दौड़, गिफ्ट कलेक्शन, एवं सीनियर छात्रवर्ग के लिए 100 मी, 200 मी, 400 मी एवं 800 मी दौड़ के साथ साथ इंटर हाउस रिले दौड़, लॉन्ग जम्प और हाई जम्प का भी आयोजन किया गया । जिसमे सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक बढ़ चढ़ कर भाग लिया द अवध स्कूल के प्रांगण में रविवार को वसंत महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के बच्चों के साथ उनके अभिभावकों ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया जिसमें हमें वसंत के सभी रंग देखने को मिले7 वसंत महोत्सव में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए जिसमें गोल गप्पे, चाऊमीन, पाव भाजी, पापड़ी चाट, पॉपकॉर्न, कोल्ड ड्रिंक आदि शामिल थे।

# महर्षि दयानंदजी की 200वीं जयंती पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक अवसरः माननीय राष्ट्रपति



**टंकारा, गुजरात।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, ने महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती - ज्ञान ज्योति पर्व - स्मरणोत्सव के उत्सव में भाग लिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यपाल आचार्य देवव्रतजी एवं मुख्यमंत्री भूपेन्द्रभाई पटेल के साथ समारोह स्थल करसनजी के प्रांगण में बने यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवनकुंड में आहुतियां दीं और सभी प्राणियों के कल्याण की कामना की। इस मंगल अवसर पर कन्या गुरुकुल, वाराणसी की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने वैदिक मंत्रोच्चार किया। यज्ञ में आहुतियां देने के बाद अध्यक्ष द्रौपदी मुर्मू ने महर्षि दयानंद सरस्वतीजी के जीवन दर्शन को प्रदर्शित करने वाले प्रदर्शनी हॉल का अवलोकन किया और महर्षि के विचारों और सामाजिक उत्थान के कार्यों से परिचित हुईं। राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवं मुख्यमंत्री भूपेन्द्रभाई पटेल को इस प्रदर्शनी हॉल की जानकारी दी। माननीय राष्ट्रपति जी ने महर्षि दयानंद सरस्वतीजी की 200वीं जयंती-स्मरणोत्सव कार्यक्रम में स्वामी जी की स्मृति में 15 एकड़ में बनने वाले बनने वाले ज्ञान ज्योति तीर्थ की आधारशिला रखी।राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी ने टंकारा में ज्ञान ज्योति तीर्थ की प्रतिकृति के माध्यम से इस तीर्थ में बनने वाले अनुसंधान केंद्र, विद्यालय, पुस्तकालय, दर्शनीय परिसर आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। तीन दिवसीय स्मरणोत्सव के समापन पर बोलते हुए भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि महर्षि दयानंदजी की 200वीं जयंती पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। हमारी भारत भूमि एक धन्य भूमि है, जिसने महर्षि दयानंद सरस्वती जैसी अद्भुत प्रतिभाओं को जन्म दिया है। आध्यात्मिक रोगविज्ञानी श्री अरबिंदो ने महर्षि दयानंद के बारे में कहा, वे मनुष्यों और संस्थाओं के आदर्श थे। आज आर्य समाज के लगभग 10 हजार केन्द्र मानवता के विकास एवं कल्याण हेतु कार्य कर रहे हैं।

# ज़िंदगी पर 'अब्दुल्लापुर का देवदास' का आनंद उठाएं - प्यार, कुर्बानी और दोस्ती की यह कहानी भारतीय दर्शकों का दिल चुराने के लिये तैयार है

**नई दिल्ली।** एंटरटेनमेंट का शानदार ब्राण?ड 'ज़िंदगी' भारतीय दर्शकों का दिल जीतने के लिये तैयार है। इसके लिये 26 फरवरी, 2024 को चैनल अपना बेहद प्रतीक्षित शो अब?दुल?लापुर का देवदास लॉन्?च करने जा रहा है। 13 एपिसोड के इस




शो को अंजुम शहजाद ने निर्देशित किया और इसे शाहिद डोगर ने लिखा है। यह शो प्यार, दोस्ती और काव्य जैसे नाटक का एक दिलचस्प संगम होने का वादा करता है। अब्दुल्लापुर का देवदास' एक छोटे कस्बे की पृष्ठभूमि पर आधारित फखर और काशिफ की कहानी दिखाई गई है, जिनके किरदार क्रमशः 'एक झूठी लव स्टोरी' से मशहूर हुए बिलाल अब्बास, और राजा तालिश ने निभाये हैं। वह दोनों बेस्ट फ्रेंड्स हैं और एक ही लड़की से प्यार करते हैं, जिसका नाम गुलबानो (सारा खान अभिनीत) है। दोनों इस बात से अनजान हैं। हालांकि, गुलबानो की कल्पनाओं में देवदास नाम के एक कवि का बसेरा है। कहानी आगे बढ़ने के साथ काशिफ उसे बताता है कि वही देवदास है और गुलबानो उस पर फिदा हो जाती है। उसे पता नहीं है कि असली देवदास तो फखर है। 'अब्दुल्लापुर का देवदास' प्यार की एक बेहतरीन कहानी है, जो दिखाती है कि सचमुच प्यार में पड़ा कोई इंसान कैसे सभी सीमाओं को पार कर जाता है, चाहे उसे अपनी ज़िंदगी गंवानी पड़े। दिल को छू लेने वाली इस कहानी में प्यार, दोस्ती, धोखेबाजी और कुर्बानी का एक दमदार पैकेज है। इसके अलावा सवेरा नदीम, अनुशय अब्बासी और नोमान इजाज जैसे कलाकार कहानी को गहराई देते हैं। यह शो प्यार और दोस्ती के बीच नाजुक संतुलन भी दिखाता है और एक मार्मिक प्रश्न उठाता है कि ''महबूब या मोहब्बत'' हमारी जिन्दगी में प्यार सबसे ताकतवर होता है, लेकिन कुर्बानी और समझौते इस शो में ज्यादा मायने रखते हैं। जब फखर (बिलाल अब्बास) सोचता है कि उसकी प्रेमिका की खुशी उसकी खुशी से ज्यादा बड़ी है, तब वह कुर्बानी देने से भी पीछे नहीं हटता है। हिम्मत से भरी बहु-सांस्कृतिक कहानियों के लिये 'ज़िंदगी' की प्रतिबद्धता इसमें झलकती है। इसीलिये यह शो सबसे ज्यादा अपेक्षित है। 'अब्दुल्लापुर का देवदास' में आपके अनुभव को उम्दा बनाने के लिये दिल को छूने वाला संगीत भी है। इसमें सामी खान के रिक्रियेटेड लिरिक्स वाला गाना 'बिबा साडा दिल मोर दे', जिसे जै़न अली, जुहैब अली, सामी खान और इकरा मंजूर ने गाया है और 'ओ साहिब' गाना, जिसे अदनान ढूल, जै़न और जोहैब ने गाया है, शामिल हैं।

# इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के प्रबंधकपहली बार लखनऊ पहुंचे

**लखनऊ।** इण्डियन ओवरसीज़ बैंक के प्रबंधक निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री अजय



कुमार श्रीवास्तव जी पहली बार लखनऊ पहुंचे गोमती नगर होटल हयात में आयोजित प्रेसवार्ता में पत्रकारों से वार्ता की उन्होंने बताया। उनके कार्यकाल में एवं कुशल नेतृतत्व में इण्डियन ओवरसीज़ बैंक का मार्केट कैप सारे पब्लिक सेक्टर के बैंक में टॉप 5 पर पहुँच गया है। इण्डियन ओवरसीज़ बैंक सार्वजनिक क्षेत्र का एक प्रमुख बैंक हैं जो पूरे भारत में 3200 से अधिक और उत्तर प्रदेश में कुल 216 शाखाओं के साथ नागरिकों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रहा हैं। हम जल्द ही उत्तर प्रदेश में 100 से अधिक शाखाओं को खोलने वाले हैं। हमने ग्राहकों के लिए बहुत सारी नई योजनाओं को लॉन्च किया हैं। मेरा नाम मेरा खाता एवं अकाउंट पोर्टबिलिटी भी बैंकिंग सेक्टर में हमारी नवीनतम पहल है। उत्तर प्रदेश में 100 शाखाओं को खोलने के क्रम में श्री अजय कुमार श्रीवास्तव जी, प्रबंधक निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी लखनऊ में आलमबाग और भिठौली शाखा का उद्घाटन भी किया।

# सॉफ़िस्टिकेटेड स्टाइल से ही लाजवाब पीसेज बनते हैः मैन ऑफ प्लैटिनम द्वारा 2024 की लुकबुक

**नई दिल्ली।**नए साल में काम पर जाना वो भी एक स्टाइल स्टेटमेंट के साथ किसे नहीं पसंद होगा इसलिए पुरुषों के लिए अपने स्टाइल को और भी शानदार बना कर इस स्टाइल से दूसरों को लुभाने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता। चाहे वह साल की पहली छुट्टी हो, कोई कॉर्पोरेट इवेंट हो या दोस्तों और परिवार के साथ मिलना-जुलना हो, ये नए ट्रेंड आपके लुक में चार चांद लगा देने का वादा करते हैं। वर्ष 2024 में ख़ास पुरुषों के लिए तैयार किए गए आभूषण कलेक्शन स्टाइल में निहायती सोफोस्टिकेटेड प्लैटिनम आभूषणों की मनोरम सुंदरता को समेटे है, जो आपको भीड़ से अलग कर आपके लुक को और भी नायब बना देते है। तो इस नए साल में, अपने आभूषणों को कुछ ऐसा जादुई स्पर्श दें जो आपको आपके पेशेवर और व्यक्तिगत दोनों ही ज़िंदगी में कुछ खास महसूस कराएं। मैन ऑफ प्लैटिनम अपने नए संग्रह में नेकवियर, रिस्ट वियर और अंगूठियों की बड़ी रेंज लेकर आया है। जो वैश्विक रुझानों से प्रेरणा ले कर ख़ास तौर पर पुरुषों के लिए तैयार किए गए हैं। 95त्न शुद्ध और दुर्लभ प्लैटिनम से तैयार की गई हर एक डिज़ाइन को अलग- अलग प्रकार के आउटफिट के साथ पहना जा सकता



है और कई तरीकों से स्टाइल किया जा सकता है। इस पर टिप्पणी करते हुए पीजीआई इंडिया की बिजनेस डायरेक्टर पल्लवी शर्मा ने बताया कि ÷वर्ष 2024 में, पुरुषों के आभूषणों का चलन एक बार फिर से दिखाई दे रहा जो पारंपरिक सीमाओं से थोड़ा हट कर है। यह केवल एक साधारण शादी के बैंड या घड़ी की सीमा तक सीमित नहीं रहा बल्कि कहीं आगे बड़ गया है। हम व्यक्तित्व को गले लगाने वाले बहुमुखी पीसेज की ओर लोगों के बढ़ते आकर्षण को देख पा रहे हैं, क्योंकि पुरुष आभूषणों के साथ अलग- अलग तरह के एक्सपेरिमेंट करना पसंद करते हैं, इसलिए उन्हें फ्लेक्सी या सेमी-फ्लेक्सी डिजाइनों की विशेषता वाले उदार स्टेकर लुभा रहे हैं। लोगों की दिलचस्पी कलाई में पहने वाले गोल आभुषण जो एकल सिग्नेट आकर्षण से सुसज्जित हो उनमें भी बढ़ रही है। यह वर्ष बारीकियों से सजे सहज लालित्य के मिश्रण का उत्सव है। यह ऐसे आभूषणों को बनाता है जो आपके व्यक्तित्व पर बखूबी फबते हों और एक अलग ही परिभाषा बयां करते हों।÷ वर्ष 2024 में अपनी अलमारी में इन नायब पीसेज को जगह देने के लिए इन ट्रेंड्स को बुकमार्क करें- वर्ष 2024 बोल्ड के साथ- साथ सोफोस्टिकेटेड दिखने का समय है।

# ग्राहकों के अनुभव को नई ऊंचाई देने के लिए निसान वन के साथ निसान ने किया नया इनोवेशन

**गुरुग्रामः** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने निसान वन के नाम से वेब प्लेटफॉर्म लॉन्च




किया है। यह 1,00,000 मैग्नाइट ग्राहक पूरे होने के मौके पर 2024 में ग्राहकों को ध्यान में रखकर की गई निसान की विभिन्न पहल का हिस्सा है। %निसान वन% एक इनोवेटिव सिंगल वेब प्लेटफॉर्म है, जहां ग्राहक शुरुआती इन्क्वायरी, टेस्ट ड्राइव बुकिंग, कार सेलेक्शनऔर बुकिंग से लेकर सर्विस तक कार खरीदने से जुड़े अपने पूरे सफर से संबंधित हर सर्विस रिक्वेस्ट की सुविधा ले सकेंगे। विशेष एवं अपनी तरह का यह पहला प्लेटफॉर्म भारतीय ऑटोमोटिव इंडस्ट्री के लिए उल्लेखनीय कदम है, क्योंकि निसान वन ने कई कस्टमर टचपॉइंट्स को सिंगल, यूजर फ्रेंडली एवं ईजी-टु-नेविगेट एक्सपीरियंस में बदल दिया है। इसे ग्राहकों की सभी जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। यह भारत में कारोबार को गति देने एवं ट्रांसफॉर्मेशन की दिशा में निसान की प्लानिंग का हिस्सा है। इसके तहत कंपनी ने हाल ही में मैग्नाइट का नया वैरिएंट लॉन्च किया है, नेटवर्क को विस्तार दिया है और साथ ही कंपनी में उच्च पदों पर नियुक्तियां की हैं। निसान मोटर इंडिया के डायरेक्टर ङ्क मार्केटिंग, प्रोडक्ट एवं कस्टमर एक्सपीरियंस मोहन विल्सन ने कहा, %इस महीने इग्नाइट के 1,00,000 ग्राहक होने की खुशी के अवसर पर %निसान वन% को लॉन्च करते हुए हमें गर्व की अनुभूति हो रही है। यह ऐसा प्लेटफॉर्म है, जो ब्रांड को लेकर ग्राहकों के अनुभव को नई ऊंचाई देगा। यह मजबूत एवं इनोवेटिव प्लेटफॉर्म ग्राहकों को प्राथमिकता पर रखने (कस्टमर फर्स्ट) की निसान की फिलॉसफी का ही हिस्सा है। इस प्लेटफॉर्म पर सभी जरूरी जानकारियां उपलब्ध होंगी,साथ ही सभी मौजूदाग्राहकों एवं संभावित ग्राहकों की जरूरत के हिसाब से कस्टमाइज करने का विकल्प भी होगा। हमारा रेफर एंड अर्न प्रोग्राम इस इंडस्ट्री में अपनी तरह का पहला प्रोग्राम है। यह अपने ग्राहकों को सम्मानित करने और निसान में उनके भरोसे के लिए उनका आभार जताने का ब्रांड का अनूठा तरीका है। निसान वन से वाहन खरीदने का ग्राहकों का पूरा सफर सुगम होगा, जिससे उनका अनुभव बेहतर हो सकेगा। निसान वन के साथ मौजूदा एवं संभावित सभी ग्राहकों को कंपनी से जुड़ने के लिए अलग-अलग वेबसाइट या प्लेटफॉर्म पर जाने की जरूरत नहीं रह जाएगी। यहां ग्राहक की तरफ से चुने गए प्रेफरेंस के आधार पर टार्गेटेड कम्युनिकेशन का विकल्प मिलेगा। उदाहरण के तौर पर, ग्राहक अपने निसान व्हीकल के लिए सर्विस रिमाइंडर भी प्राप्त कर सकेंगे। निसान वन पहली बार निसान मोटर इंडिया में रियल-टाइम सर्विस बुकिंग का विकल्प भी दे रहा है, जिससे सर्विस रिमाइंडर के लिए ग्राहकों से संवाद समेत पूरी प्रक्रिया बेहतर हुई है।

## फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) के संस्थापक अलख पांडे ने आर्थिक रूप से पिछड़े 51,000 छात्रों की फीस माफ की

**लखनऊ।** फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) के संस्थापक और सीईओ अलख पांडे ने शैक्षणिक सत्र 2023-2024 के लिए अपने कुछ पेड बैचों के 51,000 छात्रों की फीस पूरी तरह माफ कर दी है। यह कदम आर्थिक रूप से कमजोर और अच्छी शिक्षा से दूर रह गए बच्चों बड़ी संख्या में छात्र इन कोर्सेज़ की फीस नहीं दे पाते हैं, जिसके कारण पीडब्ल्यू के संस्थापक और सीईओ अलख पांडे ने यह कदम उठाया। इसका उद्देश्य छात्रों के लिए समान अवसर पैदा करना है। पीडब्ल्यू के संस्थापक और सीईओ अलख पांडे ने कहा, ÷यह पहल आर्थिक रूप से



की मदद करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए उठाया गया है। फीस माफी की कुल रकम 17 करोड़ रुपये से अधिक है।3,000 से 4,000 रुपये में अच्छी गुणवत्ता वाले कंटेंट उपलब्ध करा पीडब्ल्यू ने अपने किफायती मूल्य निर्धारण मॉडल से, बाजार में हलचल मचा दी है। इसमें अतिरिक्त सुविधाएं भी शामिल हैं।इन प्रयासों के बावजूद, कमजोर पृष्ठभूमि वाले छात्रों के लिए है, जिन्होंने शिक्षा से जुड़े अपने सपनों को नहीं छोड़ा है। हमारा लक्ष्य उन्हें प्रोत्साहित करना और उम्मीद जगाना है। हम उनके साथ खड़े हैं और आर्थिक परेशानियां उनके शिक्षा के अधिकार में बाधा नहीं बनेंगी। पूरे भारत में बड़े पैमाने पर इस क्रांति को आगे बढ़ाने का हमारा प्रयास जारी रहेगा।

## महंगाई के मोर्चे पर राहत, जनवरी में 5.10 फीसदी रही CPI; दिसंबर में औद्योगिक उत्पादन भी बढ़ा

**नई दिल्ली।** खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों में मामूली नरमी से जनवरी की खुदरा महंगाई दर 5.1 प्रतिशत रही जबकि गत दिसंबर में यह दर 5.69 प्रतिशत थी। जनवरी में खाद्य वस्तुओं की खुदरा महंगाई दर 8.30 प्रतिशत रही जबकि गत दिसंबर में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 9.53 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। हालांकि दाल व सब्जी की खुदरा कीमतों में अब भी काफी बढ़ोतरी दिख रही है। जनवरी में सब्जी के दाम में पिछले साल जनवरी की तुलना में 27.03 प्रतिशत तो दाल के दाम में पिछले साल जनवरी के मुकाबले 19.54 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। हालांकि गत दिसंबर की तुलना में बढ़ोतरी मामूली रूप से कम है। आरबीआइ ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 में खुदरा महंगाई दर 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है जबकि चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही (जनवरी-मार्च) में महंगाई दर 5.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इस हिसाब से फरवरी और मार्च में भी खुदरा महंगाई दर 5.1-5.3 प्रतिशत के आसपास रहेगी। सोमवार को सरकार की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक जनवरी में खाद्य तेल व वनस्पति की कीमतों में पिछले साल जनवरी की तुलना में 14.96 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। अनाज की कीमतों में भी नरमी आई है और जनवरी में अनाज के दाम में 7.83 प्रतिशत की बढ़ोतरी जबकि पिछले कुछ महीनों से यह बढ़ोतरी आठ प्रतिशत से अधिक की थी। जनवरी में फल के दाम में पिछले साल जनवरी के मुकाबले 8.65 प्रतिशत, अंडे में 5.6 प्रतिशत, मांस व मछली में 1.19 प्रतिशत तो चीनी में 7.51 प्रतिशत का इजाफा रहा। कपड़े व फुटवियर की खुदरा कीमतों में यह बढ़ोतरी 3.37 प्रतिशत, यातायात व संचार सेवा में 1.96 प्रतिशत तो स्वास्थ्य सेवा में 4.83 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। ईंधन व बिजली की कीमतों में पिछले साल जनवरी की तुलना में 0.60 प्रतिशत की गिरावट रही। दूसरी तरफ गत दिसंबर माह के औद्योगिक उत्पादन में वर्ष 2022 के दिसंबर के मुकाबले 3.8 प्रतिशत का इजाफा रहा। गत नवंबर के औद्योगिक उत्पादन में 2.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-दिसंबर में औद्योगिक उत्पादन की बढ़ोतरी दर 6.1 प्रतिशत रही।सरकारी आंकड़ों के मुताबिक गत दिसंबर में मैन्यूफैक्चरिंग में 3.9 प्रतिशत माइनिंग में 5.1 प्रतिशत तो बिजली में 1.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही।

# किन परिस्थितियों में ईपीएफ खाते से निकाले जा सकते हैं पैसे?

**नई दिल्ली।** लाइफ में कई बार ऐसे हालात आ जाते हैं जब हमें पैसों की जरूरत होती है। ऐसे में कई बार लोग लोन लेते हैं। अगर आप ईपीएफओ (श्वक्कस्नह्र) में निवेश करते हैं तो आपको बता दें कि आप नौकरी के दौरान भी फंड से पैसे निकाल सकते हैं। ईपीएफ कर्मचारियों को आंशिक निकासी का अवसर देता है। चलिए, जानते हैं कि आप किन स्थितियों में ईपीएफ से पैसे विड्रॉ कर सकते हैं। अगर आप पांच साल से ज्यादा ईपीएफ में निवेश करते हैं तो आप कुछ स्थिति में आंशिक निकासी का लाभ उठा सकते हैं। प्लॉट खरीदने या फिर मकान खरीदने और बनाने के लिए ईपीएफ से पैसे निकाल सकते हैं। आप इसके लिए एक महीने का 36 गुना तक की राशि निकाल सकते हैं। यह राशि हाउसिंग स्कीम के तहत मिलेगी। इस स्कीम के तहत आप 90 फीसदी तक का हिस्सा निकाल सकते हैं। इस निकासी के लिए आपको लगातार 3 साल तक ईपीएफ में कंट्रीब्यूशन देना होगा। अगर पीएफ अकाउंट में 20,000 रुपये से कम राशि है तो आप इसका लाभ नहीं उठा सकते हैं। अगर आपने घर बनाने के लिए कोई होम लोन लिया है तो आप उसे चुकाने के लिए भी ईपीएफ से पैसे विड्रॉ कर सकते हैं। इस स्थिति में वह पीएफ बैलेंस से 90 फीसदी तक की राशि निकाल सकते हैं। वर्तमान में इलाज के खर्चों में काफी पैसे खर्च हो जाते हैं। ऐसे में गंभीर बीमारी के इलाज करने, विकलांग होने पर या फिर कंपनी बंद हो जाने जैसे कआ आपात स्थिति में भी आप ईपीएफ से पैसे निकाल सकते हैं। बता दें कि अगर आप मेडिकल के लिए पैसे निकालने की सोच रहे हैं तो आपको इसके लिए एक महीना या फिर उससे ज्यादा भर्ती होने का सबूत देना होगा।

## ओमरॉन हेल्थकेयर ने उत्तर प्रदेश में हाइपरटेंशन मैनेजमेनट पर शुरू किया जागरुकता अभियान

**अयोध्या।** होम हेल्थ मॉनिटरिंग एवं उपचार के लिए चिकित्सा उपकरणों में जापानी ग्लोबल लीडर की भारतीय शाखा ओमरॉन



हेल्थकेयर इंडिया ने राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र, अयोध्या में हाइपरटेंशन मैनेजमेन्ट पर विशेष जागरुकता अभियान की शुरूआत की है। अभियान का विषय है 'हर हृदय में बसते हैं भगवान श्री राम; हर हृदय की सुरक्षा है हमारा काम'। इसका उद्देश्य, ओमरॉन के 'गोइंग फॉर ज़ीरो' दृष्टिकोण के अनुरूप हाइपरटेंशन के लिए होम ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग के बारे में जागरुकता बढ़ाना है- ताकि सतर्कता बरत कर दिल की बीमारियों की संभावना को कम किया जा सके। श्री टेटसुया यमादा, मैनेजिंग डायरेक्टर ओमरॉन हेल्थकेयर इंडिया ने कहा, ''भरोसमंद एवं इस्तेमाल में आसान बीपी मॉनिटर्स के द्वारा मरीज़ घर बैठे अपने बीपी पर निगरानी रख सते हैं। हमारे अध्ययनों के अनुसार भारत में बीपी के मरीज़ों में बीपी मॉनिटर की पहुंच मात्र 5 फीसदी है। इसके इस्तेमाल को बढ़ाने के लिए हमें बीपी मॉनिटरिंग के बारे में जागरुकता बढ़ानी होगी, क्योंकि ऐसा करना रोग के प्रबन्धन के लिए बेहद ज़रूरी है। उत्तर प्रदेश भारत का सबसे ज़्यादा आबादी (16.5 फीसदी) वाला प्रदेश है, ऐसे में इस जागरुकता अभियान की शुरूआत के लिए यह सही लोकेशन है।'

# कलर्स के 'कयामत से कयामत तक' के करम राजपाल और तृप्ति मिश्रा द्वारा जलाई गई प्यार की मशाल से लखनऊ जगमगा उठा

**लखनऊः** प्यार के महीने में रोमांस फैलाते हुए, कलर्स के 'कयामत से कयामत तक' के कलाकार करम राजपाल और तृप्ति मिश्रा लखनऊ पहुंचे। हाल ही में लॉन्च किया गया यह शो उन तीन अलग-अलग प्रेम कहानियों में से एक है, जो चैनल के प्राइम-टाइम स्लॉट पर रात 9-30 बजे से 11-00 बजे तक एक के बाद एक प्रसारित होती हैं, जिसने इसे एक भव्य रोमांटिंग महोत्सव बना दिया है। प्यार के विभिन्न रंगों का जश्न मनाते हुए, कलर्स ने अपने अभियान 'प्यार की मशाल' के साथ रोमांस की लौ जलाने का प्रयास किया है, जो लोगों को प्यार से इकट्ठा और एकजुट करते हुए उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात के कई शहरों को सफलतापूर्वक रोशन कर रहा है। जबकि दुनिया प्यार के महीने में डूबी है, करम और तृप्ति ने एक अनोखे कैंटर में रोमांस की लौ - 'प्यार की मशाल' जलाई जो तीन राज्यों के अपने सफर के दौरान लखनऊ में रुकी। कलाकारों और



स्थानीय लोगों को एक जीवंत नुक्कड़ नाटक देखने को मिला, जो इस रोमांटिक ड्रामा से प्रेरित ऊर्जा और रचनात्मकता से भरपूर स्ट्रीट प्ले था। दर्शकों का प्यार बटोरने वाला, 'कयामत से कयामत तक' एक शाश्वत प्रेम कहानी है जो राज (करम) और पूर्णिमा (तृप्ति) के जीवन को दर्शाता है, जिनके प्यार को उम्र, समाज और यहां तक कि मौत की बाधाओं से भी चुनौती मिलती है। क्या उनका प्यार मृत्यु की अटलता से बच पाएगा? 'कयामत से कयामत तक' में राज की भूमिका निभा रहे करम एस राजपाल कहते हैं, ÷कयामत से कयामत तक को पसंद करने वाले सभी दर्शकों को बहुत-बहुत धन्यवाद। इतने सारे प्यार के साथ, मैं लखनऊ में प्यार की मशाल को रोशन करने और शहर के लोगों के साथ बातचीत करने को लेकर रोमांचित हूं। प्यार का जश्न मनाने के लिए इतनी बड़ी संख्या में लोगों को इकट्ठा होते देखकर बहुत ही अच्छा लगता है। कलर्स ने अपने 9-30 बजे से 11-00 बजे के टाइम स्लॉट में रोमांस का महोत्सव आयोजित कर दिया है और इन तीन अलग-अलग प्रेम कहानियों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करना अद्भुत है। सबसे बढ़कर, मैं हमारे शो और पुनर्जन्म के रहस्य के संबंध में लोगों के विचार जानने को लेकर उत्साहित हूं। मैं चाहता हूं कि पूरे भारत में सभी दर्शक हमारे द्वारा जलाई गई प्यार की लौ की गर्माहट फैलाएं। 'कयामत से कयामत तक' में पूर्णिमा का किरदार निभा रहीं तृप्ति मिश्रा कहती हैं, ÷कलर्स में रात 9-30 बजे से 11-00 बजे तक के प्राइम टाइम स्लॉट में प्रसारित होने वाले तीनों शो में प्यार एक समान पहलू है, जिनसे दर्शकों को रोमांस की ट्रिपल डोज़ मिलती है। प्यार की बात करें तो, मैं दर्शकों को कयामत से कयामत तक को इतना प्यार देने के लिए धन्यवाद देती हूं। यह शो पुराने दौर का रोमांस पेश करता है और यह देखकर बहुत अच्छा लगता है कि शो दर्शकों को कितना मंत्रमुग्ध कर रहा है। हर सोमवार-शुक्रवार रात 9-30 बजे से 11-00 बजे के बीच प्यार का ट्रिपल डोज़ पाएं, केवल कलर्स पर।

## भाजपा ने दिया महिलाओं को उचित सम्मान : दयाशंकर



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत महिला मोर्चा जनपदीय इकाई द्वारा चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि सदर सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी और विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह तथा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह रहे। महिला मोर्चा द्वारा अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। चाय पर चर्चा के दौरान मुख्य अतिथि ने सभी का परिचय प्राप्त किया तथा किस प्रकार से महिलाओं को और मजबूती के साथ हर क्षेत्र में सशक्त किया जाय इस विषय में चर्चा हुई । जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने नारी शक्ति वंदन अभियान के माध्यम से महिलाओं के उत्थान और विकास पर सबसे ज्यादा जोर दिया है। सरकार ने सदन में महिला आरक्षण विधेयक पास कराकर हर क्षेत्र में महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की है। अब महिलाएं कमजोर और अबला नहीं हैं बल्कि वो आत्मनिर्भर हैं और हर क्षेत्र में अपने कौशल का लोहा मनवा रहीं हैं । वह अपने जीवन से जुड़े सभी फैसले स्वयं ले सकती है और परिवार और समाज में अच्छे से रह सकती है। समाज में उनके वास्तविक अधिकार को प्राप्त करने के लिए उन्हें सक्षम बनाना ही महिला सशक्तीकरण है। इसमें ऐसी ताकत है कि वह समाज और देश में बहुत कुछ बदल सके। सदर सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि नारी शक्ति को पांच प्रकार से सशक्त किया जा सकता है। लैंगिक समानता, गरीबी में कमी, लोकतांत्रिक शासन, संकट की रोकथाम, पर्यावरण और सतत् विकास में महिलाओं की भागीदारी, सशक्तिकरण को एकीकृत करने के लिए वैश्विक और राष्ट्रीय प्रयासों का समन्वय करता है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यसमिति की बैठक



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोरक्ष प्रांत की प्रांत कार्यकारिणी व कार्य समिति बैठक सहजनवा गोरखपुर में संपन्न हुई दो दिवसीय चलने वाली बैठक में पहले दिन प्रांत कार्य समिति के सदस्यों के साथ बैठक हुई जिसमें गोरक्ष प्रांत के सभी जिलों से प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्य रूप से क्षेत्रीय संगठन मंत्री पूर्वी उप्र क्षेत्र घनश्याम शाही उपस्थित रहे प्रांत कार्य समिति में चलने वाले विषय इकाई गठन कॉलेज व नगर स्तर पर करने की व्यवस्थित योजना बनी सभी कॉलेज इकाइयों में आयाम के कार्य सुचारू रूप से चलाने की रणनीति बनाई गई घनश्याम शाही ने बताया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दुनिया के सबसे बड़े छात्र संगठन के रूप में कार्य कर रहा है। संगठन की सबसे छोटी इकाई कॉलेज इकाई तब जब हमारी कार्यकारिणी सक्रिय हो जाएगी। दूसरे दिन चलने वाली प्रांत कार्यकारिणी की बैठक में मुख्य रूप से सदस्यता परिसर चलो अभियान, आयाम कार्य जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

# एक हजार गरीब बेटियों का होगा विवाह, सीएम देंगे आशीर्वाद

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत खाद कारखाना टीवी परिसर में होगा भव्य आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत बुधवार (14 फरवरी) को दोपहर बाद तीन बजे से खाद कारखाना परिसर में आयोजित भव्य समारोह में एक हजार गरीब बेटियों का विवाह संपन्न होगा। इस आयोजन में वैवाहिक जीवन में प्रवेश करने वाले जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं उपस्थित रहेंगे। जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग के अधिकारी सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

समाज कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के सत्यापन के बाद करीब एक हजार जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया जाना प्रस्तावित है। प्रति विवाह पर सरकार की तरफ से 51 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें से 35 हजार रुपये विवाह बंधन में बंधने जा रही कन्या के बैंक खाते में अंतरित कर दिए जाते हैं। 10 हजार रुपये उपहार व शेष राशि अन्य खर्चों के मद में है। बुधवार को होने वाले सामूहिक विवाह के समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ जिले के जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी नवयुगलों को आशीर्वाद देने के लिहाज से बेहद खास होगी। सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सरकार वर-वधू को उपहार भी देती है। इसमें वधू के लिए विवाह हेतु कढ़ाई की एक साड़ी, एक चुनरी, एक डेली यूज की साड़ी, वर हेतु कुर्ता पायजामा, पगड़ी तथा माला, मुस्लिम विवाह के लिए वधू को कढ़ाई वाला सूट, चुनरी, सूट का कपड़ा, वर हेतु कुर्ता पायजामा आदि देती है। आभूषण में चांदी की पायल, बिछुआ भी प्रदान किया जाता है। गृहस्थी के समान में कुकर, जग या लोटा, थाली, गिलास, कटोरा व चम्मच, बक्सा तथा प्रसाधन सामग्री से भरी श्रृंगारदानी दी जाती है। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2017-18 से अब तक समाज कल्याण विभाग मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सिर्फ गोरखपुर जिले में ही 7620 शादियां सम्पन्न करा चुकी है। अब इसमें एक हजार की संख्या और जुड़ जाएगी।

### गोरखपुर में सामूहिक विवाह योजना की उपलब्धि

| वित्तीय वर्ष | संख्या |
|---|---|
| 2017-18 | 81 |
| 2018-19 | 256 |
| 2019-20 | 651 |
| 2020-21 | 622 |
| 2021-22 | 1416 |
| 2022-23 | 1505 |
| 2023-24 (अब तक) | 3089 |



**अब तक हो चुके हैं 7620 सामूहिक विवाह**

### स्वावलंबी महिलाओं को सम्मानित कर आत्मनिर्भरता का मंत्र देंगे मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।** आधी आबादी की सुरक्षा सम्मान और खासकर स्वावलंबन पर सरकार लगातार जोर दे रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाई जा रही कई योजनाओं में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस मिशन से स्वावलंबी हो रही महिलाओं को और आगे बढ़ने की दिशा में प्रेरित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत 14 फरवरी (बुधवार) को उनके साथ संवाद करेंगे। कुछ चुनिंदा महिलाओं को सम्मानित कर समूची आधी आबादी को आत्मनिर्भरता का मंत्र देंगे।

महिलाओं के सम्मान और संवाद से जुड़ा नारी शक्ति वंदन का यह समारोह बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे से योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में प्रस्तावित है। इस मौके पर गोरखपुर जिले में दीन दयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रगति की विशेष तौर पर चर्चा भी की जाएगी। मिली जानकारी के अनुसार इस मिशन के अंतर्गत गोरखपुर में अब तक कुल 20,847 समूहों का गठन किया जा चुका है। इसमें कुल 3,05,324 समूह सदस्यों को जोड़ा गया है। 14,690 समूहों को रिवाल्विंग फण्ड तथा 9951 समूहों को सीआईएफ सुविधा देकर कुल 131 करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध करायी गयी है। एनआरएलएम की उपादेयता को और व्यापक बनाने के लिए जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत से दो-दो मॉडल समूह विकसित किये गये हैं, जिसमें कुल 2470 स्वयं सहायता समूहों का चयन किया गया है। 3558 समूह सदस्यों को विभिन्न ट्रेडों जैसे सिलाई, अचार, मसाला निर्माण, सॉफ्ट टॉय बनाना, दोना पत्तल, लोक सेवा केन्द्र का संचालन, जनरल स्टोर, अगरबत्ती, सब्जी उत्पादन, मशरूम, शहद उत्पादन, कृषि कार्य, पशुपालन आदि में प्रशिक्षित भी किया गया है। साथ ही एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत टेराकोटा उत्पाद बनाने के लिए पांच स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है। कुछ अन्य उपलब्धियों पर गौर करें तो गोरखपुर में स्वयं सहायता समूहों की तरफ से 39 राशन की दुकानें संचालित की जा रही हैं।

## भाजपा ने दिया महिलाओं को उचित सम्मान

**देवरिया।** नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत महिला मोर्चा जनपदीय इकाई द्वारा चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि सदर सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी और विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह तथा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह रहे। महिला मोर्चा द्वारा अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। चाय पर चर्चा के दौरान मुख्य अतिथि ने सभी का परिचय प्राप्त किया तथा किस प्रकार से महिलाओं को और मजबूती के साथ हर क्षेत्र में सशक्त किया जाय इस विषय में चर्चा हुई। जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने नारी शक्ति वंदन अभियान के माध्यम से महिलाओं के उत्थान और विकास पर सबसे ज्यादा जोर दिया है। सरकार ने सदन में महिला आरक्षण विधेयक पास कराकर हर क्षेत्र में महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की है। अब महिलाएं कमजोर और अबला नहीं हैं बल्कि वो आत्मनिर्भर हैं और हर क्षेत्र में अपने कौशल का लोहा मनवा रहीं हैं।

## जल गुणवत्ता जाँच हेतु प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के अंतर्गत जनपद देवरिया में आज आज प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न कराया गया जिसमें अधिशासी अभियंता जल निगम श्री अखिल आनंद जी डीपीएमयू डीसी हरिश्चंद्र, आईएसए कोऑर्डिनेटर डीपीएमओ राजेश यादव जी कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक एवं जल गुणवत्ता सलाहकार यूनिसेफ श्री धर्मेंद्र कुमार जी की गरिमामय स्थिति रही। जनपद देवरिया के समस्त ग्राम पंचायत में पेयजल स्रोतों के फिल्ड टेस्ट किट द्वारा जल गुणवत्ता जांच हेतु चयनित पानी समिति की महिलाओं को जल जनित बीमारियों के कारण एवं निवारण तथा जल गुणवत्ता की जांच कर भारत सरकार के WQMIS (water quality manegment information system )पोर्टल पर अपलोड करने करने एवं जागरूकता हेतु जल गुणवत्ता विशेषज्ञ प्रशिक्षकों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया जो की प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात जनपद के समस्त ग्राम पंचायत में जाकर सुरक्षित पेयजल एवं जल जनित बीमारियों के बचाव हेतु आम जन समुदाय को जागरूक करेंगे।

## दिल कै बंटवारा केहू न किहा...



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** नगर स्थित चाणक्यपुरी मोहल्ले में सोमवार को श्री गुरु गोबिंद सिंह जी लंगर आयोजन समिति की ओर से सेवादारों का सम्मान समारोह एवं कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कवि गोष्ठी में क्षेत्र के कवियों ने सुंदर रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। कार्यक्रम का शुभारंभ दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। उसके बाद कवि गोष्ठी में कवित्री राम कुमारी साहू ने वाणीवंदना की।

पश्चात इसके कवि जगदंबा प्रसाद त्रिपाठी में पढ़ा गीत है गजल है कुछ प्यार का तराना है। रात का मुसाफिर हूं सुबह चले जाना है। इसके बाद कवि हरिशंकर मिश्र ने पढ़ा दीप की लव तिमिर का काल हूं मैं। कवित्री राम कुमारी साहू ने पढ़ा हम सब भारत के वासी भारत का मान बढ़ाएंगे। वंदे मातरम वंदे मातरम वंदे मातरम गायेंगे। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए अवधी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पांडे ने साहित्य पर विस्तृत व्याख्यान देते हुए काव्य पाठ किया। उन्होंने पढ़ा सीखें गलतियों से दोहराएं नहीं। वीर रस के कवि रामेश्वर सिंह निराश ने सामाजिक सौहार्द पर काव्य पाठ करते हुए पढ़ा घर कै बंटवारा भले तू किहा। दिल के बंटवारा केहू ना किहा। कवि गोष्ठी के उपरांत सेवादारों का सम्मान हुआ। जिसमें अमेठी रेलवे स्टेशन पर तैनात टी टी आई राजेंद्र सिंह को अंग वस्त्र सम्मान पत्र और सरोपा भेंट कर कार्यक्रम के संयोजक बाबा मनोहर सिंह और अतिथियों ने सम्मानित किया। इसके बाद गुरु के लंगर के सेवादारों को सम्मानित किया गया। कवि गोष्ठी के पूर्व विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने सेवा समर्पण पर अपने विस्तृत व्याख्यान दिए। जिसमें मानवता की सेवा के लिए पहले पातशाह श्री गुरु नानक देव जी की प्रासंगिक शिक्षाओं को श्रोताओं के समक्ष विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से परोसा। जिसमें सदाशिव पांडे संजीव भारती हरिशंकर मिश्र आदि रहे। कार्यक्रम में सरदार हरवंश सिंह पंडित विजय कुमार मिश्र सुनील त्रिपाठी अनुभव मिश्र सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इसके बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने लंगर छका।



## कप्तानगंज में अधूरा नाला मुसीबत को न्योता, जिम्मेदार मौन

**वार्ड नंबर 5 में आधा अधूरा नाले से बह रहा पानी**



वार्ड नंबर पांच काशीराम शहरी आवास से होकर गुजर रहे नाले का मामला

एक ही जगह खाली पड़े जमीन में इकट्ठा हो रहा पानी

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** कस्बे के वार्ड नंबर पांच में बने आधा अधूरा नाला नगरवासियों के लिए मुसीबत बन गया है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से नाले से बह रहा गंदा पानी एक ही जगह इकठ्ठा हो होकर सड़ रहा है जिससे वार्ड के लोगों में गंभीर बीमारियों का आशंका प्रबल हो गई है। लेकिन जिम्मेदार मौन साधे हुए है।

बता दे कि नगर पंचायत कप्तानगंज के वार्ड नंबर पांच काशीराम शहरी आवास से होकर गुजरने वाली लाखों रुपए से बना नाला अधूरा है। उल्लेखनीय है कि उक्त नाला बन जाने से वार्ड के लोगों को जल निकासी की समस्या दूर हो जायेगी लेकिन अधूरा नाला मुसीबत बन गया है। बताया जा रहा है कि कुछ माह पहले उक्त नाले का निर्माण कराया गया था जो अब तक अधूरा है। जिसका पानी एक ही जगह बगल में खाली पड़े जमीन में जाकर इकट्ठा हो रहा है। एक ही जगह पानी इकट्ठा होने से सड़न हो रहा है जिससे जलजनित बीमारियों के फैलने की आशंका प्रबल हो गई है। कुछ लोगों द्वारा बताया गया कि यहां से पानी ओवर फ्लो होकर नदी में गिरता है जिससे जलीय जंतुओं के लिए भी नुकसानदायक है। कस्बे में जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से लोग परेशान है लेकिन जिम्मेदार हाथ पर हाथ धरे बैठे है। उधर सड़न और मच्छरों के प्रकाश से लोगों का जीना मुहाल हो गया है।

> इस संबध में अधिशाषी अधिकारी कप्तानगंज योगेश कुमार मिश्र ने बताया कि प्रकरण मेरे संज्ञान में नहीं है। दिखवाता हूं अगर नाला अधूरा है और जलनिकासी की समस्या है, तो बजट बनवाकर व्यवस्था को सुदृढ़ करा दिया जायेगा।

## शिक्षक विद्यार्थियों में उत्तम चरित्र का करें निर्माण : उमाशंकर



अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** जी.एस. वर्ल्ड बेंदुआर अहिरौली बाजार के प्रांगण में एक्सीलेंट कोचिंग सेंटर में अध्ययनरत कक्षा दसवीं और बारहवीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उमाशंकर त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी ने सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

एक्सीलेंट कोचिंग सेंटर के संरक्षक जयराम सिंह ने आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण के बाद मोमेन्ट देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में कोचिंग संस्थान के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उमाशंकर त्रिपाठी ने उक्तियों के माध्यम से गुरू के विशेषताओं का वर्णन करते कहा कि शिक्षकों को विद्यार्थीयों में उत्तम चरित्र का निर्माण करना चाहिए। सर्व प्रथम हमें अपनी गलतियों की सुधारने की जरूरत है। क्योंकि जहां गलतियां होती है वहां अहंकार भी आ जाता है और जब अहंकार होता है तो वहां ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती। एक्सीलेंट कोचिंग सेंटर के संरक्षक जयराम सिंह ने छात्र-छात्राओं को विदा करते समय उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभ आशीष प्रदान करते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि इतने वर्षो तक कोचिंग संस्थान में पढ़ने वाले बच्चों से लगाव होना लाजमी है। कैरियर कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर ओमवीर सिंह ने कहा बच्चों ने अपनी जिम्मेदारियों और शिक्षक की भूमिका को हर लिहाज में पूरा करने का प्रयास किया है।उन्होंने विभिन्न मौके पर बच्चों के बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई भी दी और सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। शिवदयाल सर ने कहा कि बच्चों में शिक्षकों को एक आदर्श विद्यार्थी के सभी अच्छे गुणों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस दौरान संतोष तिवारी अयोध्या भाई जिलाध्यक्ष भीम सहित अन्य गणमान्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## दीवानी न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मार्च के

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** प्रभारी अधिकारी संयुक्त कार्यालय ने बताया कि आगामी 09 मार्च 2024 शनिवार को दिवानी न्यायालय कुशीनगर स्थान पडरौना के प्रांगण में जनपद न्यायधीश कुशीनगर की अध्यक्षता में प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा जिसमें अधिक से अधिक वादों तथा जनपद के समस्त लाभार्थी परक योजनाओ, समस्त प्रकार के छात्रवृत्ति, आवास सहित सभी प्रकार के आवंटन एवं सभी प्रकार के प्रमाण पत्र, सर्विस मेटर आदि को अधिक से अधिक संख्या में नियत कर निस्तारित किया जायेगा। उन्होंने उक्त के क्रम में सभी संबंधित विभागाध्यक्ष से अपेक्षा की हैं कि वे प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों का निस्तारण करें तथा नियत किए गए योजनाओ एवं उनके लाभार्थियों की सूची 07 मार्च को प्रातः 10 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## भविष्य की चुनौतियों से निपटने को अन्वेषण की दृष्टि जरूरी : प्रो. भट्ट



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय लखनऊ के पूर्व कुलपति प्रो. एमएलबी भट्ट ने कहा कि नर्सिंग का क्षेत्र भविष्य में और भी व्यापक और समृद्ध होने वाला है। व्यापकता के हिसाब से ही इस क्षेत्र में नई चुनौतियां भी आएंगी। भावी चुनौतियों से निपटने के लिए यह जरूरी है कि हम अभी से अन्वेषण की दृष्टि से काम करते हुए आगे बढ़ें।

प्रो. भट्ट सोमवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के शुभारंभ सत्र को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन के लिए विश्वविद्यालय को साधुवाद देते हुए इसमें बहुव्यापी विषय रखने पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रो. भट्ट ने कहा कि चिकित्सा व नर्सिंग के क्षेत्र में नवप्रवेशी युवाओं के सर्वांगीण व्यक्तित्व और पेशेवर विकास के लिए स्किल डेवलपमेंट अपरिहार्य तत्व है। शोधार्थियों और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प से यदि किसी कार्य को किया जाए तो किसी भी लक्ष्य को साधा जा सकता है। जरूरी यह भी है कि कार्य से प्रेम के साथ लक्ष्य प्राप्ति की पिपासा आजीवन बनी रही। प्रो. भट्ट ने महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर को सर्वश्रेष्ठ बताते हुए यहां की शिक्षण प्रविधियों और परिसर के शैक्षणिक वातावरण की मुक्तकंठ से सराहना की। अध्यक्षता करते हुए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी नर्सिंग व चिकित्सा क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने में वरदान साबित होगी। भारत की प्राचीन चिकित्सा व नर्सिंग प्रणाली की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय प्रणाली पूरी तरह दोषरहित रही है। सम्पूर्ण विश्व को चिकित्सा पद्धति भारत की ही देन है। प्राचीन काल से ही युद्ध के दौरान परिचारक द्वारा घाव पर कपड़े से मरहम-पट्टी होती थी, पाश्चात्य ने उसे ग्रहण कर बैंडेज का नाम दे दिया। डॉ. वाजपेयी ने कहा कि विश्वविद्यालय से चिकित्सा की तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर नर्सेज भविष्य में किसी भी आपातकाल में सहयोग के लिए तैयार रहेंगी क्योंकि उन्हें समयानुकूल और नवीनतम प्रौद्योगिकी से आच्छादित शिक्षण-प्रशिक्षण दिया जाता है।

## किसानों के हर प्रयास फेल फसल चौपट कर रहे छुट्टा जानवर

अवधनामा संवाददाता

**भेंटुआ (अमेठी)।** विकास खण्ड भेंटुआ के गांव सनहा परतोष सरूवांवा सेमरा मड़ेरिका सहित अन्य कई गांवों में तमाम प्रयास करने के बाद भी बेसहारा पशुओं से किसान अपनी फसल को नहीं बचा पा रहे हैं। जिसके चलते किसान परेशान हैं। उनके द्वारा खेतों की तारबंदी से लेकर रखवाली करने की तमाम कोशिश भी बेकार साबित हो रही है।

किसानों की समस्या को देखते हुए शासन के निर्देश में टिकरी गांव में गोशाला भी बनाई गई। जिनमें बेसहारा पशुओं को पकड़कर रखा भी गया लेकिन फिर भी काफी गांवों में गोशाला नहीं बनी हैं। ऐसे में पशुओं को भी नहीं पकड़ा गया है। जिस कारण बेसहारा पशु किसानों के खेतों में विचरण कर रहे हैं और फसलों को नुकसान भी पहुंचा रहे हैं। उनके द्वारा गेहूं जौ सरसो समेत आदि फसलों में नुकसान पहुंचाया जा रहा है। नुकसान से बचने के लिए किसान दिन-रात खेतों पर रहकर फसल बचाने की जुगत में लगे हैं। काफी किसानों ने तारबंदी भी करा ली और खेतों के चारों तरफ बांस भी बांध दिए हैं। तमाम प्रयास करने के बावजूद भी किसान अपनी फसलों को बचाने में कामयाब नहीं हो रहे हैं।क्षेत्र में बेसहारा पशुओं की संख्या काफी अधिक है। सरूवांवा गांव निवासी किसान प्रमोद परतोष गांव निवासी सूबेदार ओमप्रकाश आदि का कहना है कि फसल को बचाने के लिए तारबंदी की है लेकिन पशु तारबंदी के पोलों को तोड़कर घुस जाते हैं और फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।



## जन कल्याण का भी मंच बना गोरखनाथ मंदिर का खिचड़ी मेला

**गोरखपुर।** गोरखनाथ मंदिर का प्रसिद्ध खिचड़ी मेला आस्था की अभिव्यक्ति, मनोरंजन और रोजगार का संगम होने के साथ ही जन कल्याण के एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में भी उभरा है। मेला परिसर में लगे विभिन्न शासकीय विभागों के स्टालों पर एक माह में बड़ी संख्या में नए लाभार्थियों को जन कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित किया गया है। खिचड़ी मेला परिसर में मनरेगा, निराश्रित महिला पेंशन, निराश्रित, वृद्धावस्था व दिव्यांगजन पेंशन, शादी अनुदान, रोजगार और कृषि से संबंधित आए आवेदनों को निस्तारित कर आवेदकों को जीवन की नई राह दिखाई है। खिचड़ी मेला में एक माह के दौरान ग्राम्य विकास विभाग (मनरेगा) के स्टाल पर 2796 आवेदन आए और इन सभी को निस्तारित करते हुए योजना के दायरे में लाया गया। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के स्टाल पर 19 लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास देने की गुहार लगाई।

## सुने घर का ताला तोड़कर कीमती सामान ले उड़े चोर



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुड़िला हरपुर में सुनसान घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने गहने समेत कीमती सामान ले उड़े। इस संबंध में पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाई की मांग किया है। सोमवार को कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर पीड़ित रवि प्रताप राव पुत्र राधेश्याम निवासी मुड़िला हरपुर वर्तमान में भिवाड़ी राजस्थान में रहते है। बीते 9 व 10 फरवरी की रात घर के गेट का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने घर में रखा कीमती सामान जिसमें दो सोने की चैन, चार सोने की अंगूठी, तिलक में चढ़ा चांदी का सामान, वर्तन, कपड़ा, एलईडी टीवी व अन्य सामान चोरी कर लिए तथा बैग को घर से दो सौ मीटर दूरी पर फेंक दिया। उक्त घटना की जानकारी मुझे 11 फरवरी को हुई जब मैं राजस्थान से अपने सिस्टर के यहां 14 फरवरी को ब्रह्मभोज में शामिल होने आया था। घटना की जानकारी होने पर मौके से घर पहुंचा तो बॉक्स व आलमारी सब टूटा पड़ा था और समान इधर उधर बिखरा था। इसकी सूचना तत्काल 112 नंबर व मथौली पुलिस चौकी पर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस से घटना स्थल जायजा लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच की जा रही है। जल्द ही खुलासा कर दिया जायेगा।

# जनपद में तेजी से बढ़े अपराध के ग्राफ

- जिला पुलिस अपराधिक घटनाओं को रोकने में नाकाम
- चोरी, छीनौती, अपहरण, लूट, मारपीट, गोलीकांड, स्टंटबाजी एवं गौतस्करी की वारदातें जिले में हुई आम
- जिले में अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा हैं लेकिन पुलिस उसपर लगाम लगाने में नाकामयाब साबित हो रही है

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** जिले में अपराध का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा हैं,लेकिन पुलिस उसपर लगाम लगाने की बजाय शांत बैठी है। पुलिस के इसी रवैये को देखकर अपराधी कही दिन दहाड़े हत्या कर दे रहे हैं, तो कही किसी को लूट रहे है। यही नहीं अपरहण कर लूट की वारदातों को भीं अंजाम देने में अपराधी कामयाब होते जा रहे है। चोर तो आए दिन किसी न किसी मोहल्ले के मकान का ताला चटका रहे है। हालात बहुत ही खराब हो गए है। अब तो कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे है। मारपीट की घटना तो आम बात है। जनपद में पहले ही अपराध बढ़े थे,अब तो हद हो गई है। पिछले एक महीने पर गौर करें तो अपराधी खुलेआम अपराधों को अंजाम देने लगे है। इससे जिलेभर में दशहत फैल गई है। हर किसी के मन में यह डर बन गया है कि कही सड़क पर निकले तो कोई उनको लूट न ले। कही दिन दहाड़े उनकी हत्या न हो जाए। यह सोचकर हर कोई सहमा हुआ है। सुल्तानपुर जनपद में बॉर्डर से सटे हुए जिले अंबेडकर नगर, आजमगढ़, जौनपुर, प्रतापगढ़, अमेठी व अन्य अंतर्जनपदीय अपराधी हिस्ट्रीशीटर जिले में प्रवेश कर खुलेआम अपराध को अंजाम देते हुए पुलिस को चैलेंज करके चले जाते हैं। सालों से जमें एक ही थाने पर थानेदारों का यह हाल है कि वह केवल फोटोग्राफी में मस्त है। अपराध रोकने पर उनका कोई ध्यान नहीं है।

कोतवाली नगर में ही हौसला बुलंद बदमाश पशु व्यापारी का अपहरण करके लाखों रुपए लूट कर भाग जाते हैं। घटना के बारे में पुलिस को सूचना देने के बाद भी आरोपित अभी तक पकड़े नहीं जा सके है।

वहीं दूसरी तरफ नगर क्षेत्र में बाइक पर सवार होकर स्टंट करते हुए युवाओं के हौसले बुलंद हैं। इसकी शिकायत करने पर पुलिस शांत बैठी रहती है।

**कोतवाली नगर-** कोतवाली नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत शास्त्रीनगर, दरियापुर ओवर ब्रिज, कुड़वार नाका स्थित रेलवे स्टेशन रोड, सीताकुंड चौकी अंतर्गत विनोवापुरी, पर्यावरण पार्क के पीछे, केएन आईटी चौकी क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला कस्बा, निराला नगर, चौकी क्षेत्र विवेक नगर, करौंदिया ओवर ब्रिज के नीचे, रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 4 के पीछे, मधु सुदन इंटर कॉलेज के आसपास लगातार शराबियों/नशेड़ी युवकों का जमावड़ा लगता है। जिसके कारण मारपीट की भी वारदातें लगातार देखने को मिल रही हैं। पुलिस की सक्रियता पर लगातार सवालिया निशान खड़ा हो रहा है। ऐसे में आए दिन नशे की आगोश में जा रहे युवाओं को लेकर जहां उनके अभिभावक चिंतित हैं तो वहीं मारपीट की वारदातें भी जिले में बढ़ी हैं।

**थाना करौदीकंल-** करौदी कला थाने की बात करें तो लगातार महिला उत्पीड़न की बात सामने आ रही है। आंकड़ों की बात करें तो दिन प्रतिदिन लड़कियां गायब होती जा रही हैं। वही उनकी बरामदगी के लिए भी पुलिस बड़ी तत्परता के साथ सक्रिय होकर शत प्रतिशत बरामदगी करते हुए गुड वर्क ले रही है। सवाल इस बात का है कि आखिर जिले में सबसे ज्यादा अगर किसी क्षेत्र में रहस्यमय तरीके से लड़कियों के गायब होने की बात सामने आई है तो वह करौंदी कला थाना क्षेत्र ही है। हाल फिलहाल की बात करें तो थाना क्षेत्र की एक महिला के द्वारा कोर्ट में प्रार्थना पत्र देते हुए थानेदार सहित सिपाहियों पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं जो कि न्यायालय में बेचाराधीन है।

# परिवार परामर्श महिला सहायता परामर्श केंद्र द्वारा एक जोड़ी की विदाई



अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के निर्देशन में महिला परिवार परामर्श केंद्र से एक जोड़े को समझा बुझाकर विदा किया गया। केंद्र की प्रभारी महोदय श्रीमती सीमा सरोज, महिला आरक्षी रेनू यादव,महिला आरक्षी सीमा शर्मा, महिला आरक्षी रूपा देवी, वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पांडे, सदस्य. पीएलवी ऊषा शर्मा सदस्य के अथक प्रयासों से आज लगभग 1 साल से विवादित चल रहे मामले को सुलझा कर रोशनी पत्नी अभिषेक तिवारी निवासी विवेकानंद नगर थाना कोतवाली नगर जिला सुल्तानपुर को समझा-बुझाकर उनके पति अभिषेक तिवारी के साथ विदाई कराई गई। यह मामला काफी दिनों से विवाद चल रहा था। किंतु आज सारे मतों को बुलाकर अभिषेक तिवारी अपनी पत्नी रोशनी को अपने घर लीवाकर गया। जिसकी भूरि भूरि सराहना की गई है। वहीं दूसरी तरफ़ देखा जाय तो इससे समाज को एक नई दिशा के साथ साथ नई सोंच भी लोगों में जागृत हो रही है। लगभग सैकड़ों परिवार जो पड़ी मन मुटाव के चलते अलग अलग रह रहे थे वे आज परिवार परामर्श महिला सहायता केन्द्र के सदस्यों के अथक प्रयास से एक दूसरे के साथ जीवन यापन कर हसी खुशी जीवन बसर कर रहे हैं। पुलिस विभाग का यह बहुत ही सराहनीय कदम है। इनमें नामित सदस्यों का बहुत ही अच्छा योगदान रहता है। वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पांडेय ने बताया की इस परिवार परामर्श केंद्र का मुख्य उद्देश्य छोटी छोटी बातों से अलग रह रहे पति पत्नी को समझा बुझा कर एक नये सुनहरे जीवन की शुरुवात की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

# दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी



अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** सदर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भाई में लखना बाबा ग्राउंड जिलास्तरीय दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में युवाओ ने हिस्सा लेकर अपना दमखम-दिखाया।

प्रतियोगिता में 1600 मीटर व 800 मीटर की दौड़ का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम विजेता दीपक पाल को 3100? रुपए से पुरस्कृत किया गया। वहीं द्वितीय मुकेश पाल को 2100 ?रुपए से पुरस्कृत किया गया। जबकि तृतीय विजेता शिवकेश नारायण यादव को 1500? रुपए दिया गया व 800 मीटर में प्रथम विजेता शिवनागर, वहीं द्वितीय मोहित यादव, जबकि तृतीय अमित यादव रहे। साथ ही महिला वर्ग में 800 मीटर दौड़ प्रथम विजेता अन्नू पाल द्वितीय आरती विश्वकर्मा तृतीयआयूषी यादव को भी पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के आयोजनकर्ता जगन्नाथ उमेश बब्लू कृपा शंकर अनुराग देव नारायण ने बताया कि प्रतियोगिता के विजेताओं को नगद राशि का पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष आर ए वर्मा ने फीता काटकर प्रतियोगिता का उदघाटन किया। विशिष्ट अतिथि सुनील वर्मा, चंदन नारायण सिंह, अखिलेश प्रताप सिंह डिंपल, लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी प्रधान कानूपुर, अनुरुद्ध यादव, लल्लू यादव फौजी, नज्जू मिया, बृज लाल गुप्ता बजरंगी, अजय तिवारी सहित कई गणमान्य लोग, प्रतियोगी खिलाड़ी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# फर्जी गोली कांड का किया गया खुलासा

**अंबेडकर नगर जनपद के बदमाशों द्वारा अपने गांव के ही लोगों को फसाने के लिए रची गई थी साजिश,सुल्तानपुर में हुआ घटना का खुलासा**



अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर,चांदा।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार को हुए गोलीकांड का पुलिस ने खुलासा किया है। अम्बेडकर नगर जनपद निवासी घायल द्वारा पूर्व में दर्ज मुकदमे में सुलह लगवाने के लिए इस गोलीकांड की साजिश रची गई थी। हाथ में गोली लगने से घायल युवक सहित साजिश में शामिल तीन लोगो को पुलिस ने गिरफ्तार करके भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी की गिरफ्तारी के अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी लम्भुआ के पर्यवेक्षण में दिनांक-09.02.2024 को सत्यनरायण गौड पुत्र हौसिला प्रसाद निवासी ग्राम बनगांव थाना भीटी जनपद अम्बेडकरनगर की फर्जी गोली काण्ड की घटना का संदिग्ध प्रतीत होने के आधार पर जांच की गयी। दौरान जांच व बयान गवाहान ग्राम बनगांव थाना भीटी जनपद अम्बेडकरनगर के अपराध रजिस्टर के अवलोकन व लोगों की जानकारी से ज्ञात हुआ कि शैलेन्द्र सिंह उर्फ बब्लू पुत्र हौसिला प्रसाद सिंह नि0 बनगांव थाना भीटी अम्बेडकरनगर के द्वारा अपने ही गांव के सत्यनरायण गौड पुत्र हौसिला प्रसाद व अनिल कुमार पुत्र रामलाल को मोहरा बनाकर फर्जी घटना बनाकर मुकदमा में सुलह करने के आशय से उक्त घटना की साजिश रची गयो जय। परेशान करने की नियत से जयप्रकाश सिंह पुत्र यदुनाथ सिंह, रामजनम पुत्र राजाराम, भीमसेन सिंह पुत्र राधेश्याम सिंह व अखिलेश सिंह पुत्र इन्द्रसेन सिंह नि0गण बनगांव थाना भीटी जिला अम्बेडकरनगर के विरुद्ध मुकदमा लिखाना चाहता है। जांच में पाया गया कि प्रार्थना पत्र में नामित नामित जयप्रकाश सिंह, भीमसेन सिंह, अखिलेश सिंह, रामजनम निवासीगण बनगांव थाना भीटी जनपद अम्बेडकरनगर घटना के समय अपने गांव पर मौजूद थे तथा नामित व्यक्ति अपने गांव पर प्राईमरी स्कूल के पास उपस्थित होना सीसीटीवी कैमरा के अवलोकन से उपस्थित होना पाया गया है। प्रार्थना पत्र में नामित व्यक्तियों का घटनास्थल पर होना नहीं पाया जाता है। सत्यनरायण गौड व अनिल कुमार द्वारा फर्जी चोट बनाकर अनिल कुमार के विरुद्ध लिखे गये मुकदमा में समझौता करने व मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बनाने व फर्जी तहरीर देकर मुकदमा लिखाने का प्रयास किया गया है। घटना पूर्णतः फर्जी व मनगढ़त 80 किमी. दूरी पर घटनास्थल सुनियोजित तरीके से सत्यनरायण गौड व अनिल कुमार के द्वारा बनाया गया है। सत्यनरायण गौड के बाएं हाथ में आई चोट अनिल कुमार व सत्यनरायण गौड के द्वारा स्वयं ही पहुंचायी गयी है। जिससे यह प्रतीत होता है कि सत्यनरायण गौड व अनिल कुमार द्वारा फर्जी घटनास्थल बनाकर पुलिस को गुमराह करके नामित व्यक्तियों को परेशान करने की नियत से रची गयी है।

## सूरीकलां में चक आवंटन को लेकर अनियमित्ताओं का आरोप

**ललितपुर।** तहसील महरौनी अंतर्गत परगना बानपुर के ग्राम सूरीकलां के चक आवंटन में सहायक चकबंदी अधिकारी बानपुर पर अनियमित्ताएं बरते जाने का आरोप लगाते हुये पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने के साथ ही काश्तकारों के मूल जोत पर चक आवंटित कराये जाने की मांग उठायी गयी है। इस समस्या के निस्तारण को लेकर ग्रामीणों ने लामबंद होकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने डीएम को अवगत कराया कि ग्राम सूरीकलां में सहायक चकबंदी अधिकारी द्वारा जो चक प्रस्तावित किये गये हैं, उनमें अधिकतम काश्तकारों के उड़ान चक बना दिये गये हैं और काश्तकारों के कूप, बोर और बंदी निकाल दिये गये हैं। इसके अलावा छोटे काश्तकारों के तीन चक बना दिये गये हैं, जो कि आकार पत्र 23 के जो पर्चा वितरित किये गये हैं, उनमें कोई दिनांक अंकित नहीं की गयी है। ग्रामीणों ने लामबंद होकर चक बनाने और वितरण में भारी अनियमित्तायें बरते जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने पूरे चक आवंटन की जांच करायी जाकर मूल नम्बर के आधार पर चक आवंटित किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि चक आवंटन में सहायक चकबंदी अधिकारी बानपुर द्वारा बरती गयी अनियमित्ताओं की जांच करायी जाकर नया नक्शा तैयार कर उस के अनुसार चक आवंटित किये जायें, ताकि गरीब किसानों को राहत मिल सके। ज्ञापन देते समय हरीराम, कोमल सिंह, मनमोहन तिवारी, प्रदीप राठौर, प्रदीप, मनोहर, दुज्जी राकेश, गोपी, मुलायम सिंह के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

# पुलिस व्यवस्था में एक बार फिर व्यापक फेरबदल

- 5 इंस्पेक्टर और 24 सब इंस्पेक्टर स्थानांतरित

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जिले की बेहतर कानून व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने फिर इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर की तबादला सूची जारी की है। देर रात जारी हुई इस सूची में 5 इंस्पेक्टर और 24 सब इंस्पेक्टर के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। बहुचर्चित फखरपुर थाने की कमान पुलिस लाइन में मौजूद इंस्पेक्टर करुणाकर पांडेय को सौंप गई है।

बहराइच के पुलिस महकमे में बीते पखवारे भर से पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव का दौर चल रहा है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रयास कर रही हैं, उसी के तहत रविवार देर रात फिर जिले के अंदर इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर के कार्यक्षेत्र में बदलाव की सूची जारी कर दी गई है।

हाल ही में फखरपुर थाना अध्यक्ष अनुज त्रिपाठी को लाइन हाजिर किया गया था, उनकी रिक्त कुर्सी पर पुलिस लाइन में प्रतीक्षारत इंस्पेक्टर करुणाकर पांडेय को तैनात किया गया है। चौकी प्रभारी खुटेहना विनय कुमार पांडे को कोतवाली देहात भेजा गया है वहीं ब्रह्मास्त्र सेल के सब इंस्पेक्टर विपिन कुमार को खुटेहना चौकी भेजा गया है। इसी तरह बौडी, पयागपुर, नानपारा, रुपईडीहा, नवाबगंज थाना में तैनात उप निरीक्षकों का भी तबादला इधर से उधर किया गया है। इस ट्रांसफर सूची के बाद माना जा रहा है कि कानून व्यवस्था और बेहतर बन सकेगी, अपराधों पर अंकुश लगेगा।

## जंगली सुअर के हमले में युवक हुआ गंभीर रूप से घायल

**गोसाईगंज,सुल्तानपुर।** जंगली सुअर के हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। गोसाईगंज थानाक्षेत्र के सिरवारा गांव निवासी रंजीत (37) वर्ष पुत्र सीताराम रविवार सुबह शौच क्रिया के लिए गांव में जंगल की तरफ गया हुआ था।

जहाँ वह संदिग्ध परिस्थितियों में घायल हो गया। जानकारी पर पहुँचे परिजन उसे नजदीकी अस्पताल ले गए। जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक के ऊपर जंगली सूअर ने हमला कर दिया था। परिवार के लोगो ने शव का पोस्टमार्टम नही कराया है।

# गुण्डा एक्ट के तहत 09 अपराधी जिला बदर

- 7 को 6 माह तक उपस्थिति दर्ज कराने हेतु किया गया पाबन्द

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी द्वारा 09 अपराधियों के विरूद्ध धारा 3(1) गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 6 माह के लिए जनपद से जिला बदर कर दिया गया है। इसके अलावा 7 व्यक्तियों को अपने सम्बन्धित थानें में प्रत्येक माह आगामी 6 माह तक उपस्थिति दर्ज कराये जाने के आदेश दिये गये हैं।

जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार थाना कोतवाली नानपारा अन्तर्गत ग्राम डलईपुरवा दा. लखैयाकलां नि. सुशील व संदीप पुत्रगण तिलकराम व तिलकराम पुत्र गोमती, चन्दनपुर नि. नान्हू पुत्र हबीब, थाना कोतवाली मुर्तिहा के ग्राम पुरैना अमृतपुर नि. राम पुत्र तीरथराम, थाना जरवल रोड के ग्राम लोनियनडीहा जरवल कस्बा नि. विक्रम पुत्र रंगीलाल व कटरा दक्षिणी जरवल कस्बा नि. मो. सईद उर्फ चांद बाबू पुत्र इब्राहीम तथा थाना दरगाह शरीफ के ग्राम कटराबहादुरगंज नि. गोलू पुत्र गुरूदीन व डीहा नि. रामजी पुत्र सियाराम को 6 माह के जिला बदर किया गया है।

इसके अलावा थाना जरवलरोड के ग्राम बरवलिया नि. छोटू उर्फ समर सिंह पुत्र मेड़ीलाल, थाना रूपईडीहा के ग्राम पुजारी गांव दा. लखैया नि. राजेश कुमार वर्मा पुत्र राम सेवक, थाना खैरीघाट के ग्राम प्रधानपुरवा नि. श्याम सुन्दर पुत्र मैकूलाल, वीरेन्द्र यादव पुत्र त्रिभुवन, बच्चलाल यादव पुत्र राम सागर व पंकज यादव पुत्र राम मिलन तथा थाना कोतवाली नगर बहराइच के मो. नाज़िरपुरा नई बस्ती नि. वशीक उर्फ राजू पुत्र मो. हसिव को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्देश दिया गया है कि अपने से सम्बन्धित थाने में आगामी छः माह तक प्रत्येक माह उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे।

# करन्ट लगने से किसान की मौत



अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** किसान की करंट लगने से मौत हो गई। किसान का शव खेत के बाहर लोहे के तार के पास पड़ा मिला। किसान का हाथ जला हुआ था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का आरोप है कि, आज जिस जगह पर शव मिला है। रात में वहां पर कुछ नही था। बेटे का आरोप है कि, पिता के साथ कहीं कुछ गलत हुआ है। वह कई साल से एक झाले पर काम कर रहे थे। उनका शव खेत के पास लोहे के तार के पास फेंका गया है। पुलिस का कहना है कि, तहरीर मिलने के बाद उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर निवासी 50 वर्ष के शिव बख्श क्षेत्र के गांव बहादुर बख्श गांव स्थित एक झाले पर खेतीबाड़ी करते थे ।पिछले 25 साल वह झाले पर नौकरी कर रहे थे। रविवार की शाम शिव बख्श काम खत्म करके घर चले गए, लेकिन वह घर नही पहुंचे। परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन उनका कुछ पता नही चल सका। तब परिजन झाले पर गए और वहां पिता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि, शाम पांच बजे ही शिव बख्श काम खत्म करके जा चुके हैं। आज सुबह उनका शव बहादुरपुर बरहा गांव में खेत के पास लगे लोहे के तार के पास शव पड़ा मिला। उनका एक हाथ जला हुआ था। शव देखने से लग रहा है कि, किसान की करंट लगने से मौत हुई है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार का कहना है कि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मृतक के बेटे जितेंद्र पाल ने बताया कि, आज जिस जगह पर पिता का शव मिला है। रात में कई बार उस जगह से होकर उनकी तलाश के लिए गुजरे थे। लेकिन तब वहां पर कुछ नही था। बेटे को लग रहा है कि, पिता मौत कहीं दूसरी जगह हुई है। उनका शव खेत के पास लोहे के तार से सटाकर डाल दिया गया। ताकि आरोपी खुद को बचा सकें। हालांकि इस दौरान झाले के मालिक भी मृतक के बेटे के पास खड़े थे। तब बेटे ने खुलकर कोई आरोप नही लगाया था। बाद में मालिक के जाने पर बेटे ने आरोप लगाया कि, हो सकता है कि, झाले पर उनकी करंट लगने से मौत हुई होगी और उनका शव खेत के पास उन्ही लोगों ने खुद को बचाने के चक्कर में डाल दिया।

# एटीएम से फ्राड करके रुपए निकालने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन लोग गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** एसओजी के साथ थाना सदर बाजार पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा एटीएम के जरिए फ्रॉड करके रुपए निकालने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पूरा मामला महानगर स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक के मैनेजर अनिमेष आंचल द्वारा सदर बाजार थाने में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एटीएम से धोखाधड़ी करके कैश निकाले जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। जिसका संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने एसओजी के साथ सदर बाजार पुलिस को घटना के खुलासे के निर्देश जारी किए थे। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर एसओजी एवं थाना सदर बाजार पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा रेलवे स्टेशन के पास खंडहर से एटीएम से कैश चोरी करने की योजना बना रहे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के पास से 80 हजार रुपए नगद विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। वहीं एसपी सिटी संजय कुमार ने बताया कि थाना सदर बाजार पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त कार्रवाई में एटीएम के जरिए फ्रॉड कर रुपए निकालने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है जिसमें तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ की गई जिसमें गिरोह के चार अभियुक्त अभी भी फरार हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम लगाई गई है शीघ्र ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

# लाइसेंसी शस्त्र शीघ्र करें जमा: अभय

- क्षेत्राधिकारी सदर ने मोहल्ला नदीपुरा में लगायी जन चौपाल, सुनी समस्यायें



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाये रखते हुये लोगों में सुरक्षा का भाव जागृत करने के लिए पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक समय-समय पर थानों व सम्बन्धित स्थानों पर पैदल गश्त कर आमजन के बीच पहुंच रहे हैं। वहीं दूसरी ओर सर्किल क्षेत्र में क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय भी लोगों से सीधे तौर पर संवाद करते हुये सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने के साथ-साथ सुरक्षित माहौल में लोगों को जीवन यापन के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को पुलिस उपाधीक्षक सदर अभय नारायण राय ने शहर के मोहल्ला नदीपुरा में जन चौपाल लगाकर लोगों से सीधा संवाद किया। इस दौरान सीओ सदर ने सामुदायिक पुलिस कार्यप्रणाली को बढ़ावा देने और लोगों को किसी भी घटना की सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंचाने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर पुलिस काफी संजीदा है। इसके लिए समय-समय पर पुलिस द्वारा लोगों से उनकी समस्याओं को जानकर उनका निस्तारण कर रही है तो वहीं दूसरी ओर अपराधियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव में धनबल और बाहुबल को निष्प्रभावी बनाते हुये आमजन भयमुक्त वातावरण में निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन के भागीदार बनें। क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय ने यह भी कहा कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के शुरू होने के पहले सभी लाइसेंस शस्त्र धारक शीघ्र ही अपने-अपने शस्त्र को थाने में जमा कर दें, अथवा स्क्रीनिंग कमेटी से छूट प्राप्त करने के लिए प्रार्थना पत्र अवश्य भेजें। क्षेत्राधिकारी सदर ने कहा कि पुलिस जनता की सुरक्षा और सहयोग के लिए सदैव तत्पर है।

## बाबूलाल पाल बने धनगर पाल समाज के अध्यक्ष

**ललितपुर।** धनगर पाल समाज ललितपुर के अध्यक्ष पद हेतु सुबह 8 से सायं 4 बजे तक मतदान किया गया। जिसमें पंजीकृत 1249 मतदाताओं के सापेक्ष 926 मत पत्र पड़े। तदोपरांत मतगणना कराई गई। जिसमें बाबूलाल पाल कुमरोल को 406 मत मिले एवं उनके निकटतम उम्मीदवार तुलसीराम पाल को 202 मत मिले। इस प्रकार बाबूलाल पाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी तुलसीराम पाल को 204 मतों की भारी अंतर से पराजित किया। चुनाव अधिकारी हाकम पाल शिक्षक एवं रामेश्वर पास सिमरिया ने अवगत कराया कि मतदान एवं मतगणना शांतिपूर्वक संपन्न कराई गई। निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति समाज में अति उत्साह देखा गया। प्रक्रिया में लगभग 1500 लोगों ने प्रतिभाग किया। मतदान एवं मतगणना रेन बसेरा कोतवाली की सामने ललितपुर संपन्न हुआ।

# राइजिंग सुपर स्टार को हैमर जिम राइडर्स ने हराया

- अथर्व सुपर किंग को वीर बुन्देली वॉरियर्स ने दी शिकस्त
- प्लेयर ऑफ द मैच जीशान व आदित्य यादव बने



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में स्व.राजेंद्र जायसवाल की स्मृति में निशी क्रिकेट अकादमी द्वारा अंडर 14 ललितपुर टीवीएस प्रीमियर लीग के छटवें दिन दो मैच खेले गये। पहला मैच हैमर जिम राइडर्स और राइजिंग सुपर स्टार के मध्य व दूसरा अथर्व सुपर किंग व वीर बुन्देली वॉरियर्स के बीच खेला गया। पहले मैच में हैमर जिम राइडर्स ने राईजिंग सुपर स्टार को 8 विकेट से हराकर करारी शिकस्त दी। वहीं दूसरे मैच में वीर बुन्देली ने अथर्व सुपर किंग को 3 विकेट से हरा दिया। पहले मैच में राईजिंग सुपर स्टार ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 97 रन बनाये। वहीं हैमर जिम राइडर्स के बल्लेबाजों ने लक्ष्य पीछा करते हुये निर्धरित 13.1 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 100 रन बना कर लीग मैच जीत लिया। हैमर जिम के गेंदबाज जीशान 4 ओवर में 18 रन देकर 3 विकेट लिये, जिससे वह प्लेयर ऑफ द मैच बने। वही दूसरे मैच में टॉस जीतकर अथर्व सुपर किंग ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 121 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वीर बुन्देली वॉरियर्स के बल्लेबाजों ने 18.3 ओवर में 7 विकेट खोकर 124 रन बनाकर 3 विकेट से लीग मैच जीत लिया। वहीं अथर्व सुपर किंग के बल्लेबाज आदित्य यादव ने सधी हुई बल्लेबाजी करते हुये 45 गेंदों में 42 रन बनाकर नॉट आउट रहे व 4 ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट झटके, जिससे वह प्लेयर ऑफ द मैच बने। पाली नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष तिवारी व भजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नीतेश संज्ञा ने नन्हे खिलाडियों का उत्साह वर्धन करते हुये प्लेयर ऑफ द मैच का पुरूस्कार वितरित किया। वहीं आयोजन कमेटी में मोहम्मद नसीम, पवन परमार, शत्रुघ्न यादव, रत्नेश दीक्षित, रामप्रताप सिंह, पुष्पेंद्र बुंदेला, पीएस परमार, विजय निरंजन, सोनू राजा छपरट, अजय राजा, रामेश्वर सेन, धर्मेंद्र गोस्वामी, नेहाल राजपूत, राज कौशिक, दिशांत के अलावा बृजबिहारी मिश्रा, ध्रुव बुंदेला, वीरेंद्र, लखन रैकवार आदि मौजूद रहे। निर्णायक की भूमिका में सौरभ नायक, प्रियंक के अलावा धर्मेंद्र कुमार स्कोरर सिद्धार्थ जैन रहे। वही आंखों देखा हाल मोहन पेंटर ने सुनाया।

# भाजपा में सभी कार्यकर्ताओं को मिलता है सम्मान

- विभिन्न राजनैतिक दलों से आए चार सौ लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

अवधनामा संवाददाता



**राठ।** कस्बे के उरई रोड स्थित शंकरधाम विवाह घर में भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें विभिन्न दलों से आए चार सैकड़ा लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाते हुए पट्टिका पहनाई गई।

समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा प्रभारी संजय द्विवेदी रहे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र व प्रदेश सरकारें अनेक लोककल्याण की योजनाएं संचालित कर रहीं हैं। जिनका लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता का कर्तव्य है। जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस, सपा, बसपा सहित किसी भी दल में कार्यकर्ताओं को आगे नहीं बढ़ने दिया जाता है।

जबकि भारतीय जनता पार्टी में प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान है। विधायक मनीषा अनुरागी ने कहा भाजपा में कोई भी कार्यकर्ता छोटा या बड़ा नहीं होता। एक यही पार्टी है जिसमें जमीनी स्तर का कार्यकर्ता भी मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक बन सकता है। वहीं प्रीतम सिंह किसान ने कहा भाजपा में काम के अनुसार सम्मान है। यहां बूथ अध्यक्ष भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। मंडल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने सभी का आभार जताया वहीं संचालन नरवेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, ब्लाक प्रमुख गोहांड अरविंद मुखिया, राठ प्रतिनिधि अमरचंद्र अनुरागी, विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी, रामहेत राजपूत, गनेश यादव, रमेश राजपूत, मुकेश पालीवाल, प्रियंम मिश्रा, सुनील नगायच, देवी सिंह तोमर, संगीता गुप्ता, शैलेंद्र पांडेय, बृजेंद्र दद्दू सहित सैकड़ों लोग रहे।

## बीमारी से परेशान छात्रा ने लगाई फांसी, मौत

**सुमेरपुर हमीरपुर।** थानाक्षेत्र के भौरा गांव में बीमारी से तंग कक्षा आठ की छात्रा ने घर के अंदर दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पिता सूरत में रहकर मजदूरी करते हैं। उसको सूचना देकर गांव बुलाया गया है। भौरा गांव निवासी बसंत कुमार निषाद ने बताया कि उसकी भतीजी संगीता (14) ने रात में घर के अंदर अपने दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का खुलासा सुबह मां विद्या के आंख खुलने के बाद हुआ। इससे घर में कोहराम मच गया। चाचा बसंत कुमार ने घटना से पुलिस को अवगत कराया। चाचा ने बताया कि भतीजी बीमार रहती थी। जिसका उपचार कराया जा रहा था। बीमारी से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया है। मृतका का पिता चुन्नू निषाद सूरत में रहकर मजदूरी करता है। घटना से उसको अवगत कराकर गांव बुलाया गया है। मृतका तीन भाई बहनों में से सबसे बड़ी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# अप्राकृतिक संबंध बनाए जाने के चलते नव विवाहिता की हुई मौत

अवधनामा संवाददाता



- इलाज के दौरान कानपुर जिले में हुई मौत
- मृतक नवविवाहिता का पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

**हमीरपुर।** ससुराल में नवविवाहिता को प्रताड़ित करने व अप्राकृतिक संबंध बनाए जाने के चलते नवविवाहिता की इलाज के दौरान कानपुर जिले में मौत हो गई। मृतका का पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। मृतका के भाई ने पुलिस अधीक्षक हमीरपुर को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की है। मृतका के भाई अजय ओमरे पुत्र स्वर्गीय बैद्यनाथ जो सदर कोतवाली इलाके के यमुना ब्रिज के पीडब्ल्यूडी कॉलोनी का निवासी है। उसने एसपी से आरोप लगाते हुए बताया कि बहन सगुन उम्र लगभग 35वर्ष की शादी 3 फरवरी 2024 को इ0 नितिल ओमरे पुत्र रामबाबू ओमरे निवासी राजेन्द्र नगर उरई के साथ हुयी थी। विवाह के बाद दहेज के लिये प्रताड़ित किया तथा सगुन के साथ आप्राकृतिक कृत्य किया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। आगे बताया कि मेरी बहन की जेठानी उर्मिला ने फोन पर शगुन की हालत के सम्बन्ध में घर पर जानकारी दी जिस पर हम सभी लोग दिनांक 7 फरवरी 2024 को राजीव कुमार आर्य एवं राजनरायन के साथ उरई घर पर पहुंचे तथा सगुन का इलाज कराने के लिये उसके पति एवं ससुर से कहा तो इन लोगों ने कहा कि हमने इलाज करा दिया है अब आप चाहते हो तो उसे इलाज के लिये कहीं ले जा सकते हो यह लोग साथ में नहीं गये। उरई के अस्पताल में जब जाकर दिखाया तो उन्होने कहा कि कानपुर ले जाकर दिखाओ जिस पर हम सभी लोगों ने उसे बिमल नर्सिंग होम सर्वोदय नगर कानपुर में इलाज हेतु 8 फरवरी 2024 को रात्रि 1:31 पर भर्ती किया इसके बाद बृजराज हास्पिटल हमीरपुर में भी दिखाया जहां से उसे फिर कानपुर दिखाने को कहा गया। आगे बताया कि हैलट अस्पताल कानपुर में जब ले गये तो हास्पिटल में ही दिखाते समय उसकी मृत्यु हो गयी जिसका पोस्ट मार्टम कानपुर नगर में दिनांक 11 फरवरी 2024 को कराया गया। जिस पर ससुरालीजनों को सूचित किया गया लेकिन वह लोग नहीं आये और न ही शव का अन्तिम संस्कार करने को तैयार हुये। भाई ने पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दीक्षा शर्मा से नितिल ओमरे, रामबाबू ओमरे, उर्मिला ओमरे, अतुल, अर्चना के खिलाफ प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करने व कानूनी कार्यवाही के जाने की मांग की।

## विकास की धीमी गति को लेकर बीडीओ ने जताई नाराजगी

**सुमेरपुर हमीरपुर।** मनरेगा, पीएम आवास आदि की धीमी प्रगति पर प्रभारी खंड विकास अधिकारी ने समीक्षा बैठक में ग्राम पंचायत सचिवों, तकनीकी सहायकों, रोजगार सेवकों को जमकर फटकार लगाते हुए ग्राम प्रधानों से समन्वय बनाकर कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए हैं। उनके तेवर देखकर ब्लाक कर्मियों में हड़कंप मच गया है।

सोमवार को डिप्टी कलेक्टर व प्रभारी खंड विकास अधिकारी शांतुन सिनसिनवार ने ब्लाक सभागार में शासन द्वारा संचालित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। मनरेगा, पीएम आवास योजना सहित अन्य विकास कार्यों की धीमी प्रगति पर उन्होंने बैठक में मौजूद पंचायत सचिवों, तकनीकी सहायकों, रोजगार सेवकों को कड़ी फटकार लगाते हुए एक सप्ताह में विकास कार्यों में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की सभी योजनाओं के कार्य धरातल पर दिखना चाहिए।

## जितने प्यार से भोजन, उतने ही प्यार से करना चाहिए भजन

**सुमेरपुर हमीरपुर।** जीवन में क्या करना है यह हमे रामायण सिखाती है, जीवन में क्या नहीं करना यह हमे महाभारत बताती है और हमे जीवन कैसे जीना है यह भागवत पुराण कथा बताती है। यह विचार इंगोहटा के मुमुक्ष आश्रम में यज्ञ के दौरान चल रही भागवत पुराण कथा में व्यास दुर्गा प्रसाद द्विवेदी ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि परमात्मा की भक्ति ही जीवन का सार है, हम जितने प्यार से भोजन करते हैं उतने ही प्यार से भजन भी करें तो जीवन धन्य हो जायेगा। भागवत पुराण कथा जीवन का लक्ष्य बताती है, इसके श्रवण करने और जीवन में उतारने से कल्याण हो जाता है। उन्होने कपिल चरित्र, सती चरित्र आदि प्रसंगों को सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

# जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल योजना की डीएम ने की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

- जल जीवन मिशन के कार्यो को युद्ध स्तर पर पूर्ण करने के निर्देश



**हमीरपुर।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत हरौलीपुर एवं पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि हरौलीपुर एवं पतयौर डांडा ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न कंपोनेंट में शेष कार्यो को शीघ्र पूर्ण कर इसके समयबद्ध ढंग से संचालन सुनिश्चित कराया जाए। पाइपलाइन डालने के पश्चात टेस्टिंग कार्य पूर्ण हो जाने के पश्चात क्षतिग्रस्त सड़कों का समय से पुनर्निर्माण किया जाए। क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण हो जाने के पश्चात हर घर जल प्रमाणन का कार्य तेजी के साथ किया जाए। सभी संबंधित गाँवो में शत प्रतिशत डोर टू डोर पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएं। जिन गांवों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी कार्य पूर्ण हो गए हैं वहां पर रोस्टर के अनुसार पेयजल सप्लाई की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यों के सुचारू ढंग से संपादन हेतु पर्याप्त मैन पावर की व्यवस्था रखी जाए। योजना के अंतर्गत सभी कार्य निर्धारित मानक के अनुसार पूर्ण किए जाएं । उन्होंने कहा कि आईएसए के अंतर्गत जल जीवन मिशन के बारे में लोगों को जागरूक किया जाए तथा जल संरक्षण के बारे में प्रोत्साहित किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को अवशेष कार्य को पूर्ण कर जल्द से जल्द पेयजल की सप्लाई का लाभ ग्रामीणों को दिलाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने पाइप पेयजल योजना के अन्तर्गत खुदी हुई सड़के छोड़ने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए,कहा कि किसी भी दशा में खुदी हुई सड़के न छोड़ी जाए, उनको तत्काल दुरूस्त कराया जाए, ताकि आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत खोदी गयी सड़को के कारण आम नागरिकों को असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही जिलाधिकारी ने संबंधित ठेकेदारों को कड़ी चेतावनी देते कहा कि अगर कोई ठेकेदार द्वारा खोदी गयी सड़क के कारण चुनाव प्रभावित होता है तों संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत विभिन्न कार्यो को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए । इस कार्य में शिथिलता बरतने वाली कार्यदायी संस्थाओं पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। ज्ञात हो कि पट्योरा डांडा पेयजल योजना के तहत 148 गांव तथा हरौलीपुर पेयजल योजना से कुल 207 गांव को हर घर नल से जल प्राप्त होगा। इस दौरान एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार, अधिशासी अभियंता जल निगम संदेश तोमर, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि, ठेकेदार सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# अयोध्या काण्ड की कथा के साथ रामकथा संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे के प्राचीन बजरंगबली मंदिर सुंदरकांड समिति द्वारा प्रत्येक वर्षो की भांति इस वर्ष भी नव दिवसीय मानस कथा का अयोध्या काण्ड के साथ समापन हो गया, कथावाचक गौरांगी गौरी ने नौ दिनों में श्री राम जन्म, राम विवाह, वन गमन, सीताहरण, भरत चरित्र लंका दहन, श्री राम का अयोध्या में पुनः आगमन की कथा सरल शब्दों में कहीं बताया गया कि मानस कथा हर किसी को सुननी वा अपने जीवन में उतारनी चाहिए कथा में बढ़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। सुन्दर काण्ड समिति के सदस्य अनिल अग्रवाल, सुबोध गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को सुबह सुन्दर काण्ड एवं हवन पूजन के बाद कन्या भोज एवं विशाल भंडारा होगा और दिन भर झांकियों का कार्य क्रम होगा।

# विभिन्न मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने भरी हुंकार

- लोकसभा सांसद प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंप कर उठाई मांग

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** राष्ट्रीय /प्रान्तीय नेतृत्व के आवाहन पर उ प्र उद्योग व्यापार मण्डल सोनभद्र ने राबट्सगंज लोकसभा के सांसद के प्रतिनिधि कुलदीप जी को माननीय प्रधान मंत्री जी को सम्बोधित ज्ञापन सौपा और माग की कि एम एस सेमी व जी एस टी की समस्याओं को हल कराया जाए जिला अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि एम एस सेमी में व्यापारियों के लेन देन को समय बद्ध कर पेनाल्टी का प्रावधान किया गया है जो न्यायसंगत नहीं है जी एस टी में 17-18 व 18-19 की नोटिस जारी की जा रही है ब्याज दर ज्यादा है पेनाल्टी 10000 से ज्यादा न हो धारा 61 के अन्तर्गत GSTR 9ष्ट के अन्तर्गत जिन व्यापारियों पर त्रस्ज्ञक्र9 /9ष्ट न लागू होता हो उन्हें नोटिस न जारी किया जाय धारा 61 अन्तर्गत यदि विसंगतिया का अन्तर 5000 से कम है तो उन्हें नोटिस न जारी किया जाय अन्य सात सूत्रीय माग पत्र सौपा ज्ञापन देने के दौरान बरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संदीप सिहं चन्देल जिला महामंत्री राजेश बंसल जिला कोषाध्यक्ष अजीत जायसवाल युवा जिला अध्यक्ष रमेश जायसवाल जिला संगठन मंत्री राजेश सोनी नगर अध्यक्ष आनन्द जायसवाल जिला उपाध्यक्ष प्रकाश केशरी नगर महामंत्री राजेश जायसवाल नगर संगठन मंत्री अभिषेक केशरी इलेक्ट्रॉनिक अध्यक्ष दिनेश गुप्ता आदि व्यापारी गण उपस्थिति थे

# एनसीएल में राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह 2024 का हुआ शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/ सिंगरौली।** सोमवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) मुख्यालय में राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सीएमडी एनसीएल मनीष कुमार ने झंडा फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान निदेशक (तकनीकी/ संचालन), एनसीएल जितेंद्र मलिक, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघ प्रतिनिधि तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। इस वर्ष यह सप्ताह इनोवेट, डेमोंस्ट्रेट, एलिवेट, व एडवांस (आई. डी. ई. ए) विषय पर मनाया जा रहा है। एनसीएल मुख्यालय में आयोजित उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए सीएमडी एनसीएल मनीष कुमार ने एनसीएल के उत्पादन, उत्पादकता, प्रेषण व अधिभार हटाव में बेहतरीन प्रदर्शन को रेखांकित करते हुए कहा कि एनसीएल पर्यावरण संरक्षण के साथ सभी मानकों पर खरी उतरी है। कुमार ने कहा कि एनसीएल ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता युक्त कोयला उपलब्ध कराने के साथ साथ ग्रीन माइनिंग एवम् नेट ज़ीरो के दिशा में निरन्तर प्रयत्नशील है । साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी से कार्य के दौरान निरंतर सुधार कर उत्पादकता को नया आयाम देने हेतु आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक (आईईडी), एनसीएल श्री बी के शर्मा ने सभी को कार्यस्थल पर सुरक्षा के साथ उत्पादन और उत्पादकता में अभिवृद्धि, संसाधनों का संतुलित तथा समुचित उपयोग करते हुए सुदृढ़ कार्य संस्कृति की स्थापना, समाज के जीवन स्तर एवं राष्ट्र की समृद्धि के लिए अपना योगदान देने तथा सहकर्मियों को भी इस दिशा में प्रोत्साहित करने की शपथ दिलाई।

# नाली पानी सफाई पर विशेष दे ध्यान: रूबी

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में रूबी प्रसाद, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 3, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 2, नगर पंचायत ओबरा में 2, नगर पंचायत रेनुकूट में 2, नगर पंचायत पिपरी में 2, नगर पंचायत दुद्धी में 0, नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 4, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई पेयजल व मार्ग प्रकाश से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। वहीं रूबी प्रशाद ने बताया कि विस्तारित कारण में जुड़े गांवों में भी साफ सफाई नाली व लाइटिंग की व्यवस्था को लेकर संबंधित सभासद वह ग्रामीण से हुए अवगत कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या हो तत्काल करें निस्तारण। विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी/ नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान जेई मनीष कुमार, सुजीत कुमार, सन्त कुमार सोनी, अजीत कुमार, सभासद अनवर खा, दिनेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# एनसीएल में अंतर क्षेत्रीय एथलेटिक्स मीट 2024 हुई संपन्न

- ओवरआल चैम्पियनशिप में अमलोरी परियोजना रही विजेता
- पुरुष वर्ग में जयंत के जगत वैश्य रहे अव्वल

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/ सिंगरौली।** रविवार को नॉर्दर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के जयंत क्षेत्र स्थित विजय स्टेडियम में अंतर क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2024 का भव्य समापन हुआ। गत शनिवार से आरंभ हुई इस 2 दिवसीय अंतर क्षेत्रीय प्रतियोगिता मे एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से 525 प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन समारोह के दौरान महाप्रबंधक (जयंत) ए. एन. पांडे, महाप्रबंधक (कार्मिक) एनसीएल शफदर खान, महाप्रबंधक (अमलोरी) आलोक कुमार, श्रमिक संघ से जेसीसी सदस्य सीएमएस से अजय कुमार, आरसीएसएस से श्री ओ पी मालवीय, बीएमएस से आर के पांडे, एचएमएस से अशोक कुमार पाण्डेय, सीएमओआई सचिव सर्वेश सिंह, स्पोर्ट्स प्रोमोशन बोर्ड मेम्बर्स एवं सभी परियोजना व इकाइयों से अन्य विभागाध्यक्ष, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग की विभिन्न श्रेणियों में दौड़ प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त 100 मीटर हर्डल, 110 मीटर हर्डल, 400 मीटर हर्डल, लौंग जंप, हाई जंप, ट्रिपल जंप, शॉट पुट, हैमर थ्रो, डिस्कस थ्रो, जैवलीन थ्रो, पोल वाल्ट, तीरंदाजी में कुल 38 स्पर्धाएं खेली गई। इस प्रतियोगिता में ओवरआल चैम्पियनशिप में अमलोरी क्षेत्र सर्वाधिक 99 अंकों के साथ विजेता तथा जयंत क्षेत्र 63 अंकों के साथ उप विजेता बना। इसी के साथ एकल चैम्पियनशिप में जगत वैश्य (जयंत) पुरुष वर्ग की चार दौड़ स्पर्धाओं 800 मीटर, 1500 मीटर, 5000 मीटर, 10000 मीटर में विजेता बने। वहीं एकल चैम्पियनशिप महिला वर्ग में तृप्ति पुरी (अमलोरी) चार दौड़ स्पर्धाओं के साथ हाई जंप की विजेता रही। साथ ही मुख्यालय की इंदुबाला शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो, ट्रिपल जम्प, जैवलीन थ्रो में सर्वाधिक अंक अर्जित कर इन प्रतिस्पर्धाओं में अव्वल रहीं।

# सर्वांगीण विकास और सुरक्षा के लिए दिया जोर

अवधनामा संवाददाता

- प्रभारी आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित हुई कार्यशाला
- 11 बालक-बालिकाओं को कार्यशाला में दिए गए लैपटाप

**बांदा।** मिशन वात्सल्य व मिशन शक्ति योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, समन्वय एवं कन्वर्जेन्स के लिए एक दिवसीय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल सभागार में प्रभारी आयुक्त व जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में कार्यशाला सम्पन्न हुई, जिसमें प्रमुख कार्यक्रम को दो प्रमुख अम्ब्रेला योजनाओं, मिशन शक्ति एवं मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत महिलाओं, बालिकाओं एवं बच्चों के सर्वांर्गीण विकास एवं उनकी सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण को सुनिश्चित किये जाने पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि प्रभारी आयुक्त व डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि हर्ष का विषय है कि उनको इस कार्यशाला में रहने का अवसर मिला। महिलाओं, बालिकाओं एवं बच्चों के समन्वय एवं कन्वर्जेन्स हेतु एक दिवसीय कार्यशाला दो प्रमुख अम्ब्रेला योजनाओंध्मिशन शक्ति एवं मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत जो सेक्टर छूट गये हैं उन पर ध्यान केन्द्रित कर पायें। उन्होंने कार्यशाला में मण्डल के समस्त अधिकारियों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं से अनुरोध किया कि जो अपने-अपने जनपदों में मिशन शक्ति एवं मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत अच्छा कार्य कर रहे हैं वो सभी अपना-अपना अनुभव साझा करें तथा इस कार्यशाला में सभी लोग मिलकर कार्य करें, जिससे हमारा एक्सन प्लान तैयार हो जायेगा, जो मिशन वात्सल्य एक रोड मैप की तरह है। शासन का उद्देश्य है कि एक-एक बच्चे को फलने-फूलने एवं उसके सर्वांगीण विकास का अवसर प्राप्त हो। यह हमारा दायित्व है कि हम सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को भली-भांति निर्वहन कर समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरें तथा बालक एवं बालिकाओं तथा पीडित महिलाओं को संरक्षण प्रदान कर शासन की योजनाओं से लाभान्वित करायें। उन्होंने कहा कि बाल अधिकार को बहुत अहमियत दी गयी है, आज के बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्होंने बच्चों को पूर्णतः जागरूक करने पर जोर दिया। बहुत सारे ऐसे माता-पिता है जो गरीबी के कारण अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा नही दिला पाते हैं, ऐसे बच्चों को शिक्षित एवं विकासशील बनाने हेतु हमारी सरकार प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से सम्बन्धित पुलिस, स्वास्थ्य शिक्षा, ग्राम विकास, पंचायती राज, बाल विकास एवं पुष्टाहार, अभियोजन, श्रम, कौशल विकास मिशन, डालसा सीडब्लूसीजेजेबी के अधिकारियों की क्षमता वृद्धि एवं महिलाओं एवं बालकों के मुद्दों पर कन्वर्जेन्स एवं क्कार्डीनेशन को मजबूत करने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी है।

# 45 लीटर कच्ची शराब के साथ महिला गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

- पुलिस और आबकारी की संयुक्त टीम को मिली सफलता

**बांदा।** अवैध शराब कारोबार पर रोक लगाए जाने के लिए चलाए जा रहे अभियान में सोमवार को बदौसा पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध शराब की बिक्री करने वाली एक महिला लच्छी देवी पत्नी भोला केवट निवासी केवटन पुरवा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम केवटन पुरवा अंश दुबरिया में एक महिला द्वारा अवैध कच्ची शराब महुआ का बिक्री की जा रही है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस व आबकारी विभाग की टीम द्वारा अवैध शराब महुआ की बिक्री करते हुए महिला को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 45 लीटर अवैध देशी शराब बरामद हुई है। पुलिस टीम में आबकारी निरीक्षक अमृता श्रीवास्तव, अनिल कुमार साहू थानाध्यक्ष बदौसा, उप निरीक्षक ब्रह्म देव गोस्वामी, उप निरीक्षक गुलाब यादव, हेड कांस्टैबल अनुराग यादव, शेर सिंह, नरेंद्र सिंह, महिला कांस्टेबल प्रिया यादव, राखी, कांस्टेबल अभिनव वर्मा, मनोज कुमार दुबे शामिल रहे।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा: चंदौली में सोनभद्र से जाएंगे 5000 कांग्रेस कार्यकर्ता

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी बैठक सोमवार को जिला/ शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर हुई । तैयारी बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जनपद सोनभद्र के प्रभारी राकेश मौर्य ने कहा कि माननीय श्री राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा एक ऐतिहासिक यात्रा है जो सोनभद्र के बगल के जनपद चंदौली से होकर जा रही है सोनभद्र कांग्रेस जनों के लिए यह ऐतिहासिक पल है जिसमें सोनभद्र के जिला/ शहर/ फ्रंटल ऑर्गेनाइजेशन से लगभग 5000 से ऊपर कार्यकर्ता यात्रा में जाने के लिए संकल्पित है यह यात्रा भारतीय राजनीति में एक नया अध्याय लिखेगी जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड ने कहा कि राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में दुद्धी, म्योरपुर ,बभनी, चोपन कोन, नगवा,घोरावल, कर्मा ,रावटसगंज, चतरा ब्लॉक से बहुत सारे उत्साहित कार्यकर्ताओं का फोन यात्रा में शामिल होने के लिए आ रहा है जो इस ऐतिहासिक यात्रा के पल का गवाह बनेंगे हम सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में यात्रा में शामिल होंगे ।शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी ने बताया कि सोनभद्र नगर से लगभग



500 कार्यकर्ता भारत जोड़ो न्याय यात्रा में चलेंगे राहुल गांधी जी की यात्रा बिहार के बॉर्डर से शुरू होकर चंदौली के सैयदराजा में सभा करके शुरू होगी जो मुगलसराय में पैदल मार्च करते हुए पहले दिन की यात्रा पड़ाव रामनगर में विश्राम करेगी दूसरे दिन की यात्रा पीली कोठी वाराणसी से शुरू होकर मैदागिन तक जाएगी और बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए आदरणीय श्री राहुल गांधी जी जाएंगे उसके पश्चात गोदौलिया और अन्य जगहों पर सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे बैठक में विभिन्न जिला शहरके पदाधिकारी, ब्लॉकों के अध्यक्ष लोगों ने अपने-अपने सुझाव दिए बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोंड अध्यक्ष राजीव कुमार त्रिपाठी,रमेश देव पांडे, कमलेश ओझा,हाजी फरीद अहमद, जगदीश मिश्रा, शशांक मिश्रा, गोपाल स्वरूप पाठक, श्रीमती संगीता श्रीवास्तव, श्रीमती रेखा सिंह, विशिष्ट कुमार चौबे, अजीत वियार, आशुतोष दुबे, शंकर लाल भारती, जितेंद्र देव पांडे, निगम मिश्रा, अमरेश देव पांडे, बंशीधर देव पांडे, प्रदीप कुमार चौबे, सूरज वर्मा, सनी शुक्ला, रोहिल मिश्रा, रामकेश पनिका, राजेंद्र भारती, रामविलास पनिका, अमरेश देव पांडे, निगम मिश्रा, धीरज पांडे, शैलेंद्र चतुर्वेदी, दिनेश धर दूबे, विनयकांत चतुर्वेदी, नूरुद्दीन खान, कन्हैया पांडे, रामेश्वर यादव, इंजीनियर शिव प्रसाद यादव, उषा सिंह, दयाशंकर देव पांडे, अवनीश राजपूत नामवर सिंह कुशवाहा, अशीस सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

## केसीएनआईटी में आयोजित हुआ प्लेसमेंट ड्राइव

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** केसीएनआईटी इंजीनियरिंग कालेज में प्लेसमेन्ट ड्राईव का आयोजन किया गया। नोयडा की प्रोडेस्क आईटी एण्ड इंजीनियरिंग सर्विसेज कम्पनी द्वारा कालेज में अध्ययनरत अन्तिम वर्ष के छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को परखा गया। यह कम्पनी विभिन्न देशों में जैसे-भारत, अमेरिका, यूरोप के देशों तथा आस्ट्रेलिया में आईटी साफ्टवेयर तथा वेब डेवलपमेन्ट सेवायें प्रदान करती है। कालेज के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफीसर एवं विभागाध्यक्ष एमबीए और बीटेक कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजीनियरिंग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की

अवधनामा ब्यूरो

- कार्यक्रम स्थल, जनसभा स्थल तथा हेलीपैड का निरीक्षण किया
- आयोजन की सभी तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद सम्भल में 19 फरवरी, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐंचोड़ा कंबोह स्थित श्री कल्कि धाम के प्रस्तावित शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल, जनसभा स्थल तथा हेलीपैड का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को आयोजन की सभी तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के उपरांत आहूत समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कार्यक्रम हेतु किए जा रहे प्रबन्धों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आगंतुकों एवं संतों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। ऐंचोड़ा कंबोह तक आने वाले सभी मार्गों पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए। मार्गों को आकर्षक ढंग से सजाया जाए। शौचालय और पेयजल आदि की भी समुचित व्यवस्था की जाए। सभी सम्बन्धित विभाग मिशन मोड पर कार्य करें।

इस अवसर पर कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह ओलख, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार सहित शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# पशु रोग नियंत्रण योजना के लिए 08.22 करोड़ स्वीकृत

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय पशु स्वास्थ्य तथा रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पशु रोग नियंत्रण योजना के लिए 822.60 लाख रूपये (आठ करोड़ बाइस लाख साठ हजार मात्र) की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। यह योजना 60 प्रतिशत केन्द्र पोषित तथा 40 प्रतिशत राज्य पोषित है। पशुधन विभाग द्वारा इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। योजना के सुनियोजित क्रियान्वयन के लिए निदेशक, रोग नियंत्रण प्रक्षेत्र, पशुपालन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। शासनादेश में कहा गया है कि स्वीकृत धनराशि का आहरण एवं व्यय राज्य सरकार तथा भारत सरकार के दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित मानकों व कार्य योजना का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाएगा।

# 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा से लैस करेगी योगी सरकार

सीएम योगी के विजन अनुसार, 40 किलोवॉट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्रों को स्थापित करने की प्रक्रिया हुई शुरु

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को विकास के नए सोपानों की ओर अग्रसर कर रही योगी सरकार ने प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर कार्य करना शुरू कर दिया है। एक तरफ उत्तर प्रदेश में अयोध्या व वाराणसी को मॉडल सोलर सिटीज के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया जारी है, दूसरी तरफ प्रदेश के सरकारी विभागों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए रूफटॉप सोलर पैनल इंपैनलमेंट प्रोजेक्ट को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस क्रम में अब योगी सरकार ने 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा से लैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा से लैस करने हेतु 3.10 करोड़ रुपए की प्रशासकीय व वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए धनराशि जारी कर दी गई है। इसके जरिए जनपद हरदोई, पीलीभीत, कुशीनगर, बाराबंकी, मथुरा, महाराजगंज, कन्नौज, देवरिया व आगरा के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा संयंत्र युक्त बनाने की प्रक्रिया को गति देने में मदद मिलेगी। कौशल विकास मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन अनुसार तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार जिन 13 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौर ऊर्जा संयंत्रों से युक्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई है उनकी क्षमता 40 किलोवॉट होगी। इसमें प्रत्येक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान को 23.88 लाख रुपए से रूफटॉप इनेबल्ड सोलर पैनल इंपैनलमेंट व सोलर पावर प्लांट की स्थापना, क्रियान्वयन व संचालन के कार्यों को पूर्ण किया जाएगा।

## शिया पीजी कालेज में आम दस्तरखान कल

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की विलादत के मौके पर बुधवार को ऑल इंडिया शिया हुसैनी फण्ड द्वारा शिया पीजी कालेज विक्टोरिया स्ट्रीट में आम दस्तरखान का आयोजन किया जायेगा। फंड के महासचिव हसन मेहदी झब्बू ने बताया कि दोपहर 12 बजे उलमा नज्र देंगे। संस्था के अध्यक्ष मोहम्मद जकी ने बताया कि नज्र में मौलाना हमीदुल हसन, मौलाना सायम मेंहदी, मौलाना सैफ अब्बास, मौलाना मुस्तफा अली खाँ, अदीबुल हिन्दी, यासूब अब्बास, मिर्ज़ा जाफर अब्बास, मौलाना फरीदुल हसन नज़ में शिरकत करेंगे।

# अब तक 77948 ग्राम चौपालों का किया गया आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



- ग्राम चौपालों में 03 लाख 38 हजार से अधिक समस्याओं/प्रकरणों का किया गया निस्तारण
- 1478 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपालों का आयोजन

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या-गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है और इन ग्राम चौपालों के बहुत ही सार्थक परिणाम निखर कर सामने आ रहे हैं तथा बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे, लेकिन जिन ग्रामों में ग्राम चौपाल हो चुकी हैं, उनसे इतर दूसरे मजरों में ग्राम चौपाल अनवरत रूप से की जांय।

उप मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि मोदी ऐप डाउनलोड करने के लिए ग्राम विकास से जुड़े सभी अधिकारियों कर्मचारियों व लाभार्थियों को प्रेरित किया जाए, इस ऐप में गरीब कल्याण की विभिन्न योजनाओं का विवरण रहता है और उससे लाभकारी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मोदी ऐप डाउनलोड करने की ड्राइव चलाई जाय। चौपालों में भी इसके बारे में चर्चा की जाए और लोगों को प्रेरित किया जाए।

# अयोध्या में पर्यटकों की भारी बढ़ोत्तरी की संभावना

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** इतिहास के झरोखे और रोमांच के गलियारों से होते हुए बुंदेलखंड गौरव महोत्सव अब धामों की नगरी चित्रकूट पहुंच गया है। महोत्सव के छठे चरण में पर्यटकों को मराठों द्वारा निर्मित किले, मंदिर, बावड़ी समेत मिनी खजुराहो की झलक देखने को मिलेगी। इसके साथ ही महोत्सव में वॉटर स्पोर्ट्स और हॉट एयर बलून जनता में रोमांच भरेगा और स्वास्थ्य प्रेमियों के लिए योग के विभिन्न सत्र आयोजित किए जाएंगे। 13 से 14 फरवरी को चित्रकूट में आयोजित होने वाले महोत्सव में आमजन को लोक नृत्य, गायन और बैंड परफॉर्मेंस देखने को मिली। यह जानकारी आज यहां प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि महोत्सव की शुरुआत हॉट एयर बलून से होगी। इसमें शामिल होकर पर्यटक चित्रकूट के विभिन्न दर्शनीय स्थलों को ऊंचाई से देख सकेंगे। यह आयोजन सीआईसी मैदान, कर्वी में होगा। इसके बाद गणेश बाग योग का आयोजन किया जाएगा, जहां स्वास्थ्य प्रेमी प्रशिक्षित योग गुरुओं से विभिन्न योगासन सीख सकेंगे।

# विकास कार्यों में रोड़ा बन रहे अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना के विकास कार्यो में रोड़ा बन रहे अवैध निर्माणों के खिलाफ सोमवार को बड़ी कार्रवाई की। इस दौन सेक्टर-आई में प्राधिकरण की अर्जित भूमि पर अलग-अलग लोगों के अवैध निर्माण और कब्जों पर लविप्रा का बुलडोजर चला। दिन भर चली कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से बनी लगभग एक दर्जन से अधिक दुकानों, गोदाम, बाउण्ड्रीवॉल व भवनों को जमींदोज कर दिया गया। अभियान में लगभग एक लाख वर्गफिट जमीन से अवैध कब्जे हटाये गये। खाली करायी जमीन की वर्तमान कीमत लगभग 100 करोड़ रुपये है। लविप्रा उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि प्राधिकरण बसंतकुंज योजना के सेक्टर-जे में लगभग 65 एकड़ क्षेत्रफल में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निर्माण करा रहा है। आस-पास के क्षेत्रों में भी विकास और सौंदर्यीकरण के काम कराए जा रहे हैं। बसंतकुंज योजना के सेक्टर-आई में प्राधिकरण की अर्जित भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर दुकान, गोदाम, बाउण्ड्रीवॉल व भवन आदि का निर्माण करा लिया था, जिसके चलते विकास कार्य बाधित हो रहा था। इसके चलते अभियान चला कर सभी प्रकार के अवैध निर्माणों को ध्वस्त करा कब्जा खाली कराने के आदेश दिये गये थे। सोमवार को जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक व अधिशासी अभियंता मनोज सागर के नेतृत्व में प्रवर्तन, अर्जन व अभियंत्रण अनुभाग की संयुक्त टीम ने पुलिस व पीएसी बल की मदद से अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई। इस दौरान सेक्टर-आई में लगभग एक लाख वर्गफिट अर्जित भूमि से अवैध कब्जे हटाए गये। जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक ने बताया कि खाली करायी गयी जमीन प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक सम्पत्ति है, जिसकी वर्तमान कीमत लगभग 100 करोड़ रुपये है।

## महिला कांग्रेस का लक्ष्य नारी न्याय के महिला को न्याय दिलवाना: अलका

**लखनऊ।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने कहा कि महिला कांग्रेस का लक्ष्य नारी न्याय के तहत प्रदेश में हर महिला को न्याय दिलवाना और उनके हक की आवाज बुलंद करना है। हमें अपनी हर महिला साथी को समाज की मुख्यधारा में शामिल करना है। इस मकसद को हासिल करने के लिए हमें महिला कांग्रेस संगठन को सुदृढ़ करना होगा और बूथ स्तर तक सांगठनिक ढांचे को खड़ा करना होगा।

अलका लाम्बा सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में महिला कांग्रेस की बैठक को सम्बोधित कर रही थीं। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों व जिला-शहर अध्यक्षों को सम्बोधित करते हुए अलका लाम्बा ने कहा कि हमारे समाज में महिलाओं के साथ भेदभाव उनके जन्म के साथ ही शुरू हो जाता है।

# राज्य सूचना आयुक्त की बड़ी कार्यवाही, सभी फाईलें निस्तारित

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राज्य सूचना आयुक्त नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने अपीलकर्ता अमर बहादुर सहगल पुत्र हरमल सिंह ग्राम पंचायत इस्लामनगर जनपद-सहारनपुर बनाम जिला पंचायत राज, सहारनपुर के अन्तर्गत आने वाले सभी (887) ग्राम पंचायतों से सम्बन्धित कुल 18 अपीलों की सम्मिलित सुनवाई करते हुए आज उ0प्र0 सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 एवं उ0प्र0 सूचना का अधिकार नियमावली-2015 तथा माननीय उच्चतम न्यायालय (सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेन्डरी एजुकेशन एवं अदर्स बनाम आदित्य बन्धोपाध्याय) के मद्देनजर सभी अपीलों को किया निस्तारित। सूचना आयुक्त ने अपने निर्णय में कहा कि अपीलकर्ता के मांगी गयी सूचनाओं का प्रारूप पत्र है तथा उनके द्वारा मांगी गयी सूचनाएं काफी विस्तृत है। अपीलकर्ता द्वारा उपरोक्त पत्रावलियों में उपलब्ध अधिनियम की धारा 6(1) के द्वारा मांगी गयी सूचना न तो व्यापक जनहित में है, न ही अधिनियम में अपेक्षित सूचना की पारदर्शिता को बढ़ाने, भ्रष्टाचार को रोकने अथवा सरकारों के परिकरणों को शासन के प्रति उत्तरदायी बनाने में सहायक हैं। मांगी गयी सूचनाएं यांत्रिक ढंग से मांगी गयी हैं। निश्चय ही लोक प्राधिकारी के सीमित संसाधन अपीलकर्ता द्वारा चाही गयी सतही सूचनाओं पर व्यर्थ नहीं किया जा सकता है।

# उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया रोजगार मेले का उद्घाटन

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** रक्षा मंत्रालय के पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के पुनर्वास महानिदेशालय द्वारा आज छावनी स्थित सूर्या खेल परिसर में एक पूर्व सैनिक रोजगार मेले का उद्घाटन उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया। इस अवसर पर एमएलसी मुकेश शर्मा और लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा, चीफ ऑफ स्टाफ (सीओएस) मध्य कमान, मेजर जनरल एसबीके सिंह, महानिदेशक पुनर्वास, सुनील मिश्रा, प्रधान सलाहकार, सीआईआई, मुकेश अग्रवाल, अध्यक्ष, सीआईआई, एमएसएमई पर उत्तरी क्षेत्रीय समिति भी मौजूद थे। कार्यक्रम की सफलता का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है की इसमें सुबह से बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक पहुंचे अंकुर उत्साह पूर्वक भागीदारी करते हुए मेले का फायदा उठाया इसमें पूर्व सैनिकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। रोज़गार मेले में 39 कंपनियों ने भाग लिया, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में 1630 से अधिक नौकरी रिक्तियों और 450 उद्यमिता अवसरों की पेशकश की। थल सेना, वायु सेना और नौसेना से 5,700 से अधिक पूर्व सैनिकों ने रोजगार की तलाश के लिए पंजीकरण कराया। यह आयोजन कॉर्पोरेट और पूर्व सैनिकों दोनों के लिए फायदेमंद था। जहां पूर्व सैनिकों को सैन्य सेवा के वर्षो के दौरान हासिल की गई अपनी तकनीकी और प्रशासनिक क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच मिला, वहीं अनुभवी, अनुशासित और प्रशिक्षित पूर्व सैनिकों के समूह की स्क्रीनिंग से कॉरपोरेट्स को लाभ हुआ। इस रोज़गार मेले के माध्यम से पुनः रोजगार चाहने वाले पूर्व सैनिकों और रोजगार प्रदाताओं को एक मंच पर लाया गया। निकट भविष्य में मुंबई और इंदौर में भी भूतपूर्व सैनिक रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा।

# दुष्कर्मी नेताओं को बचा रही भाजपा: अलका लाम्बा



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी जिस तरह अपने दुष्कर्मी नेताओं को बचा रही है, उससे उसका महिला विरोधी चेहरा उजागर होता है। अलका लाम्बा ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में भाजपा के दुष्कर्मी नेताओं का पोस्टर जारी किया। पोस्टर में सांसद बृजभूषण शरण सिंह, पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर, भाजपा विधायक रमेश जारकीहोली, पूर्व गृह राज्यमंत्री चिन्मयानन्द, पूर्व मंत्री संदीप सिंह सैनी, पूर्व विधायक रामदुलार गौर, भाजपा नेता पदम राजन, कन्हैयालाल मिश्रा सहित अन्य भाजपा नेताओं की तस्वीरें शामिल हैं। अलका लाम्बा सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित कर रही थीं। अलका लाम्बा ने कहा कि दुनिया में भारत का नाम रौशन करने वाली बेटियों का शोषण करने वाले बृजभूषण शरण सिंह को सरकार का पूर्ण संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि पोस्टर में महिलाओं के खिलाफ अपराध में संलिप्त नेताओं की करतूतें उनकी तस्वीरों सहित शामिल हैं। देश में सबसे अधिक महिलाओं के प्रति अपराध उत्तर प्रदेश में होते हैं। महिला कांग्रेस हर पीड़िता की मदद और उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# उ.प्र. माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की परीक्षाओं में की गई नयी व्यवस्थाएं

अवधनामा ब्यूरो

- संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा पहली बार सभी परीक्षा केन्द्रों को डेस्क स्लिप उपलब्ध करायी गयी
- प्रथम बार सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को एवार्ड ब्लैंक के पैकेट प्राप्त कराये गये

**लखनऊ।** योगी सरकार ने परीक्षाओं की व्यवस्था में सुधार करने के लिए कई कदम उठाए हैं। उनका प्रमुख उद्देश्य छात्रों को न्यायपूर्ण और सुरक्षित परीक्षा प्रणाली प्रदान करना है। सरकार ने ऑनलाइन परीक्षाओं को बढ़ावा देने के लिए नवाचारी तकनीक का इस्तेमाल किया है, जिससे छात्रों को अधिक सुविधा होती है और परीक्षा का समय भी कम लगता है। परीक्षा केंद्रों में शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो और छात्रों को किसी भी प्रकार का असुविधा न हो इस पर ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित वर्ष 2024 की पूर्व मध्यमा द्वितीय से उत्तर मध्यमा द्वितीय स्तर तक की परीक्षाओं की व्यवस्था में इस वर्ष कई परिवर्तन किए गये हैं। संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा पहली बार सभी परीक्षा केन्द्रों को डेस्क स्लिप उपलब्ध करायी गयी है। सभी परीक्षा केन्द्रों को प्रत्येक छात्र अनुक्रमांक, छायाचित्र एवं विषय अंकित करते हुए उपस्थिति शीट प्रेषित की गयी है, जिसमें पूर्व मध्यमा स्तर एवं उत्तर मध्यमा स्तर के विषय अंकित हैं। परीक्षा केन्द्र से लिखित उत्तर पुस्तिकाओं के बण्डल तैयार करने हेतु सचिव के हस्ताक्षर युक्त बण्डल पैकिंग सील एक ही क्रमांक की तीन प्रतियों में मुद्रित कराकर परीक्षा केन्द्र के केन्द्र व्यवस्थापकों को उपलब्ध करायी गयी है। उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद सचिव श्री शिव लाल ने बताया कि प्रथम बार सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को एवार्ड ब्लैंक के पैकेट प्राप्त कराये गये हैं। नई व्यवस्था के अनुसार उत्तर पुस्तिकाओं के कवर पृष्ठ के पीछे एवं अन्तिम पृष्ठ पर उ0प्र0 माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद का लोगो मुद्रित कराया गया है। समस्त उत्तर पुस्तिकाएं सिलाई-युक्त तैयार की गयी हैं। ''ब'' उत्तर पुस्तिकाओं पर सचिव के हस्ताक्षर सहित परीक्षा-2024 तथा क्रमांक अंकित किया गया है। गतवर्षो में अनिवार्य संस्कृत एवं संस्कृत शास्त्र विषयों में दो प्रश्नपत्र होते थे।

# सभी तक लिटरेचर के जरिये पहुंचे हज़रत अली की तालीम

अवधनामा ब्यूरो

- हजरत अली की शुजाअत सबसे बलन्द: मौलाना यासूब अब्बास



**लखनऊ/गोरखपुर।** गोरखपुर में गीता प्रेस रोड स्थित इमामबाड़ा अशरफुन्निसा खानम में अंजुमने हुसैनिया मिशन और मोमिनात-मोमनीन की जानिब से आयोजित जश्ने मौलूदे काबा प्रोग्राम में बारगाहे हज़रत अली अ0 में शायरों ने कलाम पेश कर माहौल को खुशगवार बना दिया। जश्न की सदारत आलइंडिया शिया परसनल ला बोर्ड के महासचिव मौलाना मिर्ज़ा यासूब अब्बास ने की। इस मौके पर अवधनामा के ब्यूरो चीफ सय्यद काज़िम रज़ा शकील रिज़वी बतौर मुख्य अतिथि रहे। वक़ार सुल्तानपुरी, सलीम बलरामपुरी, मुजीब सिद्दीकी आदि शायरों ने कलामपेश किया। मौलाना शमशाद अब्बास साहब ने तक़रीर कर हज़रत अली अ0 की फ़ज़ीलत बयान की। मौलाना यासूब अब्बास ने महफ़िल को सम्बोधित करते हुए कहा की हज़रत अली के उस वक़्त का बहादुर समझे जाने वाले मरहब ने जैसे ही अली का नाम हैदर सुना वह घबरा गया फिर अली पर हमला किया अली अ0 ने एक ही वार में उसका किस्सा तमाम किया। हजरत अली की शुजाअत सबसे बलन्द थी। फ़ज़ाएल ए अली अ0 को बयान करते हुए कहा कि हज़रत अली के बारे में रसूल का भरोसा पूरे आलमे इस्लाम को उनकी फ़ज़ीलत ब्यान करती हैं, मौलाना यासूब अब्बास ने हज़रतअली अ0 की शुजाअत का ज़िक्र करते हुए फ़तेह खैबर बयान किया।

वक़ार सुल्तानपुरी ने कलाम पेश करते हुए कहा कि लाज़िम थी मुझ पे रादबला क्या बुरा किया नादे अली से काम लिया क्या बुरा किया, ख़ालिक़ से मिलती जुलती है तस्वीर आपकी, इसमें नुसईरियों ने भला क्या बुरा किया। मुख्य अतिथि शकील रिज़वी ने हज़रत अली की शुजात और सब्र के हवाले से सिब्ते जाफर मरहूम के शेर कभी रस्सी गले कभी खैबर है हाथों पर, जहां जैसी ज़रुरत है वहाँ वैसी शुजाअत है, से की। उन्होने कहा की इल्म और इत्तेहाद दुनिया में सभी फसाद से बचने का जरिया है इल्म और सब्र हज़रत अली की सीरत पर अमल करते हुए हासिल किया जा सकता है। उन्होने अवधनामा के संथापक स्व वक़ार रिज़वी के द्वारा किये गए सामाजिक सद्भाव के कार्यक्रम और कोशिशों का ज़िक्र किया की किस तरह इस्लामी रहनुमाओं की तारीखों को आज कल के ज़माने में लोगों तक पहुंचाया जा सकता है। शकील रिज़वी ने गोरखपुर में दीन की खिदमत में मरहूम मिर्ज़ा खादिम हुसैन साहब के कामों का ज़िक्र किया और बताया की किस तरह उन्होने दीन के बड़े-बड़े काम किये, जिसकी वजह से आज तक उनको याद किया जाता है। उन्होने कहा कि ज़रूरी है इमाम और रसूल की शिक्षाओं को दूसरों तक पहुंचाने के लिए लिटरेचर तैयार करने की।

सलीम बलरामपुरी ने कलाम पेश करते हुए पढ़ा अकेले करबला में तुम्ही काफी थे मगर आबिद ,खुदा की मसलहत थी जो तुम्हे बीमार रक्खा, अगर मरहब को यह मालूम हो जाये तो क्या होगा, अली का नाम मां ने हैदरे कर्रार रखा है।

वहीँ मुजीब सिद्दीक़ी ने कलाम पेश करते हुए पढ़ा कि समझ न पाया ज़माना कर्बला क्या है, यह हम्द क्या है यह तस्बीह व सना क्या है, यह जान लो तो समझ जाओगे खुदा क्या है। मौलाना शमशाद अब्बास ने तक़रीर करते हुए हज़रत अली अ0 की सीरत बयान की। निज़ामत के फ़रायज़ को मौलाना शबीह आज़मी साहब ने अन्जाम दिया। इसके अलावा मिर्ज़ा अली अब्बास, क़ारी उसमान,आग़ा मेहदी, साबिर हुसैन, शारिब हल्लौरी, कुमैल हैदर, सुल्तान हैदर, शकील अख्तर, शाकिर अल्वी सलमानी, हादी, अली जवाद आदि ने कलाम पेश किया। जश्न के प्रोग्राम में मोहतरमा एनायत ज़हरा का विशेष योगदान रहा। मरहूम मोहम्मद मेहदी एडवोकेट को उनके जीवन में समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यो को याद और सराहा गया, इनके मृत्योपरान्त इनके नाम का अवार्ड वर्तमान में शिया समाज के लिए किए जा रहे उत्कृष्ट कामों के लिए जनाब मिर्ज़ा अलमदार हुसैन साहब को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में मरहूम आग़ा मुजफ्फर हुसैन साहब द्वारा शिया समाज के लिए अपने निजी धन का सदुपयोग को याद और सराहा गया, जिनके नाम के सम्मान का अवार्ड जनाब सय्यद सिब्ते हसन रिज्वी साहब को उनके द्वारा समाज के लिए अपने बहुमूल्य समय और समर्पण के लिए देकर सम्मानित किया गया। और भी मरहूमीन बुजुर्गो को उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यो के लिए सूरह फातेहा पढ़कर उनको बक्शा गया। प्रोग्राम के आखिर में जनाब सय्यद एजाज़ रिज़वी साहब ने महफिल मे आए तमाम लोगों का शुक्रिया अदा किया।

## यूपी मदरसा शिक्षा परिषद की वार्षिक परीक्षाएं आज से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की मुंशी-मालैवी (सेकेण्ड्री), आलिम (सीनियर सेकेण्ड्री), कामिल और फाजिल की वार्षिक परीक्षाएं मंगलवार से शुरू होकर 21 फरवरी तक संचालित होंगी। बोर्ड चेयरमैन डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने सोमवार को बोर्ड कार्यालय में परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डॉ. जावेद ने बताया कि मदरसा परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित होंगी। मदरसा परीक्षाओं के लिए प्रदेश में कुल 509 परीक्षा केन्द्र बनाए गये हैं, जहां कुल 1 लाख 41 हजार 115 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा केन्द्रों में वॉइस रिकॉर्डर के साथ सीसीटीवी लगवाए गये हैं, जिससे नकलविहीन परीक्षाएं कराई जा सकें। सीसीटीवी की मॉनिटरिंग इंदिरा भवन स्थित कंट्रोल रूम से की जाएगी। उन्होंने बताया कि नकलविहीन परीक्षाओं के लिए वे स्वयं परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करेंगे। इसी के साथ उडनद्स्ते भी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करेंगे।